DAT NEWS
हर खबर आप तक

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

वर्ष : 11 अंक : 037
कानपुर नगर से प्रकाशित
बुधवार 09 अप्रैल 2025
पृष्ठ : 08 मूल्य : 1 रुपये



दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान में प्रसारित

## राष्ट्रपति को लिस्बन का सिटी की आफ आनर प्रदान किया गया

पुर्तगाल ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पुर्तगाल के राष्ट्रपति द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में शामिल हुईं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कल पुर्तगाल के लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में लिस्बन के मेयर से लिस्बन शहर का सिटी की ऑफ ऑनर प्राप्त किया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में इस सम्मान के लिए लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लिस्बन को अपने खुले विचारों, लोगों के उत्साहपूर्ण भाव और संस्कृति के साथ–साथ सहिष्णुता एवं विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि लिस्बन एक ऐसा वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल परिवर्तन के मामले में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल भविष्य में भी सहयोग कर सकते हैं।





राष्ट्रपति ने पलासियो दा अजुडा में पुर्तगाल के राष्ट्रपति श्री मार्सेलो रेबेलो डी सूसा द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में भाग लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इन संबंधों ने हमारी सामूहिक अवधारणा पर अमिट छाप छोड़ी है। इनमें हमारा साझा अतीत शामिल है जो वास्तुकला, ऐतिहासिक स्थलों और भाषाओं के साथ–साथ हमारे व्यंजनों में भी झलकता है।राष्ट्रपति ने कहा कि यह वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि हम भारत–पुर्तगाल द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। हमारे प्राकृतिक सामंजस्य और विविध क्षेत्रों में सहयोग की क्षमता के साथ, हमारे ऐतिहासिक संबंध एक गतिशील और दूरदर्शी साझेदारी बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा, आईटी, स्टार्ट–अप, अनुसंधान, शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत–पुर्तगाल सहयोग में निरंतर और प्रगतिशील रूप से हो रही वृद्धि पर प्रसन्नता हुई।

राष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, स्टार्ट–अप और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता का उपयोग कर रहा है ताकि सभी को लाभ पहुंचाने वाला समावेशी और सतत विकास मॉडल तैयार किया जा सके।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की

## मुद्रा योजना किसी विशेष समूह तक सीमित नहीं है, इसका उद्देश्य युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सशक्तबनाना है: प्रधानमंत्री

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 7, लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा अतिथियों के स्वागत के सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख भी किया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। श्री मोदी ने, पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लाभार्थी से ऋण स्वीकृत करने वाले बैंक अधिकारियों को आमंत्रित करने और ऋण के कारण हुई प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए कहा। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की कार्रवाइयों से न केवल उनके विश्वास को मान्यता मिलेगी बल्कि बड़े सपने देखने की हिम्मत रखने वाले व्यक्तियों का समर्थन करने के उनके निर्णय में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि उनके समर्थन के परिणामों को प्रदर्शित करने से निस्संदेह उन्हें विकास और सफलता को बढ़ावा देने में अपने योगदान पर गर्व महसूस होगा।

केरल के एक उद्यमी श्री गोपी कृष्ण से बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसी योजना ने उन्हें एक सफल उद्यमी बनने में सक्षम बनाया और घरों तथा कार्यालयों के लिए अक्षय ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रोजगार के अवसर पैदा किए। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण के बारे में जानने के बाद दुबई में अपनी कंपनी से इस्तीफा देने का फैसला करने वाले लाभार्थी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर पहल के तहत सौर ऊर्जा की स्थापना, दो दिनों के





भीतर पूरी हो गई। उन्होंने पीएम सूर्य घर पहल के लाभार्थियों की प्रतिक्रियाओं के बारे में भी सुना। उन्होंने कहा कि केरल में अब भारी वर्षा और घने पेड़ों जैसी चुनौतियों के बावजूद घरों में मुफ्त बिजली मिल रही है। श्री कृष्ण ने कहा कि बिजली का बिल, जो पहले लगभग 3,000 रुपए था, अब घटकर 240–250 रुपए हो गया है, जबकि उनकी मासिक आय 2.5 लाख रुपए और उससे अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक महिला उद्यमी और 'हाउस ऑफ पुचका' की संस्थापक से बातचीत की। महिला उद्यमी ने घर पर खाना बनाने से लेकर एक सफल कैफे व्यवसाय स्थापित करने तक की अपनी प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि लाभ मार्जिन और खाद्य लागत प्रबंधन में शोध ने इस उद्यमशीलता की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के मन में डर है और कई लोग जोखिम लेने के बजाय नौकरी करना पसंद करते हैं। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने जोखिम लेने की क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि हाउस ऑफ पुचका की संस्थापक ने 23 साल की उम्र में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जोखिम लेने की अपनी क्षमता और अपने समय का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। लाभार्थी ने रायपुर के दोस्तों, कॉर्पोरेट जगत और छात्रों के बीच चर्चाओं पर टिप्पणी की जिसमें उद्यमिता के बारे में उनकी जिज्ञासा और सवालों को जाना। उन्होंने युवाओं में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी के बारे में भी बात की और कहा कि ये योजनाएं बिना किसी जमानत के धन मुहैया कराती हैं। उन्होंने आभार व्यक्त किया कि मुद्रा ऋण और पीएमईजीपी ऋण जैसी योजनाएं क्षमतावान लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं को इन योजनाओं पर शोध करने और साहसिक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जो लोग आगे बढ़ना और सफल होना चाहते हैं, उनके लिए कोई सीमा



नहीं है। एक अन्य लाभार्थी, श्री मुदस्सिर नक्शबंदी, जो कश्मीर के बारामूला में 'बेक माई केक' के मालिक हैं, ने नौकरी चाहने वाले से नौकरी देने वाले बनने की अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने बारामूला के दूरदराज के इलाकों के 42 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण प्राप्त करने से पहले उनकी आय के बारे में पूछा, जिस पर मुदस्सिर ने जवाब दिया कि उनकी आय हजारों में थी लेकिन उनकी उद्यमशीलता की यात्रा ने अब उन्हें लाखों और करोड़ों में पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने मुदस्सिर के व्यवसाय संचालन में यूपीआई के व्यापक उपयोग को स्वीकार किया। उन्होंने मुदस्सिर के विचार पर ध्यान दिया कि 90 प्रतिशत लेन–देन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं जिससे हाथ में केवल 10 प्रतिशत नकद बचता है।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्री सुरेश की प्रेरक कहानी सुनी, जिन्होंने वापी में नौकरी से सिलवासा में एक सफल उद्यमी बनने तक का सफर तय किया। सुरेश ने कहा कि 2022 में उन्हें एहसास हुआ कि सिर्फ नौकरी ही काफी नहीं है और उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया।

## देश में आधिकारिक तौर पर लागू हुआ वक्फ संशोधन अधिनियम 2025, गजट जारी

नई दिल्ली।सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम आज (8 अप्रैल) से लागू हो गया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 (2025 का 14) की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग




करते हुए, केंद्र सरकार 8 अप्रैल, 2025 को उक्त अधिनियम के प्रावधानों के लागू होने की तिथि के रूप में नियुक्त करती है। शनिवार (5 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे इस सप्ताह की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा, ष्संसद के निम्नलिखित अधिनियम को 5 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, और इसे आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है: वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025। विधेयक को 4 अप्रैल की मध्यरात्रि के बाद राज्यसभा में 128 सदस्यों ने पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान करके पारित किया। इसे 3 अप्रैल की मध्यरात्रि के बाद लोकसभा में पारित किया गया, जिसमें 288 सदस्यों ने इसका समर्थन किया और 232 ने इसका विरोध किया।

## टीम इंडिया का पूर्व क्रिकेटर बीजेपी में शामिल

मुम्बई।पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव मुंबई में महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। केदार जाधव ने कहा कि 2014 से जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, जिस तरह का प्यार और समर्थन उन्हें मिला है और जिस तरह की उपलब्धियां पीएम मोदी और सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हासिल की हैं, मैं समझता हूं कि यह बहुत प्रेरणादायक है और मेरा लक्ष्य उनके पदचिन्हों पर चलना है और भाजपा के लिए जो भी छोटा–मोटा योगदान हो सके, वह करना है।

क्रिकेटर केदार जाधव आगे कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, मैं उसे पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करूंगा। इस बीच, राज्य भाजपा प्रमुख बावनकुले ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के पार्टी में शामिल होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ष्यह हमारे लिए खुशी का दिन है। जीवन के सभी क्षेत्रों में उनका प्रभाव रहा है। मैं उनका घर में स्वागत करता हूं।

## संक्षिप्त खबर

### अपने राज्य को भेड़ियों के पंजे से मुक्त कराना है, मंडी में बोलीं कंगना रनौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि पूरे देश में पीएम मोदी और भगवा की लहर है। लेकिन हिमाचल प्रदेश की हालत देखकर दुख होता है। उनकी एजेंसियां समोसे की जांच कर रही हैं। जो हो रहा है उससे हमें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हमें अपने राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाना है। हमें अपने राज्य को इन श्भेड़ियोंश के पंजे से मुक्त कराना है।




आपको बता दें कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है जिसका नेतृत्व सुखविंदर सिंह सुक्खू कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई साधारण इंसान नहीं बल्कि एक अवतार हैं। मैं 2014 से पहले वोट देने भी नहीं गई थी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हम भी राजनीति को दुर्भाग्य समझते थे और नेताओं को लेकर लोगों में काफी नफरत थी। रनौत ने कहा कि पहले सब खा रहे थे और देश को बर्बाद कर रहे थे। कंगना ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

### न्यू इंडिया अवसरों की भूमि है जहां हर क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहे हैं: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली।लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कहा कि न्यू इंडिया को अवसरों की भूमि के रूप में जाना जाता है, जहां हर क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत जैसी राष्ट्रीय पहल से पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रचुर अवसर उपलब्ध हुए हैं। समरकंद मेडिकल यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के दौरान श्री बिरला ने कहा कि आयुष्मान भारत के नेटवर्क में सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों के जुडने के साथ, इस योजना में एफएमजी डॉक्टरों के लिए बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने और देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान करने के अपार अवसर मौजूद हैं। साथ ही भारत में चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से छात्रों के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में काम करने के ढेरों अवसर भी उपलब्ध हैं।

विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वे भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत हैं। उन्होंने कहा कि हजारों मील दूर रहने के बावजूद, ये छात्र भारतीय मूल्यों से जुड़े हुए हंस और इनका प्रचार–प्रसार अपने मेजबान देशों में भी करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतिनिधियों के रूप में, छात्र भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मित्रता और सहयोग को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते में 26 फीसदी की बढ़ोतरी, योगी कैबिनेट ने दी सौगात

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 34 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। सीएम योगी की अगुवाई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।

अयोध्या में मंदबुद्धि छात्रों के लिए डे केयर सेंटर को मंजूरी। जिला दिव्यांग व सशक्तिकरण विभाग को जमीन निशुल्क ट्रांसफर की जाएगी।

अयोध्या में 300 बेड के अस्पताल के लिए 12,798 वर्ग मीटर जमीन निशुल्क दी जाएगी। यह जमीन सीतापुर आई हॉस्पिटल की सरप्लस जमीन का एक हिस्सा है।

– उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा की नियमावली में बदलाव। अभी विभाग में प्रमोशन की वजह से वरिष्ठ अफसर ज्यादा और कर्मचारियों की संख्या कम हो गई थी। फुल स्टाफ नियमावली में



बदलाव कर इस पिरामिड को ठीक किया जाएगा। निचले स्टाफ के 900 पद रहेंगे। इसके बाद 150 पदों का प्रमोशन किया जाएगा। विभाग में कुल 1307 पद हैं।

– यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरीफेरल वे के क्रॉसिंग और इंटरचेंज का निर्माण एनएचएआई करेगा। पूरा खर्च केंद्र सरकार करेगी और टोल शुल्क से इस खर्च की भरपाई की जाएगी। जमीन का स्वामित्व यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पास रहेगा।

– हाथरस में मेडिकल कॉलेज के लिए 6.67 हेक्टेयर जमीन चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग को ट्रांसफर करने की मंजूरी। यह जमीन दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की है। इस जमीन की दर वर्ष 1987 से ही ली जाएगी। इस तरह कुल 2 लाख 81 हजार 650 रुपए में इस जमीन को चिकित्सा विभाग के हवाले किया जाएगा।

## स्कूलों और कोचिंग सेंटरों की मनमानी से खरीदनी पड़ रही छात्रो को महंगी पुस्तकें प्रधान ने मंडलायुक्तसे शिकायत का रोक लगाने की मांग

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

आगरा/मथुरा। क्षेत्र के स्कूलों और कोचिंग सेंटर पर संचालकों की मनमानी के चलते गरीब तबके के छात्र–छात्राओं को महंगी पुस्तकों का भुगतान उनकी बताई हुई निजी दुकानों पर करना पड़ता है। पुस्तक महंगी होने के कारण और बताए गए दुकानदार से खरीदने को बाध्य छात्रों और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है। मामले को लेकर विप्रावली ग्राम पंचायत के ग्रामप्रधान देवानंद परिहार ने मंगलवार को आगरा पहुंचकर मंडलायुक्त से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन देकर अवगत कराया की वर्तमान समय में पाठक पुस्तकों की कीमत है अत्यधिक बढ़ गई है जिससे छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है आमतौर पर निजी विद्यालय कोचिंग सेंटर एवं प्रकाशकों द्वारा मनमानी के चलते कीमत निर्धारण किए जाने से अनावश्यक रूप से छात्रों को पुस्तक खरीदनी पड़ती है। जिसके चलते मनमानी चल रही है पाठ्य पुस्तकों की कीमतों पर नियंत्रण हेतु प्रशासन



उचित कदम उठाए सभी शिक्षण संस्थानों को अलग–अलग प्रकाशकों की पुस्तकों को चुनने की स्वतंत्रता हो जिससे छात्र–छात्राओं को खिफायती शुल्क अदा करना पड़े। सरकारी एवं निजी विद्यालयों में डिजिटल वी मुफ्त पुस्तकों को बढ़ावा दिया जाए। जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र–छात्राओं को निशुल्क पुस्तक सब्सिडी प्रदान की जाए। प्रशासन स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं को भी यह निर्देश देखकर उचित मूल्य पर पुस्तक उपलब्ध कराएं। ताकि जनहित स्कूली छात्र–छात्राओं को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। प्रधान देवानंद ने यह भी अवगत कराया के यदि प्रशासन द्वारा इस विषय पर शीघ्र ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो विभिन्न सामाजिक संगठन, अभिभावक, संघ छात्र संगठन और जागरूक नागरिक मजबूर होकर धरना प्रदर्शन को वाद्यय होंगे।

### "भारत में सहायक प्रौद्योगिकी के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना" विषय पर 9 अप्रैल, 2025 को यशदा, पुणे में नीति आयोग की कार्यशाला का आयोजन

महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से नीति आयोग 9 अप्रैल 2025 को यशदा, पुणे में "भारत में सहायक प्रौद्योगिकी के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले, महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग के मंत्री श्री संजय शिरसाट और नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल की उपस्थिति में कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे।

### श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

श्रीनगर।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सेनाध्यक्ष, कोर कमांडर (उत्तरी कमांड), जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार, जम्मू और कश्मीर में चिरस्थायी शांति स्थापित करने और आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के प्रति कटिबद्ध है। बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आतंकी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में देश के शत्रुओं द्वारा पोषित आतंकवाद का पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो गया है।

श्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित अप्रोच के साथ प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के क्रियान्वयन पर मिशन मोड में काम करना चाहिए। श्री शाह ने सभी एजेंसियों द्वारा समन्वित तरीके से काम करने पर जोर दिया जिससे केन्द्र शासित प्रदेश में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद हासिल की गई उपलब्धियों को बरकरार रखा जा सके और आतंकवाद मुक्त जम्मू और कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

### केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री श्री अवि दिख्तर के बीच बैठक

नई दिल्ली।कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर स्थित अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह में केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री श्री अवि दिख्तर के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री के रूप में श्री अवि दिख्तर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान यह बैठक हुई।

आज नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान कृषि सहयोग समझौते और कार्य योजना पर हस्ताक्षर करके दोनों देशों ने कृषि क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। इस समझौते से मृदा एवं जल प्रबंधन, बागवानी एवं कृषि उत्पादन, फसल–पश्चात प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, कृषि मशीनीकरण, पशुपालन तथा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में सहयोग मजबूत होगा।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः (सभी सुखी रहें, सभी



रोगमुक्त रहें) और परहित सरिस धर्म नहीं भाई (दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है) के आदर्शों में विश्वास करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है।



# अयोध्या टाइम्स
# कानपुर मण्डल



बुधवार 09 अप्रैल 2025

## भाजपा ही ऐसी पार्टी जिसमें बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है - सांसद रमेश अवस्थी

कानपुर। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को किदवई नगर विधानसभा एवं श्याम नगर के एक रिसॉर्ट में छावनी विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन का आयोजन किया गया।
क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रगान के साथ पार्टी की पंच निष्ठाओं के बारे में बताया गया। पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियोंके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं विधायक योगी की उपलब्धियां घर–घर बता रहे हैं। मोदी– योगी के नेतृत्व भाजपा लगातार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।
किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि बूथ पर जीत ही चुनाव में विजय की गारंटी बनेगी।सक्रिय सदस्य बूथ पर निवास करने वाले वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित लोगों से निरंतर संपर्क रखें।
प्रमुख रूप से दक्षिण जिलाध्यक्ष






कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।
सम्मेलन में वक्ताओं ने भाजपा का चुनावी एवं संगठनात्मक विचार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन और प्रधानमंत्री के रुप में नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों को महेश त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि भाजपा में बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। गर्मी में जहां अन्य दलों के कार्यकर्ता एसी कमरे में सो रहे हैं वहीं भाजपा कार्यकर्ता गांव और बूथों पर घर घर संपर्क कर मोदी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में सक्रिय सदस्यों की महत्व पूर्ण भूमिका है । पार्टी के सभी सक्रिय सदस्य, बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी के सदस्य,पन्ना प्रमुख सहित सभी कार्यकर्ता खुद को मोदी और योगी का ध्वजवाहक मानकर अपने अपने बूथों पर काम करें।
शिवराम सिंह, एमएलसी अरुण पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज,कौशल किशोर दीक्षित, रामदेव शुक्ल, डॉ वीना आर्या पटेल, मनीष त्रिपाठी,प्रकाश वीर आर्य,मनोज शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, शिव पूजन सविता ,मंडल अध्यक्ष बिट्टू परिहार, दीपांकर मिश्रा, विनीत दुबे, दीपू पासवान आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल, यातायात हुआ प्रभावित

जालौन। जालौन से जा रहे ट्रैक्टर के सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने कट मार दिया। कट से बचाव के चक्कर में ट्रैक्टर सडक पर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण एक यातायात प्रभावित हुआ तथा चालक घायल हो गया। जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर को हटाया गया।

## 07 अदद सागौन प्रजाति के सूखे वृक्षों की नीलामी दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पीएसी अनुभागीय कार्यालय कानपुर में किया जाना प्रस्तावित

कानपुर नगर। पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी, कानपुर अनुभाग कानपुर अतुल शर्मा ने बताया कि कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक, वानिकी प्रभाग कानपुर के द्वारा पीएसी अनुभागीय कार्यालय कानपुर प्रांगण स्थित 07 अदद सागौन प्रजाति के सूखे वृक्षों की नीलामी दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पीएसी अनुभागीय कार्यालय कानपुर में किया जाना प्रस्तावित है। अतएव निर्धारित तिथि को पात्र ठेकेदार जो बोली लगाने को इच्छुक हों, वह पीएसी अनुभागीय कार्यालय कानपुर प्रांगण में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।
उन्होंने नीलामी की शर्तो के बारे में बताया कि नीलामी में बोली लगाने से पूर्व जमानत रूपये 935.00 (रूपये नौ सौ पैंतीस मात्र) जमा करनी होगी जो उच्चतम बोलीदाता को छोड़कर अन्य सभी को तुरन्त जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। नीलामी की धनराशि तत्काल बोली समाप्ति पर जमा करनी होगी तथा बोली की धनराशि से अलग 18 प्रतिशत् जी०एस०टी० अनिवार्य जमा करना होगा। ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार बोली लगाने के हकदार नहीं होगें। सबसे अधिक बोली लगाने वाला ठेकेदार द्वारा यदि 03 दिवस के अन्दर भुगतान नहीं किया जाता है तो जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। किसी भी बोली/नीलामी को निरस्त करने का अधिकार पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी, कानपुर अनुभाग कानपुर का होगा।
उन्होंने बताया कि सूखे वृक्षों को काटने की अनुमति सम्बन्धित विभाग से प्राप्त हो चुकी है, जिस ठेकेदार को वृक्षों को काटने का ठेका होगा उसको धनराशि जमा करना होगा, तत्पश्चात वृक्षों के काटने का कार्य प्रारम्भ किए जाने की अनुमति प्रदान की जायेगी। किसी वादधविवाद की स्थिति में पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी, कानपुर अनुभाग कानपुर का निर्णय अन्तिम होगा और निर्णय के विरूद्ध किसी भी मा0 न्यायालय में व उच्चाधिकारियों के समक्ष न्याय हेतु जाने का अधिकार नहीं होगा, जो ठेकेदार वृक्ष काटेगा वही ठेकेदार कटे वृक्ष की जड़ भी उखाड़ेगा। नीलामी से सम्बन्धित दिशा–निर्देश पीएसी अनुभागीय कार्यालय कानपुर से प्राप्त कर सकते हैं।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

कालपी। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।
मंगलवार की सुबह कानपुर से चलकर 221 उरई विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में रामराजा पैलेस में शामिल होने जा रहे बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जैसे ही कालपी यमुना पुल पर अपने काफिले के साथ पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने हार व पट्टिका पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा योगी मोदी जिंदाबाद व भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान नगर के मौजूदा जनप्रतिनिधियों व पूर्व जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। स्वागत में सुबोध द्विवेदी, अशोक बाजपेई, अमित पांडेय, अमरदीप पांडेय, अश्विनी तिवारी, दिनेश चौधरी, अंकित सिंह, हर्षित खन्ना, सचिन त्रिपाठी, मंटू विश्नोई, प्रीतू सिंह, रिशाल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह का अति महत्वपूर्ण संदेश

कानपुर। समस्त जनपद कानपुर निवासियों से विनम्र अनुरोध है कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीकाकरण बच्चों को 12 घातक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है और उनके स्वस्थ भविष्य की नींव रखता है।

### शैक्षणिक व सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास- नीतू सिंह

**वी.एस.एस.डी.कालेज में द्विदिवसीय अन्तरमहाविद्यालयीय वार्षिक प्रतियोगिता का सम्पन्न हुआ।**

अयोध्या टाइम संवादाता हरिओम द्विवेदी–कानपुर वी.एस.एस.डी.कॉलेज में द्विदिवसीय अन्तरमहाविद्यालयीय वार्षिक प्रतियोगिता के अंतर्गत द्वितीय दिवस का आयोजन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की सचिव माननीया सीए नीतू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही आपने अपने संबोधन में कहा कि "शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ इस प्रकार की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।"
कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ रंगकर्मी श्री राधेश्याम दीक्षित एवं श्री महेश दुबे जी की उपस्थित रही।
महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के संयुक्त सचिव डॉ. के. के. गुप्त एवं सदस्य श्री सुरेन्द्र कक्कड़ रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका प्रो. दीप्ति रंजन बिसारिया,




सह–संयोजिका प्रो. रीता पाण्डेय, प्रो. नीलिमा सिंह व सांस्कृतिक समिति के अन्य सदस्यों डॉ. तृप्ति भूषण, डॉ. प्रीति जायसवाल,डॉ. प्रीति सिंह,डॉ. प्रतिमा चतुर्वेदी,डॉ. श्वेता रानी,डॉ.संजीव सिंह एवं डॉ. ब्रजेश नैनवी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। सचिव महोदया ने सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं भाषण प्रतियोगिता में वी. एस. एस. डी. कालेज की सुकृति पांडे प्रथम रहीं। डी जी कालेज की हिया मिश्रा द्वितीय,जागरण कालेज की वैष्णवी शुक्ला तृतीय एवं बद्री विशाल कालेज के शिवम पांडे सान्त्वना पुरस्कार से सम्मानित हुए।
काव्य पाठ में ब्रह्मानन्द कालेज के अर्पित पांडे प्रथम,बद्री विशाल कालेज की निवेदिता अवस्थी द्वितीय, पी पी एन कालेज की अनन्या सिंह तृतीय एवं वी एस एस डी कालेज के राजीव सान्त्वना पुरस्कार से सम्मानित हुए।
निबन्ध प्रतियोगिता में डी ए वी कालेज की तान्या सैनी प्रथम,वी एस एस डी की आराध्या त्रिपाठी द्वितीय, एवं कानपुर विद्या मंदिर की दिशिका त्रिपाठी तृतीय रहीं।
यूथ पार्लियामेंट में वी एस एस डी कालेज प्रथम,बद्री विशाल कालेज एवं डी ए वी कालेज द्वितीय तथा पी पी एन कालेज व जागरण कालेज तृतीय स्थान पर रहे।

### एचसी कान्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न

जालौन। एचसी कान्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी के मुख्य आतिथ्य में हषोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के साठ मेधावी छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## मरियमपुर चौराहा से सचान चौराहा बर्रा तक बनेगा एलिवेटेड पुल, मिलेगा जाम से निजात

कानपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और जाममुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मरियमपुर चौराहा से लेकर सचान चौराहा बर्रा तक एक एलिवेटेड पुल का निर्माण किया जाएगा, जो उत्तर और दक्षिण कानपुर को सीधे जोड़ने का कार्य करेगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना से नगरवासियों को वर्षों से झेल रहे यातायात जाम से राहत मिलेगी।
इस परियोजना को लेकर सांसद रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी एवं विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने चावला मार्केट चौराहा, गोविंद नगर पर स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर सेतु निगम के परियोजना अधिकारी एस.के. सुमन एवं बी.के. सेन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सांसद व विधायक को एलिवेटेड पुल के प्रस्तावित रोड मैप की जानकारी दी तथा बताया कि इस सप्ताह डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर शासन को भेज दी जाएगी। अनुमान है कि अप्रैल के अंत तक परियोजना को स्वीकृति मिल सकती है।
सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं और कानपुर सदैव उनकी प्राथमिकता में शामिल रहा है। जल्द ही विकास की और भी सौगाते जनता को दी जाएगी।
जनताको अब जाम नही झेलना पड़ेगा इस एलिवेटेड पुल के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को अवगत कराया जा चुका है। उन्हीं के निर्देशानुसार सेतु निगम इसकी डीपीआर तैयार कर रहा है। जल्द ही



पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण कानपुर के बीच की दूरी कम होगी और लोगों को भारी यातायात जाम से मुक्ति मिलेगी।विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया कि प्रस्तावित पुल 4 किमी लंबा होगा जो मरियमपुर से शुरू होकर सचान चौराहे पर खत्म होगा उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दक्षिण वाशियो को यह सौगात दी जिससे जूही खलवा पुल का डी पी आर तैयार कराया जाएगानिरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी , पार्षद नवीन पंडित , पार्षद अवधेश त्रिपाठी ,प्रकाश वीर आर्य, विजय गौतम , मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान , मोनू पांडेय , विपुल शाह ,अजीत छाबड़ा , व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की राजस्व कार्यो की समीक्षा, दिए निर्देश

अनुज प्रताप सिंह ब्यूरोचीफ

कानपुर देहात । जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने तहसीलवार राजस्व कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा खतौनी व अन्य भूमि अभिलेखों के अद्यतन, नामांतरण, वरासत मामलों के त्वरित निस्तारण, राजस्व वसूली, विभिन्न धारा अंतर्गत वादों के निस्तारण आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित वरासत एवं नामांतरण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए साथ ही, राजस्व वसूली के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाय।जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण, स्टांप वाद आदि की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। जिलाधिकारी ने आडिट आपत्तियों, बेदखली वाद का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस, तहसील दिवस व सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित




समयावधि में कराया जाए।
जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में शिथिलता बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी।अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

### पत्रकार व शिक्षाविद् के निधन से शोक की लहर

कालपी। जनपद की पत्रकारिता के बड़े स्तंभ तथा जनपद व बुंदेलखंड के बड़े शिक्षाविद् के बीमारी के चलते राजकीय मेडिकल कालेज उरई में उपचार के दौरान हुए निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई।
जनपद के जगम्मनपुर से पत्रकारिता को प्रारंभ करने वाले जनपद की पत्रकारिता के बड़े स्तंभ तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष तथा जनपद के शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा करने वाले शिक्षाविद् तथा पत्रकारों की हर मुसीबत में खड़े रहने वाले श्रवण कुमार द्विवेदी काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।
आज उनका आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई। विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक डा. अरुण मेहरोत्रा, राजू पाठक, हरिश्चंद्र दीक्षित, मनोज चतुर्र्वेदी, बृजेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अवधेश बाजपेई, दीपचंद सैनी, संदीप मिश्रा, अनिल बाजपेई, मनोज पांडेय, सोनू बाबा, अनुराग पंडित, दीपू चौहान, ईशा रजा मंसूरी, शिवांग शुक्ला, रोहिणी शर्मा, रेहान, शिवनारायण प्रजापति, संजीव नगाइच, रामकुमार ओमरे, नरेंद्र त्रिपाठी, शंकर गुप्ता, योगेंद्र नारायण शुक्ला, शिवबालक सिंह, रामकुमार तिवारी, अजीत सिंह यादव आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत आमामाफी विकास खण्ड- बांसी जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक–मेमो/निविदा/सामग्री–वर्ष 2025–26 — दिनांक : 09/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत आमामाफी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिशन/एकीकृत बाल विकास योजना/ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त अनुदान निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इण्टर लाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग, भूसा, सरिया, पेन्ट, टायल, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री, हार्डवेयर की सामग्री, डस्टबीन, आफिस उपयोग हेतु सभी सामग्री, प्रशासनिक कार्यों में उपयोग हेतु सभी सामाग्री, ग्राम पंचायत के साफ सफाई से संबंधित सभी सामाग्री एवं ग्राम पंचायत में उपयोग होने वाली अन्य सभी सामाग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो फर्म जी.एस.टी. के अन्तर्गत रजिस्टर हो के द्वारा दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0–5000/रूपये (पाँच हजार) होगी।
नियम व शर्तेः–1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्र करना होगा। 3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. प्रस्तुत दरे वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. मामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत आमामाफी के नाम बन्धक हो, संलग्र करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

साहीद अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– आमामाफी
विकास खण्ड – बांसी
सिद्धार्थनगर

ऊषा दूबे
ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत– आमामाफी
विकास खण्ड – बांसी
सिद्धार्थनगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत तेजापुर, विकास खण्ड अतरौलिया, आजमगढ़

पत्रांक– मेमो/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक : 08.04.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत, सांसद एवं विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 एवं अन्य ग्राम पंचायत मद से कराये जानेवाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 14.04.2025 को कार्यालय दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं जो 15.04.2025 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्णय समिति के सदस्यों के सामने 04.00 बजे अपरान्ह खोली जायेगी। उपरोक्त तिथियों में पंचायत कार्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी/रोजगार सेवक फार्म जमा करने के लिए उपलब्ध होंगे। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | ईंट प्रथम श्रेणी ईंट (खड़ंजा भवन हेतु), द्वितीय श्रेणी एवं एसओबी | प्रति हजार | |
| 02. | सीमेंट, पोर्ट लैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 03. | ईंट की गिट्टी 20, 40एम.एम. व पत्थर गिट्टी 22.4 एम.एम. से 53 एम.एम. तक | प्रति घन मीटर | |
| 04. | सफेद बालू (फाइन सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 05. | लाल बालू (कोसर सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 06. | डाला गिट्टी 20, 40एमएम. (स्नोट ब्लास्ट) साइजानुसार | प्रति घन मीटर | |
| 07. | सरिया, तार, एस्बेस्टर सीट, पैनसीट, दरवाजा, प्लास्टिक सीट | प्रति नग | |
| 08. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 09. | हैड पम्प सामग्री (मरम्मत एवं रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 10. | ह्यूम पाइप (150, 200, 300, 350, 600, 900 एम.एम.) | प्रति रनिंग मीटर | |
| 11. | साइन बोर्ड, पीबीसी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सिमेंटड ईंट, पत्थर की पटिया (साइजानुसार) | प्रति हजार | |
| 13. | स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 14. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 15. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 16. | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टैम्पर | प्रति किलो ग्राम | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें–
1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. – सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। 3. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 5. आपूर्तिकर्ता का वाणिज्य कर एवं आय कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. के दर से अधिक न हो। 7. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु. 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। 8. सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को 04 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण में निहित होगा।

राम विनय सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत तेजापुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

राजेश यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेजापुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

# रामजनमोत्सव के शुभ अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट – प्रशांत यादव सुल्तानपुर। जनपद के तहसील कादीपुर क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड करौंदी कला में राम नवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई गिरीश उपाध्याय प्रखंड अध्यक्ष विहिप व अंगद सिंह संयोजक बजरंग दल की अध्यक्षता में निकाली गई यात्रा की शुरुआत राजेंद्र सोनी जिला मठ मंदिर प्रमुख,राहुल पांडेय जिला सत्संग प्रमुख व चित्रसेन सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य विहिप व आनंद मिश्रा प्रखंड मंत्री द्वारा रथ पर सवार श्रीराम, लक्ष्मण,हनुमान जी के स्वरूप की पुष्प अर्चन आरती के उपरांत निकाली गई। यात्रा हरिपुर पेट्रोल टंकी से शुरू होकर करौंदी बाजार होते हुए




गंगापुर मोड़ पर समापन हुआ यात्रा में मुख्य रूप से डा श्रीप्रकाश त्रिपाठी जिला धर्म प्रसार प्रमुख विहिप ने बताया कि हिंदू समाज को जाति पति से मुक्त होकर एक होने की आवश्यकता है आज हम सभी जातियों में बंटते जा रहे है इसको खत्म करके एक होने की आवश्यकता है सह जिला संयोजक बजरंग दल प्रशांत यादव ने बताया त्रेतायुग में राजा दशरथ ने संतान पाने की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। इस यज्ञ की वजह से चौत्र शुक्ल नवमी पर राम राजा दशरथ के पुत्र के रूप में प्रकट हुए। राम भगवान विष्णु के अवतार हैं।श्रीराम को ष्मर्यादा पुरुषोत्तमष कहा जाता है। इस दिन सत्य, प्रेम, त्याग का प्रतीक है इसमें मुख्य रूप से राम मूर्ति विश्वकर्मा जिला सरसता प्रमुख विहिप, दिवाकर पाण्डेय प्रखंड अध्यक्ष दोस्तपुर, प्रशान्तानंद महाराज प्रखंड सहमंत्री,लालजी पांडेय, प्रमोद सिंह अध्यक्ष अखंड नगर, राहुल सिंह मंत्री कादीपुर,मुन्ना यादव,सर्वेश मिश्र बब्लू, राम सहाय दुबे, सच्चिदानंद पांडे, अनुराग तिवारी,कमलेश खरवार,आशीष श्रीवास्तव,अशोक मिश्रा,अजय उपाध्याय,सर्वदेव उपाध्याय,श्याम सुंदर,अवनीश सिंह,सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आरोग्यम शिविर में डीएम ने बताएं मुख्य बिंदु

- स्वास्थ्य जांच के साथ आधार–राशन कार्ड बनवान की सुविधा, नवजात का अन्नप्राशन भी कराया

औरैया। मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत बूढ़ादाना में आरोग्यम शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शिविर का निरीक्षण किया सडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल उपस्थिति का दिखावा न करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी लोगों को दें। साथ ही जरूरतमंदों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करें। इससे लोगों को तहसील या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए गए कि वह लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरत के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराए। शिविर में जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी दी गई। पंचायत सचिव को इन दस्तावेजों के ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने शिविर में एक नवजात



शिशु का अन्नप्राशन – संस्कार भी कराया। उन्होंने पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य ग्राम प्रधान और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत खालिसपुर, विकास खण्ड अतरौलिया, आजमगढ़

पत्रांक– मेमो/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक : 08.04.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत, सांसद एवं विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 एवं अन्य ग्राम पंचायत मद से कराये जानेवाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 14.04.2025 को कार्यालय दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं जो 15.04.2025 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्णय समिति के सदस्यों के सामने 04.00 बजे अपरान्ह खोली जायेगी। उपरोक्त तिथियों में पंचायत कार्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी/रोजगार सेवक फार्म जमा करने के लिए उपलब्ध होंगे। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | ईंट प्रथम श्रेणी ईंट (खड़ंजा भवन हेतु), द्वितीय श्रेणी एवं एसओबी | प्रति हजार | |
| 02. | सीमेंट, पोर्ट लैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 03. | ईंट की गिट्टी 20, 40एम.एम. व पत्थर गिट्टी 22.4 एम.एम. से 53 एम.एम. तक | प्रति घन मीटर | |
| 04. | सफेद बालू (फाइन सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 05. | लाल बालू (कोसर सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 06. | डाला गिट्टी 20, 40एमएम. (स्नोट ब्लास्ट) साइजानुसार | प्रति घन मीटर | |
| 07. | सरिया, तार, एस्बेस्टर सीट, पैनसीट, दरवाजा, प्लास्टिक सीट | प्रति नग | |
| 08. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 09. | हैड पम्प सामग्री (मरम्मत एवं रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 10. | ह्यूम पाइप (150, 200, 300, 350, 600, 900 एम.एम.) | प्रति रनिंग मीटर | |
| 11. | साइन बोर्ड, पीबीसी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सिमेंटड ईंट, पत्थर की पटिया (साइजानुसार) | प्रति हजार | |
| 13. | स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 14. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 15. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 16. | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टैम्पर | प्रति किलो ग्राम | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें–
1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. – सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। 3. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 5. आपूर्तिकर्ता का वाणिज्य कर एवं आय कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. के दर से अधिक न हो। 7. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु. 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। 8. सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को 04 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण में निहित होगा।

राम विनय सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत खालिसपुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

संयोगिता
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खालिसपुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

# सवीना बनी सुमन हिंदू रीति रिवाज से हो गई शादी

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। जब दो दिल मिले तो सात समंदर भी छोटा लगने लगता है। कई ऐसे वक्त सामने आए जहां दूरियां मिट गई जाति धर्म के बंधन टूट गए और लोगों का विरोध भी काम नहीं आया। ऐसे में याद आया ना उम्र की सीमा हो ना जाति क हो बंधन जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन। प्रेम कि इस दौर में दो प्रेमियों ने नया जीवन और नई शुरुआत करने के लिए इन सभी को अपनाया। जब मिले तो एक हो गए और तमाम समस्याओं को झेलते हुए फिर लोगों ने साथ देना शुरू कर दिया। दूसरे धर्म की सबीना बेगम आज घर वापसी करते हुए सुमन बन गई। ग्राम वसुंधरा उसेत जिला बदायूं निवासी बेगम जहां थाना अमृतपुर क्षेत्र के रतनपुर पमारन निवासी विजय पुत्र वीरपाल से प्रेम कर बैठी और धर्म जात की सीमाओं को लांघकर हिंदू रीति रिवाज से शादी कर विजय की पत्नी बन गई। सात जन्मों तक का सफर और परंपराएं निभाने को लेकर आज इन्होंने भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के आशीर्वाद से थाना अमृतपुर में पहुंचकर पुलिस के सहयोग से कागजी कार्रवाई पूर्ण करते हुए हिंदू रीति रिवाज से अमृतपुर के प्रसिद्ध देव स्थल भरत दास बाबा के स्थान पर पहुंचकर सात फेरे लिए। पंडित घनश्याम पांडे ने इस शादी को कराते हुए खुशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि जब दो दिल मिलते हैं तो दूरियां कम हो जाती हैं। शादी के इस समारोह में दो सैकडा से अधिक लोग शामिल हुए जो की बाराती होने का एहसास कर रहे थे। थाना परिसर में कुछ देर के लिए लड़के की माता कुसुम ने हलचल मचाई और कहां की वह यह शादी नहीं होने देगी। लेकिन बाद में लोगों के समझाने पर वह मान गई और शादी के लिए तैयार हो गई। लड़की ने बताया कि उसके बाबा



हिंदू थे और हिंदू परंपरा के अंतर्गत उनका परिवार चलता था। बाद में वह मुस्लिम हुए। आज वह फिर से सनातन धर्म में लौटकर खुशी जाहिर कर रही है। उसे इस बात की काफी खुशी हो रही है कि वह अपने पूर्वजों के सनातन धर्म में पुनः वापसी कर रही है। कई घंटे के इस प्रोग्राम के बाद दोनों को पति–पत्नी के रूप में लोगों ने आशीर्वाद देना शुरू कर दिया। इन लोगों की लंबी उम्र की दुआ करते हुए बुजुर्ग और सज्जन व्यक्ति आगे आए। उन्होंने कहा कि वह घर वापसी कर रही इस लड़की को स्वीकार करेंगे। साथ ही जो भी घर वापसी के लिए तैयार होगा हमारा हिंदू समाज उन्हें सर आंखों पर बिठाएगा। इस मौके पर राधेश्याम शैलेंद्र संजय सिंह महेश आनंद सुमित मुकुल संत रविदास मुकेश ब्रजकिशोर हरिओम आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। मीडिया बंधु भी इस रोचक रीति रिवाज की शादी में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं था जो इस शादी के शगुन में अपनी दुआएं ना दे रहा हो। सभी ने हर्षो उल्लास के साथ दोनों प्रेमी और प्रेमिका को शादी के बंधन में बंधते हुए देखा और दांपत्य जीवन को लेकर शुभकामनाएं दी।

# शहर स्थित विद्यालय परिसर में ARTO सुदेश तिवारी ने कराया विशाल कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन



औरैया। जिले में चौत्र नवरात्रि के अवसर पर परिवहन विभाग के द्वारा शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। परिवहन विभाग के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुदेश तिवारी के द्वारा इस विशाल कन्या भोज कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक कन्याओं और स्कूली छात्राओं को कन्या भोज कराया गया कार्यक्रम की शुरुआत हवन पूजन के साथ की गई ,हवन पूजन कार्यक्रम में एआरटीओ सुदेश तिवारी व उनके परिवार के अलावा विभागीय कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कन्या भोज की शुरुआत तजव सुदेश तिवारी ने देवी स्वरूप कन्याओं के चरणों को जल से धोने के साथ करते हुए उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसने के बाद ग्रहण करने का निवेदन भी किया आपको बता दें औरैया शहर के दिबियापुर रोड स्थित विद्या मंदिर के परिसर में कन्या भोज में स्कूली छात्राओं को कन्या भोज में शामिल किया गया ।हजारों की संख्या में कन्याओं को भोजन कराने के दौरान के एआरटीओ सुदेश तिवारी ने देवी स्वरूप कन्याओं से आशीर्वाद लेते हुए उन्हें दान भी किया। एआरटीओ सुदेश तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया है कि प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के अवसर पर कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन कराते है। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ के अलावा पीटीओ आनंद राय कुरील समेत तमाम पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अयोध्या टाइम्स



## सम्पादकीय

### स्वतंत्रता का अतिक्रमण सामाजिक दायित्वों का हनन, कर्तव्यों से विमुख न हों

वाल्टेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ–साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे–धीरे बढ़ जाता है। वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ–साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे–धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे–धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत देश के आम नागरिकों के द्वारा राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को विधिवत चुनकर संसद तथा विधान भवन भेजती है ताकि राज्य और देश का कल्याण हो सके किंतु अपने अधिकारों के प्रति उत्साहित यह राजनेता अपने मूलभूत कर्तव्य को भूलकर जनता का शोषण करने में लीन हो गए हैं और अधिकार संपन्न होकर निरंकुशता की श्रेणी में आकर बैठ गए हैं। इन जनप्रतिनिधियों ने अपने अधिकार तथा उत्तरदायित्व में तालमेल न बिठा कर शासन की व्यवस्था को बिगाड़ कर रखा है। अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने लिखा है कि जिस देश की आम जनता झोपड़पट्टी में रह रही हो उस देश के शासक प्रशासक को महलों में रहने का कोई अधिकार नहीं बनता है। यह बात उन्होंने बहुत पहले कही थी पर यह आज भी अत्यंत प्रासंगिक तथा समीचीन है। वर्तमान में देश में यह बात तो एकदम स्पष्ट है कि हमें अपने अधिकारों को तब भली–भांति ज्ञान व बोध है किंतु उत्तरदायित्व के प्रति हम जानबूझकर अनजान बने हुए हैं यह देश के विकास के लिए उचित नहीं है इससे देश के विकास में बाधा होती है। अधिकारों तथा उत्तरदायित्व के संदर्भ में कई समितियों ने बड़ी ही नकारात्मक अनुशंसा प्रस्तुत की है जिसमें इस बात का हवाला है कि राजनीति तथा प्रशासन में सब तरफ लालफीताशाही, भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद फैला हुआ है क्योंकि हमारे राजनेता शासक प्रशासक अपने अधिकारों का तो समुचित प्रयोग करते हैं किंतु उत्तरदायित्व के मामले में अपने आप को अनभिज्ञ बताते हुए जनता के सामने हाथ खड़े करके निरीह बने रहते हैं। सरकारी सुविधाओं का उपयोग करना तो हमारा अधिकार है पर उसका रखरखाव और उससे साफ सुथरा रखना हमारा दायित्व भी है किंतु हम अपने दायित्व के प्रति आंखें बंद कर अधिकारों के लिए अंधी दौड़ में शामिल हो चुके हैं। एक संकट जैसे कि पर्यावरण संकट किसी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए नहीं है यह वैश्विक समस्या है और यदि हम इसके प्रति सजग नहीं हुए तो 1 दिन संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था पृथ्वी धरा नष्ट हो जाएगी और मनुष्य सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए पानी को तरसने लगेगा। यह हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सत्य निष्ठा के साथ सदाचारी बनकर नैतिकता को अपने व्यवहार में उतार कर अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कर अपने अधिकारों के साथ मूल दायित्व को भी उतनी ही गंभीरता से उपयोग में लाएं जिससे व्यक्ति समाज और राष्ट्रहित हो सके।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रेसिप्रोकल टैरिफ एक 'खूबसूरत चीज' बताया!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आया हुआ है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गई। बात अगर भारत की करें तो यहां सेंसेक्स में 3000 से ज्यादा और निफ्टी में 900 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ एक श्खूबसूरत चीजश है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकियों को यह बात शकिसी दिनश समझ जरूर आएगी। वहीं ट्रंप की इस खूबसूरत चीज यानी टैरिफ के कारण सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट के निवेशकों को 19 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। सोमवार बाजार ने अपनी उथल–पुथल के साथ दिखाया कि यह कितना अस्थिर था। यह गिरावट, निश्चित रूप से, सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले का परिणाम है। आयात कर दो चरणों में लागू होंगे. पहला चरण 2 अप्रैल से लागू हुआ था। इसके तहत अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले सभी देशों पर 10 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगता था। दूसरा चरण 9 अप्रैल से लागू होगा। उस समय, प्रत्येक देश के उत्पादों पर कर लगाया जाएगा क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। जैसे, संयुक्त राज्य अमेरिका अब अमेरिकी उत्पादों पर समान कर नहीं लगाएगा क्योंकि ये देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इस हास्यास्पद श्जैसा हैश नीति की घोषणा के बाद से, अमेरिकी पूंजी बाजार गिर रहा है और निवेशकों को लगभग 6.5 ट्रिलियन डॉलर (समग्र भारतीय बाजार का संयुक्त मूल्य 4.5 ट्रिलियन डॉलर) का नुकसान हो रहा है। इस गिरावट को अब भारतीय बाजार द्वारा समर्थित किया गया है, जो ट्रम्प के आगे क्या है, इसका प्रतिबिंब है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में अमेरिका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और एलन मस्क के खिलाफ नारेबाजी की. ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का गुस्सा प्रदर्शनकारियों के नारों में जाहिर हुआ और ट्रंप द्वारा लगाई गई नई टैरिफ बढ़ोतरी आज सचमुच धराशायी हो गई. कई लोगों ने नोट किया है कि यह सबसे बड़ा प्रशासन–विरोधी विरोध था, और यह ट्रम्प के टैरिफ युद्ध पर अमेरिकी लोगों के गुस्से को दर्शाता है। ट्रम्प की टैरिफ नीतियां एकमात्र मुद्दा नहीं हैं जिनके लिए उच्च करों की आवश्यकता होती है, लेकिन यह हजारों लोगों की नौकरियों को खर्च करने और उन्हें बेरोजगार बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों को भी खर्च करने वाला है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ी संख्या में मध्यम आयु वर्ग के और वृद्ध लोग हैं, इसलिए सेवानिवृत्ति लाभों का वहां बहुत महत्व है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकियों को इन लाभों का भुगतान करने के लिए मजबूर करेंगे, इसलिए लोग सड़कों पर ले गए हैं। यदि आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ खोना होगा। जापान और ब्रिटेन सहित कई विश्व नेताओं ने ट्रम्प के साथ टैरिफ पर बातचीत की है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प उनकी बात नहीं सुनेंगे। ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ सबसे पहले नेशनल मॉल में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए थे और लहर धीरे–धीरे पूरी दुनिया में फैल रही है। इसी तरह के समूह कई अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका ध्यान ट्रम्प पर है। वे मस्क और कई अरबपतियों पर हमें बर्बाद करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हैं, जिस पर ट्रम्प ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ ने दुनिया को हिला दिया है, कुछ का कहना है कि भारत सबसे कम प्रभावित हुआ है। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि वैश्विक बाजार सदमे और भ्रम की स्थिति में हैं। जबकि ट्रम्प के टैरिफ ने मुक्त व्यापार को चोट पहुंचाई है, कुछ ने कहा है कि मुक्त व्यापार के झटके को गंभीर रूप से चोट नहीं पहुंचाई जाएगी, लेकिन यह निश्चित है कि अमेरिकी टैरिफ युद्ध का वैश्विक बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह किसी भी बाजार के लिए खतरा है, ट्रम्प के टैरिफ के कारण दुनिया भर के लोग सड़कों पर हैं, और वे अपने भविष्य के बारे में चिंतित हैं। ट्रम्प के टैरिफ ने वैश्विक बाजारों में भारी आर्थिक उथल–पुथल पैदा कर दी है, और इसलिए, निवेशक डर या भावना से प्रेरित नहीं हैं। ट्रम्प की टैरिफ योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि लोग इससे कैसे निपटते हैं। वित्तीय बाजार अनिश्चितता से भरा है, इसलिए लोगों को यह पहचानना चाहिए कि स्थिति को स्वीकार करना और बिना किसी तत्काल निर्णय के शांति से निर्णय लेना आज की जिम्मेदारी है। ट्रंप के ट्रेड टैरिफ शेयरों में जो गिरावट आई है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है . दुनिया को 1929 की वैश्विक मंदी याद आ रही होगी जब अमेरिका में भी ऐसी ही मंदी आई थी और फिर अमेरिका ढह गया था । तब संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर थे। शेयर बाजार ढह गया था और उनके समय में कई लोगों ने आत्महत्या कर ली थी। आज, इस स्थिति के बावजूद, अमेरिका अभी भी उसी दयनीय स्थिति में है। आज, अमेरिकी लोग सड़कों पर हैं और इसके नतीजे पूरी दुनिया में हैं। वहाँ हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में आज के विरोध प्रदर्शन को सबसे बड़ा कहा जाता है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध ने एक और गंभीर परिणाम सामने लाया हैरू वैश्विक अर्थव्यवस्था ने एक हिट लिया है, और यह प्रत्येक देश पर निर्भर है कि दुनिया इससे कैसे उबरेगी। उद्योग में गिरावट आई है और प्रतिशोधी खतरों की लहर चल रही है, जिससे दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी माहौल बन रहा है और चीन संयुक्त राज्य अमेरिका पर धमकाने का आरोप लगा रहा है। यूरोपीय संघ ने अमेरिका पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि व्यापार युद्ध और टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं है। यह बिल्कुल सच है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संयुक्त राज्य अमेरिका से अपने टैरिफ वापस लेने का आह्वान किया है। बेशक, यह सच है कि संयुक्त राज्य अमेरिका इसे स्वीकार नहीं करेगा। यह एक स्थिति है। लेकिन ट्रम्प और उनके सहयोगियों को परवाह नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह राष्ट्रपति अपनी श्क्रांतिकारीश नीतियों के लिए अपनी ही बुद्धिमत्ता की तारीफ करने में व्यस्त है! इतना कि वह अभी भी ढहते बाजार पर ध्यान देने की आवश्यकता महसूस नहीं करता है। इसके विपरीत, वह नागरिकों को कुछ समय के लिए कुंजी सहन करने की सलाह देता है। बेशक, थोड़ी देर के लिए, वह यह कहने की आवश्यकता महसूस नहीं करता कि वास्तव में कितना है। उन्होंने कहा, श्अमेरिका के खजाने में अरबों डॉलर आने लगे हैं। उनके पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि उन्होंने इन अरबों डॉलर को कहां से आते देखा। ट्रम्प का दावा है कि उनके कार्य ष्दवाष हैं। अगर किसी विश्व महाशक्ति के मुखिया को दवा और जहर में फर्क भी नहीं पता है तो इस श्दवाईश का सेवन करने वालों के लिए मुश्किल है। ट्रम्प और उनके साथी स्वार्थ के भ्रम में इतने हैं कि इसके बजाय वे अन्य देशों को खुद को चेतावनी दे रहे हैं। ष्अन्य देशों को समान कर वृद्धि के साथ अमेरिकी टैरिफ वृद्धि का जवाब नहीं देना चाहिए, वह सलाह देते हैं। चीन को संयुक्त राज्य अमेरिका को उसी तरह से जवाब देने की हिम्मत का पहला सम्मान है। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने के अमेरिका के फैसले के बाद चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर ऐसे ही टैरिफ बढ़ाने का फैसला किया था। ट्रंप ने कहा, श्चीन को इस तरह के फैसले पर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी। इसका मतलब है कि ट्रम्प उम्मीद करेंगे कि चीन संयुक्त राज्य अमेरिका से अपने हाथ बांध देगा। चीन ने भी ऐसा करने की कोई इच्छा नहीं दिखाई और इसके बजाय संयुक्त राज्य अमेरिका को उसी तरह से जवाबी कार्रवाई की। एक तरफ, जहां अमेरिकी खुद बड़े पैमाने पर ट्रम्प की नीतियों के साथ अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे, यहां तक कि प्रतिद्वंद्वी चीन जैसे देशों ने भी ट्रम्प को बताया कि वह अपने फैसले के साथ क्या सुनना चाहते थे। इस संदर्भ में, एक अन्य व्यक्ति जो इस संदर्भ में उल्लेखनीय है, सिंगापुर के प्रधान मंत्री लॉरेंस वोंग हैं, जिन्होंने टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करने का मार्ग अपनाया और नागरिकों से देश के सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। वास्तव में, सिंगापुर और अमेरिका इतने बड़े व्यापार नहीं हैं कि दुनिया को नोटिस किया जा सके। वोंग खुद इस बात से अवगत हैं और अपने देश की ताकत के बारे में किसी भ्रम में नहीं हैं। व्यापार युद्ध के जोखिम की संभावना है, और चूंकि हम वैश्विक व्यापार श्रृंखला का भी हिस्सा हैं, वोंग ने स्वेकी को आसन्न खतरे की चेतावनी दी है, इसलिए स्पष्ट रूप से कि आप भी इससे प्रभावित होंगे। सिंगापुर वास्तव में लोकतंत्र नहीं है। फिर भी यह तथ्य कि उस देश के प्रमुख को नागरिकों को विश्वास में लेने की आवश्यकता महसूस होती है, को सिस्टम की अखंडता के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। वे यहीं नहीं रुकते। वोंग ट्रम्प के कार्यों की आलोचना करने से कतराते नहीं हैं क्योंकि एक आक्रामक, संकीर्ण–बाजार रवैये का संकेत, और इसलिए खतरन ाक डब्ल्यूटीओ द्वारा बनाई गई प्रणाली 100 प्रतिशत निर्दोष नहीं हो सकती है। लेकिन वही देश जिसने इसे बनाने की पहल की, वह सिस्टम को तोड़ने की कोशिश कर रहा है, ष्वोंग ने कहा, यह सुझाव देते हुए कि दुनिया अब मंदी की ओर बढ़ रही है। यह निश्चित रूप से सराहनीय है कि इतने छोटे देश के प्रमुख को इतना स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

अशोक भाटिया, मुंबई

# रात का भोजन स्किप कर के फिट रहने की पद्धति कितनी उपयोगी?

एक जगजाहिर कहावत है– सुबह का नाश्ता राजाओं जैसा, दोपहर का भोजन मध्यमवर्ग जैसा और रात का भोजन गरीबों जैसा। अंग्रेजी में इस तरह कहा जाता है– इट ब्रेकफर्स्ट लाइक ए किंग, लंच लाइक ए प्रिंस, डिनर लाइक ए पुअर। सुबह के भोजन में राजा की थाली में हो इस तरह के 56 भोग खाइए। दोपहर में मध्यमवर्ग जिस तरह खाता है, उस तरह पौष्टिक–स्वादिष्ट, परंतु सादा खाएं। रात को गरीबों के खाने में जैसा होता है, इस तरह का पौष्टिक, परंतु उबला या कम तेल–मसाला वाला खाएं।

यह कहावत बड़े–बूजुर्गों ने बहुत सोच–समझकर बनाई थी। इसमें विज्ञान के सूत्र की झलक है। आज डाइटीशियन इसी बात को कुछ अलग तरह से कहते हैं। सुबह तरह–तरह के व्यंजन भरपेट खाएं। इसमें सूखा मेवा हो या तलाभुना हो, रोटी हो या पराठा हो। आज गांवों में किसान या मजदूर सुबह काम पर जाते हैं तो भरपेट रोटी या पराठा सब्जी खा कर जाते हैं। ऊपर से एक लोटा छाछ (मट्ठा) भी पीते हैं। नाश्ता का शसिस्टमश तो शहर का है। गांवों में उठते ही जैसी मेहनत करनी होती है, उसी हिसाब से भोजन करना पड़ता है।

और दोपहर का भोजन मध्यमवर्ग जैसा– एकदम सात्विक। मध्यम वर्गीय परिवारों में जैसा होता है। अधिक तेल से लथपथ भी नहीं और पूरी तरह से उबला भी नहीं–सप्रमाण भोजन। जिसमें ठीक से तेल से छौंकी दाल, थोड़ा चावल और हरी सब्जी या खड़े अनाज यानी चना, मूंग, राजमा आदि की सब्जी हो। खाने के बाद पेट को ठंडक देने के लिए ठंडी छाछ हो।

रात का भोजन गरीबों जैसा यानी एकदम सादा और कम भोजन। गरोबों के पास रोजाना रात को तरह–तरह के व्यंजन खाने के पैसे नहीं होते और मजदूर वर्ग के पास तो इतना समय भी नहीं होता। खिचड़ी, चावल, रोटी और सब्जी आदि इस तरह का कुछ सादा भोजन खा कर गरीब मजदूर सो जाता है।

इस कहावत से सहमत होते हुए आधुनिक विज्ञान भी कहता है कि रात को जितना संभव हो, उतना कम खाएं। दिन भर काम करने के बाद रात को खाने के बाद कुछ काम नहीं करना होता। देर से खाने के बाद सो जाना होता है, जिससे खुराक पचती नहीं और शरीर में बिना मतलब चर्बी जमती है।

अब इस बात को लोग नए तरीके से स्वीकार कर रहे हैं। रात को कम या हलका खाने के बजाय हजारों लोग धीरे–धीरे रात का भोजन ही स्किप कर रहे हैं। तो क्या इस तरह की डायट से फिटनेस बचाई जा सकती है? इस बारे में विज्ञान क्या कहता है?

साल 1975 से दुनिया में ओबेसिटी यानी स्थूलता की मात्रा तीन गुना हुई है। 1990 के बाद तो स्थूलता ने पूरी दुनिया में हाहाकार मचा दिया है। इस समय हर आठ में से एक व्यक्ति ओवरवेट है। दुनिया की 800 करोड़ की जनसंख्या में 100 करोड़ से अधिक लोग गंभीर ओबेसिटी के साथ जी रहे हैं। इसमें 12 करोड़ बच्चे भी शामिल हैं। यही नहीं, 120 करोड़ लोग ओबेसिटी के करीब हैं अथवा बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की अपेक्षा अधिक वजन वाले है।

भारत में भी ओबेसिटी बढ़ रही है। अभी कुछ दिनों पहले नरेन्द्र मोदी ने ओबेसिटी के खिलाफ कैंपेन शुरू किया है और लोगों को तेल रहित चर्बीयुक्त पदार्थ भोजन में कम करने की सलाह दी थी। 1990 में मात्र 12 प्रतिशत महिलाएं और 8 प्रतिशत पुरुषों में ही स्थूलता की मात्रा देखने को मिलती थी। 2025 में देश के 10 करोड़ लोग ओवरवेट की समस्या से परेशान हैं।

अनियंत्रित लाइफ स्टाइल, बदल रही फूड हैबिट्स, घट रही शारीरिक एक्टिविटी आदि के कारण मोटापा बढ़ रहा है। चिंताजनक बात यह है कि देश के युवाओं में मोटापा यानी ओवरवेट की समस्या तेजी से बढ़ रही है। परिणामस्वरूप यह दहशत व्यक्त की जा रही है कि आगामी एक दशक में देश के 40 करोड़ लोग ओवरवेट होंगे।

एक ओर ऐसी चिंताजनक परिस्थिति, दूसरी ओर सैकड़ो लोग हेल्थ कॉंशयस हो कर जिम जा रहे हैं, स्ट्रिक्ट डायट प्लान फॉलो कर के वजन को नियंत्रण में रखने की कोशिश कर रहे हैं। फिट रहने की इस ओवरनेस के कारण हजारो–लाखो लोग रात का भोजन स्किप कर रहे हैं। तमाम लोग वजन घटाने के लिए रात में भोजन न करने की तरकीब आजमा रहे हैं। तब मेडिकल के मीटर में इस पद्धति को नापना जरूरी है।

हार्वर्ड मेडिकल कालेज की रिसर्च के अनुसार देर रात खाने से ओबेसिटी का खतरा है। सूर्य डूबने के बाद पेट को भारी लगने वाले वजनदार खुराक से दूर रहना चाहिए। परंतु दो भोजन के बीच दस घंटे से अधिक का अंतर नहीं रखना चाहिए। इससे लंबे समय तक ऐसा करने से डायबिटीज का खतरा रहता है। अगर दोपहर बाद भोजन करने से सुबह नाश्ता किया जाता है तो इस बीच 12 से 15 घंटे का लंबा विराम पड़ने से वजन तो कम होता है, परंतु शरीर में अन्य समस्या के खतरे को नकारा नहीं जा सकता।

जॉन होपकिंस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता कहते हैं कि डिनर हमेशा स्किप करना अच्छा नहीं है। इससे मेटाबोलिज्म पर असर होता है। स्ट्रेस का भी खतरा रहता है। रात का भोजन स्किप कर देने से थोड़े समय के लिए वजन कम हो जाता है, परंतु फिर से रूटीन भोजन शुरू करने से वजन तेजी से बढ़ जाता है। वाशिंग्टन यूनिवर्सिटी के मेडिकल डिपार्टमेंट के शोधकर्ता मानते हैं कि रात का भोजन स्किप कर देने से डेली केलरी घट जाती है। इससे शरीर फिट रहता है, परंतु एनर्जी की कमी महसूस होती रहती है।

इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च ने कुछ समय पहले कहा था कि भारतीयों को लगभग जितनी खुराक खानी चाहिए, उससे अधिक खुराक खाने से स्थूलता का खतरा बढ़ा है। बेंगलुरु के डा.कार्तिक सेल्वी की मानें तो रात का भोजन बंद कर देने से शरीर का सिस्टम स्लो हो जाता है। इससे स्ट्रेस बढ़ता है और भूख अधिक लगती है। मेटाबोलिज्म पर असर होने से तमाम मामलों में चर्बी बढ़ जाती है। तासीर के अनुसार वजन घटाने में यह पद्धति उपयोगी है, परंतु हमेशा के लिए भोजन बंद करने के बजाय डायट में बदलाव करना चाहिए। दिल्ली की डा. राबिया कहती हैं कि थोड़े समय के लिए वजन घटाने में डिनर स्किप करने से फायदा निश्चित होता है, परंतु यह टिकाऊ तरीका नहीं है।

संक्षेप में देश या विदेश के एक्सपर्ट डिनर स्किप करने की सीधी सलाह नहीं देते। इन सभी के ओपिनियन का निचोड़ यह है कि सभी के शरीर के लिए यह एक जैसी उपयोगी नहीं है। डिनर बंद कर देना परमानेंट उपाय नहीं है।

- तो फिर उपाय क्या है?

हार्वर्ड मेडिकल कालेज के शोधकर्ता हलकी खुराक की सलाह देते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट डिनर स्किप करने की बात से सहमत नहीं हैं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला है कि देर रात तला, तीखा या भारी भोजन को टालना चाहिए। इसके बदले सेलर्ड या दूध लाभदायक है। जॉन होपकिंस की रिसर्च में कहा गया है कि देर शाम को चलने की आदत हो तो राइस या एकाध ब्रेड खाने से अधिक वजन नहीं बढ़ता।

संक्षेप में, रात का भोजन पूरी तरह बंद कर देने से कुछ समय के लिए तो फायदा होता है, परंतु शरीर के सिस्टम के लिए टिकाऊ रास्ता नहीं है। रास्ता तो यही है कि, इट ब्रेकफर्स्ट लाइक ए किंग, लंच लाइक ए प्रिंस, डिनर लाइक ए पुअर।

- इंटरमीडिएट डायट पर बढ़ता भरोसा

रात का भोजन स्किप करने जैसा ही एक डायट प्लान है– इंटरमीडिएट। दोनों में फर्क यह है कि रात का भोजन स्किप करने वाले लोग सुबह नाश्ता करते हैं। रात को खाना नहीं खाते, परंतु उसके बजाय चाय–कॉफी या दूध पी सकते हैं। जबकि इंटरमीडिएट डायट में दो भोजन के बीच 16 घंटे का लंबा ब्रेक पड़ता है। इस प्रकार के प्लान में आठ घंटे तक कुछ भी खाया जा सकता है। बीच के 16 घंटे पानी के सिवाय कुछ भी नहीं पीना होता। इसमें तो चाय–कॉफी भी पीना मना है। इंटरमीडिएट फास्टिंग का कांसेप्ट तमाम धर्मों के लोगों की खाने और उपवास की पद्धति पर बनाई गई है। अमुक धर्मों में निश्चित समय के दौरान अमुक घंटे का उपवास रखते हैं और एक बार खाते हैं। 1915 से इस पर प्रयोग शुरू हुआ था। अमेरिकी साइंटिस्ट बेंजामिन ब्लूम ने 1960 में एक रिसर्च पेपर में इस प्रकार के डायट की जानकारी दी थी। 14 दिनों तक इस तरह भूखे रहने से शरीर में असाधारण बदलाव होता है और इसका असर वतएर्न पर पड़ता है। इस तरह का प्रयोग कर के बेंजामिन चर्चा में आ गए थे। 2019 के एक अध्ययन में बताया गया है कि इंटरमीडिएट फास्टिंग से ओबेसिटी घटाई जा सकती है, परंतु हर किसी के शरीर में इसका अलग–अलग असर होने से विशेषज्ञ की मानीटरिंग के बगैर ऐसा करना उचित नहीं है। तमाम एक्सपर्ट एक दिन के अंतर पर इस डायट को फॉलो कर के वजन घटाने की बात कहते हैं। अमुक इंटरमीडिएट डायट में 8 के बजाय 10 या 12 घंटे की फास्टिंग विंडो भी होती है तो अमुक में 6 घंटे की फास्टिंग विंडो रखी जाती है। इस बीच जो खाया जा सकता है, उसके अलावा केवल पानी पी कर बिताना होता है। देश में तमाम लोग इंटरमीडिएट डायट प्लान पर भरोसा कर रहे हैं।

वीरेंद्र बहादुर सिंह, नोएडा

# विश्व स्वास्थ्य दिवस

ध्रुव–2

मानकर सकारात्मकता से जीवन को हम चलाएं तभी जीवन खुद खूबसूरत बन जाएगा द्य हमें अब यह समझना होगा की सच में स्वास्थ्य धन है। HEALTH IS WEALTH Its realated to mind body soul spirit emotion feeling thoughts and yes our progaming of our lifestyle इसलिए गपसप व थोड़ी मौज मस्ती आदि – आदि सेहत के लिए खूब अच्छे रहे ।हम मन को बच्चे बनकर कुछ देर के लिए तनिक हल्का कर ले ।उत्तम स्वास्थ्य–शांतिपूर्ण –शुद्ध हवा आदि से जीवन सुगम्य रहता हैं। स्वास्थ्य की स्वस्थता सर्वोपरि है अतरू सेहत के नियमों का पालन सबसे पहले जरूरी है। हम पशु–पक्षियों की दिनचर्या–खाद्य चर्या को देखकर सीख सकते हैं कि उनके रोग यदा कदा जीवन में कभी भी नहीं आता हैं । वे सभी समय निशा चर नहीं होते हैं । सूर्यास्त के उपरांत वे कभी भी नहीं खाते हैं इसलिए सदैव रोगमुक्त रहते हैं । यही स्वस्थ जीवन का सूत्र उत्तम है जिससे रोगों को फिर आमंत्रण नहीं होता है क्योंकि सूर्य में वो शक्ति है जो हमारी पाचन शक्ति को तंदुरुस्त रखती है व कई रोगों से हमें मुक्त करती है । हम भले मनुष्य और बुद्धिजीवी हैं पर नियम पालना में संयमी कभी भी कतई नहीं हैं । हम मानव ने बुद्धिमान होकर भी अपनी सेहत की अवहेलना कर सदा अपनी लापरवाही दिखाई है जबकि अन्य प्राणी इस मामले में कभी भी ढिलाई नहीं करते हैं। वे सही से अमोल स्वास्थ्य का मोल समझते हैं ।हमको आवश्यकता है इस और ध्यान देने की यही हमारे लिए काम्य हैं।

प्रदीप छाजेड़, बोरावड़

अयोध्या टाइम्स के लिए
मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य
द्वारा अयोध्या टाइम्स प्रकाशन, नौरैया खेड़ा गांव कानपुर नगर मो0: 8887196791 (E-mail: mourya9918523251@gmail. com) से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

राम कृपाल सिंह
प्रधान संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
मो. : 9956096265
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
DAVP CODE 133691
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरा, विकास खण्ड अतरौलिया, आजमगढ़

पत्रांक– मेमो / निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक : 08.04.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा / चतुर्थ राज्य वित्त आयोग / पंद्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत, सांसद एवं विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 एवं अन्य ग्राम पंचायत मद से कराये जानेवाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 14.04.2025 को कार्यालय दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं जो 15.04.2025 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्णय समिति के सदस्यों के सामने 04.00 बजे अपरान्ह खोली जायेगी। उपरोक्त तिथियों में पंचायत कार्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी / रोजगार सेवक फार्म जमा करने के लिए उपलब्ध होंगे। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | ईट प्रथम श्रेणी ईट (खड़ंजा भवन हेतु), द्वितीय श्रेणी एवं एसओबी | प्रति हजार | |
| 02. | सीमेंट, पोर्ट लैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 03. | ईट की गिट्टी 20, 40एम.एम. व पत्थर गिट्टी 22.4 एम.एम. से 53 एम.एम. तक | प्रति घन मीटर | |
| 04. | सफेद बालू (फाइन सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 05. | लाल बालू (कोसर सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 06. | डाला गिट्टी 20, 40एमएम. (स्नोट ब्लास्ट) साइजानुसार | प्रति घन मीटर | |
| 07. | सरिया, तार, एस्बेस्टर सीट, पैनसीट, दरवाजा, प्लास्टिक सीट | प्रति नग | |
| 08. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 09. | हैड पम्प सामग्री (मरम्मत एवं रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 10. | ह्यूम पाइप (150, 200, 300, 350, 600, 900 एम.एम.) | प्रति रनिंग मीटर | |
| 11. | साइन बोर्ड, पीबीसी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सिमेंटड ईट, पत्थर की पटिया (साइजानुसार) | प्रति हजार | |
| 13. | स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 14. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 15. | इण्टरलाकिंग ईट | प्रति नग | |
| 16. | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टैम्पर | प्रति किलो ग्राम | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें–

1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. – सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। 3. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 5. आपूर्तिकर्ता का वाणिज्य कर एवं आय कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. के दर से अधिक न हो। 7. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु. 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। 8. सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को 04 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण में निहित होगा।

राम विनय सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत लोहरा
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

शिखा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लोहरा
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

## सड़क निर्माण में अनियमितता पर विधायक नफीस अहमद ने किया निरीक्षण, ठेकेदार को दी चेतावनी

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा, आजमगढ़। गोपाल पुर विधानसभा क्षेत्र के महाराजगंज–कप्तानगंज मार्ग के निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। स्थानीय पत्रकारों ने जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन–प्रशासन तक आवाज पहुंचाई, जिसका असर साफ नजर आया। मंगलवार की दोपहर को गोपालपुर के विधायक नफीस अहमद ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



किया। उन्होंने निर्माण में अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद ठेकेदार और एक्सीयन से बातचीत की। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक नफीस अहमद ने कहा, ष्कई दिनों से जनता और समाचार पत्रों के माध्यम से शिकायत मिल रही थी कि महाराजगंज–कप्तानगंज मार्ग सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा है। हमने इसका संज्ञान लेते हुए आज खुद निरीक्षण किया है। अगर किसी भी नागरिक को हमारे क्षेत्र में कोई समस्या हुई तो यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने हमें जो आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर दिया है, हम उस पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण कार्य अब गुणवत्ता के साथ पूर्ण होगा।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जनसुनवाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर ।जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 78 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु



जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल / जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## तेज धमाके के साथ मोबाइल फटा बाल बाल बचा मैकेनिक



ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। मोबाइल स्तेमाल करने वाले लोग सावधान रहें। फिर वह चाहे जिस कंपनी का हो। उसकी ओवर चार्जिंग और किसी अन्य चार्जर से चार्ज करना महंगा पड़ सकता है। जो लोग मोबाइल को सामने वाली शर्ट की जेब में रखकर चलते हैं उनके लिए यह चेतावनी अहमियत रखती है। देर शाम 7 बजे के बाद ग्राम राजपुर निवासी मोटर मैकेनिक अनमोल पुत्र सुनील मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर बोलोरो गाड़ी ठीक कर रहा था। उसी समय अचानक मोबाइल की बैटरी फटने के साथ तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार वहां इकट्ठा हो गए। यह तो गनीमत रही कि उस समय मोबाइल मैकेनिक के हाथ में नहीं था। अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। अचानक बैटरी फटने से लोग सकते में आ गए और जो लोग हाथों और जेब में मोबाइल लिए हुए थे उन्होंने तुरंत उसे अलग कर लिया। मोबाइल फटने की यह घटना नई नहीं है। आए दिन खबरों में इसकी जानकारियां मिलती रहती हैं। परंतु अब मोबाइल इस्तेमाल करना लगभग अनिवार्य सा होता जा रहा है। इसलिए लोग इससे दूरी भी नहीं बना पाते। लेकिन मोबाइल फटने की इन घटनाओं की चेतावनी को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रत्येक मोबाइल यूजर को हमेशा सावधान रहने की जरूरत है।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत परसाचौबे विकास खण्ड मेंहदावल, संतकबीरनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत परसाचौबे द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पंद्रहवा वित्त चतुर्थी वित्त पंचम वित्त केंद्रीय वित्त / राज्य वित्त / सांसद विधायक / एमएलसी एवं अन्य शासकीय योजना अंतर्गत वर्ष 2025–2026 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिंग, प्रथम श्रेणी ईट सीमेंट सादा बालू मोरंग ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी छड़ पेंट बोर्ड ह्यूम पाइप सोलर लाइट टाइल्स, लकड़ी से संबंधित कार्य, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला, सफाई गाडी कुदाल, झाड़ू ब्लीचिंग पाउडर, चूना कूड़ादान, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का, टू हँड पंप रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 16 / 04 / 2025 को 1:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत परसाचौबे में रखे गए निविदा बॉक्स में डाला जायेगा निविदा उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे निविदाओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्तें–**

1– अधिकृत फर्म / डीलर का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेंस संलग्न करना अनिवार्य है।
2–जो दरे प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाएं।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4– प्रस्तुत दरें पी०डब्ल्यू०डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक नहीं होगा ।
पीडब्ल्यूडी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान किया जायेगा ।
5– ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान अवर अभियंता के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
6– धरोहर की धनराशि मू० 5000.00 (पांच हजार) है।
7–धरोहर की धारा सी राष्ट्रीयकृत बैंकों के एडीआर / एनएससी एवं डाकघर की बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत परसाचौबे के नाम बंधक हो की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8–निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
9– आदेश देने के बाद सात दिनों के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जायेगी।
10–सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
11–सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
12–आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्राम अभि०वि०) / तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जायेगा। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र पर ही स्वीकार किया जाएगा।
14–निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15–निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा ।
16–निविदा के संबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत परसाचौबे से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17– एस एल डब्ल्यू एम से संबंधित समस्त कार्य।

**ओमप्रकाश चतुर्वेदी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत परसाचौबे
विकासखंड मेंहदावल
जिला संत कबीर नगर

**संजय कुमार**
सचिव
ग्राम पंचायत परसाचौबे
विकासखंड मेंहदावल
जिला संत कबीर नगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत भरसानी, विकास खण्ड अतरौलिया, आजमगढ़

पत्रांक– मेमो / निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक : 08.04.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा / चतुर्थ राज्य वित्त आयोग / पंद्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत, सांसद एवं विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 एवं अन्य ग्राम पंचायत मद से कराये जानेवाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 14.04.2025 को कार्यालय दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं जो 15.04.2025 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्णय समिति के सदस्यों के सामने 04.00 बजे अपरान्ह खोली जायेगी। उपरोक्त तिथियों में पंचायत कार्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी / रोजगार सेवक फार्म जमा करने के लिए उपलब्ध होंगे। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | ईट प्रथम श्रेणी ईट (खड़ंजा भवन हेतु), द्वितीय श्रेणी एवं एसओबी | प्रति हजार | |
| 02. | सीमेंट, पोर्ट लैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 03. | ईट की गिट्टी 20, 40एम.एम. व पत्थर गिट्टी 22.4 एम.एम. से 53 एम.एम. तक | प्रति घन मीटर | |
| 04. | सफेद बालू (फाइन सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 05. | लाल बालू (कोसर सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 06. | डाला गिट्टी 20, 40एमएम. (स्नोट ब्लास्ट) साइजानुसार | प्रति घन मीटर | |
| 07. | सरिया, तार, एस्बेस्टर सीट, पैनसीट, दरवाजा, प्लास्टिक सीट | प्रति नग | |
| 08. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 09. | हैड पम्प सामग्री (मरम्मत एवं रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 10. | ह्यूम पाइप (150, 200, 300, 350, 600, 900 एम.एम.) | प्रति रनिंग मीटर | |
| 11. | साइन बोर्ड, पीबीसी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सिमेंटड ईट, पत्थर की पटिया (साइजानुसार) | प्रति हजार | |
| 13. | स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 14. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 15. | इण्टरलाकिंग ईट | प्रति नग | |
| 16. | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टैम्पर | प्रति किलो ग्राम | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें–

1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. – सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। 3. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 5. आपूर्तिकर्ता का वाणिज्य कर एवं आय कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. के दर से अधिक न हो। 7. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु. 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। 8. सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को 04 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण में निहित होगा।

राम विनय सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत भरसानी
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

नीरज यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भरसानी
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)। 8 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस बैठक धजिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की मासिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला पंजीयन प्राधिकरण समिति , एनएचएम के अन्तर्गत जिला ऑडिट, पीसीपीएनडीटी , संचारी रोग नियंत्रण , टीकाकरण , जिला अन्धता निवारण एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करे। डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पंखे, पेयजल आदि के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किए जाए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं ब्लाक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। इंस्टीट्यूशनल डिलिवरी/डिलिवरी




को हॉस्पिटल में कराने हेतु परिवारजनों को प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने फर्जी डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मानक के अनुसार अस्पतालों के संचालन के निर्देश दिए। एमओआईसी को निर्देशित किया गया कि कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करे, कन्या के जन्म होते ही उनका रजिस्ट्रेशन कराएं। पीसीपीएनडी समिति को नियमित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच करने के निर्देश दिए। जिले के समस्त पी.एच.सी एवं उप केन्द्र स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स को क्रियाशील कर अधिक से अधिक लोगों को ई–संजीवनी ओपीडी से आच्छादित किया जाए। आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाएं और सभी केंद्रों की निरंतर प्रगति का निरीक्षण करे। आयुष्मान कार्ड बनाने में आंगनबाड़ी केंद्रों, राशन की दुकानों के कोटेदारों, आशा, एएनएम आदि की मदद लेते हुए अधिकाधिक कार्ड बनवाए। संचारी रोग नियंत्रण हेतु जिला पंचायत राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तम स्वच्छता हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम को शहरीय क्षेत्र में फॉगिंग, टेम्फोस छिड़काव, नियमित साफ सफाई आदि के निर्देश दिए गए। विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए। नगर निगम, नगर निकाय व पंचायती राज विभाग नालियों व बड़े नालों की सफाई कराए। जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुसार चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, दवाओं, उपकरण इत्यादि का समुचित प्रबंधन रखे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर के आस–पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने लगे। सभी हस्पतालों में चिकित्सक ससमय पहुंचे, मरीजों से विन्रम रहे तथा उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए और कार्य धरातल पर दिखना चाहिए। सभी एमओआईसी जन प्रतिनिधियों जैसे प्रधान, चेयरमैन, सभासद सदस्य, पार्षदों आदि से वार्ता करें। स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दें और कार्य योजनाओं तथा अभियानों को साझा करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय वर्मा, सी.एम.एस जिला चिकित्सालय, सी.एम.एस महिला चिकित्सालय, सी.एम.एस संयुक्त चिकित्सालय, एसीएमओ डॉ भूदेव सिंह, जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ अनुज कुमार, डीएमओ आर के सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा तथा स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मथुरा वृंदावन के सर्वांगीण विकास के लिए निगम द्वारा भेजे गए विशेष प्रस्ताव की मांगी जानकारी

– योगी जी से स्वीकृत कराने का सांसद हेमा मालिनी ने किया वायदा





मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स मदन सारस्वत)। मथुरा वृंदावन महानगर के संबंध में विकास के लिए सदैव तत्पर रहने वाली सांसद हेमा मालिनी ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा है कि शासन स्तर पर कोई भी विशेष प्रस्ताव भेजा जाए तो वह उनके माध्यम से प्रेषित किया जाए तथा वर्तमान समय में कोई भी प्रस्ताव शासन में लंबित हो तो उनको बताएं ताकि वह सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद कर प्रस्ताव को स्वीकृति दिला सके। सांसद हेमा मालिनी सोमवार को नगर निगम के भूतेश्वर क्षेत्र स्थित नव निर्मित मुख्य कार्यालय पहुंची। वहां उनका नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बुके देकर स्वागत किया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने सांसद को समूचे कार्यालय का भ्रमण कराया और उन्हें जानकारी दी। निगम कार्यालय की भव्यता देख सांसद ने प्रसन्नता व्यक्त हुए कहा कि साफ सफाई और मेंटेनेंस पर निरंतर फोकस रखा जाए ताकि कार्यालय की सुंदरता स्थाई बनी रहे। सांसद हेमा मालिनी द्वारा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के भूतेश्वर स्थित नवीन भवन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा उनको नवीन भवन कार्यालय के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

नगर आयुक्त ने नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा किये गये कार्य एवं भविष्य में कराये जाने वाले कार्यों को पी0पी0टी0 के माध्यम बताया गया। इस दौरान सांसद से मथुरा में ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के क्षेत्र में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की गयी।

मथुरा को राष्ट्रीय श्रेष्ठ प्रथाओं के अनुरूप लाने तथा स्वच्छता और सेवा वितरण को सुदृढ करने हेतु भविष्य की कार्ययोजना पर भी विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। वार्ता के दौरान सांसद द्वारा नगर निगम के कार्यों की सराहना की और शहर के विकास के लिये समर्थन देने का आश्वासन दिया गया।

## संक्षिप्त खबर

### चौमुहां ब्लॉक पर पोषण पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली निकाली

चौमुहां। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)। चौमुहां में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। चौमुहां ब्लॉक पर बीडीओ अभिमन्यु सेठ ने रैली का शुभारंभ किया। बीडीओ अभिमन्यु सेठ ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलेगा। जिसके तहत बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को बताया जाएगा। कहा कि कैसे बच्चों को स्वास्थ्य को कुपोषण मुक्त रखना है। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा ने बताया कि पोषण पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के माता–पिता



को जागरूक किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि उन्हें किस तरह से आपने बच्चों को कुपोषण से बचाना है। बच्चों को हेल्दी डाइट के माध्यम से स्वस्थ रखना है। 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से जल प्रबंधन, साइकिल रैली, प्रभात फेरी, संचारी रोगों से संबंधित शरीर में होने वाले रोगों की जानकारी, अन्नप्राशन के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई जैसे कार्यक्रम आयोजित कराए गए । इस अवसर पर संतोष राजपूत, पिंकी, विमलेश सैनी, जयंती, जज्ञा सैनी, मिथलेश, विजेयता, विजय लक्ष्मी,राधा आदि उपस्थित रहीं।

### विप्र संसद के निमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर आशुतोष शर्मा) वृन्दावन। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित होने वाली विप्र संसद के निमंत्रण पत्र का विमोचन मंगलवार को भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद पांच पांच सदस्यीय प्रतिनिधियों की टीम बनाकर संपूर्ण ब्रजमंडल में कार्ड वितरण के लिए रवाना किए गए। आगामी तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाकर देहात एवं शहरी क्षेत्र में विप्र बांधुऔ को निमंत्रण देते हुए विप्र संसद में आने का आव्हान करेंगें। ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि संपूर्ण ब्रजमंडल के ब्राह्मण संगठन एवं ब्राह्मणों के प्रत्येक वर्ग को हम आमंत्रित कर रहे हैं। विप्र एकता आज समय की मांग है। विप्र संसद के माध्यम से




समाज को एकजुट करने का कार्य होगा। ब्रज प्रदेश महामंत्री राजेश पाठक व जिला महामंत्री आशीष गौतम चिंटू ने कहा कि विप्र संसद का आयोजन प्रथम बार श्रीधाम वृंदावन में हो रहा है।

यह अनूठा आयोजन है, क्योंकि पहली बार एक से अधिक विभिन्न वर्गों के ब्राह्मण बंधु मंच पर संयुक्त अध्यक्षता करेंगे। धर्मेंद्र गौतम लीला ने बताया कि विप्र संसद में भारत के अनेकों संत, केंद्र व राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक आदि मौजूद रहेगें। इस अवसर पर सत्यभान शर्मा, रामेश्वर दयाल शर्मा, अमित गौतम पिंटू, रविकांत सिद्ध, विनीत शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम आदि उपस्थित थे।

# चंबल पेंटून पुल से भारी संख्या में गुजर रहे भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे की आशंका

पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के चंबल नदी घाट पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दो राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को जोड़ने और लोगों की सुविधा हेतु नदी पर पेंटून पुल का निर्माण किया जाता है। पुल से दुपहिया और चार पहिया वाहनों के गुजर सकने की अनुमति है। मगर मध्य प्रदेश सीमा से उत्तर प्रदेश की इन दिनों भारी संख्या में पुल से होकर भूसे से भरे भारी वाहन ट्रैक्टर ट्रॉलियां गुजर रहे हैं। भूसा भरकर भारी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली निकलने के कारण पेंटून पुल की स्थिति जर्जर होती चली जा रही है। जिसके चलते घंटो जाम लगा रहता है और हादसे की आसंका बनी हुई है।



इन भूसे से भारे भारी वाहन ट्रैक्टर ट्रालियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने के चलते हौसले बुलंद हैं। ऐसे में अगर हादसा होता है तो आखिर किसकी जिम्मेदारी होगी दोनों प्रदेशों के गांव के लोगों द्वारा प्रशासन से भारी वाहनों पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की गई है।

# यज्ञशाला मंदिर पर कथा का समापन, कराया भंडारा

टूंडला। (दैनिक अयोध्या टाइम्स कमर अहमद)। न्यू रेलवे कॉलोनी मंदिर यज्ञशाला मंदिर के पीछे गांधी मैदान में चल रही श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा वाचक अवधेश शास्त्री ने कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ–साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। इस अवसर पर युनिस, शान मुहम्मद, खलील अहमद, ओमवीर सिंह, सबीना बेगम, संजीव यादव, आशिक, अनीता यादव, तेजपाल यादव, अंकित श्रोतिया, घनश्याम दास अजवानी, अमन अहमद, गोलू, शौकत अली, बबलू बघेल आदि उपस्थित रहे।



# आध्यात्मिक की आड़ में भूमाफिया का बड़ा खेल, यमुना के खादर में शोभरी वन के समीप कई एकड़ में काट डाली अवैध कॉलोनी ,कमिश्नर हुए सख्त, MVDA को FIR के दिए आदेश

वृंदावन। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर) योगी सरकार लगातार भूमाफियाओं पर सख्त कार्यवाही कर रही है ,लेकिन अब भूमाफियाओं ने वृन्दावन में आध्यात्मिक (गोशाला ओर संत आश्रय सदन) की आड़ में अवैध कालोनी काटने का खेल शुरू कर दिया है, पूरा मामला वृंदावन के शोभरी बन के समीप यमुना खादर का है ,यहां गरबेली शरण नाम का संत भेष में भू माफिया बृजवासी ,स्थानीय और श्रद्धालुओं को गुमराह कर यहां पर धड़ल्ले से प्लाटिंग कर रहा है। यह इलाका मांट तहसील में आता है ,और खादर की जमीन की रजिस्ट्री प्लाटिंग में धड़ले से की जा रही है, लेकिन मांट तहसील में शिकायत होने के बाद भी एसडीएम अभिनव जैन पूरे मामले पर कार्यवाही करने से बच रहे हैं। भू माफिया गरबेली शरण ने यमुना के खादर में अवैध रूप से सीवर लाइन डलवा दी, सड़क बनवा दी और उसे कॉलोनी को इलेक्ट्रीफाइड भी कर दिया अस्पताल के नाम पर 40 किलोवाट का विद्युत कनेक्शन भी ले लिया , उसी से कॉलोनी वासियों को विद्युत सप्लाई भी दे रहा है, जबकि वहां पर कोई अस्पताल भी नहीं है। भूमिया गरबेली सड़क धड़ले से अपने काले कारनामों को अंजाम दे रहा है। भू माफिया गरबेली शरण के वीडियो आए दिन वृंदावन के विख्यात संत प्रेमानंद जी के साथ दिखाई देते हैं ,सुबह की पदयात्रा में गरबेली शरण संत प्रेमानंद महाराज के साथ दिखाई देता है ,जिसे कहीं ना कहीं गरबेली शरण जैसे भूमाफिया संत महाराज



की छवि को भी धूमिल कर रहे है।

MVDA ने भी इस प्रकरण में नोटिस देकर अपना पल्ला झाड़ लिया, जब पूरे मामले पर कमिश्नर शैलेंद्र सिंह से बात की तो उन्होंने कहां के मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को ऐसे मामलों पर कार्यवाही करनी चाहिए ,बिना नक्शा पास किए हुए अगर कोई कॉलोनी विकसित कर रहा है तो वह गलत है ,मैं तत्काल इस प्रकरण में डटक। को थ्प्त करने के आदेश देता हूं।

अब देखने वाली बात होगी कि भूमिया गरबेली शरण पर का फिर होगी और क्या सख्त करवाई,( वजन आगरा कमिश्नर)।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शिवम सूर्यवंशी मांट। प्राथमिक विद्यालय जावरा के बच्चों ने मंगलवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। इस दौरान बच्चे अपने हाथों मे रंग बिरंगी झण्डियां तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। वहीं बीच बीच में प्रधानाध्यापिका शैली यादव अभिभावकों से अपील कर रही थीं कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालय में अवश्य लिखवाएं। विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए टंकी एवं बहुटोटियां, स्वच्छ शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास एवं प्रोजेक्टर की व्यवस्था है। यहां के बच्चे सांस्कृतिक कार्य क्रमों में ब्लाक, जनपद एवं मण्डल रैली में प्रथम स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पहुंचते हैं। रैली विद्यालय से होते हुए मैन चौराहा, बैंक कॉलोनी, पथवारी मंदिर मोड होते हुए गांव के अन्दर से आकर स्कूल में संपन्न हो गई। रैली में प्रधानाध्यापिका शैली यादव,सौरभ सारस्वत, डंबर सिंह,रवि बाबू शर्मा आदि ने सहयोग किया। मांट ब्लाक के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जावरा में स्कूल चलो रैली निकाली गई। अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में शामिल बच्चे पापा सुन लो




विनय हमारी पढ़ने की है उम्र हमारी, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ स्कूल में चलकर नाम लिखाओ आदि नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान बच्चों में खास ऊर्जा का संचार देखने को मिला। रैली के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका शैली यादव ने कहा कि शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है। इसीलिए प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने में अभिभावकों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका शैली यादव, सौरभ सारस्वत,डम्बर सिंह, रवि बाबू शर्मा, आगनवाड़ी ममता उर्फ छोटी, लक्ष्मी ,मधु आदि शामिल रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सिकंदरपुर, विकास खण्ड अतरौलिया, आजमगढ़

पत्रांक– मेमो/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक : 08.04.2025

## निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत, सांसद एवं विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 एवं अन्य ग्राम पंचायत मद से कराये जानेवाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 14.04.2025 को कार्यालय दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं जो 15.04.2025 को निविदा हेतु गठित समिति या निर्णय समिति के सदस्यों के सामने 04.00 बजे अपरान्ह खोली जायेगी। उपरोक्त तिथियों में पंचायत कार्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी/रोजगार सेवक फार्म जमा करने के लिए उपलब्ध होंगे। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | ईट प्रथम श्रेणी ईंट (खड़ंजा भवन हेतु), द्वितीय श्रेणी एवं एसओबी | प्रति हजार | |
| 02. | सीमेंट, पोर्ट लैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| 03. | ईंट की गिट्टी 20, 40एम.एम. व पत्थर गिट्टी 22.4 एम.एम. से 53 एम.एम. तक | प्रति घन मीटर | |
| 04. | सफेद बालू (फाइन सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 05. | लाल बालू (कोसर सैन्ड) | प्रति घन मीटर | |
| 06. | डाला गिट्टी 20, 40एमएम. (स्नोट ब्लास्ट) साइजानुसार | प्रति घन मीटर | |
| 07. | सरिया, तार, एस्बेस्टर सीट, पैनसीट, दरवाजा, प्लास्टिक सीट | प्रति नग | |
| 08. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 09. | हैड पम्प सामग्री (मरम्मत एवं रिबोर हेतु) | प्रति नग | |
| 10. | ह्यूम पाइप (150, 200, 300, 350, 600, 900 एम.एम.) | प्रति रनिंग मीटर | |
| 11. | साइन बोर्ड, पीबीसी पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 12. | सिमेंटड ईंट, पत्थर की पटिया (साइजानुसार) | प्रति हजार | |
| 13. | स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 14. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 15. | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति नग | |
| 16. | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टैम्पर | प्रति किलो ग्राम | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें–

1. सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। 2. – सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। 3. आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य स्थल पर की जायेगी। 5. आपूर्तिकर्ता का वाणिज्य कर एवं आय कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. के दर से अधिक न हो। 7. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु. 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। 8. सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को 04 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। 10. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण में निहित होगा।

राम विनय सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत सिकंदरपुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

सुनीता
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिकंदरपुर
विकासखंड अतरौलिया
जनपद आजमगढ

# पूरनपुर ब्लॉक के कृषि सभागार में पी.डी.आई एवं एल.एस.डी.जी .पर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर,पीलीभीत। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत बरेली मंडल बरेली महेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में पूरनपुर ब्लाक के कृषि सभागार में ग्राम प्रधान, एडीओ पंचायत ,ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियों का पंचायत विकास सूचकांक आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवं सुशासन वाली ग्राम पंचायत थीम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर देवेश यादव ब मास्टर ट्रेनर पूरनलाल वर्मा, वीर सक्सेना, रूपेंद्र पटेल, लेखराज राठौर आदि ने किया। प्रशिक्षक पूरनलाल वर्मा ने सतत विकास लक्ष्य में ग्राम पंचायत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ,फिल्म का प्रदर्शन किया, ग्रामीण क्षेत्र में एलएसडीजी की प्रगति के आकलन के लिए पंचायत विकास सूचकांक और संस्थागत तंत्र के उन्मुखीकरण पर चर्चा कर लाभ रणनीति और परिणाम पर समूह में चर्चा की प्रशिक्षण के माध्यम से सतत विकास के स्थानीयकरण पंचायत विकास सूचकांक, ग्राम स्वराज आदि पर समुचित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षक पूरनलाल वर्मा ने विकास योजना और सतत विकास के बारे में बताया कि भारत सरकार द्वारा विषय




गत दृष्टिकोण अपनाते हुए 9 थीम पर कार्य किया जा रहा है, इन थीमों के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत गरीबी मुक्त हो जाएगी, हम दुनिया का कायाकल्प करने की दहलीज पर खड़े हैं अंतर राष्ट्रीय समुदाय ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से 17 सतत विकास के लक्षण के ऐतिहासिक योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक अधिक संपन्न, अधिक समतावादी और अधिक संरक्षित विश्व की रचना करना है। 2030 के लिए वैश्विक एजेंडा का मूल मंत्र सार्वभौमिकता का सिद्धांत है ,कोई पीछे ना छूटे भारत सरकार सतत विकास के लक्ष्यों के प्रति दृढ़ता से समर्पित है भारत के राष्ट्रीय विकास लक्ष्य और समावेशी विकास के लिए सबका साथ सबका विकास नीतिगत पहल, सतत विकास के लक्षण के अनुरूप है।

मास्टर ट्रेनर देवेश यादव ने बताया कि पंचायत विकास सूचकांक (पी.डी.आई) एक समग्र सूचकांक है जो सतत विकास के लक्षण के स्थानीयकरण को प्राप्त करने में पंचायत के प्रदर्शन को मापता है। यह पंचायत की विकास की स्थिति का समग्र और साक्ष्य आधारित मूल्यांकन प्रदान करता है, तथा उनकी शक्ति व कमजोरी को उजागर करने में मदद करता है इसका उद्देश्य पंचायतो एवं हितकारको के मध्य उनके महत्व के विषय में जागरूकता बढ़कर सतत विकास के लक्षण के स्थानीयकरण को बढ़ावा देना है ,साथी सतत विकास के लक्षण को हासिल करने में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए पंचायत को सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हैः ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों से संबंधित 508 इंडिकेटर का वैलिडेशन और ट्रैकिंग किया गया है वहीं 73वें संविधान संशोधन 1993 द्वारा भारत के संविधान में अध्याय 9 जोड़ा गया, इस अध्याय का शीर्षक है पंचायत/ग्राम पंचायत विकास योजना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जिसकी शुरुआत सन 2015 में हुई, ग्राम पंचायत विकास योजना को बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 2015 में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए एवं राज्यों से अपेक्षा व्यक्त की कि वह अपने भौगोलिक आवश्यकता के अनुसार इस दिशा निर्देश में संशोधन कर दिशा निर्देश जारी करें एवं ग्राम पंचायत विकास योजना बनवाएं। ग्राम पंचायत को दी जाने वाली अनुदान की राशि दो प्रकार की होगी , पहली राशि बेसिक अनुदान कहलाएगी, जो ग्राम पंचायत को दी जाने वाली कुल धनराशि का 90: होगी दूसरी राशि परफॉर्मेंस ग्रांट होगी यह राशि ग्राम पंचायत को तभी दी जाएगी जब पंचायते अपना ऑडिट कराएंगी तथा पूरे ग्राम पंचायत को कुल बजट का 10 प्रतिशत स्वयं के स्रोतों से आयोजित करेंगे इस धनराशि का कहां उपयोग नहीं किया जा सकता उसका भी स्पष्ट प्रावधान किया गया है प्रशिक्षण में ट्रेनिंग मैनेजर रूपेंद्र पटेल ,वीर सक्सेना, मास्टर ट्रेनर देवेश यादव, मास्टर ट्रेनर पूरनलाल वर्मा, कृष्ण वर्मा,लेखराज राठौर,ग्राम प्रधान, सचिव आदि उपस्थित रहे।

# ससुराल में आया युवक हुआ अचानक लापता

पिनाहट। थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव बीधापुरा में एक युवक ससुराल में आया था।जहां से संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक युवक लापता हो गया। ससुर द्वारा थाने में गुमशुदगी को प्रार्थना पत्र दिया है। मायाराम निवासी गांव बीधापुरा ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में पुलिस को अवगत कराया कि उसका दामाद कमल सिंह निवासी पिपरिया रसूलाबाद फिरोजाबाद बीते 4 दिन पूर्व उसके यहां आया था।

बीते दो दिन पूर्व उसने उसके खेत में गेहूं की फसल को कटवाया था। उसके बाद अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में दामाद लापता हो गया चारों तरफ खोजबीन की मगर कोई अता–पता नहीं चल सका है। चारों तरफ कुछ दिन की मगर कोई सुराग नहीं लग सका है।

ससुर मायाराम की शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मैनी गुलड़िया विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैनी गुलड़िया की वित्तीय वर्ष 2025–26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत को को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय (टाइड एवं अनटाइड फंड) पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का (नव निर्माण एवं मरम्मत) जन सेवा केंद्र के कच्छों का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, कार्य, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य,ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का (नव निर्माण मरम्मत) एवं कायाकल्प अन्नपूर्णा भवन (नव निर्माण) कार्य लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छों का कायाकल्प नव निर्माण हैंडपंप रिवोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत मैनी गुलड़िया पर दिनांक 15.04.2025 को आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 16.04.2025 को 04:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मैनी गुलड़िया पर खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती पवनदीप कौर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– मैनी गुलड़िया
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

नागेंद्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– मैनी गुलड़िया
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

## संक्षिप्त खबर

### विकासखण्ड मरौरी के ग्राम पंचायत सैदपुर में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की देखरेख में गेहूॅ की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड मरौरी के ग्राम पंचायत सैदपुर में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने सैदपुर के कृषक माखन लाल के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10×10×10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद उन्होंने गेहूं की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 24.800 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने क्षेत्र के सैदपुर गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी अपर सांख्यिकी अधिकारी से ली। साथ में अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा किसान बन्धुओं से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा व किसान पंजीकरण अवश्य कराए जिससे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय कानूनगो तेज बहादुर गंगवार, लेखपाल देवेन्द्र सिंह, अपर जिला कृषि अधिकारी पंकज सिंह, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रमोद सिंह, ग्राम प्रधान शुभम मौर्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इफको टोकियो कंपनी के जिला प्रतिनिधि महेन्द्र भारती, तहसील समन्वयक महेन्द्र वर्मा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए नई पहल, शस्त्र लाइसेंस के लिए अब 10 पौधे लगाये

• शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण व नए लाइसेंस के लिए पौधों की होगी जियो टैगिंग

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स मदन सारस्वत)। पर्यावरण संरक्षण के लिए डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने नई पहल की है। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस के लिए अब दस पौधे लगाने की भी शर्त रख दी है। उनका कहना है कि नया शस्त्र लाइसेंस लेने से लेकर पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण भी दस पौधे लगाने पर ही होगा। पौधे लगाने की पुष्टि के लिए आवेदनकर्ता को पौधों की जियो टैगिंग भी करनी होगी। इसकी फोटोकापी भी आवेदन के साथ लगानी होगी। शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदकों की लंबी कतार है। ऐसे में डीएम ने नई व्यवस्था की है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की अपील के साथ ही कहा है कि शस्त्र लाइसेंस के लिए दस पौधे भी लगाने




होंगे। नया शस्त्र लाइसेंस, नवीनीकरण, नामांतरण में भी यही व्यवस्था रहेगी। शस्त्र लाइसेंस के लिए पूर्व की सभी शर्तों को भी मानना होगा। पौधे या तो आवेदनकर्ता अपनी भूमि पर लगा सकता है या फिर किसी भी सार्वजनिक पार्क में लगा सकता है। डीएम के आदेश अनुसार पौधे लगाने की फोटो और जियो टैगिंग भी आवेदनकर्ता को करनी होगी। जब वह शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन करेगा, तो उसे जियो टैगिंग की फोटोकापी भी लगानी होगी। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि बाकी शर्तों को पूरा करने के बाद पौधों की शर्त पूरी करने पर ही आवेदन पर विचार किया जाएगा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह अहम कदम है। पौधे लगाने के लिए हम सबको जागरूक होना होगा, तभी इसका संरक्षण हो सकता है।

# श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ, मोक्ष की प्राप्ति होती है सुनने से : हरिओम महाराज

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शहर से सटे ग्राम रूपपुर कमालू में संतोषी मंदिर के पास प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। सोमवार को तीसरा दिवस रहा भागवत होते हुए। हरिओम यादव महाराज एटा निवासी है ग्राम पंचायत में कई वर्षों से श्रीमद भागवत कथा सुना रहे है। इस बार रंजीत यादव, सुरजीत यादव ने श्रीमद भागवत का आयोजन रखा। सोमवार को हरिओम महाराज ने हरिशचंद्र सत्यवादी राजा का कथा को मय संगीत से सुनाई मानो सचित्र चल रहा हो कई भक्तों की आंखों से आंसू झलक आए। कथा सुनने प्रदेश के सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक एड दिनेश कुमार पहुंचे हरिओम महाराज ने व्यास गद्दी से ही उनका नाम पुकारकर सम्मानसहित बिठाया और अंगौछा कंधों पर डालकर स्वागत किया।

श्रीमद भागवत कथा टीम में सर्वेंद्र यादव प्रिय शिष्य, ढोलक पर रघुराज सिंह, चिमटा पर नारद यादव व बिट्टू हैं। भक्तगण हरिओम, मुनीश, विनीत,



मनोज, कपिल, बीनू यादव, सावित्री यादव, मधु यादव मौजूद रहे। रंजीत आयोजक ने बताया यह कथा गुरुवार को समापन होगा सभी भक्त गण कथा सुनने आएं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भैरों कलां विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैरो कलां की वित्तीय वर्ष 2025–26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय (टाइड एवं अनटाइड फंड) पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प/ विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प हैंडपंप रिवोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत भैरों कलां पर दिनांक 09.04.2025 को 10:00 से दिनांक 16.04.2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.04.2025 को 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत भैरो कलां पर खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

रामप्रताप
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– भैरों कलां
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

बृजेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– भैरों कलां
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर की वित्तीय वर्ष 2025–26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत को को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय (टाइड एवं अनटाइड फंड) पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प/ विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प हैंडपंप रिवोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर पर दिनांक 09.04.2025 को 10:00 से दिनांक 16.04.2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.04.2025 को 01:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर पर खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

नरेश पाल सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– मुजफ्फरनगर
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

विशाल
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– मुजफ्फरनगर
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता0 घुघचिहाई विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मटैना ता0 घुघचिहाई की वित्तीय वर्ष 2025–26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत को को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय (टाइड एवं अनटाइड फंड) पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का (नव निर्माण एवं मरम्मत) विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प हैंडपंप रिवोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता0 घुघचिहाई पर दिनांक 09.04.2025 को 10:00 से दिनांक 16.04.2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.04.2025 को 03:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता0 घुघचिहाई पर खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

शिवकुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– मटैना ता0 घुघचिहाई
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

मंजुल मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– मटैना ता0 घुघचिहाई
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

## कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा विकास खण्ड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टांडा की वित्तीय वर्ष 2025–26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत को को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय (टाइड एवं अनटाइड फंड) पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का (नव निर्माण एवं मरम्मत) विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प हैंडपंप रिवोर व मरम्मत पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा पर दिनांक 09.04.2025 को 10:00 से दिनांक 16.04.2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.04.2025 को 02:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा पर खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती पूजा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– टांडा
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

मंजुल मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– टांडा
विकास खण्ड पूरनपुर,
जनपद– पीलीभीत

# बिहार में नौकरियों की बहार,27,370 पदों पर नियुक्तिके प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल की मुहर

– मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।

– लोक स्वास्थ्य एवं अस्पतालों प्रबंधन संवर्ग में होगी कुल 20,016 पदों पर नियुक्तियां

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)।

पटना। बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों का पिटारा खोल दिया है। मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 27,370 से भी अधिक पदों पर नई नियुक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कई योजनाओं को भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत राज्य में विभिन्न विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। बता दें कि इससे पहले विगत 19 मार्च को कैबिनेट की बैठक में कुल 38 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गयी थी। इसकी जानकारी मंत्रिमंडल के समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। बिहार में नौकरियों की बहार। राज्य मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में कृषि विभाग में लिपिक संवर्ग नियमावली–2024 के आलोक में कुल 2590 पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इसके अलावा बिहार कर्मचारी चयन आयोग में डाटा




एंट्री ऑपरेटरों के कुल 35 नए पदों पर बहाली के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। 6 जिलों में खुलेगा नया उत्पाद रसायन प्रयोगशाला। इसी तरह मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अंतर्गत राज्य अल्ट्रासोनिक के कुल छह जिलों – रोहतास, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण, बेगूसराय, किशनगंज और गोपालगंज में स्थायी रूप से एक–एक नया उत्पाद रसायन प्रयोगशाला खोला जाएगा। इन प्रयोगशालाओं में परीक्षक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला तकनीशियन, निम्न वर्गीय लिपिक और उत्पाद एवं कार्यालय परिचारी के कुल 48 नए पदों पर नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग में 20,016 नये पदों का सृजन। मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग एवं अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन के प्रस्ताव पर भी अपनी मुहर लगा दी है। इसमें कुल 20,016 नये पदों का सृजन किया गया है। इसके तहत कुल तीन निदेशक बनाए जाएंगे। शैयायुक्त आयुष अस्पताल, नवाब मंजिल, पटना के संचालन के लिए भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के आलोक में राजपत्रित और अराजपत्रित संवर्ग के कुल 36 नए पदों का सृजन किया गया है। सरकार ने राज्य में संचालित प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रखंड स्तर पर एक सुदृढ़ प्रशासनिक संरचना विकसित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्गीय नियमावली–2025 के गठन की स्वीकृति दे दी है।सहायक उर्दू अनुवादक के कुल 1653 पदों का सृजन।मंत्रिमंडल ने बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग नियमावली– 2016 के अधीन सहायक उर्दू अनुवादक के कुल 1653 पदों के सृजन को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि अब राज्य में सहायक उर्दू अनुवादक के पदों की संख्या को बढ़ाकर 3306 किया जाएगा।केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के अंतर्गत बक्सर जलापूर्ति परियोजना के लिए कुल 156 करोड़ एक लाख 32 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि बिहार दंत शिक्षा सेवा संवर्ग नियमावली–2025 को भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। बिहार आकस्मिकता निधि के स्थायी कार्य जो 350 करोड़ रुपये हैं, वित्तीय वर्ष 2025–26 में 30 मार्च 2026 तक के लिए और अस्थायी रूप से बढ़ाकर 10,000 करोड़ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य व उपमंत्रियों का बढ़ा वेतन–भत्ता–वित्त विभाग ने सप्तम राज्य वित्त आयोग के गठन को अपनी स्वीकृत दे दी है। इसके तहत आयोग के अध्यक्ष को मंत्री और अन्य सदस्यों को राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है। बिहार के मंत्री वेतन एवं भत्ता नियमावली–2006 में संशोधन करते हुए राज्यमंत्रियों और उप मंत्रियों के वेतन–भत्ता में वृद्धि की गई है। अब उप मंत्रियों और राज्यमंत्रियों का वेतन 50 हजार रुपये से बढ़कर 65 हजार रुपये हो जाएगा। इसके साथ ही उनको मिलने वाले क्षेत्रीय भत्ता को 55 हजार रुपये से बढ़ाकर 70 हजार रुपये कर दिया गया है जबकि उनके दैनिक भत्ता को तीन हजार रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये कर दिया गया है। इतना ही नहीं राज्यमंत्रियों के आतिथ्य भत्ता को 24 हजार रुपये से बढ़ाकर 29,500 रुपये और उपमंत्री को मिलने वाले आतिथ्य भत्ता को 23,500 रुपये से बढ़ाकर 29000 रुपये कर दिया गया है। सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अनुमान यात्रा भत्ता को 15 रुपये प्रति किलोमीटर के स्थान पर अब 25 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है।

## विद्यालय परिसर में संच प्रमुख बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की गई



(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)।

राजगीर 08 अप्रैल 2025। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर, राजगीर आज दिनांक 8 अप्रैल 2025 को विद्यालय परिसर में संच प्रमुख बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय क्षेत्रीय संगठन मंत्री, बिहार क्षेत्र, श्री ख्यालीराम जी ने की। साथ ही माननीय प्रदेश सचिव, भारतीय शिक्षा समिति बिहार एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार, श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा जी, विद्यालय सचिव राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं प्राचार्य अनन्त कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में सभी विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की प्रस्तुति एवं समीक्षा की गई। विशेष रूप सेरूभोजन विभाग की समीक्षा में श्री ओंकार जी एवं श्री प्रशांत जी ने बताया कि भोजन नीचे बैठ करके भोजन करने की व्यवस्था है जिसमें 10 गला एक गाल में 60 की संख्या व्यवस्था जैसे– मीठी–फीकी चाय, कॉफी, दूध, फल्ली, बेकरी उत्पाद, आम की गठरी, गन्ना रस इत्यादि की सुनिश्चित व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वदेशी चाय (कुल्हड़ में चरित्रवान चाय) का विशेष इंतजाम भी किया गया है। चिकित्सा विभाग में डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं आचार्या देवी जी के नेतृत्व में सभी चिकित्सा सेवाओं को पूर्ण रूप से क्रियान्वित किया गया है। सजावट एवं व्यवस्था विभाग के श्री मुकेश जी और श्री संजय कुमार सिंह द्वारा मंच सज्जा एवं सभा स्थल और प्रिंस कुमार, और सूरज कुमार परीक्षा विभाग को देखते हुए विद्यालय की सजावट के लिएकी अंतिम रूपरेखा दी जा रही है। अतिथि सत्कार विभाग सभी आगंतुकों का स्टेशन और अनेक स्थलों से लाने की व्यवस्था की जा रही है चरण धोने के बाद चंदन–टीका एवं स्वदेशी वाद्ययंत्रों के साथ स्वागत कर रहा है। वंदना विभाग भी अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सफलतापूर्वक प्रस्तुति की दिशा में अग्रसर है। विशेष बात यह रही कि सभी संच प्रमुखों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लिया गया और आगामी कार्य योजनाएं उनके अनुरूप बनाई जा रही हैं। साथ ही, गलस क्रमांक 10 सूची पर कार्य किया जा रहा है। प्रेस वार्ता आगामी दिनांक 9 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय परिसर में सभी पत्रकार बंधुओं के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की गई है, जिसकी जानकारी सभी प्रमुख मीडिया संस्थानों को प्रचार विभाग द्वारा प्रदान कर दी गई है। प्रचार एवं संचार प्रभारी बीरेंद्र प्रताप सिंह विद्यालय प्राचार्य अनन्त कुमार सिन्हा।

## संक्षिप्त खबर

### चमकी को धमकी का कराएं व्यापक प्रचार-प्रसार : जिला पदाधिकारी

– क्या करें–क्या नहीं करें, से बच्चों और उनके अभिभावकों को कराएं अवगत।

– मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट रखने का निर्देश।

– मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)। बेतिया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने कहा कि जेई/एईएस (मस्तिष्क ज्वर–चमकी बुखार) एक गंभीर बीमारी है, जो अत्यधिक गर्मी एवं नमी के मौसम में फैलती है।



मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट रखें। उन्होंने कहा कि प्रभावित बच्चा ससमय अस्पताल पहुंच जाय और उसे समुचित चिकित्सा उपलब्ध हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कोताही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वे कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी चमकी को धमकी के तीन मुख्य बातें यथा–(1) खिलाओ– बच्चों को रात में सोने से पहले भरपेट खाना जरूर खिलाएं (2) जगाओ–रात के बीच में एवं सुबह उठते ही देखें कि कहीं बच्चा बेहोश या उसे चमकी तो नहीं एवं (3) अस्पताल ले जाओ–बेहोशी या चमकी दिखते ही आशा को सूचित कर तुरंत 102 एम्बुलेंस या उपलब्ध वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।मस्तिष्क ज्वर के लक्षणः– सरदर्द, तेज बुखार आना जो 5–7 दिनों से ज्यादा का ना हो।अर्द्ध चेतना एवं मरीज में पहचानने की क्षमता नहीं होनाध्भ्रम की स्थिति में होनाध्बच्चे का बेहोश हो जाना।शरीर में चमकी होना अथवा हाथ पैर में थरथराहट होना।पूरे शरीर या किसी खास अंग में लकवा मारना या हाथ पैर का अकड़ जाना।बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक संतुलन ठीक नहीं होना।उपरोक्त लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखने पर अविलंब अपने गांव की आशाध्एएनएम दीदी से संपर्क कर अपने सबसे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय परामर्श लें।

इसके उपरांत ही सदर अस्पताल/मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्चों को ईलाज हेतु ले जायें। सामान्य उपचार एवं सावधानियांः– अपने बच्चों को तेज धूप से बचाएं। घर से बाहर जाने पर सर पर टोपी या गीला गमछा रखें। अपने बच्चों को दिन में दो बार स्नान कराएं। रात में बच्चों को भरपेट खाना खिलाकर ही सुलाएं। गर्मी के दिनों में बच्चों को ओआरएस अथवा नमक–चीनी एवं नींबू पानी से शरबत बनाकर पिलायें।रात में सोते समय घर की खिड़कियां एवं रौशनदान को खोल दें, ताकि हवा का आवागमन होता रहे।ध्यान देने वाली बातेंः–क्या करेंः–तेज बुखार होने पर पूरे शरीर को ताजे पानी से पोछें एवं पंखा से हवा करें ताकि बुखार 100 डिग्री से कम हो सके। पारासिटामोल की गोली/सीरप मरीज को चिकित्सीय सलाह पर दें। यदि बच्चा बेहोश नहीं है तब साफ एवं पीने योग्य पानी में ओआरएस का घोल बनाकर पिलायें। बेहोशी/मिर्गी की अवस्था में बच्चे को छायादार एवं हवादार स्थान पर लिटाएं।चमकी आने पर, मरीज को बाएं या दाएं करवट में लिटाकर ले जाएं।बच्चे के शरीर से कपड़े हटा लें एवं गर्दन सीधा रखें।अगर मुंह से लार या झाग निकल रहा हो तो साफ कपड़े से पोछें, जिससे कि सांस लेने में कोई दिक्कत ना हो। तेज रोशनी से बचाने के लिए मरीज की अंखों को पट्टी या कपड़े से ढंकें।

### स्वास्थ्य विभाग में 20,016 नये पदों का सृजन, तीन निदेशालयों का भी होगा गठन

– 2,192 करोड़ रुपये का अनुमानित वार्षिक व्यय

– बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था होगी और बेहतर : मंत्री मंगल पाण्डेय

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)। पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग और अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन को मंजूरी देते हुए कुल 20,016 नये पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। यह फैसला स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इससे राज्य में नई नियुक्तियों का अवसर बढ़ेगा और संविदा कर्मियों को स्थायी व पदोन्नति का लाभ मिलेगा।तीन निदेशालयों का होगा गठन–इस फैसले के तहत लोक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा शिक्षा के लिए तीन अलग निदेशालय– लोक स्वास्थ्य निदेशालय, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय – का गठन किया जाएगा। तीनों निदेशालयों के प्रमुख महानिदेशक होंगे और समन्वय के लिए एक महानिदेशक– सह–विशेष सचिव का पद भी सृजित किया गया है। 2,192 करोड़ रुपये का होगा वार्षिक व्यय–अब मरीजों की चिकित्सा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन हेतु अलग–अलग व्यवस्थाएं होंगी। नवसृजित पदों में चिकित्सा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अधिकारी, हॉस्पिटल मैनेजर एवं कम्युनिटी प्रोसेस को–ऑर्डिनेटर शामिल हैं। इसके साथ ही सभी पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली निर्माण हेतु विशेष कोषांग गठित करने का निर्देश दिया गया है। इन पदों पर कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 2,192 करोड़ रुपये होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का जताया आभार–बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की जनता के लिए आज का दिन काफी अहम है। उन्होंने कहा कि अबतक चिकित्सक ही अस्पतालों में मरीजों का इलाज करते थे और साथ ही मैनेजमेंट भी संभालते थे लेकिन अब लोक स्वास्थ्य संवर्ग और अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन के बाद बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। उन्होंने राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ–साथ उप मुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी का भी आभार व्यक्त किया।अपर मुख्य सचिव ने दी विस्तृत जानकारी– वहीं,इस मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट कैडर का मतलब ये है कि आज हमारे जो डॉक्टर फील्ड में हैं, मेडिकल ऑफिसर जो किसी पीएचसी या सीएचसी में इंचार्ज हैं, उनको ओपीडी, सर्जरी जैसे कई अतिरिक्त काम के साथ पोलियो, फैलेरिया और मलेरिया जैसे कार्यक्रमों की निगरानी करनी पड़ती है लेकिन आज जो ये अहम फैसला हुआ है, इससे स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में सहूलियत होगी।इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि लोक स्वास्थ्य संवर्ग एक नया कैडर बन जाएगा और अस्पताल प्रबंधन संवर्ग अस्पताल मैनेजमेंट के कामों को देखेगा, उसका कैडर अलग होगा। इन दोनों कैडर के जो चीफ होंगे, वे डायरेक्टर–इन–चीफ होंगे।

नई व्यवस्था से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और परिवर्तन दिखेगा।

विशेष कोषांग बनाने का निर्देश– उन्होंने बताया कि नियुक्ति के लिए कम–से–कम वक्त में नियमावली तैयार की जाएगी। इसके लिए एक विशेष कोषांग बनाने का निर्देश दिया गया है। इससे एक तरफ स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों और पदाधिकारियों की वृद्धि होगी, वहीं, दूसरी तरफ इन दोनों कैडर के अलग हो जाने से क्वालिटी ऑफ सर्विस बेहतर हो जाएगी लिहाजा भविष्य में मरीजों के ट्रीटमेंट और स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिलेगा।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी विकास खण्ड- शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक–मेमो/निविदा/सामग्री–वर्ष 2025–26 दिनांक : 09/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिशन/एकीकृत बाल विकास योजना/ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त अनुदान निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इण्टर लाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग, भूसा, सरिया, पेन्ट, टायल, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री, हार्डवेयर की सामग्री, डस्टबीन, आफिस उपयोग हेतु सभी सामग्री, प्रशासनिक कार्यों में उपयोग हेतु सभी सामाग्री, ग्राम पंचायत के साफ सफाई से संबंधित सभी सामाग्री एवं ग्राम पंचायत में उपयोग होने वाली अन्य सभी सामाग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो फर्म जी.एस.टी. के अन्तर्गत रजिस्टर हो के द्वारा दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह सायं 5 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0–5000/रूपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तेः–1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्र करना होगा। 3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. प्रस्तुत दरे वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. मामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवक्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी के नाम बन्धक हो, संलग्र करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

गंगाराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– मदरहना जनूबी
विकास खण्ड – शोहरतगढ़
सिद्धार्थनगर

राम स्वरूप गुप्ता
ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत– मदरहना जनूबी
विकास खण्ड – शोहरतगढ़
सिद्धार्थनगर

## कार्यालयः ग्राम पंचायत परसपुर विकास खण्ड- बांसी जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक–मेमो/निविदा/सामग्री–वर्ष 2025–26 दिनांक : 09/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत परसपुर विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिशन/एकीकृत बाल विकास योजना/ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त अनुदान निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इण्टर लाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग, भूसा, सरिया, पेन्ट, टायल, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री, हार्डवेयर की सामग्री, डस्टबीन, आफिस उपयोग हेतु सभी सामग्री, प्रशासनिक कार्यों में उपयोग हेतु सभी सामाग्री, ग्राम पंचायत के साफ सफाई से संबंधित सभी सामाग्री एवं ग्राम पंचायत में उपयोग होने वाली अन्य सभी सामाग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो आयकर एवं व्यापारकर में पंजीकृत हो फर्म जी.एस.टी. के अन्तर्गत रजिस्टर हो के द्वारा दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 1.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0–5000/रूपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तेः–1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्र करना होगा। 3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. प्रस्तुत दरे वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. मामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवक्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत परसपुर के नाम बन्धक हो, संलग्र करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुस्ताक अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– परसपुर
विकास खण्ड – बांसी
सिद्धार्थनगर

ऊषा दूबे
ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत– परसपुर
विकास खण्ड – बांसी
सिद्धार्थनगर

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284

# संक्षिप्त समाचार

### बाजना बिजलीघर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बाजना। कस्बा बाजना के बिजलीघर के ट्रांसफॉर्मर नम्बर 1 पर सर्किट ब्रेकर लगाए जाने की वजह से विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह से ठप रहेगी।

जेई बाजना जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजलीघर पर कार्य होने की वजह से विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी ग्राहकों को असुविधा होने के लिए खेद है।

### इलाहाबाद सर्वोदय मंडल में सर्वोदय मित्र मिलन सार्वजनिक संपत्ति और वैश्विक पूंजीवाद पर चिंता व्यक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी

प्रयागराज। आज इलाहाबाद सर्वोदय मंडल की ओर से एक महत्वपूर्ण सर्वोदय मित्र मिलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन विभिन्न सामाजिक संगठनों और जागरूक व्यक्तियों का एक मंच था जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।




इस मिलन में देश की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि देश की सार्वजनिक संपत्ति धीरे–धीरे कुछ व्यापारियों की निजी पूंजी बनती जा रही है। उन्होंने इस बात पर गहरा असंतोष जताया कि जनता के हित में स्थापित संस्थाओं को निजी पूंजीपतियों के हाथों में बेचा जा रहा है।

वक्ताओं ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि देश की पूंजी अब वैश्विक पूंजी की गुलाम बनती जा रही है। ऑनलाइन व्यापार और बैंकिंग के क्षेत्र में विश्व स्तर की कुछ ही कंपनियों के बढ़ते वर्चस्व पर चिंता व्यक्त की गई। सदस्यों ने कहा कि आज हमारा अपना पैसा भी अब पूर्ण रूप से देश का नहीं रह गया है, बल्कि वह वैश्विक पूंजी का एक हिस्सा बन चुका है, और इस बात का कोई भरोसा नहीं रह गया है कि वह कब और किस रूप में हमारे हाथों से निकल जाए।

सर्वोदय मित्र मिलन में उपस्थित लोगों ने इस स्थिति पर गहन विचार–विमर्श किया और भविष्य में इस चुनौती का सामना करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने समान विकास और जनता के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

यह सर्वोदय मित्र मिलन वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य पर चिंतन करने और समान नागरिक विकास के लिए संकल्प लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। राजकुमार, इरशाद उल्ला, श्याम नारायण, मयंक श्रीवास्तव, विनय सिन्हा, विनोद विक्रम, सत्येंद्र कुमार तिवारी, विमल, आयुष ,आदित्य, भास्कर, सत्येंद्र, मनीष सिन्हा, राजेश सचान, दिनेश यादव, कल्पना वर्मा, अनिल कनौजिया, विश्वेश राजरतनम्, विभूति विक्रम, रामदरस मौर्य आदि थे।

### प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड को सर्विलांस एवं भीड़ प्रबंधन तथा डेटा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पुरस्कार

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के दौरान जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों द्वारा यह पुरस्कार महापौर गणेश केसरवानी को प्रदान किया गया, महापौर ने कहा कि महाकुंभ जैसे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक में तकनीकी नवाचारों के सफल उपयोग को दर्शाता है।





महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, और इस अवसर पर प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने उन्नत निगरानी प्रणाली, एआई आधारित भीड़ प्रबंधन और रियल–टाइम डेटा एनालिटिक्स को सफलतापूर्वक लागू किया है। इन उपायों ने सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और आपातकालीन प्रतिक्रिया में उल्लेखनीय सुधार किया है।

एआई–सक्षम सर्विलांस, फेशियल रिकग्निशन, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और जीआईएस मैपिंग के एकीकरण ने प्रशासन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने और उनकी सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने में मदद की है। यह पुरस्कार प्रयागराज को भारत के आदर्श स्मार्ट सिटी के रूप में और अधिक सशक्त बनाता है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की शाखा-निकाय की बैठक संपन्न

कानपुर नगर। जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की शाखा–निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की




गई, जिनमें राष्ट्रीय वेक्टर जनित कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड आदि के कार्यो की समीक्षा सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए इसके लिए जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत वृहद प्रचार–प्रसार कराए जाने हेतु धार्मिक गुरूओ, क्षेत्रीय नेताओ, कलाकारों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लूएन्सर का भी सहयोग लिया जाए।

समीक्षा के दौरान यह प्रकाश में आया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्योढीघाट में तैनात फार्मासिस्ट , डॉक्टर धर्मेन्द्र कुमार लापरवाही से अपने दायत्वों का निर्वहन करते हुए जिसके दृष्टिगत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा रोष व्यक्त करते हुए चिकित्सालय में तैनात फार्मासिस्ट क्टर धर्मेन्द्र कुमार को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ककवन में स्थानान्तरण करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए ।

जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रमकी समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि ऑगनवाडी, ए०एन०एम० तथा आशा की नियमित टीकाकरण कराए जाने हेतु नियमति समन्वय बैठक कराए जाने के निर्देश दिए । साथ ही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में लगातार 3 महीने गिरावट पाए जानेके कारण सर्वोदय नगर, हुमायुबाग एवं नवाबगंज से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आख्या आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए ।

जिलाधिकारी ने कॉकलियर इन्प्लान्ट को बढ़ावा देने हेतु बच्चो को चिन्हित कर बच्चो के माता पिता को बच्चे के जन्म से ही जागरूक किया जाए तथा उर्सला अस्पताल में ज्यादा से ज्यादा बच्चों की कॉकलियर इन्प्लान्ट जांच कराई जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए ।

प्राइवेट प्रैक्टिस पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में कोई भी सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस न करे और इस प्रकार की प्रैक्टिस करने वालों की समिति के सदस्यों द्वारा सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि फैमिली की सूची डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस० के माध्यम से ऑगनवाडी केन्द्रो पर भी साझा किया जाए तथा आई०सी०डी०एस० के अन्तर्गत कार्यरत सुपरवाइजर प्रतिदिन 10 वैब परिवारों में भ्रमण कर आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए ।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग कार्यक्रम में सुधार हेतु 14 अप्रैल 2025 तक सबसे खराब करने वाले बी०सी०पी०एम० को चिन्हित कर सेवा समाप्त हेतु प्रस्ताव आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने एच०एम०आई०एस० की समीक्षा के दौरान पाया गया कि एच०एम०आई०एस० पोर्टल पर मैप 118 नर्सिंगहोम के सापेक्ष मात्र 25 चिकित्सालयों के द्वारा ही रिपोर्ट अंकित की गई है। रिपोर्ट न करने वाली चिकित्सालयो को चिन्हित कर पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए ।

## वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, मुर्शिदाबाद में पत्थरबाजी, वाहन फूंके मांगा इस्तीफा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार को वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे, तभी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को इलाके में एक प्रमुख सड़क को अवरुद्ध करने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया। इलाके में अराजकता फैलने के कारण कई वाहनों को आग लगा दी गई और पत्थर फेंके गए। प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहन



को आग के हवाले कर दिया।

बीजेपी के मीडिया सेल के हेड अमित मालवीय ने घटना का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर पर लिखा कि पश्चिम बंगाल पुलिस मुर्शिदाबाद की सड़कों पर उत्पात मचा रही हिंसक इस्लामी भीड़ पर लगाम लगाने के लिए संघर्ष कर रही है। संभवतः गृह मंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पुलिस ऐसा व्यवहार कर रही है। तथाकथित एहतियात के तौर पर, सूचना के प्रवाह को प्रतिबंधित करने के लिए क्षेत्र में इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया है। यह वही क्षेत्र है, जिसने हाल ही में कार्तिक पूजा समारोह के दौरान हिंदुओं पर बार–बार हमले देखे थे। तनाव बढ़ने के कारण कई ट्रेनें रुकी हुई थीं। ममता बनर्जी का मुस्लिम तुष्टिकरण का रीढ़विहीन ब्रांड बंगाल को खतरनाक रूप से बांग्लादेश के रास्ते पर ले जा रहा है।

अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल के बड़े हिस्से पर पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया है। वर्षों से अनियंत्रित अवैध घुसपैठ और जानबूझकर जनसांख्यिकीय विकृति ने प्रशासन की पहुँच से परे क्षेत्र बना दिए हैं। फिर भी, वह अपने वोट–बैंक को बचाने के लिए अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए कानून और व्यवस्था की बलि चढ़ा रही हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि 2026 में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बंगाल में हिंदू जागरण की बढ़ती लहर से ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति बह जाएगी।

## ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि किशन दुबे ने इंटरलाकिंग सड़क का बुजुर्गों द्वारा पूजन कराकर शुभारंभ किया

- पूर्व मंडल अध्यक्ष ने माला पहनाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि किशन दुबे का किया स्वागत

रसूलाबाद कानपुर देहात । भारतीय जनता पार्टी के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि किशन दुबे ने ब्लॉक रसूलाबाद की ग्राम पंचायत इंदलपुर लालू के मजरा खपरे मऊ मे इन्टर लॉकिंग सड़क का बुजुर्गो द्वारा पूजन करा शुभारंभ कराया जिसकी अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रुपए आएगी किशन दुबे ने कहा सरकार की हर योजना गरीबों के जीवन मे खुशहाली ला रही और लोक कल्याण का हर कार्य आज बिना भेदभाव के किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कई उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति अपने परिजनों का निशुल्क इलाज कराने सक्षम हुआ मोदी सरकार की यह नीति गरीबों के लिए एक वरदान है ।देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है देश की रक्षा के लिए हथियार भारत में निर्मित की जा रहे हैं उन्होंने कहा योगी मोदी के राज में गुंडाराज समाप्त हुआ भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा गया ।अच्छी शिक्षा के लिए बजट को तीन गुना किया गया ।

उन्होंने कहा कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है और विश्व को भारत पर भरोसा है और भारत को नरेंद्र मोदी पर ।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को सड़क से लेकर घरों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।



इस मौके पर रामनरेश राठौर सज्जन पाठक राम महेश वर्मा मान दीक्षित पूर्व प्रधान सिद्ध नारायण चतुर्वेदी इंद्र पाल प्रधान मीनू शुक्ला अजीत राठौर सुनील कुमार बैजनाथ सर्वेश वर्मा विश्राम वर्मा भूरा गुप्ता प्रमोद त्रिवेदी अवधेश अवस्थित शैलेन्द्र तिवारी मीनू शुक्ला विवेक वाजपेई सचिन शोभित दीक्षित शिवम दीक्षित सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने उठाये है ठोस कदम

लखनऊः। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम सभी रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़–पौधे, जानवर और अन्य जीव–जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक–दूसरे के साथ जुडकर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं।

बढ़ते औद्योगीकरण के विभिन्न आवामों से हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न देश अलग अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर अपने नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पर्यावरण दिवस मनाने की नींव 1972 में पड़ी, जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहला पर्यावरण दिवस मनाया है और हर साल इस दिन को मनाने का एलान किया।

पहला पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 को मनाया गया था, जिसमें 119 देशों ने भाग लिया था। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मेलन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को चिन्हित करते हुए 5 जून को पर्यावरण दिवस के तौर पर नामित कर लिया। पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन भी प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाते हुए आमजन को जागृत किया जाता है।

प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले साल यानी विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी। विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम ष्स्ंदक त्मेजवतंजपवद, क्मेमतजपपिबंजपवद ।दक क्तवनहीज त्मेपसपमदबमष् है। इस थीम का फोकस श्हमारी भूमिश् नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह कई गैर–सरकारी संगठनों, व्यवसायों, सरकारी संस्थाओं द्वारा समर्थित है।

05 जून, 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था तभी से ही यह समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, टिकाऊ विकास और वन्यजीव अपराध जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का एक मंच रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस सार्वजनिक आउटरीच के लिए एक वैश्विक मंच है, जिसमें सालाना 143 से अधिक देशों की भागीदारी होती है। प्रत्येक वर्ष, कार्यक्रम ने पर्यावरणीय कारणों की वकालत करने के लिए व्यवसायों, गैर सरकारी संगठनों, समुदायों, सरकारों और मशहूर हस्तियों के लिए एक थीम और मंच प्रदान किया है।

पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमें पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं। लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है। वर्ष 2024 मे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए निर्धारित थीम के अन्तर्गत विश्व के देशों ने विशेष बल दिया है। मरूस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता व आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, जिससे पारिस्थितिक रूप से सुदृढ़ भूमि प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना अनिवार्य हो जाता है। प्रत्येक बीते वर्ष के साथ, इन चुनौतियों से निपटने की तात्कालिकता और अधिक स्पष्ट हो जाती है, जिससे हमें उनके प्रभाव को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व की अनुभूति होती है।

हमारे ग्रह के भूमि संसाधनों के लिए मरूस्थलीकरण सबसे घातक खतरों में से एक है, जो चुपचाप पारिस्थितिक तंत्र, जैव विविधता और आजीविका पर अतिक्रमण कर रहा है। पुनर्वनीकरण और वनीकरण की पहल मरू भूमि को बहाल करने और मरूस्थलीकरण को कम करने, वन्यजीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करने और कार्बन पृथक्करण लाभ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कृषि वानिकी संरक्षण, कृषि और एकीकृत जल प्रबंधन जैसी टिकाऊ कृषि प्रथाएं मिट्टी की उर्वरता मे सुधार लाने, सूखे के प्रति लचीलापन बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में योगदान करती है।

उत्तर प्रदेश में प्रकृति के विभिन्न श्रोंतों के दोहन को रोकने, अपनी भूमि को उपजाऊ एवं प्राकृतिक स्तर पर लाने के लिए अनेको कार्य किये जा रहे है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में लगभग 204.65 करोड़ पौधे रोपित करते हुए वनावरण एंव भूमि की हरियाली बढ़ाई है। भूमि के कटाव को रोकने के लिए मेड़बन्दी, भूमि संरक्षण इकाई के माध्यम से बन्धे–बन्धिया, छोटे–छोटे बाँध, भूमि का समतलीकरण, कटान वाले क्षेत्रों मे सघन वृक्षारोपण आदि कार्य किये गये है। भूमि की उर्वरता, गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती तथा सिचाई की नई विधियों को अपनाते हुए भूमि को स्वस्थ रखा जा रहा है। प्रदेश सरकार गाँवों शहरों की लगातार सफाई करा रही है साथ ही प्रदूषण फैलाने वाली प्लास्टिक की पन्नियों आदि पर रोक लगाई है। परम्परागत खाना बनाने के लिए ईंधन के रूप प्रयोग किये जाने वाली लकड़ी के स्थान पर सरकार ने हर गाँव, शहर के परिवारों को एल०पी०जी० कुकिंग गैस की सुविधा उपलब्ध कराई है। वाहनों में पेट्रोलध्डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए सी०एन०जी० गैस व इलेक्ट्रिक आधारित वाहनों के उपयोग पर विशेष बल दिया है। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार ने ठोस कदम उठाए है।

## बिजली तारों की स्पार्किंग से गेहूं की साढ़े पांच बीघा फसल जली

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय

- किसानों को डेढ़ लाख से ज्यादा का हुआ नुकसान

फफूंद। औरैया

थाना क्षेत्र के एक गांव में बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से उठी चिंगारी एक खेत में गिर गई कुछ ही देर में फसल ने आग पकड़ ली ।लपटें देख गांव के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह आग को काबू किया ।लेकिन जब तक साढ़े पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई ।किसानों का कहना था कि आग से लगभग डेढ़ लाख की फसल जलने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।





थाना क्षेत्र के गांव देवरपुर निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा का गांव किनारे खेत हैं जिसमें गेहूं की पकी फसल खड़ी हुई थी ।मंगलवार की दोपहर ढाई बजे खेतों के नजदीक से निकली विद्युत लाइन के तारों में स्पार्किंग हुई और उससे उठी चिंगारी उनके खेत में गिर पड़ी ।कुछ ही देर में फसल ने आग पकड़ ली ।आग नजदीक के सुमन यादव,रीना देवी और राकेश तिवारी की फसल को भी चपेट ने ले लिया ।लपटें देख ग्रामीण दौड़ पड़े और फायर ब्रिग्रेड को सूचना देकर खेतों में बोरिंग के इंजन चलाकर पानी से आग बुझाने में जुट गए ।लगभग डेढ़ घंटे कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया ।पुलिस और फायर बिग्रेड भी पहुंच गई और आसपास सुलग रही आग पर पानी डालकर उसे बुझाया ।लेकिन तब तक कृष्ण कुमार की पौने दो बीघा,सुमन यादव की एक बीघा,रेनी देवी की एक बीघा और राकेश तिवारी की पौने दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी ।अचानक हुए नुकसान से किसानों को सदमा पहुंचा है किसानों ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है ।क्षेत्रीय लेखपाल अवनीश कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया लेखपाल ने बताया कि बिजली तारों की चिंगारी से आग लगने की बात किसानों ने बताई है नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### प्रतिभा शुक्ला राज्य मंत्री अजीत पाल विधायक पूनम शंखवार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

कानपुर देहात ।भारतीय जनता पार्टी कानपुर देहात भाजपा पार्टी कार्यालय माती में प्रदर्शनी में दिखा भाजपा के 46 साल का सफर अटल–आडवाणी से लेकर मोदी तक की दुर्लभ तस्वीरें, जिला अध्यक्ष रेणुका सचान राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला राज्य मंत्री अजीत पाल विधायक पूनम शंखवार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया उद्घाटन पार्टी कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई है प्रदर्शनी में भाजपा के 46 वर्षों की यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें लगाई गई हैं। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कानपुर देहात दौरा शामिल है। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू की यात्राओं की तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई हैं। प्रदेश के सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों और जिले के पूर्व भाजपा अध्यक्षों के चित्र भी लगाए गए हैं।








जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने कहा कि भाजपा ने अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। अटल और मोदी के नेतृत्व में सुशासन को प्राथमिकता मिली। पार्टी 140 करोड़ देशवासियों तक अपनी पहुंच बना रही है। इस दौरान राजेंद्र सिंह चौहान राम जी मिश्रा बृजेंद्र सिंह मदन पांडे शिव वीर भदोरिया सत्यम सिंह चौहान ज्योत्सना कटियार कुसुम लता कटियार सौरभ मिश्रा कल्पना सक्सेना श्यामू शुक्ला विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि रहे।

### सपा ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर स्वाभिमान स्वमान समारोह आयोजित किया

अयोध्या टाइम्स जुगनू गौतम

गाजियाबाद। अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशाल वर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व गाजियाबाद विधान सभा प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में निवास स्थान शास्त्री नगर पर स्वाभिमान स्वमान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मिलित हुए सभी लोगों ने बाबा साहेब अबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिला अध्यक्ष फैजल हुसैन और महानगर अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर वो महान शख्सियत है जिसने भारत देश को बहुत सुंदर संविधान रचकर कर दिया और पूरे संसार मे इस महान की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाती है।





वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पियेगा वो धाडेगा।

### डा .समरदीप पाडेय ने भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन में अपने सक्रिय सदस्य कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन में भाग लिया

कानपुर। डॉ .समरदीप पांडेय ने भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन में अपने सक्रिय सदस्य कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन में भाग लिया। आज भारतीय जनता पार्टी किदवई नगर विधानसभा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में भाजपा किसान मोर्चा जूही मंडल महामंत्री डॉक्टर समरदीप पांडेय ने अपने मंडल के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक महेश त्रिवेदी सांसद रमेश अवस्थी विधायक एमएलसी अरुण पाठक, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, ने दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रगान का गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि भाजपा में बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। गर्मी में जहां अन्य दल के लोग ऐसी में सोते हैं । वहां भाजपा कार्यकर्ता गांव और बूथो पर घर–घर संपर्क कर मोदी और योगी की उपलब्धियां बता रहे हैं। मोदी योगी के नेतृत्व भाजपा लगातार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्योंको पार्टी की पंच निष्ठाओं के बारे में बताया गया। पीएम नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियां के बारे में






विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित रहे। भाजपा के हजारों की संख्या में सक्रिय सदस्य एवं भाजपा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी ने बढ़–चढ़के हिस्सा लिया।

## वैदिक मंत्रोच्चार हवन के साथ हुआ नवीन सत्र का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ चंद्रप्रकाश

आगरा । सभागार में गूंजती स्वाहा की ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार करते छात्र। कुछ



ऐसा ही नजारा था सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर के परिसर का। आज विद्यालय में नवीन सत्र2025–26 के शुभारंभ पर हवन के आयोजन पर नवीन विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी ने छात्रों को संकल्पबद्ध रहकर बेहतर अध्ययन और प्रभावी परीक्षा परिणाम के टिप्स प्रदान किए। संरक्षक विजय कुमार गोयल एवं अध्यक्ष महेंद्र गर्ग ने इसके सफल आयोजन पर सभी छात्रगण को शुभकामनाएं प्रेषित कीं ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में केसी दुबे नारायण चतुर्वेदी, सुजीत ,विनय त्रिपाठी, सीमा, पूनम, राहुल ,शंभूजी, राजीव, सुजीत ,ललित, चेतन जी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## नगीना में तुलाराम के रसगुल्ले निकले खट्टे- कई दिनों पुराने खट्टे व कड़वे रसगुल्ले ग्राहक को परोसे

**•भाजपा नेता ने उपजिलाधिकारी सहित विभागीय अधिकारी से शिकायत की**

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी वसीम वारसी एडवोकेट। नगीना। तुलाराम रेस्टोरेंट के रसगुल्ले ही बन रहे जानलेवा कई कई दिनों पुराने खट्टे व कड़वे बदबूदार रसगुल्ले खिलाकर कमा रहे हजारों लाखों रुपए उत्तराखंड के भाजपा नेता ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी सहित कई अधिकारियों से फोन कॉल द्वारा शिकायत कर कार्रवाई की मांग की लेकिन शिकायत करने के कई घण्टो के बाद भी अधिकारी नही पँहुचे अधिकारियों से शिकायत करने पर भी उपजिलाधिकारी सहित विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं आए उधर तुलाराम नामचीन रेस्टोरेंट कर रहे लोंगो की जिंदगी से खिलवाड़। नगीना – धामपुर रोड स्थित तुलाराम रेस्टोरेंट की दूसरी शाखा तुलाराम फूड प्लाजा में देहरादून उत्तराखंड से आये भाजपा के पदाधिकारी तीन नेता तुलाराम के रसगुल्ले खाने व खरीदने के लिए रेस्टोरेंट में रुके उन्होंने अपने लिए एक एक प्लेट जिसमें दो – दो रसगुल्ले ऑर्डर किये जिन्हें आधा चम्मच खाते ही उन्होंने वहाँ के बेटर से कहा कि यह रसगुल्ले खट्टे और कड़वे हैं इस पर रेस्टोरेंट में उपस्थित मैनेजर बने एक लड़के ने कहा कि यह रसगुल्ले कड़वे हैं तो हम आपके लिए दूसरे रसगुल्ले मंगवा देते हैं इतनी बात सुनते ही भाजपा नेताओं ने कहा कि आपके यह रसगुल्ले खट्टे हैं और आप क्षेत्र के लोगों को यह रसगुल्ले खिलाकर बीमार ओर उन्हें फूड पोइजिंग व हैजा करोगे इस पर भड़कते हुए भाजपा नेता फोन कॉल द्वारा मौके पर बैठे ही जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी सहित फूड इंस्पेक्टर सहित विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन शिकायत करने के बाबजूद भी मौके पर कोई अधिकारी नहीं पंहुच पाया । इसके बाद भाजपा नेताओं ने अपने उच्च पदाधिकारियों से पूरे मामले की तुलाराम रेस्टोरेंट की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## लू व हीट वेव से बचाव के लिए जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय

औरैया। आज 08 अप्रैल मंगलवार को जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी लूध्हीट वेव से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें के संबंध में जारी की गई एडवाइजरी से आमजन को अवगत कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने–अपने स्तर से जारी एडवाइजरी का आमजन में आधिकाधिक प्रचार– प्रसार कराये जिससे लोगों को लूध्हीट वेव से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उक्त के साथ–साथ पर्याप्त पेयजलापूर्ति, छाया सेट तथा ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर तथा जगह – जगह आवश्यकतानुसार मिट्टी के घड़े में पानी रहकर प्याऊ की व्यवस्था की जाए जिससे कोई भी आमजन लूध्हीट वेव से अपने को सुरक्षित कर सके।.





उन्होंने कहा कि लू से जन–हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए निम्न सावधानियों बरतें–कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12रू00 बजे से 3रू00 बजे तक के बीच में, जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले–ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें। अगर आपका काम बाहर का है तो, टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हे खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंड़ा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियां खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिडकियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें। जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

## दो थानों की संयुक्तटीम ने पटना नहर सीमा पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय





बेला,औरैया।सोमवार की देर रात्रि,बेला थाना प्रभारी गंगादास गौतम,व सहार थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने मय हमराही फोर्स के साथ पटना नहर पुल पर पैदल गश्त किया व आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वाहन चेकिंग के दौरान कुछ वाहन चालको के पास ड्राईविंग लाइसेंस नहीं पाये,वही कुछ वाहनों में इंसयोरेन्श व पॉल्यूशन नही मिले, थाना प्रभारी गंगादास गौतम ने गाड़ी संचालकों को जल्द से जल्द गाड़ी के सारे कागजात दुरस्त व ड्राइविंग लाईसेंस के साथ चलने की चेतावनी दी।

## गर्मी के साथ ही रात्रिकालीन अघोषित बिजली कटौती मनमाने तरीके से शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय

**• दिन में भी कम मिलती बिजली, रात में उपभोक्ताओं की नींदे हो रही हराम**

बिधूना,औरैया। भले ही शासन व प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति करने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन बिधूना तहसील क्षेत्र में जमीनी धरातल पर देखने में आ रहा है कि विद्युत उपकेंद्र रूपपुर सहार से संबंधित कीरतपुर फीडर, पुर्वा रामदास फीडर समेत विभिन्न फीडरों से संबंधित गांवों के उपभोक्ताओं को गर्मी की दस्तक शुरू होने के साथ ही रात्रिकालीन अघोषित बिजली कटौती से जूझने को मजबूर होना पड़ रहा है। .सबसे गौरतलब बात तो यह है कि दिन के समय खेतों में पकी खड़ी रबी की फसल को अग्निकांडों से बचाने के दृष्टिगत अधिकांश समय बिजली आपूर्ति बंद रखी जाती है लेकिन इसके बावजूद भी जब गांवों में लोगों को बिजली की अधिक जरूरत होती है तब शाम होते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है और बाद में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाती है किंतु रात्रि लगभग 10 बजते ही अचानक बिजली आपूर्ति ठप कर रात्रिकालीन अघोषित बिजली कटौती शुरू कर दी जाती है जिससे इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं की रात की नींदे हराम हो रही है। बड़े पैमाने पर बिजली कटौती किए जाने के चलते जहां रात के समय लोग चौन की नींद नहीं सो पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर विभिन्न फसलों की सिंचाई व खेतों की पलेवा भी प्रभावित हो रही है। भले ही शासन व प्रशासन 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति करने के दावे करके अपनी पीठ थपथपाने से नहीं थक रहा है लेकिन बिधूना तहसील क्षेत्र में जमीनी धरातल पर यह सरकारी दावे बिल्कुल थोथे साबित होते नजर आ रहे हैं जिससे विद्युत संकट से जूझ रहे उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग की मनमानी के प्रति नाराजगी भड़क रही है।

# किसानो के हितों को लेकर जय जवान जय किसान लोक शक्तिसंगठन ने सौंपा ज्ञापन

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज



कन्नौज।किसानो की समस्याओं को लेकर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर की अगुवाई में दर्जनो कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

किसानो की मांगों पर प्रशासनिक कार्रवाई न होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जनपद में कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा किसानों से अत्यधिक भाड़ा लेने एवं जनपद में संचालित प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस लेने एवं कोटेदारों द्वारा कम राशन देने जैसी समस्याओं को उठाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि पड़ोसी जनपदों में एक सौ दस रुपए पैकेट के हिसाब से कोल्ड भाड़ा लिया जा रहा है इस तरह यहां भी भाड़ा लिया जाए एवं प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूलने एवं महंगी पुस्तक बेचने पर रोक लगाई जाय एवं सरकारी राशन का ब्लैक कारोबार रोका जाए एवं कोटेदारों द्वारा राशन की घट तौल पर अंकुश लगाया जाए । उन्होंने कहा कि अगर इन सब बिंदुओं पर विचार नहीं किया गया तो हम लोग सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

संगठन द्वारा इसी तरह की किसानों के हित में कई समस्याओं की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# चांदपुर मे चल रही नुमाइश के स्पीकरों से ध्वनि प्रदूषण, थाने के चौराहे तक लगे स्पीकर

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी अनिल शर्मा।चांदपुर नगर मे लग रही नुमाइश में बज रहे स्पीकर फैला रहे है ध्वनि प्रदूषण नुमाइश से 500 मीटर के लगभग तक लगे हैं स्पीकर थाने के चौराहे पर लगे स्पीकर बने चर्चा का विषय

मिली जानकारी के अनुसार चांदपुर नगर के हल्दौर रोड पर चल रहे प्रदर्शनी मे लगे दर्जनों स्पीकर वातारण मे ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं यह स्पीकर सुप्रीम कोर्ट ओर सरकार के मानको के ज्यादा ध्वनि से बजाय जा रहे हैं जिसके कारण इलाके के लोगों को तो परेशानी है ही इसके अलावा क्षेत्र में जबरदस्त ध्वनि प्रदूषण पैदा हो रहा है जो इंसानी सेहत के साथ साथ जीव जंतुओं के लिए भी हानिकारक है

वैसे तो सरकार ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए अधिकारियों ने सभी धार्मिक स्थल पर लगे ज्यादा स्पीकर तक उतरवा दिए क्योंकि सरकार ओर सुप्रीम ने कोर्ट का आदेश था कि ज्यादा तादाद में स्पीकर या माइक बीन ध्वनि प्रदूषण पैदा करने के साथ साथ वातारण के लिए भी नुकासदायक है और काफी हद तक यह बात सही भी है सवाल यह है कि जब धार्मिक स्थलों पर लगे स्पीकर से ध्वनि प्रदूषण हो सकता है तो फिर नुमाइश में बज रहे स्पीकरों से ध्वनि प्रदूषण नहीं हो सकता नुमाइश ठेकेदार की हठधर्मी कहे या अधिकारियों से सेटिंग यह स्पीकर नुमाइश के लगभग 500 मीटर की दूरी तक लगाए गए हैं जिनकी संख्या दर्जनों मे हैं हद तो यह है कि थाने के चौराहे तक यह स्पीकर लगाकर नुमाइश का प्रचार प्रसार धड़ल्ले से इन स्पीकरों से तेज आवाज मे बजाय जा रहे हैं जिसके कारण नुमाइश के आसपास रह रही बड़ी आबादी मे बीमार लोगों के अलावा पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए भी यह कानफाड़ स्पीकर परेशानी का सबब बने हुए है।






# एआरटीओ औरैया सुधेश तिवारी ने किया कन्या भोज

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय

☒कन्याओं के पैर धो भोजन करा एवं उपहार भेंटकर लिया आशीर्वाद

औरैया। एआरटीओ औरैया सुधेश तिवारी अपनी जिम्मेदारी समर्पण भाव से निभाने को लेकर जहां वह जिले में लगातार भारी चर्चाओं में है वहीं उनकी जनहितकारी परोपकारी भावनाओं के साथ सनातनी एवं भारतीय सांस्कृतिक के प्रति निष्ठा भी अब किसी से छुपी नहीं है। एआरटीओ ने मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन कर कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया गया है।

एआरटीओ औरैया सुधेश तिवारी द्वारा मंगलवार को औरैया शहर के दिबियापुर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया इस मौके पर एआरटीओ श्री तिवारी द्वारा कन्याओं के पैर धोकर एवं उन्हें भोजन कराकर उपहार एवं चुनरी आदि भेंटकर कर कन्याओं का आशीर्वाद लिया गया।

इस मौके पर एआरटीओ सुधेश तिवारी ने कहा कि कन्या साक्षात् देवी का स्वरूप है ऐसे में कन्या भोज के साथ कन्या पूजन भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन एवं कन्या भोज से मानव के जीवन का कल्याण संभव है।

इस कन्या भोज के मौके पर कन्याओं के साथ सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक शिक्षकाएं व एआरटीओ कार्यालय से संबंधित अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

# बिना रजिस्ट्रेशन रोड पर फर्राटा भर रहे तीन ई रिक्शा एक टेंपो को किया गया सीज इक्यावन वाहनों के काटे गए चालान

सौरभ दुबे संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज



गुरसहायगंज कन्नौज।शासन के निर्देश पर अनाधिकृत तौर पर फर्राटा भर रहे ई रिक्शा चालकों पर यातायात पुलिस पूरी तरह शिकंजा कसते नजर आ रही है जिसके चलते गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में यातायात उप निरीक्षक अरशद अली द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।जिसके चलते बिना रजिस्ट्रेशन के रोड पर चल रहे तीन ई रिक्शा एवं एक टेंपो को सीज किया गया साथ ही 40 वाहनों के चालान किए गए।

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को भी चेकिंग अभियान प्रगति पर रहा अभियान के अंतर्गत यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली ने गुरसहायगंज कस्बे के अंतर्गत लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही कस्बे के पीडब्ल्यूडी तिराहा कस्बा चौकी चौराहे रामगंज तिराहा आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाते हुए तीन ई रिक्शा एवं एक टेंपो को सीज कर कोतवाली भिजवाया वहीं बिना फिटनेस बिना लाइसेंस बिना नंबर प्लेट नो पार्किंग आदि नियमों का उल्लंघन करने वाले ई–रिक्शा टेंपो सहित 51 वाहनों के चालान किए। चेकिंग अभियान के तहत टी एस आई ने बताया कि जिन वाहनों के प्रपत्र पूर्ण नहीं है वह अपने प्रपत्र पूर्ण करा कर ही वाहन चलाएं वरना उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी अभियान के तहत कांस्टेबल संदीप कुमार होमगार्ड चौन सिंह राजेश कुमार चंदन आद मौजूद रहे।

# पीटीओ एवं यातायात प्रभारी द्वारा चलाए गए संयुक्तचेकिंग अभियान में आठ वाहन किए गए सीज

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज।पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार यातायात क्षेत्राधिकारी कुलबीर सिंह के नेतृत्व में पाल चौराहा एवं सरायमीरा क्षेत्र में पीटीओ सुनीता सैनी एवं यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान के तहत आठ वाहन सीज किए गए। और 72 वाहनों के चालान किए गए। क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह द्वारा स्वयं सरायमीरा क्षेत्र में पहुंचकर यातायात प्रभारी एवं पीटीओ को साथ लेकर वाहन चेकिंग अभियान को अंजाम देते हुए कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों को जागरुक भी किया गया। चेकिंग के दौरान एक लाइनमैन प्लास्टिक का हेलमेट लगाए मिला जिसको यातायात प्रभारी द्वारा अपने पास से नया हेलमेट पहनाकर मानवता की मिसाल पेश की गई। एक बोलेरो में लाल नीली बत्ती पुलिस लिखा कर चल रहे चालक का यातायात प्रभारी द्वारा चालान काटा गया और लाल नीली बत्ती भी निकलवाई गई। वही क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात प्रभारी द्वारा रामनारायण चौराहे से नगर पालिका के आसपास एवं लाखन तिराहे के आसपास नो पार्किंग में खतरनाक ढंग से खड़ी गाड़ियों को हटवाया गया। और भविष्य में गाड़ियां नो पार्किंग में ना खड़ा करने की आसपास के लोगों को हिदायत भी दी गई। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि यातायात निदेशक एवं सड़क सुरक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा बिना हेलमेट धारण किए दो पहिया वाहन चालकों की विशेष चेकिंग के आदेश दिए गए हैं। इसलिए जनपद कन्नौज वासियों से अपील की जाती है कि दो पहिया वाहनों में आगे और पीछे बैठने वाले हेलमेट अवश्य धारण करें। एक्सीडेंट में सिर की चोट को हेलमेट से बचाएं। और अपने आप को चालान से भी बचाएं। इस मौके पर मुख्य आरक्षी विजय बाबू, मुख्य आरक्षी राजेश यादव, आरक्षी दीपक यादव एवं नीरेश कुमार मौजूद रहे।



# बिलाई मिल द्वारा शुरू होने जा रहा है गन्ना सर्वेक्षण को लेकर महुआ में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे की एक बैठक आयोजित हुई

नदीम मलिक दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता ।कोतवाली देहात।बिलाई मिल द्वारा शुरू होने जा रहे गन्ना सर्वेक्षण को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक ग्राम महुआ में मुस्तकीम अंसारी के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मास्टर वेदपाल सिंह मलिक व संचालन मुनेंद्र सिंह ने किया।



बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई मिल द्वारा समय से गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है।जिसके कारण बिलाई मिल क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। समय से गन्ना भुगतान न होने के कारण और आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण ग्राम बाटपुरा के किसान पिछले दो वर्षों से से गन्ना क्रय केंद्र परिवर्तन को लेकर आंदोलनरत हैं। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा आन्दोलनरत किसानो की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। जबकि ग्राम बाटपुरा के किसानों ने पिछले दो वर्षों से बिलाई मिल के क्रय केंद्र पर गन्ना नहीं डाला है और किसान इधर–उधर औने–पौने भाव में गन्ना डालकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। विकास चौधरी ने शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा बिलाई मिल से किसानों का शोषण कराया जा रहा है। विकास चौधरी ने कहा कि अब संगठन किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा जिसके लिए विकास चौधरी ने कहा कि अब संगठन के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर बैठक करेंगे और बिलाई मिल द्वारा कराए जाने वाले गन्ना सर्वेक्षण का बहिष्कार करेंगे। विकास चौधरी ने कहा कि चालू सीजन में बिलाई मिल पर पंचायत के दौरान जिला प्रशासन से बिलाई मिल पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा बिलाई मिल पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसलिए बिलाई मिल द्वारा समय से समय से गन्ना भुगतान न होने का जिम्मेदार कहीं ना कहीं शासन प्रशासन भी है। अगर जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र बिलाई मिल गन्ना भुगतान पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन गन्ना भुगतान को लेकर गन्ना सर्वेक्षण बंद कराकर जिला मुख्यालय पर आंदोलन शुरू करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, भूरे सिंह, देवेंद्र सिंह, इमरान चौधरी, सजाउद्दीन, शौकीन अहमद, केशव सिंह, संजय सिंह, राजीव त्यागी, छोटू सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहटौर मोहल्ला जोशियांन में कूड़े के ढेर में 3 दिन से आग लगी होने के कारण नायब तहसीलदार पालिका कर्मचारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान बिजनौर। नहटौर।मोहल्ला जोशियान पश्चिम में कुड़े के ढेर में तीन दिन से आग लग रही है।आग लगने पर उठे धुएं से मोहल्लेवासी परेशान है।नायब तहसीलदार ने पालिका के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया है और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से मोहल्ला जोशियान पश्चिम में आकाशदीप पैलेस के पास पड़े कुड़े के ढेर में आग लग रही है।आग लगने से धुंआ मोहल्ले में फैलने पर लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। मोहल्ले वासियों ने इसकी शिकायत की थी जिसके आधार पर नायब तहसीलदार विजय कुमार हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि पालिका के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया।नायब तहसीलदार ने मोहल्ला जोशियान पश्चिम के लोगों के लिखित बयान भी लिए है।मोहल्ले वासियो का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा इस स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है।बार–बार मना करने के बाद भी रात के अंधेरे में कूड़ा डाल दिया जाता है। पिछले तीन दिनों से कुड़ो कके ढेर में आग लगी है और आग लगने से धुंआ मोहल्ले में फैला हुआ है। जिससे मोहल्ले सहित आसपास के मोहल्लेवासियो को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने इस स्थान पर कुड़ा न डाले जाने की मांग की है।नायब तहसीलदार विजय कुमार का कहना है कि निरीक्षण कर लिया गया है।मोहल्ले वासियों के लिखित बयान भी लिए गए हैं। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।



# स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

मो मुनब्बर अयोध्या टाइम्स कन्नौज । शैक्षिक सत्र 2025– 26 को ध्यान में रखते हुए हसेरन विकासखंड परिसर में सर्व शिक्षा अभियान के तहत बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई जिसको मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में खंड विकास अधिकारी रतीराम एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जगदीश निर्मल ने संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूकता रैली में भाग लिया बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर के करो पढ़ाई इस प्रकार नारे लगाते हुए पूरे कस्बे में जागरूकता रैली निकाल बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया की सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि स्कूलों में सत प्रतिशत नामांकन एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति हो रैली में प्रधानाध्यापक चक्रधर सिंह ,विनय कुमार ,नरेंद्र सिंह सहित दर्जनों अध्यापक मौजूद रहे।



# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता विमल पाण्डेय

- गर्मी में पेयजल व्यवस्था दुरस्त रखने एवं मटकों में पानी रखने के दिये निर्देश
- बच्चों को गणित पढ़ाया और प्रश्नों के उत्तर दिए

फफूँद(औरैया)।खांड शिक्षा अधिकारी भाग्यनगर ने ब्लाक के तमाम स्कूलों में निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, नामांकन, स्कूल चलो अभियान एवं गर्मी में पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम ने प्राथमिक विद्यालय दूल्हा राय का पुरवा, रता का पुरवा, कुठर्रा, रतवा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ादाना का निरीक्षण किया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ादाना में पहुंचकर कक्षा मे जाकर बच्चों से उनकी पढ़ाई के विषय व डीबीटी आदि सुविधा के विषय मे जानकारी ली।उन्होंने कुछ समय रुककर कक्षा 8 के बच्चों के साथ शिक्षण कार्य भी किया।गणित के सवाल ब्लैक बोर्ड में लिखकर हल करे।बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये टिप्स दिए।बच्चों ने खंड शिक्षाधिकारी से जमकर सवाल पूछे तो उन्होंने बच्चों को जमकर हंसाते हुए मजाकिया रूप से सवालों के उत्तर दिए।बहुत से बच्चों ने उनसे विद्यालय पुनः आने का अनुरोध किया।इस दौरान उन्होंने रिजल्ट वितरण, डीबीटी, नवीन नामांकन व शिक्षण व्यवस्था के बारे में शिक्षकों से चर्चा की।स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक नामांकन और पंजीकृत छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।



गर्मी में विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था दुरस्त रखने के निर्देश दिए।खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालय डीएम के निर्देशानुसार विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर पानी के मटके जरूर रखें।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल पांडे, संदीप गुप्ता, वरुण पंवार, सूर्यांश आदि मौजूद रहे।

## जमानत पर रिहा अपराधियों की निगरानी हेतु सीटीसी क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल निगरानी दस्ता का गठन किया गया

❑ बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



गोपाल गुप्ता क्राइम ब्यूरो दैनिक अयोध्या टाइम्स समाचार पत्र। जनपद शाहजहाँपुर में हाल के समय में घटित अपराधों की समीक्षा से यह स्पष्ट हुआ है कि पूर्व में संगीन आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तगण, जेल से जमानत पर रिहा होने के उपरांत पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हो रहे हैं। यह स्थिति जनपद की कानून–व्यवस्था के लिए एक गम्भीर चुनौती प्रस्तुत कर रही है। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा पुनरावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से,राजेश द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर सीटीसी (क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल) निगरानी दस्ता का गठन किया गया है। इस दस्ते में प्रत्येक थाने से दो–दो मुख्य आरक्षी/आरक्षियों की नियुक्ति की गई है, जो चिन्हित अपराधियों की पहचान, सत्यापन एवं सतत निगरानी का कार्य करेंगे। आज इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा निगरानी दस्ते की बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे निगरानी कार्यवाही को गति एवं सक्रियता मिल सके। निगरानी एवं सत्यापन के शीर्षक निम्नलिखित हैं– 1–पिछले 05 वर्षों में संलिप्त निम्न प्रकार के अपराधियों का सत्यापन– गुण्डा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, छिनैती, चोरी / वाहन चोरी / तार आदि चोरी, हत्या / गैर इरादतन हत्या (धारा 302/304 IPC), एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अपराध, गौवध अधिनियम से संबंधित अपराध, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी, टॉप टेन अपराधियों की पहचान एवं गतिविधियों पर नजर, इनामी अपराधियों की सतत निगरानी, सक्रिय अपराधियों की वर्तमान गतिविधियों का मूल्यांकन एवं निगरानी सीटीसी निगरानी दस्ता विशेष रूप से जेल से जमानत पर रिहा अपराधियों की तस्दीक कर उनकी सतत निगरानी करेगा, ताकि पुनः अपराध कारित करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उक्त कार्यक्रम मे देवेन्द्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर, पंकज पन्त, क्षेत्राधिकारी नगर, संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन, संतोष कुमार सिंह प्रतिसार निरीक्षक शाहजहाँपुर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनता युवा मोर्चा द्वारा विकास अवलोकन बाइक यात्रा निकली गई



महाराजगंज। योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विकास अवलोकन बाइक यात्रा निकली गई।मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने झंडी दिखा कर बाइक रैली को रवाना किया। योगी सरकार के सेवा, सुशासन और सफलता के 8 वर्ष पूरे होने पर युवा मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में बाइक यात्रा का कार्यक्रम हो रहा है इसी क्रम में मोदी सरकार के द्वारा महाराजगंज के सभी विकास स्थलों का भ्रमण करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए बाइक रैली निकाली गई। इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की पहचान संकट में थी। किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा अपनी पहचान के मोहताज थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। दंगों और अराजकता ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य माना जा रहा था आज उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदल चुका है। रैली के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष बलराम दुबे ने कहा कि इस बार योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर महराजगंज के युवाओं के द्वारा पूरे जनपद के सभी 5 विधानसभाओं में ऐतिहासिक बाइक यात्रा निकाली जा रही है इस पूरे कार्यक्रम में सत्यम चौबे ,आकाश श्रीवास्तव, विद्या पांडे ,प्रभाकर पांडे, अमन ,कमलेश मद्धेशिया ,पिंटू यादव ,राहुल तिवारी, राघवेंद्र,आदित्य, शिवांश, पंकज कसौधन ,इंद्र कैलाश सहित सैकड़ों भाजयुमो कार्यकर्ता नारे लगाते हुए रोडवेज परिसर में रैली का समापन हुआ।

## विद्युत आपूर्ति को लेकर बूथ अध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा पत्र



संवाददाता रू सुधीर कुमार शर्मा, रामपुर। जनपद की तहसील मिलक में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चलवाने हेतु भारतीय जनता पार्टी मिलक के बूथ अध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना ने मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा। पत्र में लिखा गया है कि तहसील मिलक सन 2017 से अब तक दो दो विधानसभाओं का नेतृत्व कर रही है जिसमें शाहबाद मिलक (38) व बिलासपुर मिलक (36) है जिसमें दोनों विधानसभाओं के जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के ही चुने जाते हैं उनके निर्वाचन में अहम भूमिका निभाने वाला एक मात्र मिलक क्षेत्र ही है जो कि यहां की जनता मोदी जी और योगी जी को अपना आदर्श मानती है जिस कारण मिलक बीजेपी का एक गढ़ बना है। जब चुनाव में समय काउंटिंग का समय आता है तब यही मिलक क्षेत्र दोनों विधानसभाओं को पूर्ण बहुमत से विजय दिलवाता है ।यही मिलक क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि यहां की जनता को अपनी ही सरकार में विद्युत आपूर्ति के लिए तरसना पड़ रहा है। पत्र में लिखा है जब इस समस्या को लेकर जनता विद्युत अधिकारियों से संपर्क करती है तब उनका यही कहना होता है कि शासन से हमने लोड बढ़ाने के लिए परमिशन मांगी है। यहां का टाउन क्षेत्र बड़ा होने के कारण विद्युत आपूर्ति का लोड कम है जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति में अवरोध पैदा हो रहा है। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण करने के लिए लोड बढ़वाना अति आवश्यक है क्योंकि टाउन का लोड 5डट। ज्ञ 2 नंबर परिवर्तक है जबकि 10 डट। ज्ञ2 परिवर्तक होना चाहिए। पत्र द्वारा बताया गया की शंकरपुर से मिलक तक लाइन पर लगातार फॉल्ट होते रहते हैं जिससे विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से मिलक क्षेत्र को नहीं मिल पा रही है जिसका कारण यह है कि शंकरपुर से मिलक तक जो लाइन आ रही है वह जजर है जहां जगह जगह तार कटे हुए हैं। पत्र में लिखा है सरकार द्वारा चलाई जा रही घर–घर मुक्त सोलर योजना के अंतर्गत सुबह 10रू00 बजे से शाम 7रू00 बजे तक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति का होना अति अनिवार्य है इस बीच 9 घंटे में सिर्फ मिलक नगर में 4 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जैसा कि पत्र में लिखा 3 किलोवाट का सोलर पैनल 15 से 20 यूनिट प्लस बिजली बन सकता है लेकिन इस समय 4 घंटे विद्युत आपूर्ति दिन में होने के कारण मात्र 5 से 6 यूनिट ही बन पा रहे हैं अगर इस समय विद्युत आपूर्ति पूर्ण नहीं मिलती है तो भारत सरकार द्वारा जो योजना चलाई जा रही है वह उत्तर प्रदेश में सफल होती नजर आ रही है मिलक क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए।

## मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरे पत्र को दूसरे के नाम से प्रेषित करने वाले अभियुक्तको पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स समाचार पत्र, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार,अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के निकट निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं घटनाओं के सफल अनावरण के क्रम मे इलेक्ट्रानिक सर्विलांस ,सीसीटीवी फुटेज व मेनुअल इनपुट व अन्य अभिसूचना संकलन के सहयोग से थाना सदर बाजार पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण– दिनांक 06.04.2025 को थाना सदर बाजार पर उ0नि0 दिनेश कुमार प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहांपुर द्वारा शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय मे रजिस्ट्री संख्या RU228658481IN के माध्यम से एक लिफाफे मे एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमे सम्बन्धित व्यक्ति 1.आविद पुत्र मेंहदी अंसारी 2.नफीस पुत्र नबी हसन अंसारी निवासीगण ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अपने रिश्तेदारों मुख्तार अंसारी अतीक अहमद के एनकाउंटर मे मारे जाने का बदला लेने के लिए माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ को दिनांक 10.04.2025 तक जान से मारने की धमकी देने और अपने आपको आईएसआई का एजेन्ट बताते हुये पुलिस प्रशासन को चेलेंज देने सम्बन्धित तथ्य अंकित किये गये थे । चूकिं प्रकरण मुख्यमन्त्री की सुरक्षा से सम्बन्धित होने के कारण उक्त प्राप्त पत्र के सम्बन्ध मे जन शिकायत प्रकोष्ट के प्रभारी उ0नि0 दिनेश कुमार के द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 190/25 धारा 352/351(3) बीएनएस विरुद्ध 1.आविद पुत्र मेंहदी अंसारी 2.नफीस पुत्र नभी हसन अंसारी निवासीगण ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर दिनांक 06.04.2025 को पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार यादव के सुपुर्द की गयी । जिनके द्वारा अभियोग की विवेचना सम्पादित करते हुये विवेचना के मध्य मैनुअल इनपुट , सीसीटीवी फुटेज , इलेक्ट्रानिक सर्विलांस व स्थानीय स्तर पर की गयी अभिसूचना संकलन व अन्य गोपनीय व स्थानीय जानकारी से उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे नामित 1. नफीस पुत्र स्व0 नबी हसन निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र लगभग 30 वर्ष 2. आबिद पुत्र स्व0 मेंहदी हसन अंसारी निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष के द्वारा कथित अपराध कारित करने के सम्बंध मे कोई भी पुष्टि कारक साक्ष्य उपलब्ध नही हुए, बल्कि विवेचना के दौरान एक अन्य व्यक्ति अजीम पुत्र खुशबू अली निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर का नाम उक्त पत्र अपने ही गांव के नफीस व आबिद से अपनी कुछ निजी रंजिशों व विवादों का बदला लेने के लिये उनके विरुद्ध कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध मे उनके नाम से प्रेषित किया जाना प्रकाश मे आया । प्रकाश मे आये अभियुक्त अजीम उपरोक्त से की गयी पूछताछ व अन्य जानकारी से यह तथ्य / साक्ष्य उपलब्ध हुये कि अजीम उपरोक्त की भाभी जैनब अंजुम गांव मे प्रधानी का चुनाव अपने रिश्तेदार के विरुद्ध लडी थीं, जिसमे नफीस व आबिद उपरोक्त द्वारा अजीम की भाभी के विरुद्ध खड़े प्रधान प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान व प्रचार प्रसार किया था, इसके अतिरिक्त अजीम उपरोक्त के विरुद्ध उनके ही गाँव के ही लेखपाल राजेश श्रीवास्तव के रिश्तेदार द्वारा एक धोखाधड़ी व कूटरचना का मुकदमा अजीम के विरुद्ध सीतापुर मे पंजीकृत कराया गया था, जिसमे अजीम जेल गया था। इसी के बचाव पक्ष मे अजीम के द्वारा अपने गावं के लेखपाल राजेश श्रीवास्तव के विरुद्ध मा0 न्यायालय मे एक मुकदमा 156(3) के तहत डाला गया था , जिसमे नफीस व आबिद उपरोक्त द्वारा राजेश श्रीवास्तव के पक्ष मे अजीम के विरुद्ध बतौर गवाह गवाही दी गयी थी। साथ ही नफीस उपरोक्त की अपने अन्य भाइयों से जमीन को लेकर कुछ मतभेद चल रहे हैं। इस कारण नफीस व उसकी माँ को उसके दूसरे भाईयों ने उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया और उन्हे गांव से बाहर जाने पर मजबूर कर दिया गया है। अजीम जो कि नफीस के भाई का मित्र भी है , उसके द्वारा अपने कुत्शित उद्देश्य की पूर्ति के लिए कि नफीस पुत्र नबी हसन व आबिद पुत्र मेंहदी अंसारी द्वारा उसके प्रधानी के चुनाव मे उसका साथ न देने तथा उसके विरुद्ध गवाही देने के कारण दोनो से बदला लेने के उद्देश्य से उक्त पत्र अजीम पुत्र खुशबू अली द्वारा छल कपट, बेईमानी व धोखाधडी करके कूटरचित पत्र स्वयं के हस्तलेख मे तैयार करके अभियोग मे नामितगणो का नाम लेकर उनको झूठे मुकदमे मे फसाने व जेल भिजवाने के लिए प्रकाश मे आये अभियक्त अजीम द्वारा यह कार्य किया । साथ ही अजीम उपरोक्त का यह भी उद्देश्य होना जानकारी मे आया कि इस मामले मे नफीस के जेल चले जाने पर उसकी जमीन पर भी मै कब्जा कर लूंगा । अतः उपलब्ध साक्ष्यों व अन्य जानकारी /तथ्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे नामित 1. नफीस पुत्र स्व0 नवी हसन निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र लगभग 30 वर्ष 2. आबिद पुत्र स्व0 मेंहदी हसन अंसारी निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष की घटना मे किसी भी प्रकार की संलिप्तता नही पाये जाने पर उनका नाम विवेचना से अभियोग से पृथक किया गया तथा धारा 352 बीएनएस का लोप किया गया तथा अभियोग मे साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अजीम उपरोक्त प्रकाश मे आया जिसके द्वारा कारित कृत्य के सम्बन्ध मे मुकदमा उपरोक्त मे धारा 248,319(2),318(4),338,336(3),340(2)बीएनएस की बढोत्तरी की गयी । घटना की गंभीरता को देखते हुए इलेक्रटानिक सर्विलांस ,सीसीटीवी फुटेज व मैनुअल इन्पुट व अन्य गोपनीय व स्थानीय जानकारी व अभिसूचना संकलन के माध्यम से सर्विलांस टीम के सहयोग से प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के निर्देशन मे निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार यादव के नेत्रत्व मे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी । प्रभावी पतारसी सुरागरसी व मैनुअल इनपुट व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के सहयोग से उक्त टीम द्वारा दिनांक 08.04.2025 को प्रकाश मे आये अभियुक्त अजीम पुत्र खुशबू अली निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर हाल पता मोहल्ला मिश्रीपुर थाने के सामने गोशाला के पीछे थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना रामचन्द्र मिशन के सामने बनी गौशाला के पीछे नये आबादी की तरफ समय करीब 07.25 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अजीम के कब्जे से एक अदद मोटरसाईकिल रजि नं0 UP27BQ2164 HONDA SHINE व एक अदद मोबाईल सैमसंग माडल गैलेक्सी ।13 व 21000 रुपये नगद बरामद कर अभियोग की घटना का सफल अनावरण किया गया । गिरफ्तारी अभियुक्त अजीम के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तारी पूछताछ– अभियुक्त अजीम पुत्र खुशबू अली निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 38 वर्ष मोबाईल नं 9454531710 ने पूछने पर बता रहा है कि मैने नया मकान गौशाला के पीछे थाना आर.सी.मिशन क्षेत्र मे बनवाया हैं । मैं वहाँ अकेले रहता हूँ मेरे घर मे मेरी पत्नी राजिया व लडका तैमूर है मै इण्टर तक पढा लिखा हूँ । हम कुल तीन भाई एक बहन है । वर्ष 2021 मे हमारे गाँव के प्रधानी की सीट महिला सीट थी ।हमने अपने बडे भाई सुऐव उर्फ फौजी की पत्नी जैनब अंजूम को प्रधानी के चुनाव मे प्रधान पद के प्रत्याशी के पद के रुप मे खडा किया था । मेरे विपक्ष में मेरे गाँव के मुसर्रफ अली जो दो बार प्रधान रह चुके है कि पत्नी सायदा बेगम भी चुनाव लड रही थी । उस प्रधानी के चुनाव मे हमारे गांव के नफीस पुत्र स्व0 नवी हसन निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर व आबिद पुत्र स्व0 मेंहदी हसन अंसारी निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ने चुनाव मे हमारा काफी विरोध किया था तथा दूसरे प्रत्याशियों का समर्थन किया था, मुझे उन दोनो से इसी बात की निजी रंजिश थी । इसके अतिरिक्त इन दोनो के द्वारा हमारे गाँव के रहने वाले राजेश श्रीवास्तव लेखपाल के रिश्तेदार ने सीतापुर कोतवाली मे मेरे खिलाफ एक मुकदमा धोखाधड़ी का लिखवाया था,जिसमे मुझे जेल जाना पड़ा था, इसी के बचाव पक्ष मे मैने भी राजेश श्रीवास्तव व उनके रिश्तेदारों के खिलाफ मामला अदालत मे प्रस्तुत किया था जिसमे आबिद व नफीस ने उस प्रकरण मे मेरे विरुद्ध पुलिस को गवाही दी थी तथा राजेश श्रीवास्तव के पक्ष मे गवाही दी थी, इसी कारण मै नफीस व आबिद से बदला लेने की फिराक मे था । क्योंकि मुझे इन दोनो से व्यक्तिगत वैमनसता हो गयी थी तभी से मै इन दोनो किसी बड़े मामले मे फसाने की फिराक मे था । बाद मे मुझे यह भी बात पता चल गयी थी कि हफीज जो नफीस का सगा भाई है से उसका जमीन का विवाद चल रहा है । हफीज ने चुनाव मे मेरा सहयोग किया था तो उससे मेरा लगाव उसके हो गया था, इसलिये मैने यह भी सोचा कि नफीस व उसका दूसरा साथी आबिद इस मामले मे जेल चले जायेंगे और नफीस की जमीन पर उसका भाई हफीज काबिज हो जायेगी और मै किसी तरह उसकी जमीन हड़प लूंगा । इसी उद्देश्य से मैने विपक्षी आबिद व नफीस को फसाने की पूरी योजना तैयार करके मैने उक्त पत्र अपने हस्तलेख मे इन दोनो के विरुद्ध इनको फसाने की नियत से दिनांक 25.3.2025 को अपने घर जलालाबाद से शाहजहाँपुर आकर व केरुगंज पोस्ट आफिस मे जाकर मैने उनके नाम से एक पत्र पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के पते पर रजिस्टरी कर दिया जिसमे मैने उक्त पत्र मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 10 अप्रैल तक जान से मारने की धमकी दने सम्बन्धी बात अंकित की थी । मुझे लगा था कि मै इसमे आबिद व नफीस की नाम लिखूँगा तो पुलिस उनको उठाकर ले जाएगी और जेल भेज देगी इसलिए मैने धौखाधड़ी करके , कूटरचि पत्र उन दोनो के नाम से लिखकर उसे रजिस्ट्ररी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर को प्रेषित कर दिया। रजिस्ट्री करने के बाद जो रजिस्ट्री की स्लिप मुझे मिली थी जिसे मैने वही फाडकर नाली में फेंक दिया था। मैने यह नही सोचा था कि पुलिस इतनी गहराई से छानबीन कर मुझ तक पहुंच जायेगी। साहब मुझसे गलती हो गयी क्षमा कर दो।

## भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन परतावल में संपन्न

### ❑ पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल



परतावल, महराजगंज। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड परतावल के सभागार में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने की जिसमें भाजपा के सैकड़ों सक्रिय सदस्य शामिल हुए। विधायक सिंह ने कहा कि ष्कार्यकर्ताओं की मेहनत ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसा समर्पित संगठन है जो देश और समाज के लिए दिन–रात काम कर रहा है।

सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन– जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा ष्इस सम्मेलन का उद्देश्य सिर्फ बैठक नहीं बल्कि संगठन की जड़ों को और मजबूत करना है। हम सब मिलकर हर बूथ को विजय बूथ बनाएंगे।परतावल ब्लाक प्रमुख आनन्द शंकर वर्मा ने कहा कि सक्रिय सदस्य सम्मेलनष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम होता है, जिसमें पार्टी के सक्रिय सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। इसका उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना, आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा करना और पार्टी की विचारधारा व नीतियों का प्रचार–प्रसार करना होता है।

परतावल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया ने कहा भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर काम करता है। आने वाले चुनाव में हम पहले से अधिक जनसमर्थन प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश उर्फ बब्लू यादव ने किया और अंत में सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मेलन में मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ प्रमुख, शक्ति केंद्र संयोजक, महिला मोर्चा,जिला कार्यकारिणी सदस्य शुभलक्ष्मी सिंह, युवा मोर्चा समेत तमाम प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमान जी की पूजा और भक्तिसे जीवन धन्य हो जाता है- जयमंगल कनौजिया



महाराजगंज। हनुमान जी की पूजा और भक्ति से जीवन धन्य हो जाता है । ऐसा माना जाता है कि हनुमान जी की कृपा से कष्ट दूर होते हैं, मन शांत होता है और जीवन में सुख–समृद्धि आती है। कष्टों से मुक्ति मिलती है ।हनुमान जी की पूजा से व्यक्ति को जीवन के कष्टों, दुखों और समस्याओं से छुटकारा मिलता है। उक्त बाते सदर विधायक जयमंगल कनौजिया ने नगर के सक्सेना तिराहे पर महा प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भोग लगा कर प्रसाद वितरित करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की भक्ति से मन शांत होता है और व्यक्ति को मानसिक तनाव से राहत मिलती है । हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और धन की प्राप्ति होती है । हनुमान जी की भक्ति से व्यक्ति में साहस और आत्मविश्वास बढ़ता है ।हनुमान जी की पूजा से व्यक्ति को रोगों और बीमारियों से मुक्ति मिलती है हनुमान जी की भक्ति से व्यक्ति को शत्रुओं और दुष्ट शक्तियों से रक्षा मिलती है । मंगलवार और शनिवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। मंगलवार को पवनसुत हनुमान जी के पावन दिन पर आयोजित महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में विधिवत पूजन अर्चन मंत्रोच्चारण के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया ।इस अवसर पर राम नारायण निगम,वीरेंद्र लोहिया, संजीव शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव राकेश अग्रहरी, गोविन्द जायसवाल राधेश्याम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया नगरिया मोड पर रेस्टोरेंट का उद्घाटन



प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स समाचार पत्र, शाहजहांपुर / प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज नगरिया मोड़ स्थित ब्रदर इन होटल – रेस्टोरेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया । इस अवसर पर रेस्टोरेंट के मालिक दिवाकर सिंह पंकज ने श्री खन्ना के वहां पहुंचने पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ,भाजपा जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ,भाजपा नेता प्रदीप पांडे , महापौर पति राजेश वर्मा , कैंटोमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित , भाजपा महानगर अध्यक्ष पति आशीष गुप्ता , कमांडो अनिल सिंह , श्याम बाबू दीक्षित , अजीत सिंह, अमित अग्रवाल , किशोर गुप्ता , रोहित गुप्ता , गौरव गुप्ता आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

महराजगंज। भिटौली थाना क्षेत्र के शिकारपुर चौकी अंतर्गत कोदईला में सोमवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा मिली जानकारी के अनुसार भिटौली थाना क्षेत्र के पचरुखीया निवासी दिनेश अपने निजी काम से महाराजगंज गए थे और वापस घर जा रहे थे अभी वह शिकारपुर के कोदईला के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन की चपेट मे आ गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## बलुआ में लगी भीषण आग,पांच एकड़ फसल जलकर खाक

महराजगंज। परतावल विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा बलुआ में आज अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे लगभग 5 एकड़ फसल जलकर खाक हो गया मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की



मदद से आग पर काबू पाया वही आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है अज्ञात कारणों से लगी आग से बक्शीश अली,मोबिदुल हसन, वहीदुल्ल हसन आदि लोगो का लगभग 5 एकड़ फसल जलकर खाक हो गया।

## अखिल भारतीय जाटव महासभा के जिला प्रचार मंत्री बने सत्यवीर सागर

संवाददाता, सुधीर कुमार शर्मा, रामपुर / अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय महेश सागर द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया जिसमें सत्यवीर सागर को रामपुर जिला प्रचार मंत्री बनाया गया है । नियुक्ति पत्र दिए जाने के दौरान संगठन की जिम्मेदारियां प्रदान की गई। प्रदेश अध्यक्ष माननीय महेश सागर जी ने कहा अखिल भारतीय जाटव महासभा मजबूत संगठन है जो कि हमेशा बहुजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है । अखिल भारतीय जाटव महासभा संगठन उभरता हुआ संगठन है जिसमें युवा बढ़–चढ़कर जुड़ रहे हैं । जिला प्रचार मंत्री सत्यवीर सागर हमारे संगठन में काफी समय से जुड़े हुए थे जिन्हें 07अप्रैल 2025 को जिला प्रचार मंत्री का नियुक्ति पत्र देकर संगठन की जिम्मेदारियां दी गई हैं । हमें उम्मीद हैं कि सत्यवीर सागर द्वार हमेशा संगठन को मजबूत बनाने व आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा । जिला प्रचार मंत्री सत्यवीर सागर ने अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय महेश सागर को विश्वास दिलाया है कि वह पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से अपनी पद की गरिमा को रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे । इस मौके पर ओम प्रकाश सागर , सर्वेश मौर्य , जबर सिंह सागर आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समाजसेवी अतुल उपाध्याय ने ग्राम पंचायतों में दवा छिड़काव व फागिंग की किया मांग

दैनिक अयोध्या टाइम/अभिषेक शुक्ला, सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर।विकास खण्ड बांसी के न्याय पंचायत चेतिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों से समाजसेवी/प्रत्याशी जिला पंचायत अतुल उपाध्याय सहित दर्जनों ग्रामीणों श्याम मिश्रा, शिव बालक निषाद, कमलेश मिश्रा, शनि निषाद, बड़हरघाट निवासी पुन्नवासी साहनी ने लगभग 6 माह से नाली की सफाई न होने को लेकर एडीओ पंचायत बांसी से शिकायत की थी कि उनके गांव सहित न्याय पंचायत के समस्त ग्राम पंचायत में सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया। वहीं महिलाओं के अनुसार मच्छरों के बढ़े प्रकोप से रसोई तक झुंड के झुंड पहुंच रहे हैं। इस मामले का संज्ञान एडीओ पंचायत ने लिया और तीन दिन के अन्दर नालियों की सफाई भी हो गई। इसके साथ ही ग्रामीणों ने दवा छिड़काव की मांग की है। इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत अजय राय ने कहा कि मच्छरों की रोकथाम के ग्राम पंचायत सचिव से बात कर जल्द ही फागिंग कराई जायेगी।



## भारत स्काउट और गाइड की जिला परिषद की बैठक संपन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ चंद्रप्रकाश, आगरा। भारत स्काउट और गाइड की जिला परिषद की बैठक जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, 10 प्रतिशत कोटाधन , पंजीकरण, नवीनीकरण एवं संबद्धता शुल्क, यू० पी एवं सी० बी० एस० ई बोर्ड के विद्यालयों में स्काउट गाइड दलों का गठन, बी०एस०जी ज्ञान प्रतियोगिता एवं जनपद कैडेट रैली, डीएलएड में स्काउट गाइड प्रशिक्षण, शीघ्र ही स्काउट भवन हेतु व्यवस्था तथा शहर में एक चौराहा स्काउट गाइड के नाम बनाने के विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बालिका शिक्षा, डाइट प्राचार्य श्रीमती पुष्पा कुमारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार गौड़, जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ, जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज, सहायक सचिव डॉ० दिग्विजय पचौरी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ० देवेन्द्र भारद्वाज, जिला आयुक्त स्काउट डॉ अतुल जैन, जिला आयुक्त कब डॉ० अतुल कुलश्रेष्ठ, जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स डॉ० ममता शर्मा, जिला आयुक्त मुख्यालय डॉ० शमा गुप्ता, लीडर ट्रेलर विजय सिंह लवानिया, संगठन आयुक्त महेश सैनी, श्रीमती कुसुम वर्मा, ट्रेनिंग कमिश्नर लाखन सिंह, श्रीमती भावना सिंह एवं ट्रेनिंग काउंसलर कमल सिंह, डॉ मनोज कुमार पाठक, वीरेंद्र कुशवाहा, संजय कुलश्रेष्ठ, विवेक दीक्षित, पविता कुशवाहा,अभिषेक शर्मा, मनोज कुमार, महेश सिंह, यशोदा एवं समस्त जिला परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा संगठन की रीढ-चौ नीरपाल

❑ मई के पहले सप्ताह में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन।



दैनिक अयोध्या टाइम्स, हरिद्वार। खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक की अध्यक्षता में भूपतवाला में एक होटल के सभागार में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि युवा शक्ति देश को नई दिशा देती है। युवाजन परिवर्तन के प्रतीक है।जब जब युवा शक्ति जागरूक हुई हैं तब तब बहुत बड़े बदलाव आए हैं। पार्टी संगठन में भी युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है।बूथ स्तर से लेकर ऊपर तक पार्टी को मजबूती युवा शक्ति देती है।अगले महीने मई के पहले सप्ताह में हरिद्वार में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में युवाओं को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में युवा बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे। उत्तर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक तोमर व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान ने कहा कि हमारी युवा टीम पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी के नेतृत्व में मजबूती से काम करेगी जिसके सकारात्मक परिणाम उत्तराखंड में देखने को मिलेंगे। इस दौरान प्रशांत चौधरी,विक्रांत राठी, चौ भगत सिंह, दीपक नेहरा, ओमवेश त्यागी, अमित चौधरी,अनुज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सफाई सम्बंधी शिकायत का तत्काल कराया निस्तारण

❑ जनसुनवाई में आयी पांच शिकायते, एक का हुआ अविलंब निस्तारण



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। नगर निगम में आज जलकल व सफाई सम्बंधी दो–दो तथा अतिक्रमण सम्बंधी एक शिकायत आयी। जिसमें से सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि चारों शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या 60 कलसिया रोड के दिलशाद ने मंशा कॉलोनी के सामने नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर तत्काल सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 47 नवाबगंज चौक निवासी वीरेंद्र खन्ना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस गार्डन के निकट साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सम्बंधित क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड दो रामनगर निवासी शेर सिंह द्वारा रामनगर मल्हीपुर रोड पर रविदास मंदिर के पास गलियों की पाइप लाइन को मेन लाइन से जोड़ने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। वार्ड 08 कृष्णा सिटी शकलापुरी के राकेश कुमार ने उक्त कॉलोनी में पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने उक्त दोनों मामलों में सम्बंधित अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड 52 विजय टॉकिज के निशाद ने सड़क पर लगे एक बोर्ड को हटाने की मांग की। जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डेंटल इंप्लांट कान्क्लेव 2025 का आयोजन धूमधाम से किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। डॉ. समित सर्जिकल सेंटर द्वारा 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्डेंटल इंप्लांट कॉन्क्लेव 2025श का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें चिकित्सको द्वारा दूरबीन द्वारा और लेजर द्वारा तंबाकू ग्रसित जबड़ों का भी सफल इलाज़ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अजय सिंह मेयर, डॉ. प्रवीण कुमार सीएमओ, तथा डॉ. पंकज खन्ना वरिष्ठ दंत चिकित्सक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समित सर्जिकल सेंटर जो आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध है। एडवांस मशीनों द्वारा ओरल सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हेयर ट्रांसप्लांट और इंप्लांट जैसे उच्च स्तर के इलाज उपलब्ध हैं।

सेंटर द्वारा हर माह निशुल्क जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें वृद्ध, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमज़ोर मरीजों को मुफ्त परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है। कॉन्क्लेव में देशभर से आए विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ जतिन कालरा, डॉ ध्रुव अरोरा, डॉ हनी वर्मा ने डेंटल इंप्लांट, जैसी आधुनिक उन्नत तकनीकों पर जानकारी साझा की। डॉ. समित जैन (ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन), डॉ. सारिका जैन (प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन), डॉ. स्वेता जैन, डॉ. तन्वी गर्ग, और डॉ. आरुषि गर्ग सहित उनकी टीम गजल, दीपा, आदेश, रोहित, अरविंद, रेशमा का सराहनीय योगदान रहा।

## आठ घंटे बाधित रहेगी कई मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति

कैराना। बुधवार को कस्बे के पुराने बिजलीघर के पास रखे 400 केवीए विद्युत ट्रांसफॉर्मर की जौडवां कुआं से निर्मल चौराहे तक एलटी लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते कोतवाली फीडर के मोहल्ला पुराना बाजार, बेगमपुरा, चौक बाजार, जौडवां कुआं व निर्मल चौराहे की विद्युत आपूर्ति प्रातः दस बजे से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी। उक्त आश्य की जानकारी कस्बे के 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र देवी मंदिर पर तैनात अवर अभियंता अजय शर्मा ने दी। उन्होंने इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त किया है।

## यातायात नियमों के खिलाफ धरने की राजनीति, ई-रिक्शा चेकिंग अभियान पर किसान संगठनों का दबाव

दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाए जा रहे ई–रिक्शा चेकिंग अभियान को लेकर सहारनपुर में नया विवाद खड़ा हो गया है। ट्रैफिक व आरटीओ विभाग द्वारा शासनादेश के अनुपालन में किए जा रहे चालान और रिक्शा सीज की कार्रवाई पर कुछ तथाकथित किसान संगठनों ने विरोध दर्ज कराते हुए धरने पर बैठने की चेतावनी दी। उनका आरोप है कि प्रशासन अनावश्यक रूप से ई–रिक्शा चालकों को परेशान कर रहा है। धरने की जानकारी मिलते ही सीओ सेकंड शैलेन्द्र गौतम मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को 10 दिन के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैकृक्या अब हर वर्ग ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर उतरने लगेगा?

जिस प्रकार ई–रिक्शा चालकों के समर्थन में कुछ संगठन धरने और ज्ञापन के जरिये दबाव बना रहे हैं, यदि यही तरीका अन्य वाहन चालककृऑटो, टेंपो, ट्रक, बस, यहां तक कि दोपहिया वाहन चालक भी अपनाने लगें तो ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि पुलिस प्रशासन को ऐसे दबाव में आने के बजाय शासनादेश का सख्ती से पालन कराना चाहिए। यदि नियमों के खिलाफ सड़कों पर राजनीति हावी होती रही, तो आम जनता की सुरक्षा और यातायात नियंत्रण पर संकट खड़ा हो सकता है। शासन के आदेशों का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना और दुर्घटनाओं को रोकना है। ऐसे में किसी भी संगठन द्वारा नियमों के खिलाफ जाकर दबाव बनाना, एक गलत परंपरा की शुरुआत मानी जाएगी। प्रशासन को चाहिए कि वह धरनों और धमकियों के दबाव में आए बिना अपने कर्तव्यों का निष्पक्ष पालन करे।



## जनहित एवं राष्ट्रहित में कांग्रेस संकल्प एवं समर्पण के साथ संघर्ष जारी रखेगी.... ..संदीप सिंह राणा

दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। गुरुद्वारा रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने और संचालन पूर्व सेवादल महानगर अध्यक्ष अमरदीप जैन ने किया ।



बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने विगत 4 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों की राहुल जी के साथ हुई बैठक में हुए विमर्श की जानकारी देते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऐसे संगठन के निर्माण के सृजन के आदेश दिए जिसमें समाज के हर वर्ग के नागरिक को संगठन में प्रतिनिधित्व मिल सके । जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम हाई कमान के निर्देशानुसार शीघ्र ही कर्मठ और जिम्मेदार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक सुदृढ़ जिला संगठन का सृजन करेंगे । संदीप राणा ने कहा कि जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव आदि पदों का दायित्व मिलने वाले पदाधिकारियों को जिम्मेदारी और कर्मठता के साथ कार्य करना होगा, क्योंकि हमारा लक्ष्य और मिशन संगठन को ब्लॉक, ग्राम पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत करने का है और इसी से संगठन की सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा । जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि जिला कांग्रेस की पूरी टीम संगठन सृजन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण होने के पश्चात कांग्रेस के ध्वज के नीचे संगठित होकर, कांग्रेसी संस्कृति का निर्वहन करते हुए संकल्प और समर्पण के साथ जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती नजर आएगी ।

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि कि इस बार हम जिस संगठन का निर्माण करने जा रहे हैं व हाई कमान से प्राप्त निर्देशों के अनुसार होगा । मेहरबान आलम ने कहा कि हमें अपने इस संघर्ष को उतना ही संगठित होकर चलना होगा, जितना कभी महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में हमारे पूर्वजों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था । महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने बताया कि महानगर में संगठन सृजन के लिए एक अति आवश्यक बैठक, कल 9 अप्रैल को महानगर कार्यालय पर होगी ।

निवर्तमान प्रदेश सचिव अशोक सैनी पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि जो लोग संगठन में सक्रियता से हिस्सेदारी और अपनी जिम्मेदारियां को ना निभा सके वे बिल्कुल भी पद ना लें और एक कार्यकर्ता की भांति संगठन को मजबूत करने का काम करें, क्योंकि समय ना दे पाने की उनकी व्यवस्था के चलते संगठन का बड़ा नुकसान होगा ।

बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के अलावा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मेहरबान आलम, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, काजी शौकत हुसैन, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, हरिओम मिश्रा, नितिन शर्मा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, इमरान कुरेशी, सत्यम भूरियान सैनी, विनय राणा, गौरव सैनी, धर्मपाल जोशी, सचिन कंबोज, अमरदीप जैन, सोनू पठान, पराग पवार, आरिश सिद्दीकी, मुनीश सहगल, विजय शर्मा, चौधरी ग़ालिब, तंजीम सिद्दीकी, चौधरी राजेंद्र, रजनीश प्रधान, अजय त्यागी, वीर सेन उपाध्याय, भूपेंद्र सैनी, शाजिया नाज, डॉ मोहर्रम अली, प्रीतम सैनी, रेखा धीमान, गुलशेर अल्वी, अमित विश्वकर्मा, सतीश एडवोकेट, असगर आलम, राजू पंडित, राजपाल सिंह त्यागी, चौधरी नवाब, अली मेघराज, चौधरी हाशिम, मयंक शर्मा, नसीब खान, नसीम खान, अजय चौधरी, चौधरी ग़ालिब, अबरार, मुकेश राज कश्यप, मांगेराम, अभिषेक कुमार, रिंकू पवार, नसीम भारती, बिट्टू भाई, अक्षय, इसरार समानी, अभय नौटियाल, अमरीश शर्मा, अमित शर्मा, साजिद अली, रजनीश चौहान, हरेंद्र सिंह राणा, रणवीर सिंह बंदूखेड़ी, विधु शर्मा, मोहनलाल शर्मा, राकेश वर्मा, कमल सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

## निरस्त नहीं किया जा सकता जीआईएस सर्वेरू नगरायुक्त

❑ टैक्स गड़बड़ी का स्पेसिफिक केस दें जांच के बाद सख्त कार्रवाई होगी।

दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा है कि जीआईएस सर्वे प्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह शहर के टैक्स को रेशनलाइज़ (पुर्नगठन) करने की प्रक्रिया है। अतः जीआईएस सर्वे को बिना किसी आधार के निरस्त नहीं किया जा सकता। यदि इसके क्रियान्वन में कहीं कोई कमी होगी तो उसे दुरुस्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे के सम्बंध में शासन के निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा। नगरायुक्त ने यह बात कुछ पार्षदों द्वारा जीआईएस सर्वे निरस्त करने की मांग करने के संदर्भ में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जीआईएस सर्वे को लेकर मेरठ का उदाहरण दे रहे हैं, मेरठ व दूसरों निगमों से भी इस संबंध में तथ्य मंगाकर उनका अध्ययन कर, शासन के निर्देशों के आलोक में निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य रुप से टैक्स में गड़बड़ी की बात कह देना ठीक नहीं है, इससे न तो गड़बड़ी का निराकरण संभव है और न नगर निगम द्वारा टैक्स जमा करने में कर्मचारियों के मनोबल को बरकरार रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके बार–बार कहने के बावजूद टैक्स में गड़बड़ी का कोई स्पेसिफिक केस किसी व्यक्ति द्वारा आज तक न तो उनके संज्ञान में लाया गया है और न टैक्स के वरिष्ठ प्रभारी/अपर नगरायुक्त के संज्ञान में लाया गया है। नगरायुक्त ने शहर के लोगों को आश्वस्त किया कि यदि टैक्स के बिलों में गड़बड़ी की शिकायत किसी स्पेसिफिक केस के साथ उनके संज्ञान में आयेगी तो उसकी गहन जांच कराकर सम्बंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। जिसमें उसके खिलाफ अपराधिक मुकदमा पंजीकृत कराने के अलावा बर्खास्तगी तक शामिल है। नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि शहर के केवल 35 प्रतिशत भवन स्वामियों द्वारा ही टैक्स दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि टैक्स देना प्रत्येक जिम्मेदार शहरी का नैतिक दायित्व और कर्तव्य है। टैक्स की राशि से ही शहर में विकास कार्य किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई कारण नहीं है कि जो लोग शहरी क्षेत्र में रहते हुए मूलभूत सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें टैक्स लेने से छोड़ दिया जाए या उन पर



टैक्स न लगाया जाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नगर निगम द्वारा टैक्स वसूली में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह सब पैसा शहर के विकास पर ही खर्च किया जायेगा।

## जीआईएस सर्वे के आधार पर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के कार्यालय के बाहर नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स , सहारनपुर। नगर में जीआईएस सर्वे के आधार पर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के कार्यालय के बाहर नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया और तत्काल जीआईएस सर्वे को निरस्त करने की मांग की सर्वे लगने से सहारनपुर की जनता में हाहाकार मचा हुआ है और नगर निगम के टैक्स विभाग के कर्मचारी अवैध धन वसूली कर रहे हैं आमजन ओर मध्यम वर्गीय वर्ग व गरीब जनता का इस बढ़े हुए टैक्स से बुरा हाल है विधानसभा प्रभारी और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा किसी सूरत में भी यह टेक्स जनता पर नहीं लगने दिया जाएगा सत्ता पक्ष के लोग मौन है और सहारनपुर की जनता को लूटने का काम किया जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके लिए हम आंदोलन भी करेंगे जब मेरठ में 1 वर्ष का जी आई सर्वे लगाया गया है तो हमारे सहारनपुर में तीन–तीन वर्ष के नोटिस देकर जनता का उत्पीड़न क्यों किया जा रहा है इस मौके पर पार्षद हाजी गुलशेर , पार्षद अहमद मलिक , पार्षद नितिन जाटव , पार्षद हाजी नूरआलम , पार्षद इमरान सैफी ,पार्षद फजलुर्रहमान , पार्षद अब्दुल खालिक , पार्षद महमूद , पार्षद फराज अंसारी , पार्षद डॉ मोहतासीन , पार्षद डॉ एहतेशाम , पार्षद परवेज मलिक ,पार्षद फहाद सलीम , पार्षद मोहर्रम अली पप्पू , पार्षद नदीम अंसारी , पार्षद जावेद एडवोकेट , पार्षद डॉक्टर मंसूर , पार्षद मास्टर मेनपाल , पार्षद स्वराज द्वारा ज्ञापन सौंप कर। टैक्स विभाग द्वारा लगाए गए जी आईएस सर्वे तत्काल निरस्त करने की मांग की नगर एक्ट द्वारा शासन को इस संबंध में जानकारी देने की बात कही और मेरठ द्वारा जो 1 वर्ष का की सर्वे लगाया गया है उसे संबंध में भी मेरठ से रिपोर्ट मांगने की बात कह कर आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त समाचार

### दो स्थानों पर स्थायी अतिक्रमण कराया ध्वस्त

❑ नगर निगम ने चलाया विश्वकर्मा चौक से पेपरमिल फाटक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज भी नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहा। विश्वकर्मा चौक से पेपरमिल रोड फाटक तक चलाये गए अभियान के दौरान अनेक स्थानों से अस्थायी व स्थायी अतिक्रमण हटाया गया और सामान जब्त करने के अलावा जुर्माना भी वसूला गया।

नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने विश्वकर्मा चौक से पेपरमिल रोड फाटक तक सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान चालस से अधिक स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण तथा दो स्थानों से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क पर रखे आठ फलेक्स बोर्ड, 15 प्लास्टिक फ्रूट कैरेट, चार प्लास्टिक स्टूल जब्त कर निगम लाये गए। अतिक्रमणकारी दुकानदारों से 6100 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। दो स्थानों पर स्थायी अतिक्रमण पाया गया जिसें निगम के अतिक्रमण दस्ते ने अपने सामने ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही भारी जुर्माना लगाया जायेगा।

### बस्ती में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल SP ने 37 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन किया तबादला, तत्काल प्रभाव से लागू



विकास चौधरी ब्यूरो प्रभारी, दैनिक अयोध्या टाइम्स बस्ती।बस्ती में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने 37 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। स्थानांतरण आदेश में विभिन्न थानों से पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा गया है। इनमें कलवारी, नगर, हरैया, परशुरामपुर, सोनहा, वाल्टरगंज, कप्तानगंज, गौर और रूधौली थाने शामिल हैं।

कोतवाली से रामेश्वर गौड़, धीरज यादव और दुर्गेश को स्थानांतरित किया गया है। पुरानी बस्ती थाने से फयानाथ भास्कर, गणेश सिंह और रामभगत यादव को भेजा गया है। वाल्टरगंज से शमशेर अहमद खान, मिथलेश कुमार, रत्नेश और चालक लालदेव का तबादला हुआ है। हरैया से पवन यादव, छावनी से राघवेन्द्र दूबे, अभिमन्यु शर्मा और लवकुश को स्थानांतरित किया गया है। परशुरामपुर थाने से दिग्विजय सिंह, पयनेश सिंह, पवन यादव और शुभम चौधरी का तबादला हुआ है।

गौर थाने से देवेन्द्र निषाद और सतेन्द्र यादव, पैकोलिया से चंद्रकेश यादव और राजन को भेजा गया है। कलवारी से राजेश कुमार सिंह और विकास सिंह का स्थानांतरण हुआ है।नगर थाने से हेमंत सिंह और धन्वंत, कप्तानगंज से रमेश चौहान और एस.पी. चौहान को स्थानांतरित किया गया है। रुधौली से वृषकेतु सिंह, सुनील कुमार सिंह और राजन गौड़ का तबादला हुआ है।

सोनहा थाने से कृष्णानंद त्रिपाठी, संदीप कुमार और देवानंद यादव को भेजा गया है। मुंडेरवा से प्रदीप कुमार सिंह तथा लालगंज से हरेराम सिंह और प्रशांत सिंह का स्थानांतरण किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश की सूचना भेज दी गई है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना है।

### हत्या मामले में सरदार सेना ने किया दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग सौंपा ज्ञापन

विकास चौधरी ब्यूरो प्रभारी, दैनिक अयोध्या टाइम्स, बस्ती। सोमवार को सरदार सेना के जिला महासचिव सुधाकर चौधरी और अखिलेश प्रजापति के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि छावनी थाना क्षेत्र के मझौआ दूबे निवासिनी अर्चना वर्मा के पति



शोभाराम वर्मा की गत हत्या कर दी गई। 29 जनवरी 2025 को उनकी लाश मलौली गोसांई बाजार के निकट से बरामद हुई। 1 फरवरी को छावनी थाने पर तहरीर देकर अर्चना वर्मा ने पति के हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग किया गया किन्तु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। ज्ञापन देने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने मांग किया कि अर्चना वर्मा के पति शोभाराम वर्मा हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफांस कराते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाय।इसी कड़ी में सरदार सेना के संरक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने गर्मी को देखते हुये नहरों में पानी छोड़ने और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिये ब्लाक स्तर पर फायर बिग्रेड गाडियों की व्यवस्था कराने की मांग किया।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजकुमार वर्मा छात्र नेता, शिव प्रताप वर्मा, विजय, पवन, संदीप निषाद, राजेश चौधरी ,प्रदीप यादव, सुधाकर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी उर्फ राजा भैया, अखिलेश प्रजापति, राजेंद्र, सर्वेश, आकाश, पुष्कर, अर्चना वर्मा, मालती देवी, साहब राम वर्मा, सुदामा देवी, प्रदीप शर्मा, मनोज वर्मा, रामतौल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, प्रेम चौधरी, सनी चौधरी, गीत देवी के साथ ही पीड़ित परिवार के लोग शामिल रहे।

### भाकियू के पश्चिमी उत्तर-प्रदेश महासचिव बने अब्बास प्रमुख



दैनिक अयोध्या टाइम्स , कैराना। गांव भूरा निवासी अब्बास प्रमुख को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) का पश्चिमी उत्तर–प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी प्रदान की है। अब्बास, इससे पूर्व संगठन के मंडल महासचिव के पद पर कार्य कर रहे थे। संगठन के प्रति समपर्ण भाव, कार्य निष्ठा एवं परिश्रम के मद्देनजर शीर्ष नेतृत्व ने उनके कद को ऊंचा किया है। साथ ही, उनसे संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा नीतियों एवं कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार की अपेक्षा की गई है। अब्बास प्रमुख को भाकियू का पश्चिमी उत्तर–प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें प्रशंसकों एवं शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं ज्ञापित किये जाने का सिलसिला जारी है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते, समाज को देते हैं हमेशा नई दिशा

- प्राथमिक विद्यालय के मुकुंदपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- विदाई कार्यक्रम में नम हुई बच्चों, शिक्षकों की आंखें



मनोज कुमार यादव ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, देवरिया सदर के प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपर के प्रांगण में 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक नसीरुद्दीन खान हेतु मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया।इसके बाद माँ सरस्वती की वन्दना विनीता मानवी व फ़लक द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यापिका ऋतु मिश्रा द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता,वह जीवन पर्यन्त समाज को दिशा देता है । सेवानिवृत होने के बाद एक अध्यापक सरकारी बन्धन से स्वतंत्र होकर पूरे समाज को नेतृत्व प्रदान करता है। किसी भी देश व समाज का विकास उस देश की शिक्षा व्यवस्था निर्धारित करती है।कमजोर शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद पर सशक्त राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक का माल्यार्पण कर,अंगवस्त्र,स्मृति चिह्न तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी मुख्य अतिथि,सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने अपनी सेवा व कार्य अनुभव को साझा किया तथा पूर्व प्रधानध्यापक के सहकर्मियों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शिक्षक नेता शशांक मिश्रा ने कहा कि विभिन्न झंझावातों से जूझते हुए अपने खट्टे –मीठे यादों के साथ शिक्षा व शिक्षक हितों के लिए अपना अप्रतिम योगदान देने वाले हमारे विद्यालय के सम्मानित सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हम सबके लिए प्रेरणादाई है। कार्यक्रम के दौरान बच्चे और शिक्षक भावुक हो गए।कार्यक्रम की संचालन रामविनय शर्मा ने किया।इस अवसर पर सुरेश दीक्षित,सबरे आलम, कंचनलता मिश्रा,नूतन तिवारी, मनीषा कुशवाहा, राधा त्रिपाठी,ईशू अली,शबाना परवीन, वागीश दत्त, रानी द्विवेदी, निधी विश्वकर्मा,कहकशा तसनीम, अवधेश पांडेय, अरुण दुबे, नंदलाल जी,अनिल यादव, जमालुद्दीन हसन समेत कई अन्य शिक्षक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 26 नवंबर, संविधान दिवस को केंद्र सरकार राजपत्रित अवकाश घोषित करें- कृष्ण कुमार गौतम



अयोध्या टाइम्स जुगनू गौतम, गाजियाबाद। दिल्ली एनसीआर।राष्ट्रीय नागरिक पार्टी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम ने राष्ट्रपति,उप– राष्ट्रपति तथा प्रधान मंत्री सहित 28 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली के मुख्य मंत्री और मुख्य सचिव को लिखित रूप में ज्ञापन भेजकर मांग की हैं कि 26 नवंबर, संविधान दिवस को, केंद्र सरकार और राज्य सरकार अपनी–अपनी में राजपत्रित छुट्टियों में सम्मलित किया जाए।
जैसा कि राष्ट्र के सभी नागरिक जानते हैं कि देश को 15 अगस्त, 1947 के दिन आज़ादी मिली। आज़ादी के साथ गम्भीर सवाल यह था कि आज़ादी के बाद देश को चलाने की व्यवस्था कैसी हो? जो किसी भी देश को विकसित और सुरक्षित रखने के लिए अति आवश्यक होती हैं, जिसे संविधान कहां जाता हैं। गौरतलब रहे इस गम्भीर विषय को लेकर 29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा ने संविधान मसौदा समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष डाक्टर बी. आर अम्बेडकर को चुना गया। मसौदा समिति ने संविधान मसौदा तैयार किया और संविधान सभा में एक एक धारा पर चर्चा के लिए 21 फरवरी, 1948 को संविधान सभा के अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद को सौप दिया गया। संविधान 2 वर्ष, 11 महीने, 18 दिन में तैयार हुआ। संविधान सभा ने विशद– विस्तृत चर्चा करके 26 नवंबर, 1949 ई. ( मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया।गौतम ने कहा तदुपरांत संविधान के तहत चुनी गई विभिन्न दलों की सरकारों ने समयानुसार संविधान में संशोधन के साथ साथ व्यक्ति विशेष, धर्म तथा समुदाय पर आधारित राजपत्रित छुट्टियों तथा प्रतिबंधित छुट्टियों का सृजन कर सूचि में समावेश किया गया। लेकिन आज तक किसी भी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार में चुनी गई विभिन्न दलों की काबिज सरकार ने संविधान दिवस को सम्बन्धित छुट्टियों में सम्मलित करने की पहल नहीं की गई। आज स्वतन्त्रता के 75 वर्ष गुजर गए।
राष्ट्रीय नागरिक पार्टी ने राष्ट्रपति, उप– राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री सहित 28 राज्य के मुख्य मंत्री, मुख्य सचिव को लिखित ज्ञापन भेज कर मांग की हैं कि इस विषय को संज्ञान में लें, विषय जनहित एवं राष्ट्र हित में अत्यधिक आवश्यक हैं। कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारे अपने अपने स्तर पर 26 नवंबर संविधान दिवस को राजपत्रित अवकाश में सम्मलित कर, राष्ट्र के नागरिकों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार, सरकार की विश्वसनीयता और कर्तव्य परायणता को सुनिश्चित करें। केन्द्र आकर्षित करते हुए बताना हैं, सम्बन्धित विषय पर अभी तक छत्तीसगढ के मुख्य मंत्री कार्यालय द्वारा सचिव ( भारसाधक ), छत्तीसगढ शासन, सामान्य प्रशासन मंत्रालय, रायपुर को मुख्य मंत्री के निर्देशानुसार पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाही कर कृत कार्रवाही से आवेदक को अवगत करावें एवं प्रकरण में की कार्रवाही की संक्षिप्त जानकारी वेबसाइट में दर्ज करते हुए कार्रवाही सम्बन्धी अभिलेख भी अपलोड करने का निर्देश दिए गए।26 नवंबर, संविधान दिवस को केंद्र सरकार राजपत्रित अवकाश घोषित करें– कृष्ण कुमार गौतम

## डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव स्थाई समिति ने आजीवन सदस्यों की सदस्यता को बहाल किया

अयोध्या टाइम्स जुगनू गौतम , गाजियाबाद।डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति (पंजी)की कार्यकारिणी एवं सभी आजीवन सदस्यों सहित स्थाई समिति की दिनांक 07.04.2025, को हुई अति आवश्यक आपातकालीन बैठक में लिए गए निर्णयों की सूचना स्थाई समिति की अति महत्वपूर्ण आपातकालीन अनिवार्य बैठक दिनांक 7 अप्रैल 2025 को चार मूर्ति बुद्ध विहार के पांगण में अपराहन 4 बजे से आयोजित की गई, जिसमें पूर्व प्रेषित पजेंडे के अनुसार सभी बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श द्वारा सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए । 1. डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति (पंजी) अर्थात स्थाई समिति के दो आजीवन सदस्यों (1) गजेंद्र सिंह व (2) आनंद सिंह चंद्रेश की आजीवन सदस्यता को बहाल करने के लिए हुए वार्तालाप में सभी को ये बताया गया कि उपरोक्त सदस्यों द्वारा स्थाई समिति के विरुद्ध कोई टिप्पणी नहीं की गई बल्कि दोनों लोगों द्वारा स्थाई समिति के ग्रुप में अवश्य एक दूसरे के विरुद्ध अभद्र व्यवहार किया। इसके अतिरिक्त गजेंद्र सिंह एड द्वारा अवश्य ही स्थाई समिति के विरुद्ध कुछ अनावश्यक सवाल उठाए गए थे। फिर भी, इनके द्वारा पूर्व में किए गए व्यवहार को ध्यान में रखते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि इनको एक चेतावनी देते हुए इनकी आजीवन सदस्यता की तत्काल प्रभाव से आगामी 31 मई 2025 तक के लिए बहाल किया जाना चाहिए ताकि ये दोनों सदस्य आगामी दोनी महत्वपूर्ण महोत्सव डॉ बी आर अंबेडकर जन्म महोत्सव व बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव) में भाग ले सकें। 1अतः स्थाई समिति द्वारा इन दोनों की आजीवन सदस्यता को तत्काल प्रभाव से 31 मई 2025 तक के लिए बहाल किया जाता है तथा साथ ही साथ ये चेतावनी भी दी जाती है कि इन दोनों सदस्यों द्वारा भविष्य में हॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति (पंजी) के विरुद्ध किसी भी प्रकार से कोई भी टिप्पणी की गई अथवा कोई भी कार्य किया गया तो इनकी आजीवन सदस्यता को समाप्त कर दिया जाएगा।
2. आगामी 14 अप्रैल 2025 के महोत्सव में स्थाई समिति के सभी पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों को आयोजन समिति द्वारा मंच पर उचित सम्मान किये जाने से संबंधित विचार विमर्श किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि वर्तमान आयोजन समिति द्वारा, स्थाई समिति के पूर्व के सभी पदाधिकारियों को मंच पर आमंत्रित कर पटका पहनाकर सम्मानित किया जाएगा तथा उनके उपरांत उन सभी पूर्व पदाधिकारियों को आदर सहित उनके स्थान पर बिठाया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सम्मानित वरिष्ठजनों एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गणमान्य व्यक्तियों को भी यथा योग्य सम्मान दिया आयेगा। 3. वर्तमान में नई आयोजन समिति के समक्ष आ रही कठिनाइयों को दूर किए जाने के संबंध में स्थाई समिति ने अपना पूर्ण सहयोग बनाए रखने एवं सभी आ रही कठिनाइयों को यथावत दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए आयोजन समिति को पूर्ण आश्वस्त किया गया है। 4. आगामी 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक पांच दिवसीय कार्य कार्यक्रमों में सभी सदस्यों को उपयुक्त जिम्मेदारी सौंपी जाने लिए योजना बना कर यथा शीघ्र जिम्मेदारी सौंप दी जायेगी जिसमें सभी सदस्यों को अपना पूर्ण सहयोग करना होगा।उपरोक्त वर्णित सर्व सम्मति लिए गए सभी निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

## भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को मजबूती के साथ जनता में उठाऊंगा - सत्यम पाडेय

- युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश संयोजक बने सत्यम ,कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



मनोज कुमार यादव ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, देवरिया,सलेमपुर। भाजपा सरकार के क्रिया कलापों से देश व प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। इनके जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच मजबूती से उठाने का कार्य करूँगा। उक्त बातें कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस के पूर्वी जोन के सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक सत्यम पांडेय ने अपने स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा, उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग की पीड़ा को यह सरकार नही समझ रही है।अब बिना कांग्रेस के आम जनता का भला नहीं होने वाला है। संगठन ने जिस आशा व विश्वास से हमें यह जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरा करने का काम करूंगा। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्र ने कहा कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व नें एक साधारण कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंप कर यह साबित कर दिया कि कांग्रेस में ही नौजवानों का सम्मान है। कांग्रेस के निवर्तमान जिला महासचिव डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब व सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु जैन व प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह, प्रभारी शांतनु सिंह ने जो भार सौंपा है उस पर निश्चित ही सत्यम पांडेय खरा उतरेंगे। अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश सचिव बदरे आलम ने कहा कि कांग्रेस में ही नौजवानों का सम्मान है।स्वागत करने वालों में रामविलास तिवारी ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधाकर गुप्त, प्रेमलाल भारती, प्रेमचंद वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव चुन्नू,मनोज पांडेय, सैयद फिरोज अहमद,सुनील तिवारी, राजकुमार पटवा,कार्तिकेय तिवारी,अशोक कुमार, वशिष्ठ मोदनवाल, मोहन प्रसाद,अखिलेश मिश्र,वजीर अहमद,विराट यादव, हर्षित सिंह, सूफी सलीम, कार्तिकेय मिश्र,राकेश कुमार, जाबिर खान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ पुलिस ने आत्मरक्षा करते हुए बदमाश को किया लंगड़ा

- थाना भवन पुलिस को मिली सफलता।

जलालाबाद शामली फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपंद शामली। जलालाबाद क्षेत्र के गांव अहमदपुर में थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना, पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार के साथ गंगोह तीतरों मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गंगोह की ओर से जलालाबाद की तरफ दो बाइक सवार को थाना प्रभारी के रोकने पर वापस भागने लगे। पुलिया के निकट बाइक पर सवार दोनों बाग से होकर, फरार होना चाह रहे थे। पुलिस ने बाग की चारों ओर घेराबंदी कर दी। जिस पर एक बाइक सवार ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। गोली चलाने वाले बाइक सवार पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दबोच लिया। घायल बदमाश ने अपना नाम शौकीन पुत्र गुलजार निवासी मल्हीपुर, रामपुर मनिहारान बताया। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, 315 बोर के दो जीवित कारतूस, दो खोखा कारतूस, चोरी किया बादाम कट्टा, आठ हजार रुपए नगदी, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। बाग के रास्ते फरार होने वाले घायल बदमाश के दूसरे साथी आरिफ पुत्र जब्बार निवासी मल्हीपुर, रामपुर मनिहारान का पीछा कर पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार व पुलिस कर्मियों ने दबोचने में सफलता हासिल की। घायल बदमाश का पुलिस ने थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया। मुठभेड़ स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने निरीक्षण कर, थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना से जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी की चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ में बदमाश शौकीन गोली लगने से घायल हुआ है। बदाम का कट्टा, जीवित,खोखा कारतूस, तमंचा, आठ हजार नगदी,चोरी की मोटरसाइकिल घायल बदमाश से बरामद की गई है। सहारनपुर के थानों में दोनों बदमाशों के अपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।



## सेंट आरसी साइंटिफिक कान्वेंट स्कूल में सम्मानित किए गए नौनिहाल




दैनिक अयोध्या टाइम्स, कैराना। मंगलवार को कस्बे के सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में प्राथमिक वर्ग के छात्र–छात्राओं का शैक्षिक सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नौनिहालों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इनमें नर्सरी में मरयम, मोहम्मद अली व मौ. तल्हा प्रथम, नबील व आव्या द्वितीय, मोहम्मद अफ्फान व शुभिका तृतीय, एलकेजी में वर्धन, आराध्या व कन्हैया प्रथम, आयांश, आराध्या सिंघल, सक्षम व धैर्य द्वितीय, तैमूर, अतिका व अब्दुल अहाद तृतीय, यूकेजी में शाद, अबीरा व इनाया प्रथम, विवान, अना व तैमूर अली द्वितीय, आरव, राधिका व यशस्वी तृतीय, कक्षा एक में इब्राहिम, फारिया, यशस्वी, अमृत, वैभव, वरूणिका, हंसिका, शानवी, वेदिका, अवी व आयत प्रथम, विहान, आरूषी व अनन्त द्वितीय, शुभ, पूर्वी, श्रीजा व शिफानाज तृतीय, कक्षा द्वितीय में मौहम्मद आयाज व रिहम प्रथम, साहिम व महक द्वितीय, विवान व कनिष्का तृतीय, कक्षा तृतीय में वरदान व राधिका प्रथम, मयंक व आराध्या द्वितीय, वाहिज व अफिफा तृतीय, कक्षा चार में हिमांग व भविका प्रथम, कुंज व आराध्या द्वितीय, वेदांश व हेमाक्षी तृतीय, कक्षा पंचम में आशीष व आन्वी प्रथम, अथर्व व इनाया द्वितीय तथा एकांश व प्रिसी तृतीय स्थान पर रहें। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार व प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार द्वारा मेधावियों छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक–शिक्षिकाए उपस्थित रहें।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगलों के अंधाधुंध कटान पर लगे रोक

- निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन–पत्र एसडीएम को सौंपा
- कहा, देशभर में कहीं पैदा न हो तेलंगाना के श्कांचा गचीबावली जंगल जैसी स्थिति

दैनिक अयोध्या टाइम्स, कैराना। कस्बे के निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन–पत्र एसडीएम कैराना को सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन–पत्र में तेलंगाना के श्कांचा गचीबावली जंगलश जैसी स्थिति का जिक्र करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए जंगलों के अंधाधुंध कटान पर सख्ती से रोक लगाए जाने की मांग की है। मंगलवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन–पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा। बताया कि हाल ही में तेलंगाना सरकार ने विकास के नाम पर हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास 400 एकड़ में फैले कांचा गचीबावली जंगल को काटकर पर्यावरण को भयंकर नुकसान पहुंचाने का दुःखद प्रयास किया है। प्रदेश सरकार ने मानवीय व प्राकृतिक नियमों को दरकिनार करके बुलडोजर से जंगल काटने का कार्य किया है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले पर संज्ञान लिए जाने से फिलहाल जंगल के काटे जाने का कार्य बंद है, परन्तु देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह जंगलों के विनाश किये जाने की प्रबल संभावनाएं मौजूद है। राजनीति से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन सरीखी चिंता सम्पूर्ण विश्व समुदाय के समक्ष चुनौती बनी हुई है। पर्यावरणीय संरक्षण के लिए जैव विविधता का होना अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकारों द्वारा समय–समय पर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल काटे जाते रहे है। सरकारें पेड़ लगाने के दावे करती है, परन्तु उनके संरक्षण में रुचि नही दिखाती। ज्ञापन–पत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए एडवाइजरी जारी करके देशभर में जंगलों के अंधाधुंध कटान पर पूर्ण रूप से रोक लगाए जाने की मांग की गई है। इस दौरान फरमान सिद्दीकी, सुहैल, माज चौधरी, फैसल आदि मौजूद रहे।



## अल्लीपुर में जंगली सुअर के हमलें से तीन लोग घायल, घरों में मचाया आतंक,

भीखमपुर, संवाददाता, आंवला वन चौंकी हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर में सुबह 8बजे खेतों से निकले जंगली सुअर ने घर के बाहर खड़े लोगों पर हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। वहीं जंगली सुअर को देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। घरों में घुसकर आतंक मचाया। सुचना पर पहुंची वन विभाग आंवला की टीम ने लोगों से जंगली सुअर के बारे में जानकारी कर लोगों को जागरूक किया। मोहम्मदी वन रेंज की आंवला वीट हैदराबाद थाना के गांव अल्लीपुर में दक्षिण खेतों से निकलकर गांव में पहुंचे जंगली सुअर को देखकर अफरातफरी मच गई। जंगली सुअर ने घर के बाहर खड़े बुजुर्ग हसनुद्दीन पर हमला कर घायल कर दिया।कुछ दूरी खड़े बलदीराम तिवारी को टक्कर मार कर घायल कर रास्ते में अनुराग पुत्र सरवन अवस्थी को टक्कर मारते हुए सुअर ने घरों में आतंक मचाया। ग्रामीणों के अनुसार जंगली सुअर ने देखते देखते कुछ देर में तीन लोगों को घायल कर घरों में घुसकर नुकसान किया। जंगली सुअर झांवर की तरफ निकाले से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सुचना पर पहुंची वन विभाग आंवला की टीम ने जंगली सुअर की जानकारी लेकर घायलों का हालचाल पूछा। वन दरोगा माया प्रकाश ने बताया कि मौके पर टीम पहुंची थी जंगली सुअर रास्ता भटककर गांव पहुंचने पर ग्रामीण भयभीत होकर गिर कर हल्के फुल्के चोटिल हो गए हैं।सुअर झांवर की तरफ खेतों में निकल गया है। लोगों को जागरूक करते हुए टीम गांव तैनात कर दी है।




# संक्षिप्त समाचार

## पत्नी, साले व साली पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

कैराना। गांव बुटराड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, साले व साली पर मारपीट करके घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बाबरी थानाक्षेत्र के गांव बुटराड़ा निवासी फरमान ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान में उसकी सुसराल है। उसकी पत्नी फातिमा ने उसके विरुद्ध घरेलू हिंसा का एक झूठा मुकदमा दर्ज करा रखा है। वह तभी से ही अपने मायके में ही रह रही है। पत्नी द्वारा दर्ज मुकदमें में जिम्मेदार लोगों ने विगत 06 मार्च को समझौता करा दिया था। विगत सोमवार को शाम करीब 4.20 बजे वह अपनी पत्नी को लेने सुसराल गया था। आरोप है कि इसी दौरान वहां पर मौजूद पत्नी फातिमा, साली आयसा व साले दीन मोहम्मद ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर लाठी–डंडों व लात–मुक्कों से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे डायल–112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसकी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुत्रवधू व उसके माता-पिता पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स, कैराना। एक महिला ने कोर्ट के आदेश पर अपनी पुत्रवधू, उसके पिता व माँ पर गाली–गलौच व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आदर्शमण्डी थानाक्षेत्र के कस्बा बनत निवासी कुसुम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना के आदेश पर कैराना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसकी पुत्रवधू रूबी निवासी ग्राम कसेरवा कलां थाना आदर्शमण्डी ने कैराना स्थित न्यायालय में उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का एक वाद दायर करा रखा है। विगत 11 दिसंबर 2024 को वह अपने पति राजेन्द्र व भाई सुरेन्द्र के साथ में कोर्ट में तारीख पर आई हुई थी। इसी दौरान उसकी पुत्रवधू रूबी ने कोर्ट रूम के सामने उसका गला दबाया तथा गाली–गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट परिसर में स्थित पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसकी जान बचाई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




मऊ जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ कलक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो छात्र छात्राओं द्वारा ष्पढ़ना है पढ़ना है उन्नत देश बनाना है। ष्घर छोड़ो स्कूल चलो स्कूल चलो स्कूल चलोष जैसे गगन भेदी नारों के साथ यह रैली निकाली। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से गाजीपुर तिराहा होते हुए फातिमा गेट के पास स्थित शिक्षा विभाग कॉलोनी के प्राथमिक विद्यालय में पहुंच कर सभा के रूप में तब्दील हुई। सैकड़ों महिला शिक्षिकाओं द्वारा हेलमेट के साथ स्कूटी पर सवार होकर जनमानस को स्कूलों में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन एवं सड़क सुरक्षा एवं संचरी रोगों से रोक थाम हेतु भी जागरूक किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने स्वयं रैली का कमान संभालते हुए स्कूल चलो अभियान रैली हेतु सजी गाड़ी से स्वयं चक्रमण किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करायें और अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह ,ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सियाराम तथा सभी जिला समन्वयक आलोक कुमार सिंह अजीत तिवारी ,अनिल चौरसिया सहित समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।एसआरजी अरविंद पांडेय ने रैली का संचालन किया। स्काउट एवं बैंड पार्टी के बच्चों के साथ–साथ शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा भी सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग किया गया।

## बेहतर समाज बनाने के लिए बेहतर शिक्षा का होना जरूरी - डॉ. रामविलास भारती



घोसी –मऊ। विद्यालय में छात्र/छात्राओं का नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने तथा ड्रॉप आउट कम करने की दिशा में गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त एवं प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली, घोसी में वार्षिकोत्सव, अंक पत्र वितरण एवं शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती, ग्राम प्रधान बालचन्द एवं विद्यालय प्रबंध समिति व अन्य अतिथियों द्वारा कक्षा 6, 7, 8 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों सहित अन्य बच्चों को अंक पत्र, पाठ्य सामग्री तथा उनके अभिभावकों को भारत के संविधान की प्रति एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में अंकिता प्रथम, श्वेता, आकांक्षा यादव द्वितीय तो नंदनी,विक्की तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 7 से प्रथम रितिक, द्वितीय सत्यम और तृतीय स्थान शशांक, अंशू , अमृता, पायल, जया, सलोनी और सानिया का रहा। अंक पत्र पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान बालचन्द ने कहा कि प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती ने अपने को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है आज सभी शिक्षकों को उनसे प्रेरणा लेने कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में डॉ.भारती जी जैसे शिक्षको की भूमिका सबसे अहम होती है। जो बच्चे यहां से आगे की पढ़ाई करने के लिए जा रहे हैं, वो निश्चित रूप से इस विद्यालय के साथ साथ इस देश का नाम भी रोशन करेंगे। डॉ.रामविलास भारती ने कहा शिक्षा, समृद्धि का मार्ग है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती है,यह जीवन की सही दिशा देने वाली ऊर्जा है जो मानव की अंधकार से उजाले की ओर ले जाती है। डॉ.भारती ने कहा कि बेहतर समाज बनाने के लिए बेहतर शिक्षा का होना जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध की समिति की अध्यक्ष बदामी, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, कन्हैया, राजेश यादव, धीरज, गूंजा, अंजलि, पूजा, अर्जुन यादव आदि उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार 2025 के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने नियुक्तकिए नोडल अधिकारी

• सीईओ वासु जैन नियुक्त किए गए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स। सक्ती, 08 अप्रैल 2025// सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में आज 08 अप्रैल मंगलवार से आमलोगों से उनकी समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है स सुशासन तिहार 2025 के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने तथा विकास कार्यों में गति लाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने जिला स्तरीय, अनुभाग स्तरीय, जनपद स्तरीय और ग्रामपंचायत स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती श्री वासु जैन (आई.ए.एस) को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती श्री अरूण कुमार सोम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मालखरौदा श्री रूपेन्द्र पटेल और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा श्री बालेश्वर राम को अनुभाग स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती प्रीति पवार,




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर सुश्री वर्षारानी चिकनजुरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मालखरौदा श्री संदीप कश्यप और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डभरा श्री सी.के आदिले को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक को संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है ।

## सुशासन तिहार : समस्याओं के समाधान के लिए समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन देने का सिलसिला शुरू

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स। सक्ती, 08 अप्रैल 2025/ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार –2025 के आयोजन का ऐलान किया है स जिसके तहत जिले में आमजन से आवेदन लेने का सिलसिला आज सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है स आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 तक चलेगी । सुशासन तिहार –2025 के प्रथम चरण अंतर्गत आज ग्राम सकरेली (बा) में





गांव के निवासी श्री रमेश कुमार राठौर ने गांव के किसान भाइयों को अपने धान बिक्री के लिए ले जाने में हो रही समस्या को देखते हुए गाँव में धान उपार्जन केंद्र (मंडी) खोलने की आवेदन की। इसी तरह ग्राम सकरेली (बा) के निवासी श्री संगीत लाल और श्री हीरालाल ने प्रधानमत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी में आवेदन जमा किया । साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द होगा। इसी प्रकार जिले में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा अपना आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें।

## सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु समस्त विभागों सहित आम जनमानस को दिलाई गई शपथ

विकासखंड परदहां मुख्यालय सहित विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायत में सड़क सुरक्षा के प्रति दिलाई गई शपथ

• हवा के झोंके से बुझी मोमबत्ती तो दोबारा जल जाएगी, पर सड़क पर जरा सी लापरवाही में गई जान वापस नहीं आएगी



मऊ। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के घायल एवं मृत्यु के कारण जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर है। जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के निर्देश पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु समस्त विभागों, मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों एवं समस्त ग्राम पंचायतों में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी ने बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके।

इस दौरान कर्मचारियों एवं अन्य जनमानस को शपथ दिलाई गई कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं सड़क पर हमेशा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी दिशा में चलूंगा। निर्धारित गति से तेज वाहन नहीं चलाऊंगा। हेलमेट का प्रयोग करूंगा तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाऊंगा। जीवन अमूल्य है, सड़क पर चलते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखूंगा।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। हवा के झोंके से बुझी मोमबत्ती तो दोबारा जल जाएगी, पर सड़क पर जरा सी लापरवाही में गई जान वापस नहीं आएगी।

पिछले कई महीनो में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मृत्यु हुई हैं। जिसको लेकर जिलाधिकारी काफी गंभीर हैं। दुर्घटनाओं को कम करने के लिए समस्त संबंधित अधिकारी जागरूकता अभियान चलाएं जाने में अपना सहयोग करेंगे, जिससे लोग यातायात के नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटना से बचे।

## प्रा0 वि0 बांकी में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सोमेन्द्र पटेल महराजगंज रायबरेली । प्राथमिक विद्यालय बांकी मे परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार रहे। उन्होंने सभी बच्चों को अंक पत्र कॉपी पेन एवं लंच बॉक्स व मेडल देकर सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। कक्षा 5 में अनुप्रभा प्रथम, सोनम द्वितीय, व लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रही तथा प्रधानाचार्य मोहम्मद नसीम ने आए हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। तथा बच्चों ने भी स्वागत गीत गाकर आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक शशिकांत पूर्व न्याय पंचायत समन्वयक चंदापुर, सुरेंद्र कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय चंदापुर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महाराजगंज, राम सुमिरन प्रभारी प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदूपुर एवं पूर्व एबीआरसी, अखिलेश कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पूरे जुडई, फिरदौस



जहां प्रभारी प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय डोमापुर, सीतांशु सोनकर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर, एसएमसी अध्यक्ष अंजनी कुमार, मोहम्मद नसीम प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बांकी, शुभेन्द्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बांकी, गया बहादुर प्राथमिक विद्यालय बाकी सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

- शिविर लगाकर तेजी से आयुष्मान कार्ड निर्माण का कराए कार्य–कलेक्टर
- सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत सुव्यवस्थित रूप से 11 अप्रैल तक आवेदन लेने की कराए व्यवस्थाए–कलेक्टर
- विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स। सक्ती, 08 अप्रैल 2025 // कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के तैयारियों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार अंतर्गत सुव्यस्थित आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी सहित अन्य आवश्यक व्यस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में सुशासन तिहार के ऑनलाइन और ऑफ़लाइन आवेदन की सही सही मार्किंग करने और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सुशासन तिहार के सुचारू आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को सुशासन तिहार के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा, दायित्वों के विभाजन और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार के कार्यों का फील्ड पर जाकर निरीक्षण करते के भी निर्देश दिए है। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन तिहार शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शिविर लगाकर तेजी से आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति, ओ डी एफ प्लस मॉडल ग्राम आदि की जानकारी लेते हुवे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को शिविर लगाकर तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने चिरायु योजना, सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं




बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत जल शक्ति अभियान को बढ़ावा देने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएमश्री स्कूल अंतर्गत मरम्मत कार्य, जाति प्रमाण पत्र, उल्लास कार्यक्रम, अपार आईडी, हाई स्कूल, हायर सेकंडरी परीक्षा 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के कार्य आदि की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन, सक्ती एसडीएम श्री अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम श्री रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, जिला कोषालय अधिकारी श्री उपेन्द्र पटेल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सुधाकर बोदले, तहसीलदार श्री विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा श्री मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार श्री भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जल संरक्षण के प्रति जागरुक करने वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर और सीईओ

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स।सक्ती, 08 अप्रैल 2025 // कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत सीईओ श्री वासु जैन ग्राम असौंदा के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में कृषि विभाग अंतर्गत आयोजित वाटरशेड यात्रा, पानी की पाठशाला कार्यक्रम में शामिल हुए स इसके साथ ही कलेक्टर और सीईओ वाटरशेड यात्रा में शामिल होकर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक किए स कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सिंचाई योजना जल ग्रहण विकास घटक 2.0 अंतर्गत आज ग्राम असौंदा के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण से देवरी तक वाटरशेड यात्रा का आयोजन किया गया स जिसमे ग्रामीण, स्कूली बच्चे आदि शामिल हुए स इसके साथ ही कलेक्टर और सीईओ द्वारा ग्राम असौंदा के आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण असौंदा में आयोजित वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने संबोधित करते हुए जल के महत्त्व, जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर आम जन को जानकारी देते हुए लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरुक किया स इसी तरह जिला पंचायत सीईओ श्री वासु जैन द्वारा संबोधित करते हुए पानी के एक–एक बूंद को संरक्षण करके गाँव का पानी गाँव में सहेज कर रखने की बात कही स इसके साथ ही वाटरशेड यात्रा वेन द्वारा ग्रामवासियों को एल.ई.डी. के माध्यम से जलसंरक्षण पर आधारित चलचित्रों का आडियो एवं विडियो प्रदर्शन कर जागरुक किया गया। वाटरशेड यात्रा आयोजन के दौरान जनभागीदारी को बढाने के लिए






भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विकास के तत्वाधान में जल व भूमि संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग को बढावा देने के लिए वाटरशेड वेन के माध्यम से जलग्रहण क्षेत्रों का विकास, वर्षा जल संचयन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि के साथ साथ ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था को सतत बनाने के उददेश्य से वाटरशेड यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जांजगीर श्री ललित मोहन भगत, परियोजना अधिकारी श्री आर.एन. गांगे एवं जलग्रहण के समस्त कर्मचारी, मिडिल स्कुल एवं आंगनबाड़ी के समस्त कर्मचारी वाटरशेड कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, उपयोग कर्ता दल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी श्री आर.एन. गांगे के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

- आज जनदर्शन में कुल 16 आवेदन हुए प्राप्त

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स। सक्ती, 08 अप्रैल 2025 // जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों तथा क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आने वाले लोगों की परेशानियों को विस्तारपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनदर्शन में आज अलग–अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में आज तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी श्री भुनेश्वर प्रसाद ने दिव्यांग पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रगजा निवासी श्रीमती सुवचार बाई सिदार और श्री चंदन सिंह सिदार ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील छपोरा अंतर्गत ग्राम घोघरी निवासी श्रीमती धन बाई चंद्रा ने निजी भूमि पर खड़ी फसल चोरी करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम टोहिलाडीह निवासी श्री सुखीराम कलार ने पेंशन राशि चालू करवाने एवं पीएफ फंड दिलवाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम रायपुरा निवासी श्री कसरत राम ने भूमि के ऋण पुस्तिका पर्ची बनवाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम नरियरा निवासी श्री कुशल प्रसाद ने शासकीय भूमि में अवैध कब्जा कर कृषि कार्य बाधित करने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया स उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।


# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याए

- आज जनदर्शन में कुल 16 आवेदन हुए प्राप्त

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता अयोध्या टाइम्स पेपर न्यूज। सक्ती, 08 अप्रैल 2025 // जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों तथा क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आने वाले लोगों की परेशानियों को विस्तारपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनदर्शन में आज अलग–अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में आज तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी श्री भुनेश्वर प्रसाद ने दिव्यांग पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रगजा निवासी श्रीमती सुवचार बाई सिदार और श्री चंदन सिंह सिदार ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील छपोरा अंतर्गत ग्राम घोघरी निवासी श्रीमती धन बाई चंद्रा ने निजी भूमि पर खड़ी फसल चोरी करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम टोहिलाडीह निवासी श्री सुखीराम कलार ने पेंशन राशि चालू करवाने एवं पीएफ फंड दिलवाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम रायपुरा निवासी श्री कसरत राम ने भूमि के ऋण पुस्तिका पर्ची बनवाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम नरियरा निवासी श्री कुशल प्रसाद ने शासकीय भूमि में अवैध कब्जा कर कृषि कार्य बाधित करने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया स उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।


## अपने खून से मेरी पेंटिंग ना बनाएं फैन्स-अदा शर्मा

मुंबई (अनिल बेदाग) । अदा शर्मा ने अपने पथप्रदर्शक प्रदर्शन और बहुमुखी प्रतिभा से लोगों के दिलों में अपना नाम बनाया है। वह अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली महिला फिल्म–द केरल स्टोरी में मुख्य भूमिका निभाने का खिताब भी रखती हैं। लोकप्रिय ओटीटी शो सनफ्लावर सीजन 2 में उनका अजीब चरित्र रोजी मेहता भी चर्चित हुआ।



अदा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जिनके बहुत सारे प्रशंसक हैं और प्रशंसक उनके लिए कलाकृतियाँ बनाते रहते हैं। हाल ही में एक प्रशंसक ने उनके लिए अपने खून से एक पेंटिंग बनाई, जिसे देखकर सभी हैरान रह गए। अदा कहती हैं, ष्मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूँ कि लोगों को मेरे निभाए गए किरदार पसंद आए, 1920 से लेकर केरल स्टोरी, कमांडो और सनफ्लावर तक और मुझे प्रशंसकों की कलाकृतियाँ भी बहुत पसंद हैं। लेकिन रोजी एक खौफनाक किरदार था जो वाकई अजीबोगरीब हरकतें करता था। मैं अपने फैन्स से यही चाहती हूं कि कृपया कलाकृतियाँ बनाने के लिए खून का इस्तेमाल न करें।ष एक अन्य प्रशंसक ने अपनी उंगली के नाखून पर बस्तर की कहानी का पोस्टर और चावल से पेंटिंग बनाई। जिस पर अदा कहती हैं, ष्रचनात्मकता बहुत अच्छी है!ष अदा अगली बार एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म, एक बायोपिक, रीता सान्याल सीजन 2, चांदनी बार सीक्वल और दो और अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगी।

# संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट करने वाली एक अभियुक्ता गिरफ्तार

मऊ।जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट करने वाली अभियुक्ता आसिया बानो उर्फ लवली पुत्र स्व0 समीम अहमद निवासी सदर चौक थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया । उक्त के संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 111/25 धारा 299, 353(1)(सी) बीएनएस व 67ए आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत है। उक्त अभियुक्ता का गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।



### दो वांछित अभियुक्तगिरफ्तार

मऊ। जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर औराडाड मादी मोड़ के पास से मु0अ0सं0 51/25 धारा 109, 115(2), 351(2), 352, 3(5) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण सुरज यादव पुत्र सुरेश यादव, प्रवीण यादव पुत्र गौतम यादव निवासीगण उसरीखुर्द कम्हारी थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।




### अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने ही करा दी पति की हत्या

रायबरेली ब्यूरो।। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गाँव में हुई पूर्व बीडीसी मनीष सैनी की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। पुलिस के मुताबिक पत्नी के अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कराई थी।

मामला शिवगढ़ थाना इलाके के गाँव गरीब का पुरवा का हैं। दो दिन पूर्व मनीष सैनी का शव गेहूं के खेत से बरामद हुआ था। महाराजगंज क्षेत्र का रहने वाला मनीष सैनी यहां अपनी ससुराल में आयोजित भण्डारे में शामिल होने आया था। पुलिस के मुताबिक मनीष की पत्नी रूबी ने अपने प्रेमी सुनील कोरी पुत्र सुरेश और पति मनीष सैनी को एक प्लान के तहत बुलाया था। पुलिस के मुताबिक रूबी ने पति की हत्या की योजना बनाकर प्रेमी सुनील कोरी को भी वहां बुला लिया था। रूबी शौच के बहाने खेत मे पहुची जहां सुनील भी मौजूद था। उधर मनीष को शक हुआ तो वह भी दोनों को ढूंढते हुए खेत में पहुँच गया। वहां सुनील ने पहले से अपने पास मौजूद असलहे से दो गोली मारकर मनीष की हत्या कर दी। स्थानीय पुलिस व एसओजी ने एक एक कर हत्या की कड़ियों को जोड़कर इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने में सफलता पाई है। पुलिस ने मृतक की पत्नी रूबी व प्रेमी सुनील कोरी दोनों को गिरफ्तार कर लिया है व हत्या में प्रयुक्त असलहा भी बरामद कर लिया है।



### स्कूल चलो अभियान के तहत बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय हरियावां में रैली को दिखाई हरी झंडी

रायबरेली ब्यूरो।। अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरियावां में स्कूल चलो अभियान के तहत मंगलवार को रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने रवाना किया। इसके साथ बच्चों को उन्होंने परीक्षा फल और पुस्तकें भी वितरित की। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक से नामांकन कराने के उद्देश्य से हरी झंडी दिखाते हुए बीएसए ने अभिभावकों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन–जन की सहभागिता से ही शिक्षा की अलख हमेशा जगी रहेगी। उन्होंने ग्राम प्रधान सहित सभी ग्राम वासियों से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने माताओं से कहा कि आप लोग बच्चों पर अवश्य ध्यान दें। उन्हें नियमित रूप से विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजें। अमावां बीईओ ऋचा सिंह ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने में सबसे बड़ी भूमिका माताएं ही निभाती हैं। वे लोग विद्यालय में आकर अपने बच्चे की प्रगति जान सकती है। एमडीएम कैसा बन रहा है, इसको भी देख सकती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी के दौरान अधिक नामांकन बढ़ाने पर चर्चा की गई। अभिभावकों से अधिक से अधिक नामांकन कराने की अपील की। शिक्षक नेता मुकेश द्विवेदी ने कहा कि प्राइवेट विद्यालय सिर्फ आपका शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग चार से पांच साल तक अपने विद्यालय चलाते हैं और फिर बाद में बंद हो जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन नीरज रावत ने किया।




इस मौके पर ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव, एसएमसी अध्यक्ष रामकेश, शिक्षक अशोक प्रियदर्शी, सूर्य प्रकाश, बृज कुमारी, अब्दुल मन्नान, प्रतिभा सिंह, दीपेश वर्मा, अजय, जगदीश यादव, कमल अहिरवार, अमर सिंह, मुकेश यादव, शैलेश श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, चंद्रकांत त्रिपाठी, शारिक अनवर, अश्वनी कनौजिया, प्रज्ञा विश्वकर्मा, शिखा त्रिपाठी, शिव प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### एडीएम (प्रशासन) की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

रायबरेली ब्यूरो।। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ०प्रा०) द्वारा स्वागत किया गया तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का




निस्तारण किया गया। सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा शहीद स्मारक मुंशीगंज के पास वॉर मेमोरियल बनवाए जाने हेतु नगर पालिका से एन०ओ०सी० दिलाये जाने हेतु एवं सैनिक बंधु सूबेदार एस०के० बाजपेयी द्वारा शहीद चौक, डिग्री कॉलेज चौराहा के पास साफ सफाई तथा गमलों में पेड़ लगवाने एवं उनकी देखभाल किए जाने हेतु नगर पालिका से अनुरोध किया गया। सैनिक बन्धु कार्पोरल सी०बी० शुक्ला द्वारा पूर्व सैनिकों की अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु अनुरोध किया गया।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उप महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एन०सी०सी०, प्रतिनिधि सचिव विकास, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह मार्च 2025 के लिए भू—राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 24.99 लाख के सापेक्ष 4.43 लाख रू. की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 17.73 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित मासिक लक्ष्य रू. 2461.39 लाख के सापेक्ष 1302.43 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 52.91 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1960.00 लाख के सापेक्ष 1600.42 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 81.65 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4452.00 लाख के सापेक्ष 3876.95 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 87.08 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 462.28 लाख के सापेक्ष 810.70 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 175.37 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 4700.00 लाख के सापेक्ष 4044.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 86.04 प्रतिशत है। इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 717.82 लाख के सापेक्ष 567.06 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.00 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 180.00 लाख के सापेक्ष 105.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 58.86 प्रति., अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 176.00 लाख के सापेक्ष 549.50 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 312.22 प्रति., मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 160.76 लाख के सापेक्ष 189.27 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 117.73 प्रति., स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 209.01 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 375.85 प्रति. तथा बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.81 लाख के सापेक्ष 7.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 101.66 प्रति., श्रम प्रवर्तन मद में लक्ष्य रू. 1.44 लाख के सापेक्ष 3.99 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 277.08 तथा सिंचाई में लक्ष्य रू. 383.71 लाख के सापेक्ष 22.49 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 5.86 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल मासिक लक्ष्य रू. 15743.81 लाख के सापेक्ष 13294.13 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 84.44 प्रतिशत है।



प्रवर्तन कार्य की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि मासान्त मार्च तक वाणिज्य कर विभाग द्वारा 352 कर अपवंचन के मामले पकड़े गये जिसकी निहित धनराशि रू. 295.83 लाख, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन 464 के सापेक्ष रू. 704.95 लाख, आबकारी द्वारा 1447 प्रकरण, परिवहन द्वारा 1122 के सापेक्ष रू. 139.87 लाख, विद्युत विभाग द्वारा 551 के सापेक्ष 337 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई तथा रू. 20.77 लाख, नगर निकाय द्वारा 591 के सापेक्ष रू. 11.07 लाख, खनन द्वारा 510 के सापेक्ष 18 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई तथा रू. 167.16 लाख तथा मण्डी द्वारा 116 के सापेक्ष रू. 25.14 लाख की वसूली की गई है।

डीएम मोनिका रानी ने कर करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025—26 में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर आवश्यकतानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

डीएम ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की वसूली के दौरान बीते वर्ष के बैंक लाग को भी पूरा किया जाय। डीएम ने कहा कि किसी भी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य से कम नहीं होनी चाहिए। सभी विभाग सप्ताहवार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली के अभियान संचालित कर मानक के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मानक से कम राजस्व वसूली वाले विभागों को नोटिस जारी की जाए। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से अमीनवार व मदवार वसूली की समीक्षा करते रहें।

डीएम मोनिका रानी ने अधि.अभि. विद्युत को निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाकर पुराने व डिफाल्ट मीटरों को बदलने की कार्यवाही की जाय तथा शिविर लगाकर आमजन को स्मार्ट मीटर के बारे जागरूक किया जाय। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि प्रवर्तन कार्य में तेजी लाते हुए अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों पर अंकुश लगायें। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राजस्व से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील स्तर पर बैठक कर राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लायें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डीएफओ कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, सम्बन्धित एसडीएम, एसडीएम न्यायिक कैसरगंज, लालधर, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, ईओ प्रमिता सिंह, सम्बन्धित तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

बहराइच। पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर निदेशक, पशुपालन विभाग देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ. मदनपाल सिंह ने समस्त उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारियों को दिशा दिया कि जिले में संचालित गो—आश्रय स्थलों का पशुचिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर पोर्टल पर अपलोड किया जाय। डॉ. सिंह निर्देश दिया कि पशुचिकित्सालयों पर उपलब्ध निष्प्रोज्य उपकरणों एवं फर्नीचर इत्यादि का नियमानुसार निस्तारण कराते हुए चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ'—सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

अपर निदेशक डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना—पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पैरावेट के मानदेय के भुगतान की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि कृत्रिम गर्भाधान की सूचना को भारत पशुधन एप पर अपलोड कराया जाय। डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक चिकित्सालय पर भूमि—भवन पंजिका को अद्यतन रखने का निर्देश दिया।

अपर निदेशक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एफ.एम.डी. कार्यक्रम के साथ—साथ विभागीय योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाय।

बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. मो. शकील, डॉ. बीनू जैन, डॉ. इस्लामुउद्दीन, डॉ. अच्छे लाल वर्मा, डॉ. प्रवेश मिश्रा, डॉ. अंकुर बिहारी, डॉ. ललित, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. धीरज, डॉ. कपिल, डॉ. प्रत्यास्था सिंह, डॉ. जे.पी. वर्मा, डॉ. अर्चना सचान सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में लू का कहर, डॉ. धीरेंद्र तिवारी की चेतावनी – सावधान रहें, नहीं तो अस्पताल पहुंचने में देर नहीं लगेगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता, प्रभात कुमार पाठक

पयागपुर (बहराइच)। जिले में सूरज का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। दोपहर की चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ऐसे में ब्भ्ब् पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने गर्मी को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है, ष्लू लगना मजाक नहीं है, यह सीधा आपकी जान पर बन सकती है। सावधानी नहीं बरती तो अस्पताल आना तय है! डॉ. तिवारी ने बताया कि 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान शरीर को झुलसाने के लिए काफी है। लू लगने से डिहाइड्रेशन, चक्कर, उल्टी—दस्त जैसी समस्याएं तेजी से फैल रही हैं। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों और बुजुर्गों पर मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, लोग खुद को समझदार समझते हुए दोपहर में बाहर निकलते हैं, लेकिन जब अस्पताल पहुंचते हैं तो हालत बिगड़ चुकी होती है। गर्म हवाओं को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। डॉ. तिवारी का कहना है कि यदि किसी को लू लगे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, घर के घरेलू इलाज पर निर्भर न रहें। पर्याप्त पानी पिएं, हल्का भोजन करें और धूप में निकलने से पहले पूरी तैयारी करें। गर्मी का कहर अभी थमा नहीं है, ऐसे में अधीक्षक की यह चेतावनी जिलेवासियों के लिए किसी अलार्म से कम नहीं। अब देखना यह है कि लोग चेतते हैं या फिर गर्मी की मार झेलकर अस्पताल का रुख करते हैं।



# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म जयंती का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता, प्रभात कुमार पाठक

पयागपुर, बहराइच। पयागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरियावां में माननीय अखिलेश यादव जी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के निर्देशानुसार बाबा साहेब जी की जन्म जयंती के अवसर पर साप्ताहिक समारोह का शुभारंभ किया गया, जिसका समापन 14 अप्रैल को होगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुकेश श्रीवास्तव पूर्व विधायक पयागपुर रहे उन्होंने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था बाबा साहब समाज सुधारक और संविधान के मुख्य शिल्पकार थे वह अंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ विविवेत्ता अर्थशास्त्र राजनीतिक विशेषज्ञ लेखक और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था उन्होंने श्रमिक किसने और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया वह स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक थेकार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम सुरेश यादव विधानसभा अध्यक्ष ने किया।

इस अवसर पर बालेन्द्र श्रीवास्तव चेयरमैन आदर्श नगर पंचायत पयागपुर, संत कुमार पासवान जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, पेशकार राव पूर्व ब्लॉक प्रमुख व जिलाध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी, आनन्द यादव जिला सचिव, नंदेश्वर नंद यादव, सदानंद यादव जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, श्यामलाल राजपूत दिनेश शुक्ला मालिक राम शर्मा रामजी उपाध्याय अनूप, शिव कुमार गौतम सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी व पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबर

### जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच। उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स



फील्ड हॉस्टल में जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा सरयू लिंक चौनल का सीमांकन कराने एवं विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। सांसद श्री गोंड ने सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्यों में वन विभाग द्वारा लगाई जाने वाली आपत्तियों को उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाय। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियो को पीने का पानी तथा आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नहरों का संचालन करा कर तालाब एवं पोखरों को भरने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की ओर से किसी अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर उपाध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस अवसर पर अधि.अभि. सरयू नहर खण्ड—5 दिनेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### असंदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित की हुई मौत, पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शेखन पुरवा दाखिला ददोरा निवासी रुखसार की संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही



कमरे में मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही बेटी के घर आए मृतक के माता पिता ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की मां ईस : जहां निवासी अमवा भारी दाखिला मोहरवा थाना मटेरा जनपद श्रावस्ती ने ससुरालियों के खिलाफ प्रार्थनापत्र देते हुए आरोप लगाया कि 7 माह पूर्व हैसियत के अनुसार बेटी की शादी में दहेज दिया था। परंतु शादी के बाद से ही ससुरालियों के द्वारा बेटी को प्रताणित किया जाता रहा है। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी की बिगड़ी हालत, जिला चिकित्सालय रेफर

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र अंतर्गत झंझार गांव में एक 23 वर्षीय विवाहित महिला नाजिया पत्नी जाहिद अली के बीच किसी बात पर इतना विवाद बढ़ा कि पत्नी ने किसी विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने लगी। पत्नी की हालत को बिगड़ता हुआ देख पति ने सीएससी इकौना लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होता देख संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के लिए रेफर कर दिया।जहां महिला का इलाज चल रहा है।

# जनता की चौपाल में गूंजा विकास का डंका, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाडेय ने सुनीं फरियादें, सुनाया तरक्की का मंत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता, प्रभात कुमार पाठक

बिशेश्वरगंज, बहराइच। मंगलवार को ब्लॉक परिसर उस वक्त गवाही दे रहा था ऐतिहासिक पलों की, जब ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सीधे—सीधे सुना और उसी दम समाधान का भरोसा भी दे डाला। ब्लॉक सभागार में जैसे ही पांडेय जी पहुंचे, जनता ने उन्हें घेर लियाकृकोई पानी की समस्या लेकर आया था, कोई सड़क की। लेकिन पांडेय जी न केवल धैर्य से सबकी बात सुनी, बल्कि तुरंत अधिकारियों को निर्देश भी थमा दिए – काम होना चाहिए, नतीजे दिखने चाहिए! इतना ही नहीं, क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की भी बारीकी से समीक्षा हुई। जहां जरूरत पड़ी, वहां नए प्रोजेक्ट की नींव डालने की रणनीति भी बन गई। गौरतलब है कि पांडेय जी के कार्यकाल में क्षेत्र में जो विकास की गंगा बही है, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। वॉटर आरओ की



सुविधा से लोगों को स्वच्छ जल मिलने लगा है और पानी का संकट बीते दिनों की बात हो चुका है। ब्लॉक परिसर का कायाकल्प देख कोई भी कह उठे – अब तो ये परिसर मिनी सचिवालय सा नजर आता है! पूर्व ब्लॉक प्रमुखों के कामों से तुलना करें, तो साफ हैकृपांडेय जी ने विकास के मामले में मीलों लंबी छलांग लगाई है इस सुनवाई और समीक्षा बैठक में भाजपा के दिग्गज नेता धन लाल पांडे, मोहन चंद्र पांडेय, राहुल मिश्रा, दिनेश वर्मा, अनूप शुक्ला, शिवम तिवारी, पंकज तिवारी, असलम खां समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

# आर एस एस के शताब्दी वर्ष पर हुआ पथ संचलन संघ के पंच प्रण सभी को अपनाना चाहिए–अजय

दैनिक अयोध्या टाइम्स

जरवल,बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर जरवल का वर्ष प्रतिपदा उत्सव जरवल के अग्रवाल मोहल्ला स्थित नारायण दास मन्दिर (श्याम मंदिर) मे मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी रहे। अजय ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ के पंच प्रण सभी को अपनाना चाहिए। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वा का जागरण, उसके बाद संघ का पथ संचलन शुरू हुआ जो जरवल के विभिन्न मुहल्लों से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पहुंच कर पुलिस चौकी से हरचंदा मोड़ से वापस आकर श्याम मंदिर मे समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे सह जिला कार्यवाह अंकुश, धर्म जागरण सहसंयोजक प्रवीण सिंह, नगर संचालक श्री ओम, नगर कार्यवाह डा दीपक, धर्म जागरण संयोजक राजेश श्रीवास्तव, खंड कार्यवाह सुधीर सिंह, खंड संचालक अवध विहारी, बेदान्त श्रीवास्तव, रवि यज्ञसेनी, सचिन गर्ग, कृष्ण मुरारी अग्रवाल सहित सैकड़ो गणवेश धारी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कैलाश नाथ राना के आवास के पास पहुंचते ही स्वम सेवकों पर बड़े ही भव्य रुप से पुष्प वर्षा की गई जरवल में आर एस एस के पथ संचलन में निकाला गया जलूस पर जगह—जगह पुष्प वर्षा की गई शान्ति व्यवस्था के लिए जलूस के दौरान पुलिस की भी चाक—चौबन्द व्यवस्था देखी गई।



# बाबा बागेश्वर नाथ धाम में विकास की नई रोशनी, विधायक ने किया शिलान्यास

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता, प्रभात कुमार पाठक

पयागपुर (बहराइच)। धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण बाबा



बागेश्वर नाथ मंदिर अब नए स्वरूप में नजर आएगा। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने मंदिर परिसर में विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह 'सत्या', मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, और भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

60 लाख की परियोजना, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : पांडवकालीन शिवलिंग और आस्था का केंद्र यह प्राचीन मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। सावन माह, सोमवार और शुक्रवार को यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर की इसी महत्ता को देखते हुए लगभग 60 लाख रुपये की लागत से सत्संग हॉल, शौचालय निर्माण, इंटरलॉकिंग मार्ग जैसे कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

विधायक त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर लाने की दिशा में यह एक अहम कदम है। मंदिर का भव्य रूप श्रद्धालुओं के साथ—साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।

उल्लेखनीय उपस्थिति : शिलान्यास समारोह में क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के साथ महंथ परिवार के सरोज भारती, शंकर बाबा, दिनेश भारती, तथा प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश, हालदार राजेश विश्वास, आजाद पांडेय, और किंचू मिश्रा जैसे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

धार्मिक विरासत और आधुनिक विकास का संगम, बाबा बागेश्वर नाथ धाम अब नए स्वरूप की ओर अग्रसर है।

# सेवानिवृत्त पर्यवेक्षिकाओं को दी गई भावभीनी विदाई, सेवा समर्पण को किया गया नमन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता, प्रभात कुमार पाठक

पयागपुर (बहराइच)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में आज एक गरिमामय समारोह के तहत स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला श्रीमती ऊषा त्रिपाठी और श्रीमती विटाना यादव के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके दशकों लंबे सेवा—काल और समर्पण को याद कर भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह में अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी के साथ—साथ स्वास्थ्य विभाग के कई सम्मानित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्टाफ के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर और शुभकामनाएं देकर विदाई की रस्म को स्मरणीय बना दिया।

विशेष उपस्थिति में बढ़ा आयोजन का गौरव : कार्यक्रम में श्रीमती हेमवती (LHV), श्रीमती गीता पाठक (स्म्ट), श्रीमती अर्चना शुक्ला (जिला उपाध्यक्ष) तथा श्रीमती आशा त्रिपाठी की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। सभी ने अपने वक्तव्यों में सेवानिवृत्त हो रही अधिकारियों के अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता की सराहना की।



सेवा के प्रति समर्पण की मिसाल : श्रीमती ऊषा त्रिपाठी और श्रीमती विटाना यादव ने महिला और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई वर्षों तक समर्पित सेवा दी। उनके कार्यों ने न केवल विभाग को मजबूती दी, बल्कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में भी सकारात्मक परिवर्तन लाए। अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने कहा, "आपका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मार्गदर्शक की तरह रहेगा। सेवा से निवृत्त होना एक पड़ाव है, लेकिन आपकी छवि हमेशा हमारे बीच जीवंत रहेगी।"

भावनात्मक विदाई और सम्मान समारोह : समारोह के दौरान उपस्थितजनों ने फूल—मालाओं, स्मृति चिह्न और गीतों के माध्यम से उन्हें विदाई दी। एक ओर जहां चेहरे पर मुस्कान थी, वहीं आंखों में आंसू भी झलक रहे थे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ। यह विदाई समारोह सेवा, सम्मान और स्नेह का प्रतीक बन गया।

# बस्ती में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल SP ने 37 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन किया तबादला, तत्काल प्रभाव से लागू

विकास चौधरी ब्यूरो प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स बस्ती। बस्ती में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने 37 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। स्थानांतरण आदेश में विभिन्न थानों से पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा गया है। इनमें कलवारी, नगर, हरैया, परशुरामपुर, सोनहा, वाल्टरगंज, कप्तानगंज, गौर और रूधौली थाने शामिल हैं। कोतवाली से रामेश्वर गौड़, धीरज यादव और दुर्गेश को स्थानांतरित किया गया है। पुरानी बस्ती थाने से फयानाथ भास्कर, गणेश सिंह और रामभगत यादव को भेजा गया है। वाल्टरगंज से शमशेर अहमद खान, मिथलेश कुमार, रत्नेश और चालक लालदेव का तबादला हुआ है।

हरैया से पवन यादव, छावनी से राघवेन्द्र दूबे, अभिमन्यु शर्मा और लवकुश को स्थानांतरित किया गया है। परशुरामपुर थाने से दिग्विजय सिंह, पयनेश सिंह, पवन यादव और शुभम चौधरी का तबादला हुआ है। गौर थाने से देवेन्द्र निषाद और सतेन्द्र यादव, पैकोलिया से चंद्रकेश यादव और राजन को भेजा गया है। कलवारी से राजेश कुमार सिंह और विकास सिंह का स्थानांतरण हुआ है।नगर थाने से हेमंत सिंह और धन्वंत, कप्तानगंज से रमेश चौहान और एस.पी. चौहान को स्थानांतरित किया गया है। रुधौली से वृषकेतु सिंह, सुनील कुमार सिंह और राजन गौड़ का तबादला हुआ है। सोनहा थाने से कृष्णानंद त्रिपाठी, संदीप कुमार और देवानंद यादव को भेजा गया है। मुंडेरवा से प्रदीप कुमार सिंह तथा लालगंज से हरेराम सिंह और प्रशांत सिंह का स्थानांतरण किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश की सूचना भेज दी गई है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना है।



# हत्या मामले में सरदार सेना ने किया दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग सौंपा ज्ञापन



विकास चौधरी ब्यूरो प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स बस्ती। सोमवार को सरदार सेना के जिला महासचिव सुधाकर चौधरी और अखिलेश प्रजापति के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि छावनी थाना क्षेत्र के मझौआ दूबे निवासिनी अर्चना वर्मा के पति शोभाराम वर्मा की गत हत्या कर दी गई। 29 जनवरी 2025 को उनकी लाश मलौली गोसांई बाजार के निकट से बरामद हुई। 1 फरवरी को छावनी थाने पर तहरीर देकर अर्चना वर्मा ने पति के हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग किया गया किन्तु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

ज्ञापन देने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने मांग किया कि अर्चना वर्मा के पति शोभाराम वर्मा हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफांस कराते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाय।इसी कड़ी में सरदार सेना के संरक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने गर्मी को देखते हुये नहरों में पानी छोड़ने और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिये ब्लाक स्तर पर फायर बिग्रेड गाडियों की व्यवस्था कराने की मांग किया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजकुमार वर्मा छात्र नेता, शिव प्रताप वर्मा, विजय, पवन, संदीप निषाद, राजेश चौधरी ,प्रदीप यादव, सुधाकर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी उर्फ राजा भैया, अखिलेश प्रजापति, राजेंद्र, सर्वेश, आकाश, पुष्कर, अर्चना वर्मा, मालती देवी, साहब राम वर्मा, सुदामा देवी, प्रदीप शर्मा, मनोज वर्मा, रामतौल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, प्रेम चौधरी, सनी चौधरी, गीत देवी के साथ ही पीड़ित परिवार के लोग शामिल रहे।

## कोल्ड में काम करते समय गिरा मजदूर इलाज के दौरान मौत




ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। बीते दिवस अमृतपुर के पास एस एम कोल्ड स्टोरेज में काम करते समय ऊंचाई से गिर जाने के चलते एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना मोहम्मदाबाद के गांव अखई नगला निवासी प्रेम बाबू पुत्र वीर नंदन कई दिनों से कोल्ड स्टोर में मजदूरी का काम कर रहा था। ठेकेदार के द्वारा मजदूरों को लाया गया था। जिसमें उसका भाई पंचम भी कार्य कर रहा था। बीते दिवस रात के समय काम करते समय मजदूर काफी ऊंचाई से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण की। कोल्ड मलिक ने बताया कि मजदूर यहां कब लाया गया और कहां काम करता था इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। क्योंकि उनका सीधा संपर्क ठेकेदार से रहता है। ठेकेदार द्वारा ही मजदूर को लाया गया होगा।

## फर्रुखाबाद में समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक का आयोजन




ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी कार्यालय, फर्रुखाबाद में समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि युवजन सभा आगामी दिनों में गांव–गांव, गली–गली जाकर कैंप आयोजित करेगी और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दृ समाजवादी युवजन सभा, शिवम यादव ने कहा कि फर्रुखाबाद में युवजन सभा पूरी सक्रियता के साथ जनसंपर्क अभियान चला रही है। हमारा संकल्प है कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को चारों सीटों पर विजय दिलाई जाए तथा जिले में पार्टी को और अधिक मजबूत किया जाए।इस अवसर पर सपा प्रमुख द्वारा दिए गए आह्वान के क्रम में, आवास विकास से समाजवादी पार्टी कार्यालय तक एक प्रतीकात्मक मार्च निकाला गया। रामपाल यादव मंडल प्रभारी दृ सपा), शिव शंकर शर्मा, विनीत परमार, धीरज राजपूत, सुनील ठेकेदार, गौरव राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुशवाहा, अर्चित मिश्रा, रजनीश यादव, सुधाकर राजपूत, पुष्पराज परमार, अंशुल यादव, नागेंद्र यादव, राजीव श्रीवास्तव, अरविंद शर्मा दीपक, नीतीश जोशी, रोहित पाल, दीपक मिश्रा, शिवम दिवाकर, तस्लीम खान, धीर सिंह राजपूत सहित अनेकों समाजवादी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फर्रुखाबाद में गैस सिलेंडर फटा, चाय बनाते समय हादसा, 5 लोग झुलसे, 3 की हालत गंभीर



ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र के टाडा वहरामपुर गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हुआ। चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई और वह धू–धू कर जलने लगा। आग ने इतनी तेजी से विकराल रूप लिया कि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया और लाखों रुपए का नुकसान हुआ। इस हादसे में चार महिलाएं समेत पांच लोग झुलस गए।घटना के समय अन्य लोग अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागे, लेकिन पांच लोग आग की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

फिलहाल, घायलों का इलाज चल रहा है।स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा गैस सिलेंडर के असावधानी पूर्वक इस्तेमाल के कारण हुआ, जो स्थानीय निवासियों के लिए एक चेतावनी है। प्रशासन और समाजसेवी संगठनों द्वारा लोगों को गैस सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल के प्रति जागरूक किया जा रहा है।घायलों की स्थितिरूपांच लोग झुलसे, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

स्थानीय प्रशासन की प्रतिक्रिया – प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।इस हादसे ने एक बार फिर गैस सिलेंडर और घरेलू सुरक्षा के महत्व को उजागर किया है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की अपील है कि लोग गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते वक्त पूरी सतर्कता बरतें।

## पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार




ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद फतेहगढ़। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक विशेष अभियान के तहत की गई है, जिसमें पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा और घटना में प्रयुक्त लाठी भी बरामद की।पुलिस के मुताबिक, 22 मार्च 2025 को थाना मऊदरवाजा में श्री तीसराम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 14 मार्च 2025 को शराब के नशे में चार अभियुक्तों ने उनके साथ गाली –गलौज करते हुए मारपीट की।

जब उनके बेटे विक्रम, अशोक, आकाश और नातिन अमन ने बचाने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने उन्हें भी लाठियों से मारा। इस मारपीट में विक्रम की सिर में गंभीर चोटें आईं और 22 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने इस मामले में चार अभियुक्तों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। इनमें से तीन अभियुक्तों दृ अजय, राजीव और सुभाष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अब, पुलिस ने मुख्य आरोपी जगपाल को 8 अप्रैल को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी भी बरामद की गई। अभियुक्त जगपाल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि झगड़े के दौरान विक्रम के सिर पर लाठी से चोट लगी थी, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, और उसकी गिरफ्तारी से मामले की जांच में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।

गिरफ्तारी टीम – थानाध्यक्ष श्री बलराज सिंह भाटी उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह,म0हे0का0 मंजू,का0 कन्हैया, का0 हरवीर ,यह गिरफ्तारी जनपद फतेहगढ़ पुलिस की सफलता के रूप में देखी जा रही है, जो अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

## सड़क निर्माण में अनियमितता पर विधायक नफीस अहमद ने किया निरीक्षण, ठेकेदार को दी चेतावनी




जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के महाराजगंज–कप्तानगंज मार्ग के निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। स्थानीय पत्रकारों ने जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन–प्रशासन तक आवाज पहुंचाई, जिसका असर साफ नजर आया। मंगलवार की दोपहर को गोपालपुर के विधायक नफीस अहमद ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद ठेकेदार और एक्सीयन से बातचीत की।

विधायक ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधायक नफीस अहमद ने कहा, कई दिनों से जनता और समाचार पत्रों के माध्यम से शिकायत मिल रही थी कि महाराजगंज–कप्तानगंज मार्ग सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा है। हमने इसका संज्ञान लेते हुए आज खुद निरीक्षण किया है। अगर किसी भी नागरिक को हमारे क्षेत्र में कोई समस्या हुई तो यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने हमें जो आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर दिया है, हम उस पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण कार्य अब गुणवत्ता के साथ पूर्ण होगा।

## भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी की समीक्षा बैठक जनपद में हुई संपन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर
ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा

सुल्तानपुर। जनपद में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी का कार्यकर्ता समीक्षा बैठक रतनपुर कैंप कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के जिला उपाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव मौजूद रहे कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में तहसील स्तर से संबंधित जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया जिसमें जयसिंहपुर डाकखाना मे विगत दो माह से आधार नामांकन संशोधन का कार्य बंद पड़ा हुआ है जिसके चलते बच्चों को आधार नामांकन संशोधन कार्य कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जयसिंहपुर डाकखाना में आधार संशोधन का कार्य चालू कराया जाए जयसिंहपुर तहसील को जोड़ने वाली बगिया चौराहा से बिरसिंहपुर तक सड़क विगत दस वर्षों से खराब पड़ी हुई है खराब पड़ी हुई सड़क को जल्द ठीक कराया जाए सहित अन्य जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि जन समस्याओ का निराकरण जिला प्रशासन नहीं करता है तो संगठन उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला उपाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन पर किसानो की बात ना सुनने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले का प्रशासन किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है और जो जन समस्याओं को लेकर के किसान नेता प्रशासन के पास आते हैं तो उनकी बातों को ना सुनकर के नजर अंदाज करने का काम जिले का प्रशासन कर रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण जयसिंहपुर तहसील को जोड़ने वाली बगिया चौराहा से बिरसिंहपुर सड़क जो विगत 10 वर्षों से खराब पड़ी हुई है खराब सड़क को ठीक करने के लिए संगठन द्वारा विगत वर्षों से जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए चले आ रहे हैं परंतु जर्जर सड़क को अभी तक ठीक नहीं कराया जा सका श्री बाबा ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जयसिंहपुर डाकखाने में खराब पडी कंप्यूटर को यदि ठीक न कराया गया तथा आधार संशोधन का कार्य जल्द चालू न कराया गया तो संगठन जयसिंहपुर डाकखाने का घेराव करेगा इस मौके पर संजय गौतम दीपक कुलदीप विवेक वीरू हरिराम वर्मा दयाराम यादव सुरेश आदि मौजूद रहे।

## रामकली बालिका इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का हुआ गठन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर
संवाददाता बाबा संदीप श्रीवास्तव

सुल्तानपुर। जनपद में रामकली बालिका इंटर कॉलेज की प्रबंधक कु. रेनू जायसवाल ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू की है। यह कॉलेज रामकली कन्या विद्यालय समिति द्वारा 1960 में स्थापित किया गया था। वर्तमान में यह समिति अक्टूबर 2025 तक नवीनीकृत है। पूर्व प्रबंधक नारायण प्रसाद की मृत्यु के बाद राजकुमार जायसवाल ने विवाद खड़ा किया। उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय अयोध्या में कई शिकायती पत्र भेजे। प्रबंधक को जारी नोटिस को कु. रेनू जायसवाल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने बीते 29 सितंबर 2023 को यह नोटिस निरस्त कर दिया। डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक साल की सुनवाई के बाद प्रबंधक ने समिति के अध्यक्ष को नई प्रबंधकारिणी समिति के गठन के लिए पत्र भेजा।

अध्यक्ष ने बैठक की तिथि तय की। जिला विद्यालय निरीक्षक से पर्यवेक्षक की मांग की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। समिति के सभी सदस्यों को पंजीकृत डाक से एजेंडा भेजा गया। इसके अलावा हिंदी समाचार पत्र ने एजेंडा प्रकाशित किया गया जिसमें कोई विभागीय पर्यवेक्षक नहीं पहुंचने के कारण, उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहमति से श्रद्धा खंडेलवाल को पर्यवेक्षक और प्रियंका सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। इन दोनों अधिकारियों की देखरेख में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में बारह सदस्यीय प्रबंधक कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसमें पांच पदाधिकारी और सात सदस्य शामिल हैं। चुनाव के बाद रेनू जायसवाल को स्कूल का नया प्रबंधक चुना गया प्रबंधक के हस्ताक्षर को प्रमाणित करने के लिए संबंधित फाइल कल जिला विद्यालय निरीक्षक, सुलतानपुर को भेजी जाएगी।





## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत आवेदन की अन्तिम तिथि 07 मई

- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग की सुविधा

बहराइच। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट एवं एनडीए्सीडीएस, यूपीएसआई, एसएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जनपद के विभिन्न केन्द्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षायें संचालित की जा रहीं हैं। उक्त प्रशिक्षण कक्षाओं के शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु आफलाइन/ऑनलाइन पंजीकरण हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं 07 मई 2025 .तक किसी भी कार्य दिवस में गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ ऑफलाइन अथवा अभ्युदय डाट वन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कोर्स कोआर्डिनेटर अवनीश सिंह के मो.न. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षाध्काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग का आयोजन माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यूपीएससी, यूपीपीसीएस, सीडीएस, जेईई, नीट एवं एनडीए, यूपीएसआई, एसएससी के प्रशिक्षण हेतु चयन आयोगध्परीक्षा एजेन्सियों द्वारा मांगी गयी शैक्षिक योग्यता के अनुसार सभी वर्गों के सभी आय वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होगें।

पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री पाण्डेय ने बताया कि जेईई एवं नीट हेतु कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण, यूपीएससी एवं यूपीपीएससी (सिविल सेवा) परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा उत्तीर्ण, एसएससी व एनडीए परीक्षा हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत् अथवा उत्तीर्ण तथा सीबीएस परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होगें।

## पत्रकार के समर्थन में युवा जनकल्याण समिति के प्रमुख

- तहसीलदार सार्वजनिक तौर पर पत्रकारों से मांगे मांफी–कुलदीप पाण्डेय

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ जयराम यादव गोरखपुर। विगत एक सप्ताह पूर्व हुए पत्रकार पवन गुप्ता के साथ सदर तहसील के तहसीलदार ध्रूवेश कुमार सिंह के द्वारा अभद्रता का मुद्दा अभी कहीं से भी थमने का नाम नही ले रहा है! तहसीलदार द्वारा पत्रकार पर किये गये अभ्रता से आहत युवा जनकल्याण समिति के प्रमुख व अध्यक्ष गोरखपुर शहर के सुप्रसिद्ध युवा समाजसेवी कुलदीप पाण्डेय भी पत्रकार के समर्थन मे आगे आये! समाजसेवी कुलदीप पाण्डेय ने सोशल मीडिया व पत्र के माध्यम से कहा तहसीलदार का पत्रकार व अधिवक्ताओं के साथ किया गया अभद्रता अशोभनीय है! प्रतिष्ठित व जिम्मेदार पद पर होते हुए देश के चौथे स्तम्भ एक निष्पक्ष पत्रकार को इस प्रकार से अभद्र शब्द का प्रयोग करने पर मै घोर विरोध कर करता हूँ! मुख्यमंत्री योगी जी के शहर मे तहसीलदार का यह रवैया एक पत्रकार के साथ ठिक नही है और आने वाले भविष्य के लिए चिंताजनक है! पत्रकार पवन गुप्ता ने अपना कार्य पत्रकारिता के माध्यम से सही ढंग से किया है तहसील मे हो रहे भष्ट्राचार को उजागर करने पर तहसीलदार का पत्रकार को लगातार फोन पर अभद्र गाली व धमकी देना जग जाहिर हो गया है! फोनकाल रिकाडिंग को सुनने से ही तहसीलदार कि निचता का सबूत सबके सामने आ गया! इस सम्बंध मे प्रशासन ने निलम्बित भी किया है,लेकिन मेरी मांग मुख्यमंत्री योगी जी से है कि तहसीलदार के तानाशाह रवैये पर कठोर से कठोर कदम उठाया जाये और सदैव के लिए निष्कासित कर घर बैठा दिये जाने को आदेशित किया जाये।

कुलदीप पाण्डेय ने यह भी कहा आज जब पत्रकार व अधिवक्ताओं के साथ तहसीलदार इस प्रकार से सरेयाम फोन पर बत्तमिजी कर धमकी दे रहा है तो आम जनता के साथ क्या सुलुख करता रहा होगा. गोरखपुर के जिलाधिकारी महोदय से भी निवेदन है कि तहसीलदार को सिर्फ निलम्बित करने से काम नही चलेगा ना ही पत्रकार का अपमान करना कम कम होगा! जिलाधिकारी सार्वजनिक रुप से तहसीलदार को पत्रकार से लिखित व सार्जनिक रुप से मीडिया के समक्ष आकर माफी मांगने को कहे, जिससे भविष्य मे ऐसी घटना का पुनरावृति ना हो सके! तहसीलदार अपने अभद्रकृत पर पत्रकार से सार्वजनिक मॉंफी नही मागते तो हमारी संगठन भी सड़क पर उतरकर जनांदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



# संक्षिप्त समाचार

### बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दिए निर्देश नगर पंचायत के चौराहों का कराया जाए सौंदर्यीकरण

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15 वित्त आयोग की संस्तुति के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुदान एवं अवस्थापना विकास निधि की अवमुक्त धनराशि से जनपद के निकायों में कराये जाने बाले कार्यो के चयन के संवंध में जिलास्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी नगर पालिका/पंचायत में महत्वपूर्ण चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया जाये, सभी की डिजाइन एक तरह की रखी जाये, एक सप्ताह में कार्ययोजना बनाये, बारिश से पहले सभी नाले नालियों की सफाई करा ली जाये, रोड के किनारे कूड़ा न फेका जाये एकत्र कर एम0आर0एफ0 सेंटर ले जाया जाये,सभी नगर पालिकाध्पंचायत बंदर व कुत्ते व आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जाये, सभी वाटर कूलर सही करा लिये जाये, फायर हाइड्रेंट भी सही करा लिये जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, निकायों के अध्यक्ष व ई0ओ0 व संवंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 30 ई-रिक्शा सीज, लगाया 1.35 लाख जुर्माना परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान जारी




ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने चेकिंग अभियान चलाते हुये नगर में बस अड्डा, आईटीआई चौराहा, मसेनी चौराहा, सेन्ट्रल जेल चौराहा व अन्य स्थानों पर ई–रिक्शा को चेक किया गया तथा 30 ई–रिक्शा को कमियां पाये जाने पर सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा 30 ई–रिक्शा को कमियां पाये जाने पर सीज करते हुये रू0 1.35 लाख जुर्माना तथा रू0 34 हजार टैक्स लगाया गया। उल्लेखनीय है कि मा0मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में अपंजीकृत एवं अवैध ई–रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान दिनांक 01–04–2025 से 30–04–2025 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

### यातायात पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1097 वाहनों का एम वी एक्ट में किया चालान

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में अपंजीकृत, बिना लाइसेंस व नाबालिग ऑटो/ई–रिक्शा चालकों के विरुद्ध शहर/देहात क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 471 ऑटो/ई–रिक्शा चालकों को चेक किया गया । जिसमें 13 ऑटो को बिना परमिट, 27 अपंजीकृत ऑटो/ई–रिक्शा तथा 31 ऑटो/ई–रिक्शा को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाते हुए पाये जाने पर यातायात यार्ड लाकर एम0वी0 एक्ट की धारा के अन्तर्गत सीज की कार्यवाही की गयी । इसके अतिरिक्त एम०वी०एक्ट के विभिन्न धाराओं में 103 ऑटो चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। अभियान के क्रम में ही शहर के विभिन्न चौराहोंधतिराहों पर नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया, जिसमें 11 वाहनों को टो करके यातायात यार्ड लाया गया एवं 91 चार पहिया तथा 163 दो पहिया वाहनों का चालान किया गया। शहर क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर कुल 1097 वाहनों के विरुद्ध एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



### हाईटेक होंगे बच्चे, बाबू गुलाब सिंह महाविद्यालय में हुआ स्मार्टफोन का वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ जयराम यादव गोरखपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 8.4.2025 को बाबू गुलाब सिंह महाविद्यालय, पोवा धानी के प्रांगण में छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन मोबाइल का वितरण माननीय मुख्य अतिथि शिक्षक नेता दाल एवं सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के युवा ही कल के कंधार हैं यह भारत का भविष्य है अगर युवा चाहे तो कुछ भी कर सकता है वह अगर अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर लगातार प्रयास करें तो ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है जिसे वह प्राप्त न कर सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद त्रिपाठी पूर्व प्रधान, कैलाश मणि त्रिपाठी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शोहरतगढ़, पूर्व प्रधान पीयूष मणि त्रिपाठी, राम फेर त्रिपाठी क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधानाचार्य बाबू गुलाब सिंह महाविद्यालय पोवा डॉक्टर सीमा त्रिपाठी, विद्यालय के शिक्षक गन सर्व श्री दुर्गेश मिश्रा, गोविंद मिश्रा, यशी शुक्ला, दीक्षा शर्मा, दिशा शर्मा, अवधेश सिंह, संजय, पंडित रामकृष्ण शरण मणि त्रिपाठी, प्रबंधक डॉक्टर रजनीकांत त्रिपाठी उपस्थित रहे।



### नायब तहसीलदार ने पीड़ित महिला को दिलाया त्वरित न्याय

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दीदारगंज आजमगढ़

मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के नोनारी गांव निवासिनी पीड़िता एक विधवा महिला ने मंगलवार सुबह तहसील में पहुंचकर उप जिला अधिकारी मार्टिनगंज रामानुज शुक्ला को लिखित तहरीर देकर बताया कि एक व्यक्ति द्वारा उसके जमीन को जबरदस्ती जोता – बोया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार हरिशंकर दूबे को मामले की जांच कार्यवाही का निर्देश दिया तो नायब तहसीलदार ने महिला को त्वरित न्याय दिलाकर खुशी–खुशी घर भेजा, जिसकी चर्चा तहसील परिसर में होती रही। जानकारी के अनुसार मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के नोनारी गांव निवासिनी लाडली पत्नी फकरे आलम ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है, जबरन मेरे हिस्से की भूमि को एक व्यक्ति जग्गू द्वारा जोता बोया जा रहा है तथा मुझे परेशान किया जा रहा है । शिकायत पर नायब तहसीलदार हरिशंकर दूबे ने तत्काल खेत जोतने बोने वाले व्यक्ति को तहसील में बुलाया, तो पता चला कि लेडुवावर गांव निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र जयश्री यादव पीड़िता के परिवार अजमल, लाडली आदि का लगान पर खेती करता है। और लाडली को उसके हिस्से के जमीन की जुताई बुवाई की लगान नहीं मिल पा रहा था। नायब तहसीलदार ने तुरंत सुरेंद्र यादव से लाडली के जमीन के हिस्से का लगान साढ़े सात हजार रुपया हल्का लेखपाल व गांव के लोगों के सामने दिलवाया तो अपने हिस्से के पैसे को विधवा महिला लाडली खुश हो गई, और नायब तहसीलदार द्वारा त्वरित न्याय दिलाने पर विधवा महिला ने कहा कि ऐसे अधिकारी अगर तहसील में रहेंगे तो फरियादियों को तुरंत न्याय मिलेगा। पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी व नायब तहसीलदार के द्वारा न्याय दिलाने पर खुश दिखी।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284
बुधवार
09 अप्रैल 2025
dainikayodhyatimes.com




## क्षत्रिय समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपा



दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान बिजनौर, नहटौर। क्षत्रिय समाज के लोगों ने वीर योद्धा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपा। क्षत्रिय समाज नहटौर व श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के तत्वाधान में क्षत्रिय समाज के लोग नहटौर कोतवाली में पहुंचे। राणा सांगा के बारे में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कहा कि क्षत्रिय समाज ही नहीं सनातन जनमानस में आक्रोश है।

राणा सांगा ने विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अधिकतर राजाओं को संगठित करके युद्ध किया और विजय प्राप्त की। भारत के ऐसे महान योद्धा के बारे में ऐसी अभद्र टिप्पणी करना किसी भी जागरूक समाज को बर्दाश्त नहीं होगा। क्षत्रिय समाज श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का भी समर्थन करते हैं एवं शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव रद्द की जाए और उनके खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में विनोद चौहान, रूपेश चौहान, कोमल सिंह, हिमांशु चौहान, विश्वजीत, मास्टर यशवंत सिंह, जयप्रकाश, आकाश कुमार, रणवीर सिंह खंडवाल, हेमेंद्र, अनुराग चौहान, नवीन चौहान आदि मौजूद रहे।

## रामपुर मझिला के गौशाला में गौवंशों की दयनीय दशा जिम्मेदार मौन





धर्मेंद्र यादव संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। गोवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह संवेदनशील है इस संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए जनपद कन्नौज जिला अधिकारी भी गोवंशों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए समय –समय पर संबंधितों के साथ बैठक करके गौशालाओं की स्थिति सुधारने के सक्रिय कदम उठा रहे हैं बावजूद इसके संबंधित अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा रहे जिसके चलते गौशालाओं में गोवंशों की दुर्दशा की तस्वीरें देखने को गाहे बगाहे मिल ही जाती है। जनपद में कई गौआश्रय स्थल सचिवो और ग्राम प्रधानो के संवेदन शील होने से उनकी ग्राम पंचायत में संचालित गौशालाएं मिसाल हैं तो उमर्दा ब्लॉक में रामपुर मझिला के ग्राम प्रधान महीपाल सिंह यादव ग्राम विकास अधिकारी सत्यम वर्मा की गौशाला कागजों में नंबर एक गौशाला है जहां गोवंश की दुर्दशा देखकर किए गए दावे हवा हवाई दिखाई पड़ रहे हैं जानवरों को भरपेट भोजन न मिलने से ज्यादातर गोवंश जर्जर हालत में है जो की उठने बैठने में भी असमर्थ दिखाई दे रहे हैं व्यवस्थाओं के नाम पर जानवरों को चील कौवे कुत्ते नोच रहे हैं गौ वंशों की दुर्दशा के बारे में जब वहां के कर्मचारियों से बात की गई तो उनका सीधा कहना है कि मेरा काम झाड़ू लगाना मैंने झाड़ू लगा दी चारे का प्रबंध जब कर दिया जाएगा तो चारा भी डाल दिया जाएगा गौशालाओं में ना चारे की व्यवस्था है ना पानी की जिसके कारण गोवंश बहुत दयनीय अवस्था में हैं।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़या पकड़ी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला,बलरामपुर। सोमवार को विकास खंड उतरौला के उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़या पकड़ी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के महत्व को प्रचारित करना तथा अभिभावकों को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामतीर्थ चौधरी महाविद्यालय, उतरौला' के प्राचार्य एच.डी. वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय के अध्यापक रत्नदीप श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, नामांकन व ठहराव दर, छात्रों की अभिरुचि, अभिभावक सहभागिता और शिक्षा के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय की कक्षा 6, 7 और 8 से चयनित 10–10 मेधावी छात्रध्छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र जितेन्द्र कुमार मिश्र एवं छात्रा रुबीना बानो को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में चयनित होने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिसने विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

प्राचार्य एच.डी. वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यालय परिवार को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अर्जुन सोनकर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव, तथा शिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव, मीना, जीत कुमार सिंह, नीरज त्रिपाठी, विवेक कुमार, वरुण मिश्र, बीना जायसवाल, शाह मोहम्मद समेत न्याय पंचायत और शिक्षा विभाग के अनेक गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एच.डी. वर्मा, अर्जुन सोनकर, तथा ैडब् अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन संयोजक के रूप में विद्यालय के शिक्षक रत्नदीप श्रीवास्तव ने सराहनीय ढंग से किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी अभिभावकों, शिक्षकों व छात्रों ने कार्यक्रम की भूरि–भूरि सराहना की। यह आयोजन निश्चित रूप से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक चेतना और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध हुआ।

## अंबेडकर जयंती को लेकर नगीना थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी वसीम वारसी एडवोकेट, नगीना। अंबेडकर जयंती को लेकर थाना प्रांगण कोतवाली नगीना में शांति समिति की बैठक का आयोजन।कार्यक्रम मे वक्ताओं ने अंबेडकर शोभायात्रा को धूमधाम से मनाने हेतु अपने अपने विचार रखें प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगीना ने शोभायात्रा में शांति व्यवस्था बनाएं हेतु सभी का सहयोग मांगा कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम,प्रभारी इंस्पेक्टर नगीना तेजपाल सिंह, भाजपा नेता रोहित रवि, राजकुमार बिश्नोई,बाबू मदनपाल सिंह,सुगम प्रधान,राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, ज्ञान सिंह,अमन कुमार,अतुल भारती,प्रधान आफताब अंसारी, रचित कुमार,भूरे सिंह,शैलेंद्र राव,प्रधान पुष्पेंद्र सिंह,राम सिंह,अमिचंद कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन में सक्रिय सदस्यों का किया गया सम्मान





(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया जा रहा है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न भिनगा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यायध्एमएलसी पदमसेन चौधरी, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदंबिका वर्मा उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कर उनका सम्मान किया जा रहा है। भिनगा विधानसभा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्षध्सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नही बल्कि असंख्य कार्यकर्ताओं का एक परिवार है। जिसके परिश्रम के बल पर आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश के कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में देश निरन्तर आगे भी बढ़ रहा है और विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन कर रहा है। आज भाजपा देश के युवाओं, महिलाओ, किसानों और छात्रों सहित समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रही है। सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा जनधन खाता, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओ को शुरू करके देश मे क्रांतिकारी बदलाव लाने की शुरुआत हुयी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश मे विकास की नई गाथा लिखी जानी शुरू हुयी जिसका गुणगान पूरा विश्व कर रहा है और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व आज उत्तरप्रदेश भयमुक्त, गुंडाराज मुक्त और सुशासन युक्त सरकार चलाकर कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तरप्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती ने कहाकि हम सब राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकात्मता, लोकतंत्र की भावना पर विश्वास, सामाजिक –आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टीकोण, सकारात्मकता पंथनिर पेक्षता अर्थात सर्वधर्म समभाव, मूल्यों पर आधारित राजनीति जैसे पंच निष्ठाओं पर काम कर रहे है डॉ० मिश्रीलाल वर्मा ने सम्मेलन का समापन करते हुए कहाकि भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ व स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो सम्मेलन के बाद जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस दौरान अरुण पाण्डेय, पंकज मिश्रा सहित सेंकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला वृक्षारोपण, गंगा, पर्यावरण समितियो की बैठक का आयोजन कर दिए गए दिशा निर्देश




पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी द्वारा संबंधितों को अपने–अपने क्षेत्र में कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद का लगभग 38 लाख 50 हजार वृक्षारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें वन विभाग द्वारा लगभग 18 लाख 50 हजार एवं लगभग 20 लाख अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण किया जाना हैं। सभी विभाग अपना – अपना प्लान शीघ्र तैयार कर लें और समय से गोबर खाद की उपलब्धता एवं मानक के अनुसार गढ्ढे खोदाई का कार्य सुनिश्चित करें।उन्होंनें कहा कि जनपद का ग्रीन कवर घट गया हैं, उसे बढ़ायें जाने पर जोर दिया जायें। पौधरोपण की जो विधि हैं, उसे भलीभांति अपनायी जाये। पौधों को लगाने के साथ उसे बचाये रखना बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। वृक्षारोपण करने के उपरान्त पौधों की समय–समय पर सिचाईं की जायें। प्रत्येक विभाग की वृक्षारोपण गणना पंजिका भी पूर्ण रूप से तैयार होनी चाहिए। वन विभाग अभी से तैयारी पूर्ण कर लें, जिससे विभागों को पौधे आपूर्ति समय से सुनिश्चित हो सके। अर्जुन, महुआ, कटहल, शोधित शीशम, आदि पौधों को भी लगाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। नगरीय क्षेत्र में कम जगह होने पर शोभित पौधे लगाये जाने का कार्य किया जाये। उन्होंनें जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि प्रधानाचार्यों के साथ कमेटी बनाकर विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराया जाये, तथा बच्चों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया जाये, जो बच्चें अपने घर में जो पौधा रोपित करना चाहता हैं, उसकी सूची समय से उपलब्ध करा दी जाये और पौधे 2–3 वर्ष जीवित रखते हैं, तो उनकी फोटोग्राफ्स वर्षवाइज लेकर ऐसे बच्चों को परीक्षा प्रैक्टिकल में अतिरिक्त नम्बर देने का कार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कमेटी बनाकर ईशन नदी का ड्रोन सर्वे कराया जाये, उसी के आधार पर कार्य किया जाये और यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण मिले तो उसे भी हटवाया जाये। टम्पी नाला के गंदे पानी को टैब करने के उपरान्त एसटीपी में शोधन के लिये भेजा जाये और शोधित पानी को नदी में छोड़ा जाये। इसी प्रकार नाला, पाटा नाला आदि नालों में जो मिट्टी और घास जमा हो गई हैं, उसे हटाया जाये।उन्होंनें जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जल निगम की संस्था द्वारा समन्वय स्थापित कर गंगा ग्राम मेंहदीपुर के नाले को रिमॉडल कराया जाये। गंगा में स्नान करने की सावधानी से संबंधित सूचना पट्टध्होर्डिंग लगाई जाएं।

मेहदीघाट में खराब हैण्डपम्प को शीघ्र सही कराया जाये। अधिशासी अधिकारी गुरूसहायगंज को निर्देश दिये कि एसटीपी को शीघ्र संचालित किया जाये।उन्होनें समस्त ईओ को निर्देश दिये कि सड़क के किनारे डाले गये कूडे को हटाया जाये और कूड़ा डालने वाले सभी दुकानदारों गेस्ट हाउस का चिन्हांकन कर नोटिस जारी किया जाये। गेस्ट हाउस में विवाह समारोह, भण्डारा के आयोजन में किसी भी प्रकार का थर्माकोल, प्लास्टिक के चम्मच, कटोरी, ग्लास का उपयोग नहीं होना चाहिएं। सॉलिडवेस्ट डिस्पोजल के तहत जो बेहतर कार्य हुये हैं, उसकी वीडियो और होर्डिंग्स् के माध्यम से जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार कराया जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रभागीय वानिकी अधिकारी हेमंत सेठ, जिला विकास अधिकारी रेन्द्र देव द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह, उपायुक्त मनरेगा जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के परम हितैषी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

———–लेखक हिमांशु सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी,झुंझुनूं ——— जयपुर, राजस्थान, भारतवर्ष। (इस महत्वपूर्ण आर्टिकल आलेख के माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज जिम्मेदार उत्तरदाई लेखक माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब हैं। हमारा दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स और हमारे अधिकृत प्रतिनिधि और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996 सिंघाना झुंझुनूं राजस्थान भारतवर्ष, सिंघाना सतनाली वाले वरिष्ठ पत्रकार,

सभी माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज अथोरिटीज से दया सम्मान संरक्षण ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक कातर विनम्र अखबार पत्रकार माननीयता मांग कर ये बताना चाहते हैं कि इस आलेख के लेखक माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब ही इस आलेख के लिए हर प्रकार से और हर मात्रा में उत्तरदाई जिम्मेदार हैं रहेंगे और वे ही इस आलेख का पूरा श्रेय हासिल करने के हकदार हैं, रहेंगे ,

श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996 सिंघाना झुंझुनूं राजस्थान भारतवर्ष, सिंघाना सतनाली वाले वरिष्ठ राष्ट्रीय सेलीब्रेटेड व्यापक चर्चित व्यापक पहचान धारक वरिष्ठ अनुभवी पत्रकार हैं और हमारे दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के अधिकृत प्रतिनिधि और राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय साहब हैं। हमारे राजस्थान एंड हरियाणा एंड दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय साहब और हमारे सेलीब्रेटेड राष्ट्रीय दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के अधिकृत प्रतिनिधि महोदय साहब श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996 सिंघाना झुंझुनूं राजस्थान भारतवर्ष , सिंघाना सतनाली वाले वरिष्ठ अनुभवी व्यापक चर्चित व्यापक पहचान धारक सेलीब्रेटेड राष्ट्रीय पत्रकार महोदय साहब ने इस प्रस्तुत आलेख को हमारे दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के आदेश पर हमारे दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के लिए ड्यूटी कर्तव्य निर्वहन करते हुए इस प्रस्तुत आलेख को मात्र डेकोरेट किया है यानि सजाया संवारा है। हमारे अधिकृत प्रतिनिधि और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय साहब श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स नंबर 8279020996 इस आलेख के लिए किसी भी मात्रा में और किसी भी प्रकार से उत्तरदाई या जिम्मेदार नहीं हैं और नहीं रहेंगे और इस आलेख का किसी भी प्रकार का और किसी भी मात्रा में कोई भी श्रेय नहीं लेते हैं और नहीं लेंगे , नहीं ले सकते हैं , नहीं लेना चाहिए और नहीं लेंगे ।

माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज राजस्थान मुख्यमंत्री महोदय श्री भजन लाल शर्मा साहब ने पत्रकारों के लिए ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक जो ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक प्रावधान किए हैं ये राजस्थान भारतवर्ष अखिल मानवता सर्व जन हार्दिक भाईचारा की ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक अनमोल सेवा है हमारे मत में । इसके लिए हमारा दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स और हमारे अधिकृत प्रतिनिधि और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996 ,हार्दिक ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक कातर विनम्र आभार धन्यवाद प्रकट करते हैं माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज मुख्यमंत्री महोदय श्री भजन लाल शर्मा साहब का ।



इस महत्वपूर्ण आलेख के माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज लेखक माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब हैं , इस महत्वपूर्ण आलेख में झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब ने अपुन सभी भारतीयों के वल्लभ भारतवर्ष राष्ट्र अंतरगत अपुन सभी राजस्थान राज्य वासियों के वल्लभ राजस्थान राज्य के माननीय सम्माननीय हार्दिक श्रद्धापुंज दयालु संरक्षणपुंज ,राजस्थान राज्य की विकास की महाउम्मीदों के महानायक राजस्थान मुख्यमंत्री महोदय श्री भजन लाल शर्मा साहब की दयालु महानताओं का महान वर्णन कर के राजस्थान राज्य भारतवर्ष राष्ट्र की प्रत्येक भारतीय की अखिल मानवता की सर्व जन हार्दिक भाईचारे की महत्वपूर्ण सेवा की है ,इसके लिए हमारा दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स और हमारे अधिकृत प्रतिनिधि और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996 ,हार्दिक ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक कातर विनम्र आभार धन्यवाद प्रकट करते हैं ।

हमारे दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के हमारे अधिकृत प्रतिनिधी और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय साहब श्री राजेश कुमार शर्मा वाट्स ऐप नंबर 8279020996, को माननीय झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब का, ये महत्वपूर्ण आलेख, एक माननीय सम्माननीय पत्रकार होने के नाते, माननीय झुंझुनूं पी आर ओ महोदय साहब श्री हिमांशु सिंह साहब के, झुंझुनूं पी आर ओ प्रेस मीडिया पत्रकार वाट्स ऐप ग्रुप मे, ग्रुप का सदस्य होने के नाते हासिल हुआ है। हमारे दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स के अधिकृत प्रतिनिधि और हमारे राजस्थान हरियाणा दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय श्री राजेश कुमार शर्मा मिश्र गुरु जी साहब काका वाट्स ऐप नंबर 8279020996, जिन्होंने इस आलेख को मात्र डेकोरेट किया है यानि सजाया संवारा है, उन राजेश कुमार शर्मा 8279020996 के इस आलेख को डेकोरेट करने यानि सजाने संवारने की डयूटी कर्तव्य निर्वहन अंतरगत इस आलेख को डेकोरेट करने सजाने संवारने का पूरा और हर प्रकार का उत्तरदायित्व और पूरी और हर प्रकार की जिम्मेदारी अपने उपर लेकर हमारा दैनिक अखबार अयोध्या टाइम्स हमारे अधिकृत प्रतिनिधी और हमारे राजस्थान हरियाणा और दिल्ली रेजीडेंट जनरल एंड मैनेजिंग एडिटर महोदय साहब राजेश कुमार शर्मा वाट्स ऐप नंबर 8279020996 ,को पूरी तरह का और हर प्रकार का ईमानदार गंभीर सभी नियम पालक सभी कानून पालक संरक्षण प्रदान करता है।)

'माननीय झुंझुनूं पी आर ओ महोदय श्री हिमांशु सिंह साहब की लेखनी से लिखित आलेख '''

'लेखक श्री हिमांशु सिंह पी आर ओ झुंझुनूं साहब '''

जब कोई व्यक्ति जमीनी स्तर से संघर्ष करने के बाद सफलता के पायदान को छूता है, तो उसे रास्ते में आनें वाली हर बाधाओं और निचले स्तर पर कार्य कर रहे व्यक्तियों के संघर्ष का भली भांति अनुभव होता है। सीएम भजनलाल शर्मा भी इसी का एक उदाहरण है। प्रशासन की सबसे निचली ईकाई ग्राम पंचायत के सरपंच से करिअर की शुरुआत करने वाले भजनलाल शर्मा ने संगठन में दो दशक तक निचले स्तर पर कार्य किया है। यही वजह है कि उन्हें हर आम–खास के जीवन की समस्याओं का अच्छा व्यवहारिक अनुभव है। संगठन में कार्य करने के दौरान ही उन्होंने मीडिया कॉर्डिनेशन का कार्य करते हुए पत्रकारों की समस्याओं को भी व्यवहारिक रूप से देखा और महसूस किया। यही वजह है कि अपने कार्यकाल में उन्होंने लगातार पत्रकारों के हितों की बात की है। सबसे पहले उन्होंने अधिस्वीकृक्तिकरण को लेकर अहम फैसला लेते हुए आयुसीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की। गौरतलब है कि पहले बतौर स्वतंत्र पत्रकार अधिस्वीकृक्तिकरण की न्यूनतम आयु 50 वर्ष थी, जो भजनलाल सरकार ने 45 वर्ष कर दी है। इस फैसले से निश्चित तौर पर असंख्य पत्रकारों को लाभ मिलेगा, क्योंकि राज्य सरकार से किसी भी मदद को प्राप्त करने के लिए पहली सीढी किसी पत्रकार का अधिस्वीकृतिकरण है। पत्रकार संगठनों ने भी इस फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है। वहीं अक्सर मीडिया संस्थानो द्वारा पत्रकारों को कम वेतन पर ही कार्य करने को मजबूर किया जाता है, ऐसे में समाज को दिशा दिखाने वाले पत्रकार अक्सर अपने परिवारजनों के प्रति चिंतित दिखाई देते हैं, खासतौर से स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर या परिवार में किसी सदस्य के बीमार होने पर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां भी संवेदनशीलता दिखाते हुए पत्रकारों के लिए राजस्थान जर्नलिस्ट हैल्थ स्कीम यानी आरजेएचएस लागू की है, जिसमें 10 लाख रुपए तक का ईलाज कैशलेस तरीके से मुफ्त हो सकेगा। यह निश्चित तौर पर पत्रकारों के लिए बड़ा राहतभरा फैसला साबित होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात कारण के चलते किसानों के खेतों में गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख



(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में इस वक्त भीषण गर्मी का प्रकोप कभी पुरवा हवा तो कभी पछुआ हवा जो तपन को और बढ़ता जा रहा है। अग्नि देव के तांडव व मौसम के बदलते रुख को देखते हुए जहां किसान दिन रात खेतों में खड़ी फसलों को काटने में जी जान लगाए हुए हैं। वही पलक झपकते ही अज्ञात कारण के चलते आग के लगते ही किसानों की गाढ़ी कमाई राख में तब्दील हो जाती है। बीती रात थाना भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला के मजरा शुकुलपुरवा में अज्ञात कारण के चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटे इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। परंतु तब तक किसानों की लगभग 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वही मौके पर नायब तहसीलदार ने पहुंचकर क्षति का आकलन किया।

## नगीना के मोहल्ला चौधराना मे अतुल जन सेवा लैब का प्रभात चंद गुप्ता ने फीता काट कर किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी वसीम वारसी एडवोकेट,नगीना।



अतुल जन सेवा लैब का कार्य को देख कर प्रभात चंद गुप्ता ने आये हुवे व्यक्तियों को ज्ञान की बात बताई की सभी आपस मे मिल जुल कर अपने कार्य को करे , साथ मे ही अतुल भारती ने बताया की हमारे पास ऑनलाइन का कार्य जैसे आय प्रमाण पत्र, जाती प्रणाम पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पण कार्ड आधार कार्ड प्रिंट, फोटो बनाना, फोटो स्टेट, लैमिनेशन, किसान पंजीकरण, खसरा खतौनी, प्रधान मंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, आदि का कार्य किया जाता है और सभी सरकारी योजना के फार्म ऑनलाइन व आधार कार्ड के द्वारा सभी बैंको के पैसे भी निकाले जाते है इस बात का सभी को ज्ञान कराया और बताया आने वाले सभी ग्राहक का सामान किया जायेगा साथ ही मे प्रभात चंद गुप्ता, शिवा मिगलानी, अतुल भारती,अजीत सिंह, रवि कुमार, घासी राम, शोरब सैनी, धर्मपाल, कपिल सैनी,मोहित सैनी,देव कुमार, ऋतिक कुमार विशेष कुमार, निखिल कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और साथ ही मे अतुल भारती ने सभी व्यक्तियों के लिए जलपान की जमकर व्यवस्था की।

## भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा

- किसानों को एक जुट होकर अपनी लड़ाई खुद लड़ने होगी : ब्लाक अध्यक्ष सरदार महल सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान बिजनौर, अफजलगढ़। ब्लाक कासमपुरगढ़ी में स्थित डबकरा हाल में भाकियू अराजनैतिक की एक मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष सरदार महल सिंह ने किसानों को एकजुट होकर रहने का आह्वान करते हुए बताया कि किसानों को अपनी लड़ाई खुद लड़ने होगी इसके लिए किसानों को अभी से ही तैयारी शुरू करने पड़ेगी। क्षेत्र में निजी शिक्षक संस्थाओं द्वारा स्कूलों में फीस, बच्चों की ड्रेस तथा कोर्स पर खुली लूट की जा रही गरीबों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए सरकार से मांग की है।, बिजली की पुरानी लाइनों की मरम्मत करने तथा कटौती की समस्या पर विचार,छुट्टा पशुओं ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर रखा है। किसानों को राहत देने पर विचार इसके अलावा सिंचाई के लिए नहरों पर पानी छोड़ने पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता घनश्याम सिंह तथा संचालन गुरमीत सिंह ने किया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष सरदार महल सिंह के अलावा दर्शन सिंह फौजी, रामप्रसाद सिंह,भूपेंद्र सिंह दारा सिंह,शिव कुमार कुलविंदर सिंह,हीरा सिंह, विजयपाल सिंह सगीर अहमद,गजराम सिंह, बलवीर सिंह,कमल सिंह तथा वीरेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



## भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह समेत कई गणमान्यजन रहे मौजूद

उतरौला (बलरामपुर)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के श्री रामतीर्थ चौधरी पी.जी. कॉलेज, बनधुसरा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन पार्टी की मूल विचारधारा, संगठन की शक्ति और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर के लोकप्रिय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा



के स्थापना काल से लेकर आज तक के सफर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा,"भारतीय जनता पार्टी विचारों की पार्टी है, जिसने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और आज का यह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य जनसेवा को अपना धर्म मानता है।" सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह (गुड्डू भैया) ने भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और जमीनी कार्यकर्ताओं के महत्व को रेखांकित किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने भाजपा की विकासपरक नीतियों और स्थानीय स्तर पर हुए कार्यों की जानकारी दी। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के सुपुत्र शशांक वर्मा ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि "भाजपा युवाओं की ऊर्जा और अनुभव दोनों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, राकेश तिवारी, महिपाल चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीराम करन मिश्र, राम प्रकाश गुप्ता, सभी मंडल अध्यक्षगण, सभासदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'भाजपा अमर रहे' के नारों से सभागार को गूंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने भाजपा की संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्र समर्पण की भावना को दोहराया। सम्मेलन में आगामी रणनीतियों, बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराते हुए एकजुट होकर आगामी चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लिया।

# लोंगपुर की महिला की ट्रेन से कटकर मौत

–मानसिक विक्षिप्त महिला फरीदपुर दवा लेने आई थी
–पितांबरपुर रसोईया स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आई
–पुलिस ने पहचान के बाद सब पोस्टमार्टम भेजा

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
फरीदपुर! घर से फरीदपुर दवा लेने डॉक्टर के यहां निकली मानसिक विक्षिप्त महिला ट्रेन की चपेट में आकर टुकड़े टुकड़े हो गई हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई पितांबरपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पहचान करा कर परिजनों को सूचना देने के बाद सब पोस्टमार्टम भेज दिया!
बुखारा रोड के गांव लोंगपुर निवासी युवक की पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी जो फरीदपुर के डॉक्टर से दवा लेने घर से कह कर आई थी लेकिन ट्रेन हादसे का शिकार हो गई उसका सब पितांबरपुर रसोईया रेलवे स्टेशन अप लाइन पर किलोमीटर संख्या 1289/05–07 के बीच गाड़ी संख्या 15705 की चपेट में आने के बाद रेलवे ट्रैक पर पड़ा था जो टुकड़े–टुकड़े हो गया था रेलवे ट्रैक पर सब पड़े होने की सूचना पितांबरपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने पुलिस को दी स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद लोगों की भीड़ से मृतक महिला के सब की भारी मशक्कत के बाद पहचान कराई तो



पता चला महिला लोंगपुर निवासी रूकुमपाल लोधी की पत्नी मोहिनी देवी 43 वर्षीय थी पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद सब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेज दिया और ट्रैक खाली कराकर यातायात सुचारू कराया!

# कीरतपुर परेवा में दबंगों ने स्कूल में बच्चों पर बोला हमला

–स्कूल में घुसकर डंडे से मारा पीटा कई बच्चे घायल
–इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के विरोध पर दी जान से मारने की धमकी
–दो पर मुकदमा दर्ज

(दैनिक अयोध्याटाइम्स)
फरीदपुर! इलाके के गांव में ग्रामीण दबंग की दबंगई उस समय खुलकर सामने आई जब उसने सरकारी नल से वापस पानी पीकर लौट रहे बच्चों को स्कूल में घुसकर डंडे से बुरी तरह मारा पीटा कई बच्चे घायल स्कूल में मची अफरा तफरी इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के विरोध पर दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने दो दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है!
इलाके के गांव कीरतपुर परेवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मैं नगर के मोहल्ला बक्सरिया निवासी अंजू शर्मा पत्नी ओम देव शर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापिका है भोजन अवकाश के समय उस समय अफरा तफरी मच गई जब स्कूल के कई बच्चे बाहर लगे नल से पानी पीकर वापस लौट रहे थे इसी दौरान गांव




के दबंग भूरे यादव पुत्र बुद्धसेन उसका बेटा राहुल डंडा लेकर स्कूल में घुस आया और पीयूष 14 वर्षीय, अनमोल 12 वर्षीय, उपदेश 12 वर्षीय, प्रिंस गिरी 13 वर्षीय, गौतम 14 वर्षीय को बुरी तरह परिसर में दौड़ाकर डंडे से मारा पीटा जिस स्कूल के बच्चे दहशत में आ गए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने विरोध किया तो दबंग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए स्कूल के बाहर उस समय ग्रामीणों की भीड़ भी लग गई इंचार्ज प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने बच्चों का मेडिकल कराकर भूरे और उसके बेटे राहुल यादव दोनों दबंगो पर रिपोर्ट दर्ज की है!

# गरीब शक्तिदल ने करेली में अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग उठाई

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। भारतीय गरीब शक्ति दल ने सुभाष नगर क्षेत्र के ग्राम करेली में और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाने की मांग करते अभियान चलाए गए। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं सुभाष नगर क्षेत्र के ग्राम करेली में ग्राम समाज की जमीन पड़ी है । उस जमीन पर लोग



हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार को जिला अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंप कर माँग करते हुए कहा की भीमराव अंबेडकर 14 अप्रैल 1891 से 6 दिसंबर 1956 तक बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से जानने वाले लोकप्रिय अर्थशास्त्र राजनीतिक लेखक एवं समाज सुधारक रहे हैं उनहोंने अपने जीवन काल में दलित होते आंदोलन को चलाया एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अवैध कब्जा कर रहे हैं उस जमीन पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाने की मांग करते हैं अंबेडकर पार्क प्रतिमा सहित एवं संग्रहालय की शिलान्यास किया जाएं। जिससे वहां पर दलित समाज के लोग पूजा और उनकी जयंती मना सके। ज्ञापन देने वालों में मनोज विकट, संजीव सागर, श्याम सिंह ,सुरेश बाबू, अजय प्रकाश ,रणबीर सागर, सोमपाल ,धर्मपाल ,महेंद्र आदि लोग

# सांसद छत्रपाल गंगवार ने किया भाजपा प्रदर्शनी का उद्घाटन



– भाजपा की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा किया गया।
प्रदर्शनी मे सन 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन, एक राष्ट्र एक संविधान, अमृत काल के पंच प्रण, मेक इन इंडिया, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला दौर, श्री राम मंदिर सदियों का संघर्ष, वीआईपी कल्चर को गुड बाय, जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 की समाप्ति जैसे पोस्टरो को लगाकर प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर अवलोकन दो दिन लगी रहेगी।
प्रदर्शनी में प्रमुख रूप महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गगवार, कैंट विधायक संजीव



अग्रवाल, महापौर डॉ उमेश गौतम, बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, एस सीध्एस टी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गुलशन आनंद, रामगोपाल मिश्रा, डॉ सीपीएस चौहान, महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, विष्णु शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, विष्णु अग्रवाल महानगर महामंत्री प्रभु दयाल लोधी, तृप्ति गुप्ता, मनोज थपलियाल नीलम जेठा,नरेंद्र मौर्य, अजय चौहान, राजकिशोर कश्यप, कन्हैया राजपूत, शिखा मल्होत्रा, हरीश बाबू वाल्मीकि, विपिन भास्कर, नरेश शर्मा बंटी, रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, राजू उपाध्याय, ऋषभ शर्मा, विक्रम यादव, देवेश, नीरज पटेल सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय सेमीखेड़ा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। प्राथमिक विद्यालय सेमीखेड़ा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव तथा प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के विद्यालयों के शिक्षक अतिथियों ने बढ़–चढ़कर सहयोगिता की और छात्रों एवं ग्रामवासियों को विद्यालय के स्टाफ के आपसी समन्वय, कुशल प्रबंधन और संचालन के विषय में बताते हुए बहुत–बहुत प्रशंसा की।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी एआरपी परीक्षा में संलग्न होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके लेकिन उन्होंने फोन के माध्यम से समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री एवं पूर्व वरिष्ठ एआरपी बलबीर सिंह ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय सेमीखेड़ा ब्लॉक में ही नहीं जिले के अच्छे विद्यालय में गिना जाता है, जिसमें पर्याप्त सुविधाएं न होने के बाद भी स्टाफ की मेहनत के कारण विद्यालय के



बच्चे जिले स्तर पर अपने कौशल से अपना लोहा मनवा रहे हैं। यूटा संगठन के जिला संगठन मंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष दमखोदा पुष्पेंद्र गंगवार ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय सेमीखेड़ा प्रतिवर्ष वर्षाकाल में जल भराव की समस्या से जूझता है फिर भी प्रधानाध्यापिका सीमा रानी के कुशल निर्देशन में समस्त स्टाफ पूर्ण मनोयोग से बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबंध हैं। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लखमी चंद्र अहेरिया ने कहा कि जिस प्रकार प्रकृति बसंत ऋतु में पतझड़ के बाद नए पत्तों का सृजन करती है इसी प्रकार नए सत्र में समस्त छात्र गत कक्षा को छोड़कर नवीन कक्षा में प्रवेश लेते हैं और यह क्रम निरंतर चलता रहता है। पूर्व एआरपी हरीश गंगवार ने कहा कि नई कक्षाओं में जाने से बच्चे नए उत्साह के साथ शिक्षण कार्य से जुड़ते हैं और उनके चेहरों की मुस्कान शिक्षकों के कार्य करने की गति को दुगुना देती है। यूटा के ब्लॉक मंत्री राजेश गंगवार ने कहा कि जो बच्चे कक्षा 5 उत्तीर्ण करके नए विद्यालय में जाएं वह सरकारी विद्यालयों में ही प्रवेश लें क्योंकि प्राइवेट विद्यालयों में प्रवेश लेने से बेसिक के विद्यालयों का नामांकन प्रतिवर्ष घट रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ में सुबोध कुमार, ज्योति राणा, गीता पाल, मिथिलेश कुमारी के साथ–साथ विभिन्न विद्यालयों से आए अतिथि शिक्षकगण महेंद्रपाल सिंह, अनिल कुमार गंगवार, सुशील कुमार देवल, रामकुमार गंगवार एवं एसएमसी अध्यक्ष जमुना प्रसाद गंगवार आदि गणमान्य लोगों ने नव प्रवेशित एवं अंतिम कक्षा से उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रेषित किए।कार्यक्रम का कुशल संचालन सुबोध कुमार सहायक अध्यापक एवं प्रबंधन तथा निर्देशन लखमी चन्द्र अहेरिया ने किया।

# सुब्हानी मियां की सरपरस्ती में दरगाह पर मनाया गया यौमे रजा



(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली! दरगाह आला हजरत पर फाजिले बरेलवी इमाम अहमद रजा खां आला हजरत का 174 वा यौमे रजा(यौमे पैदाइश) दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी(अहसन मियां) की सदारत में मनाया गया। जिसमें बरेली समेत दूर दराज से आए उलेमा,शोहरा समेत अकीदतमंदों ने शिरकत की। देर रात सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने दरगाह पर गुलपोशी व फातिहाख्वानी की। इसके बाद सभी को दरगाह में रखें तब्बरूकात की जियरत कराई। इससे पहले महफिल का आगाज तिलावत–ए– कुरान से किया गया। नातख्वा आसिम नूरी,मौलाना शफीक रामपुरी,मौलाना अतीक रजा बहेडवी ने नात और मनकबत का नजराना पेश किया। मुफ्ती अहसन मियां ने आला हजरत को खिराज पेश करते हुए कहा कि आपकी पैदाइश 1856 ईस्वी 10 शव्वाल 1272 हिजरी को बरेली में हुई। आला हजरत को इल्म का खजाना यो ही नहीं कहा जाता बल्कि भारत समेत अरब के उस वक्त के बड़े बड़े उलेमा ने आपको इस्लामी दुनिया में ज्ञान का सागर(इल्म का समुंदर) और सुन्नियत का स्तंभ माना है। दुनिया भर के मुसलमान आज भी आपके इल्म से फैज हासिल कर रहे है। आज हम लोग भी आपके मिशन को आगे बढ़ाते हुए समाज में मुख्य धारा से जुड़ने के लिए तालीम को आम करें अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाएं। आपसी इत्तेहाद को मजबूत करें। मौलाना जाहिद रजा ने अपने खिताब में कहा कि आला हजरत ने अपनी पूरी जिंदगी में लाखों फतवे लिखे। आप कोई भी फतवा लिखने से पहले उसके बारे में पहले शोध करते उसके बाद ही कोई फतवा देते थे।
दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आखिर में कारी सलीम रजा(आगरा) व मौलाना हसन रामपुरी ने फातिहा पढ़ी। खुसूसी दुआ मुफ्ती अहसन मियां ने की। इसके बाद लंगर का एहतिमाम किया गया। इस मौके पर मौलाना अबरार उल हक,मौलाना शोइब रजा (हैदराबाद),मौलाना कासिम हुसैन, मौलाना चांद रजा, टीटीएस के परवेज नूरी,औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी,शाहिद नूरी,नासिर कुरैशी,मंजूर रजा,मुजाहिद रजा, गौहर खान,नईम नूरी,तहसीन रजा, रफी रजा,गौहर खान,नफीस खान, साजिद नूरी,सुहैल रजा,डॉक्टर जफर खान,डॉक्टर अब्दुल माजिद आदि लोग शामिल रहे।

# अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रकाशित व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)।
बरेली। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संवत 2082 में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा बरेली द्वारा व्रतोत्सव पत्रिका (लघु पंचाग) का प्रकाशन के उपरांत आज भगवान परशुराम धाम पर धूमधाम से विमोचन किया गया।
पत्रिका के विमोचन का कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान गणेश जी तथा माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना के साथ हुआ पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम में भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने के लिए ऐसी पुस्तकों का घर घर में होना अति आवश्यक है स इसके लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने चाहिए।
महा मण्डलेश्वर आचार्य संजीव गौड़ ने कहा कि प्राचीन वैदिक



ज्योतिषीय गणना आधुनिक विज्ञान, खगोलिय गणना का आधार के साथ मार्गदर्शक भी है। इसलिए हमको किसी प्रकार की निरर्थक असमंजस में नहीं पड़ना चाहिय।
उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा ने कहा यह पुस्तकें हमारे त्योहारों पर्वो की सटीक जानकारी के साथ धर्म भी सिखाती हैं, आवश्यकता है पुस्तकों के प्रकाशन के साथ घर घर तक पहुंचे जिससे हमारी नई पीढ़ी भी अपनी विरासत को समझ सके स कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सी के मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, पी के मिश्रा, रामेंद्र मिश्रा, प्यारे लाल शर्मा,तुलसी राम शर्मा, शरद मिश्रा, राम सेवक मिश्रा (गुरू जी)रमेश तिवारी,कौशल सारस्वत, महेश पाठक,प्रमोद उपाध्याय, दिव्य चतुर्वेदी, अंजू अग्निहोत्री ,आभा तिवारी, समाज वादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी संध्या शर्मा,सुभाष झा,मुकेश चौरसिया, डॉ प्रमोद शर्मा ,अंकुर अग्निहोत्री,ठाकुर बुद्ध पाल सिंह, केशव शंखधार, ममता पाण्डेय,उषा मिश्रा,अनुज शर्मा, रंजीत प्रजापति, आचार्य राम कृष्ण शंखधार ,रितिक,पूरन लाल, बृजेश कुमार,उमेश शर्मा आदि बहुत से धर्मावलंबी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष गजेन्द्र पाण्डेय ने किया।

# कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

– जिन गेहूं क्रय केन्द्रों की खरीद कम है ऐसे केन्द्रों के क्रय प्रभारियों के कार्यों की करी जाये समीक्षा
– सी0एम0 डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंक खराब है, उनके विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश
– गर्मी के दृष्टिगत खराब हैण्डपम्पो को कराये ठीक,तालाबों में भरवाये पानी, ताकि पशुओं को ना हो पीने के पानी का समस्या–जिलाधिकारी'




(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।मानक के अनुरूप वसूली, राजस्व एवं फौजदारी वादों का समय से निस्तारण करने, विरासत, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग, पीएम आवास सर्वे, सीएम युवा अभियान, सीमा स्तंभ, फैमिली आईडी तथा पट्टा आवंटन आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, एल्बम हिट एंड रन मोटर यंत्र घटना के पीड़ितों को दिए जाने वाले अनुदान की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।
गेहूं खरीद पर विस्तार से चर्चा की गयी और निर्देश दिए गए कि क्रय केन्द्रवार गेहूँ खरीद की अद्यतन स्थिति को मंगवाये, जिन केन्द्रों की खरीद कम है ऐसे केन्द्रों के क्रय प्रभारियों को बुलायें, जॉच करायें कि उनके द्वारा बड़े कृषकों को गेहूं खरीद के लिये समन्वय किया है या नहीं। दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। डिजटल क्राप सर्वे में तहसील फरीदपुर और बहेड़ी की कम प्रगति पाए जाने पर गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि अंश निर्धारण में ऋुटि सुधार के आवेदन कम आ रहे हैं इसका प्रचार–प्रसार करें, जिससे लोग जागरूक हों और ऋुटि सुधार हेतु आईजीआरएस में शिकायत करने के बजाय तहसील में ऋुटि सुधार हेतु आवेदन करें।
निर्देश दिए गए रियल टाइम खतौनी में विरासत दर्ज कराने के निरस्त प्रकरणों का विगत छः माह डाटा लेखपालवार निकलवायें और संबंधित आवेदक से बात कर कारणों को जाने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करें।
प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाला आवेदक यदि किराए पर रह रहा है और उसका स्वयं का मकान नहीं है तो वह पात्र है उसे अपात्र की श्रेणी में ना डालें।फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए कोटेदारों का सहयोग लेते हुए डाटा तैयार करने और कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत जो लोग लोन के लिए आवेदन कर रहे हैं उसके लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। अतः आय प्रमाण पत्र के आवेदनों का निस्तारण शीघ्रता के साथ किया जाए। बैठक में सीमा स्तम्भ कितने लगे हैं इसकी जानकारी भी ली गयी। बैठक में बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत निर्देश दिए गए कि जो भी तालाब हैं उनमें पानी भर दिया जाए, जिससे पशु–पक्षियों को पीने के पानी की समस्या ना हो साथ ही जहां कहीं हैण्डपम्प खराब है उसे सही कराया जाए, नगरीय क्षेत्रों में भी प्याऊ आदि की व्यवस्था दुरूस्त की जाए। गर्मी में आग लगने की सम्भावनाएं ज्यादा रहती हैं, अतः समस्त उपजिलाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के फायर स्टेशनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांच लें। फायर स्टेशनों पर ड्यूटी चार्ट चस्पा रहे और कर्मी उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें।
बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विगत गर्मी के मौसम में जहां विद्युत की अधिक समस्या आई थी उन क्षेत्रों में अभी से विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक उपाय अपनाये जाए, जिससे समस्या ना हो। आगामी बरसात के मौसम में बाढ़ आदि की समस्या के दृष्टिगत अभी से कराये सुरक्षात्मक कार्य।
चकबंदी वाद, धारा–34, धारा–67, धारा–80, धारा–116 व 03 वर्ष पुराने कोई वाद ऐसे तो नहीं है जिन में अंतिम मौके का नोटिस चला गया है या नहीं।
एक वर्ष से 03 वर्ष के बीच वादों का भी निस्तारण बढ़ाया जाए। बैठक सी0एम0 डैशबोर्ड में डी व ई रैंक वाले विभागों की विस्तार से समीक्षा की और जिन विभागों की रैंक खराब है उनके विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए।
बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे,अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला मणिनाथ निवासी 38 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र राजकुमार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी



मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा और पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। परिजनों ने बताया अतुल कुमार सक्सेना मजदूरी करते थे उनकी शादी नहीं हुई थी बीती देर रात अतुल कुमार सक्सेना रात में घर से बिना बताए चले गए थे सुबह पुलिस के द्वारा सूचना मिली की अतुल कुमार सक्सेना मणिनाथ रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा और परिवार वालों को पुलिस ने सूचना दी परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उन्होंने अतुल कुमार सक्सेना के रूप में शिनाख्त की।

## बहेड़ी में अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) बरेली। थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव आखा निवासी 67 वर्षीय रामचंद्र पुत्र नन्हेंलाल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी अस्पताल में भर्ती कराया इलाज दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया रामचंद्र प्लाटों पर चौकीदारी का काम करता था बीती शाम गांव सकरस से साइकिल के द्वारा अपने



घर आ रहे थे रास्ता में अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को बहेड़ी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने कारण डॉक्टर ने बरेली निजी अस्पताल को रेफर कर दिया रामचंद्र को बरेली लेकर आ रहे थे रामचंद्र की रास्ता में मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहरा मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा।

## भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सोमपाल का बहेड़ी विधानसभा में जोरदार स्वागत

**-जिला अध्यक्ष प्रथम बार बहेड़ी पहुंचे थे**
**-भोजीपुरा टोल प्लाजा से नगर तक हुआ स्वागत**

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) बरेली! भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा का बहेड़ी विधानसभा में प्रथम बार आगमन होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजीपुरा टोल से बहेड़ी नगर तक जोरदार तरीके से स्वागत किया गदगद हुए जिला अध्यक्ष।
विधानसभा में प्रवेश करने के बाद जगह–जगह कार्यकर्ताओं ने रोककर



स्वागत किया। जिलाध्यक्ष का काफिला स्वागत कार्यक्रमों से होता हुआ नगर में पहुंचा जहां कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कनमन, गुड़वारा में जोरदार स्वागत के उपरांत बहेड़ी के किंग रिसोर्ट में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने संबोधित किया, उन्होंने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि मुझको जिलाध्यक्ष का दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने मेरा मान बढ़ाया है। मैने जो पार्टी में काम किया उसका पार्टी ने मुझे जिलाअध्यक्ष बना कर मुझे ईनाम दिया है। पार्टी ने यह संदेश दिया है जो पार्टी में मेहनत से काम करेगा वह छोटे पद से बड़े पद पर पहुँच सकता है। मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरे लिए ऊर्जा के समान है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें जिससे आने वाले चुनाव में हम फिर कमल खिला सकें। एक एक कार्यकर्ता मेरे परिवार के सदस्य के समान है। इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूरन लाल लोधी, शैलेन्द्र मोहन शर्मा, दुष्यंत गंगवार, अजय जायसवाल, वीरपाल गंगवार, डॉ निर्भय गुर्जर, अभय चौहान, राहुल साहू, गोपाल कृष्ण गंगवार, भूपेंद्र कुर्मी, कुंवरसेन मौर्य, सम्राट सिंह, सुनील गंगवार, मंडल अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, योगेंद्र मौर्य, हरीश कश्यप, सतपाल शर्मा, बृजेश गंगवार, राहुल गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश सीनियर एथलीट चौंपियन 10 और 11 अप्रैल को

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) बरेली। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे बरेली में 28 वीं उत्तर प्रदेश सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप, 2025 दिनांक 10 व 11 अप्रैल को एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 650 खिलाड़ी (बालक व बालिका) प्रतिभाग करेंगे।




इस अवसर पर एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय के माननीय उपकुलपति श्री के.पी. सिंह दिनांक 10 अप्रैल को सुबह 9.00 मुख्य अतिथि के रूप में औपचारिक उद्घाटन करेंगे और जिला अधिकारी बरेली शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे और खिलाडियों का उत्सावर्धन व मार्गदर्शन करेंगे। इस चौंपियनशिप के आयोजन के लिए प्रदेश स्तर के लगभग 20 टैक्सनिकल ऑफिशियल उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ द्वारा नियुक्त किये गए हैं। इसमे निष्पक्षता के लिये फोटो फिनिश टीम की भी व्यवस्था की स्थलेटिक्स चौम्पियनशिप गई है। प्रथम बार बरेली मे प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता जिला एथलेटिक्स संघ बरेली द्वारा कराई जा रही है जिससे की बरेली के खिलाडी जागरूक हो और प्रोत्साहन मिले। हमारा प्रयास रहेगा आप सभी के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल रहे। कार्यक्रम में जितेंद्र यादव साहब, जयप्रकाश देवनानी,यशपाल सिंह, गजेन्द्र तोमर (सचिव), सत्यवीर यादव, राजा अयलानी (कोषाध्यक्ष),अशोक यादव, अजय कश्यप, दिनेश गिरी,मयूर पटेल एवं संगठन के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बॉसमण्डी सरायगेट की सड़क ठीक कराने की मांग

–सीवरलाइन के लिये खोदी गई थी सड़क

(दैनिक अयोध्या टाइम्स)
बरेली। कुतुबखाना से बॉसमण्डी जाने वाली सड़क सराय खाम के दूसरे गेट गोल्ड स्टार कलेक्शन के सामने भी सीवरलाइन के लिये सड़क खुदी थी मुख्य सड़क उबड़ खाबड़ होने से वाहन पलट रहे है लोग घिरकर चुटैल हो रहे है,धूल गर्दा से दुकानदारों को सांस लेना भी मुश्किल है डस्ट अधिक होने के कारण दुकानदारो का सामना खराब हो रहा है जिस वजह दूकानदारी पर भी बुरा असर पड़ रहा है,व्यापारी नावेद बेग ने बताया कि सराय खाम की समस्या को लगभग 2 माह से ज्यादा समय बीत चुका है।यह सड़क वार्ड 20 में आती,त्यौहार के सीजन में सड़क ठीक न होने से व्यापार ठप पड़ा हुआ है धूल के कारण ग्राहक रोक नही रहा है।खान मोहम्मद खान पेड़ा मिठाई वाले शाहबाज खान ने बताया कि धूल के कारण मिठाइयां खराब हो रही है वही बक्सा व्यापारी अखलाक नूरी व पान वाले मोहम्मद नबी दूकानदारी के लेकर परेशान है। धर्मेन्द्र ने कहा कि दुकानों में धूल के कारण गन्दगी हो रही है ग्राहक दुकान पर रुक ही नही पा रहा है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी से लोगो और दुकानदारों ने मुलाकात की और अपना दर्द और समस्याओं को बयां किया। पम्मी खां वारसी ने नगर निगम प्रशासन से सीवरलाइन के कारण खुदी पड़ी सड़क निर्माण कराने की मांग की,उन्होंने कहा कि धूल के कारण लोग दिक्कत हो रही है इसलिए सड़क निर्माण कार्य जल्द करवाया जाये।

# संक्षिप्त समाचार

## जे एन इंटर कॉलेज के संचालक ने 51 मीटर का साफा पहना भागवत व्यास पं कृपाशंकर जी का जोरदार स्वागत

रिपोर्टर सरबन भदौरिया दैनिक अयोध्या टाइम्स बाह आगरा

पिनाहट। आज दिनांक 7/4/2025 दिन सोमवार को विजय गढ़ी बाग में मां कालिका देवी मंदिर में 5/4/2025 से चल रही भागवत कथा मेंआचार्य कृपाशंकर जी महाराज के मुखारविंद से जे एन इण्टर कालेज के प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार त्यागी जी द्वारा 51मीटर का स्वाफा पहना कर भव्य



स्वागत साथ साथ परीक्षात वा संतो का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया व्यास जी द्वारा स्कूल संचालक की प्रशंसा की!

## दबंगों ने दलित पिता पुत्र के साथ की मारपीट थाने में तहरीर

पिनाहट। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव विप्रावली के उप गांव इंदिरावास कॉलोनी निवासी दिलीप पुत्र मुंशीलाल ने मंगलवार को थाने में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया अपने पुत्र योगेश के साथ बाइक द्वारा वह पिनाहट बाजार जा रहा था तभी राजाखेड़ा मार्ग नहर पुलिया के पास कुछ दबंग लोगों ने बाइक को घेर कर लात मार कर गिरा दिया। जाति सूचक गाली गलौज करते हुए लड़ाई झगड़ा करने लगे विरोध करने पर मारपीट की आवाज सुनकर पत्नी आई तो उक्त लोगों ने उससे भी गाली गलौज की गई। पीड़ित दिलीप द्वारा की गई शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक की चपेट में आया छात्र गंभीर घायल

पिनाहट। थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव गढ़कापुरा के मोड़ के पास स्कूल से घर लौट रहे छात्र को एक बाइक सवार ने चपेट में लेकर टक्कर मार दी जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने



इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रियांशु उम्र 17 वर्ष पुत्र धीरेंद्र गांव गढ़ का पुरा थाना मनसुखपुरा करकोली स्थित स्कूल में मंगलवार को पढ़ने गया था। छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रहा था तभी गांव गढ़ का पुरा मोड़ के पास एक बाइक सवार ने सामने से छात्र किशोर को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल घायल किशोर को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल किशोर छात्र का उपचार किया गया है।

## विदाई समारोह में भावुक हुए छात्र व अभिभावक

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर गोविन्द शर्मा।

फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनहरा के उच्च




प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं के छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्र अभिभावक अनुभव साझा करते हुए भावुक हो गए। विदाई समारोह में स्कूल छोड़कर आगे पढ़ाई को दूसरे स्कूल में जा रहे छात्र–छात्राओं का माला पहनाकर सम्मान किया गया। मंगलवार को कक्षा 8 के छात्रा कुमारी कीर्ति ,कुमारी सविता छात्र विशाल का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शिक्षक मोरध्वज सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक, शिक्षिका कामिनी सिंह,पारूल श्रीवास्तव ,शिक्षक समर सिंह ,नाहर सिंह डागुर ,सविता देवी समेत कई अभिभावक मौजूद रहे ।

## सती मंदिर पर किया गया भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो रिपोर्ट आगरा, फतेहाबाद 8 अप्रैल। सती माता मन्दिर धिमश्री शमशाबाद रोड पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आयोजित



किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पार्टी की नीतियों एवं सरकार की योजना का लाभ लोगों को दिलवाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष वाल संरक्षण आयोग लखनऊ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू भदौरिया क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा, नि. जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा, ऋषी उपाध्याय, पूर्व विधायक जितेन्द्र वर्मा, राकेश कुशवाह ,राजेश कुशवाह , मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, नितिन गुप्ता ,योगेश बघेल , मुकेश पचौरी ,योगेश चौहान, पूर्व चेयरमैन श्रीमती आशा देवी चक ,जिला प्रतिनिधि फतेहाबाद नगर रविप्रकाश शल्या एवं भारतीय जनता पार्टी के 2024 के सक्रिय सदस्य और पुराने कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

## क्षत्रिय समाज सपा को वोट की चोट से देगा जबाव : डॉ राज शेखावत

टूंडला। (दैनिक अयोध्या टाइम्स कमर अहमद) कुबेरपुर में 12 अप्रैल को होने वाले रक्त स्वाभिमान सम्मेलन के लिए टूंडला पहुंचे क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत व महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता सिंह एडवोकेट ने मंगलवार को हुंकार भरी। उन्होंने सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी के मुखिया को आडे हाथों लेते हुए चुनाव में क्षत्रियों द्वारा सपा को ताकत दिखाने की बात कही।

डॉ राज शेखावत ने कहा कि क्षत्रिय समाज समाजवादी पार्टी को वोट की चोट से जबाव देगा।

सपाईयों ने षडयंत्र रचकर हमारे योद्धओं पर पत्थर बरसाए। साथ ही सत्ता का दुरूपयोग किया गया। थाने में तहरीर देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। आने वाले चुनावों में क्षत्रिय वोट की ताकत से चोट देने के लिए मैदान में ऊतर चुके हैं। गांव–गांव जाकर समस्त क्षत्रियों से सपा में वोट न देने की अपील करेंगे। क्षत्रिय समाज के योद्धा पर टिप्पणी करने वाले राज्यसभा सांसद का सर्पोट किया तो पार्टी का खात्मा कर देंगे।

महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता सिंह एडवोकेट ने कहा कि दलित–दलित करने वाले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पिता ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के साथ गेस्ट हाउस कांड में चीर हरण करने के साथ उनकी हत्या करने की कोशिश की थी। अखिलेश को अपने खून का डीएनए टेस्ट कराना चाहिए। क्षत्रिय समाज ने एससी, एसटी व ओबीसी को सुरक्षित रखा। क्षत्रिय समाज इतना क्रूर होता तो कलयुग में तुम्हारा अस्तिव नहीं दिखता। साथ ही सपा मुखिया पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में दलित कहकर लड़ाई लड़ाओगे तो तुम देशद्रोही कहलाओगे।

# हवाला कारोबार की तरह काम कर रहे शिक्षा माफिया, प्रशासन की अनदेखी से लुट रहे अभिभावक

– मथुरा में ब्रैम बोर्ड के स्कूल इस साल भी अभिवाबकों के साथ कर रहे हैं मनमानी मथुरा में अभिवाबकों का देखा गया विरोध

– ब्रैम बोर्ड के नाम पर प्राइवेट स्कूल मथुरा जिले में कर रहे हैं गोरख धंधा

मथुरा। (दै. अयोध्या टाइम्स जिला प्रतिनिधि मुकेश कुमार गुप्ता)। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार, पड़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे लुभावने नारे सरकार हर बार जारी करती है। और सरकारी फरमान को देश के नागरिक अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरा करने की कोशिश भी करते है। गरीब से गरीब और अमीर अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जिसका देश के शिक्षा माफियाओं ने फायदा उठाना शुरू कर दिया। प्राचीन काल से भारत मै शिक्षा गुरुकुलो के माध्यम से मिलती रही है, देश मै अंग्रेजी हुकूमत का कब्जा रहा जिन्होंने गुरुकुल परम्परा को तहस नहस कर भारत की शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। रही सही कसर शिक्षा विभाग के साथ मिल कर शिक्षा माफिया करने पर तुले है। शिक्षा माफियाओं ने पहले सरकारी तंत्र से मिल कर सरकारी शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया। और प्राइवेट शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिलाया। और आज प्राइवेट स्कूलों के माध्यम से हवाला कारोबार की तरह अपना एजेंडा थोपना शुरू कर दिया। हर अभिभावक की इस कमजोरी का फायदा भरपूर तरह से शिक्षा माफिया उठा रहे है आजकल बच्चे के लंच बॉक्स से लेकर हर स्कूल की आवश्यक और अनावश्यक वस्तु मैं कमीशन सैट कर लिया गया है। और अभिभावक को मजबूरन उसे पूरा करना पड़ता है। शिक्षा माफिया प्राइवेट स्कूलों मै प्रवेश लेने वाले बच्चों के अभिबाब को प्रवेश या दूसरी कक्षा में जाने पर पहले दिन ही एक लिस्ट जारी कर देते है कि हमारे विद्यालय ने बच्चे को इस वर्ष ये पुस्तक और नोट बुक, नोट बुक पर चढ़ाने वाले कवर, नाम लिखने की स्लिप साथ ही साथ इस ब्रांड के पैन पैंसिल या ज्योमेट्री बॉक्स निर्धारित किए है ये सभी वस्तु शिक्षा माफिया अपनी सैट जगह पर उपलब्ध होने का पता भी बता देते है और उनका मूल्य भी निर्धारित पहले से कर देते है। बच्चे के मुजे से लेकर टाई,बेल्ट, जूते, स्कूल यूनिफॉम तक के लिए पहले से जगह निर्धारित कर दी जाती है। स्कूल यूनिफॉम के नाम पर भी कोई रहम नहीं है तीन तीन तरह की यूनिफॉम कोड लागू है साधारण ड्रेस एक होती है एक अल्टरनेट डे के नाम पर और एक हाउस ड्रेस के नाम पर भी थोप दी जाती है। इसके अतिरिक्त विंटर सीजन की अलग रहती है। किताबो का तो और भी बुरा हाल है एनसीआरटी की निर्धारित किताबो का मूल्य 50 से 60 रुपए निर्धारित सरकार द्वारा किया गया पर किस आदेश पर प्राइवेट स्कूलों को अपनी पसंद की किताब एनसीआरटी की किताबें की कीमत से ज्यादा अपनी पसंद की हर स्कूल किताब लगता है जबकि यूकेजी की किताब प्राइवेट स्कूलों में 10 किताब कम से कम लगते हैं इनकी कीमत लगभग ₹2500 से 3500होती है और ब्रैम बोर्ड के नाम पर प्राइवेट स्कूलों ने लूट मचा रखी है।किताब पर स्कूल अपने कमीशन के लालच मै 400 से 500रुपए तक मूल्य अंकित करा रखा है और ड्रेस इन स्कूलों की चुनिंदा दुकानों पर ही मिलती हैं उसे पर भी इन प्राइवेट स्कूलों का कमीशन है और किताबों को प्राइवेट स्कूल अपने स्कूलों से भी बेचते हैं उन किताबों की रसीद कच्ची पर्ची पर लिखकर देते हैं। सरकारी तंत्र आंख बंद कर इस शिक्षा माफियाओं के हवाला की तरह चल रहे इस गोरख धंधे को सहन कर रहा है। मथुरा जनपद के तमाम स्कूल भी शिक्षा माफिया के इशारे पर चल रहे है। अगर माता पिता मजबूरी बस स्कूल के इस खेल मै कुछ कहने की हिम्मत







जुटा भी लेते है तो विद्यालय मै बच्चे को जलील किया जाता है अगर हैसियत नहीं थी तो भेजा क्यों जैसे शब्दों का इस्तेमाल तक किया जाता रहा है। मथुरा मैं तमाम स्कूल धड़ल्ले से इस अभिवावकों का शोषण कर रहे है जिनमें प्रमुख रूप से मथुरा के नामी गिरामी स्कूल जैसे, कान्हा माखन, रमन लाल शोरा बाला, राजीव इंटरनेशनल, माउंट हिल अकादमी, सेक्रेड हार्ट स्कूल, अमरनाथ विद्या मंदिर, रतन लाल फूल कटोरी देवी, मोमिन पब्लिक स्कूल, ध्रुव कांवेट स्कूल, जोशी वन निकेतन स्कूल, एस एस डी पब्लिक स्कूल, बीआर अंबेडकर पब्लिक स्कूल, जैन आइडियल पब्लिक स्कूल, ग्रेट इंडियन पब्लिक स्कूल, एस० टी० पॉल पब्लिक स्कूल , ग्रेट इंडियन पब्लिक स्कूल, कन्हा मखन मिलेनियम स्कूल अमूमन मथुरा के ज्यादर सभी प्राइवेट स्कूलों का एक सा ही हाल है। इस प्रकार की लूट के खिलाफ हिम्मत जुटा कर एक अभिभावक द्वारा शिकायत भी जिलाधिकारी कार्यालय पर की जिसकी जांच के आदेश पारित कर दिए गए जांच अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को तरह तरह के प्रलोभन का प्रयास किया गया जब मामला सैट नही हुआ तो प्रार्थी पर अपनी बच्ची की फीस ना जमा करने का आरोप तक लगाया गया इस प्रकार की किसी भी बात का प्रार्थी पर असर नहीं हुआ तो जॉच अधिकारियों से सांठ गांठ कर प्रार्थी के साक्ष्य लिए बिना जांच रिपोर्ट लगा कर भेज दी गई । यह शिकायत मात्र एक विद्यार्थी के संबंध मै ना होकर विद्यालय के हर उस अभिवाबक के नाम से है जो अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की आस मै इन शिक्षा माफियाओं का शिकार हो रहा है प्रशासन को अपने स्तर से कार्यवाही करते हुए हर अभिवाबक के हितो को ध्यान में रख करना होगा। दैनिक अयोध्या टाइम्स न्यूज पेपर की एक और पहल प्राइवेट स्कूल से त्रस्त व्यक्ति संपर्क करें। फोन नंबर 6395 69 4590 पर संपर्क करें और आपकी पूर्ण सहायता की जाएगी।

## मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. बृजेंद्र तिवारी, सचिव डॉ. गौरव भारद्वाज

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)। मथुरा मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव स्थानीय एक होटल में हुआ, जिसमें बी.एल. तिवारी मेमोरियल अस्पताल के संचालक डॉ. बृजेन्द्र कुमार तिवारी को अध्यक्ष एवं सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) के संचालक डॉ. गौरव भारद्वाज को सचिव चुना गया।





इसके अलावा डॉ. सत्यजीत शर्मा, डॉ. मुक्ता सिंह, डॉ. वर्तिका किशोर, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र सिंह, को उपाध्यक्ष, डॉ. अंशुल गोयल को कोषाध्यक्ष, डॉ. भावना गुप्ता, पंकज शर्मा को सह सचिव, डॉ. ज्योति अग्रवाल को साइंटिफिक सेक्रेटरी, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. अनु गोयल को कल्चरल सेक्रेटरी, डॉ. आदेश शर्मा, डॉ. दिलीप, डॉ. नेहा मित्तल को स्पोर्ट्स सेक्रेटरी के अलावा डॉ. ललित वार्ष्णेय को बिल्डिंग कमेटी, इंसीनरेटर कमेटी में डॉ. विपुल गोयल, डॉ. रीना गोयल को इवेंट मैनेजर चुना गया, डॉ. संजीव जैन, डॉ. हार्दिक जैन, डॉ. देवेंद्र अग्रवाल, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. मानसी चंदना को सेंट्रल रिप्रेजेंटेटिव और डॉ. हर्षित मेहता, डॉ. अर्पित अग्रवाल, डॉ. भरत अग्रवाल, डॉ. रितेन गोयल, डॉ. उज्जवल भरतिया, डॉ. प्रशांत नाथ गुप्ता, डॉ. अंशुल अग्रवाल, डॉ. मृणाल शर्मा, डॉ. राहुल गोस्वामी, डॉ. विश्वेन्द्र सिंह, डॉ. मर्निका, डॉ. आनंद अग्रवाल को स्टेट रिप्रेजेंटेटिव चुना गया। डॉ. डी.पी. गोयल, डॉ. अशोक अग्रवाल, एस.के. वर्मन, डॉ. मुकेश जैन, बी.बी. गर्ग, डॉ. गुलशन, डॉ. अनिल चौहान, डॉ. वी.के. अग्रवाल, डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. संजय गुप्ता को एडवायजरी कमेटी में रखा गया। अन्य चिकित्सकों ने नई टीम का स्वागत माला पहनाकर एवं बुके भेंटकर दिया। इस अवसर पर डॉ. वर्षा तिवारी, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डॉ. रविकांत, डॉ. प्रवीन वर्मा, डॉ. राकेश मेहता, डॉ. जॉय गोयल, डॉ. विशन आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

– राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा दिनांक 8 से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगा

– आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर घर जाकर किया जाएगा जागरूक

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स मदन सारस्वत)। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर से राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा दिनांक 8 से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा विशाल रैली निकाली गई जिसने पोषण के संबंध में जागरूक किया गया। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत मोटे अनाज, पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि हेतु जन जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में जीवन के प्रथम 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 2 वर्ष में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किए जाने, लाभार्थी का लोकप्रियकरण, कुपोषण प्रबंधन के लिये सीएमएएम मॉड्यूल




क्रियान्वयन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिये स्वस्थ्य जीवनशैली, पोषण एनीमिया, एनीमिया तथा पर्यावरण संरक्षण (मिशन लाईफ) पर जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए की घर घर जाकर लोगो को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करें, उन्हें मोटे अनाज के फायदे बताए और सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करे। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। मोटा अनाज कुपोषण की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाता है, हम सभी की थाली में मोटा अनाज जरूर होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे और कक्षा 1 के अधिकाधिक छात्र छात्राओं का नामांकन करवाना सुनिश्चित करे।

आपका प्रयास बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा ने अवगत कराया है कि रैली में बड़ी संख्या में बाल विकास परियोजना शहर एवं मथुरा ग्रामीण की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा मौजूद रहीं। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अशोक सिंह, सुपरवाइजर वन्दना सक्सेना, निर्मल शर्मा, कमलेश कुमारी एवं आईसीडीएस विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन कुपोषण से संबंधित विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को बच्चों में व्याप्त कुपोषण जैसी महत्वपूर्ण समस्या के कारणों एवं दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। आईसीडीएस विभाग के साथ ही स्वास्थ्य विभाग , नगर पंचायत, नगर निगम, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, आपूर्ति विभाग, उद्यान विभाग आदि द्वारा भी जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। गतिविधियों के आयोजन के साथ प्रतिदिन उनकी फीडिंग भी पोषण अभियान के पोर्टल पर की जाएगी।

## मथुरा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन कुरैशी ने कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि माननीय राजवीर सिंह जी का कार्यकर्ता पदाधिकारी ने बहुत ही अच्छा स्वागत किया

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)। डीग गेट चौराहा आजाद मार्केट कार्यालय मथुरा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन कुरैशी ने कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि माननीय राजवीर सिंह जी का कार्यकर्ता पदाधिकारी ने बहुत ही अच्छा स्वागत किया उन्होंने पार्टी की विचारधाराओं से अवगत कराया आने वाले समय में पार्टी को बहुत ही ऊंचाई पर ले जाना है 2027 में माननीय बाबूजी कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर जी को मुख्यमंत्री बनना है हमारे मंत्री गरीब मजदूर किसानों के मसीहा है और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जांबाज सिपाहियों के अंदर हौसला बढ़ाया और कहा कि इसी तरह से पार्टी के अंदर आप लोग काम करते रहे तो एक दन हमारे मंत्री मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता और कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि माननीय राजवीर सिंह ने उन्होंने आश्वासन दिया अगर कोई भी अधिकारी आपका काम ना करें तुरंत अपने पदाधिकारी को बताओ वह आपकी बात सुनेंगे और किसी भी तरीके से कोई दिक्कत आती है तो मैं आप लोगों के साथ खड़ा हूं तुरंत मुझसे संपर्क करें और मुझे बताएं कौन पदाधिकारी आपकी बात नहीं सुनना है और कौन अधिकारी आपका काम ना करें और बताया आने वाले 2025 में ज्यादा ताकत से सबलोगों को मेहनत करनी है और कार्यकर्ता को दिशा निर्देश दिए आगे क्या करना है यह समय–समय पर मीटिंग के दौरान सभी कर्यकर्ताओं को बतादया जाएगा प्रोग्राम में मौजूद रहे लोग महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी, विधानसभा अध्यक्ष



मथुरा प्रेम कर्दम. अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी शेरगढ़ वाले, एडवोकेट बंसीलाल, मुईन खान, आसिफ कुरैशी, भोलू पहलवान, वरिष्ठ पत्रकार फैसल कुरैशी, शोएब खान राशिद करैशी आसिफ नावेद कुरैशी दानिश शाहबाज खन आकाश चंदू कुरैशी फरमान कुरैशी सलीम आसिफ मुल्लाजी शएब कुरैशी चंद मोहम्मद इमरान वसीम चंदा कुरैशी आजाद कुरेशी नन्हे मयां फुरकान अनस हुसैन कादर नाजिम फैजान आसिफ कुरेशी आशिद अली दिनेश ठाकुर राजेंद्र चौधरी पवन कुमार अमरसिंह राजू चौहान लाखन सिंह वीरपाल सचिन चौधरी और सभी लोग मौजूद रहे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिंदाबाद जिंदाबाद

## संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाएं जाने वाली स्वाभिमान - स्वमान समारोह

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)। 8 अप्रैल को सांय 5 बजे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाएं जाने वाली स्वाभिमान – स्वमान समारोह समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी एवं अनुसूचित जाति जनजाति के संयुक्त तत्ववाधान में डैम्पियर नगर स्थित समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर संविधान और आरक्षण बचाने और पीडीए आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने व पीडीए एकता बनाए रखने को लेकर स्वाभिमान– स्वमान समारोह का समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष रितु गोयल की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, अनुसूचित जाति संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष आजाद एवं अम्बेडकर वाहिनी के महानगर



महासचिव डा राजेन्द्र प्रसाद लोधी ने संयुक्त रूप से कहा कि संविधान ही संजीवनी है संविधान ही हमारी ढाल है जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक हम सबका मान – सम्मान स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा इस दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन कश्यप, वाहिनी के महानगर सचिव मुकेश सैनी, मुकेश नेताजी, नेत्रपाल सिंह, देवा गोयल, भोलू आदि मौजूद रहे।

## आपात स्थिति में अग्निशमन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के साथ साथ टोल फ्री नम्बर-102/108, 112, 101 पर भी दे सूचना, मिलेगी तत्काल मदद

– पंखा, ए०सी०, कूलर, फीज, हीटर, इंडक्शन को बीच–बीच में करे बंद, उपकरणों से सुरक्षा के लिए लगवायें एम०सी०बी०

– फसल कटान के बाद अवशेष को खेतों में ना जलाएं, पैट्रोलियम पदार्थों से लगी आग को बुझाने के लिए करें बालू, फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा आगरा। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) श्रीमती शुभांगी शुक्ला ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद में ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ हो गयी है। इस ऋतु में ग्रामीण आंचल ៤ शहरी क्षेत्र में अग्निकाण्ड की अधिकांश घटनायें होती रहती हैं। उक्त घटनाओं को न्यून किये जाने तथा अग्निकाण्ड की घटनाओं से बचाव हेतु इन बातों का विशेष ध्यान रखना है कि फसल कटान के बाद अवशेष को खेतों में जलाये नहीं। खेतों से अपनी फसल को काटकर सुरक्षित स्थान पर रखें। खड़ी फसल के किनारे खाना न बनाये। खेतों में बीड़ी, सिगरेट आदि को जलता हुआ न फेंके, जब तक सूखी फसल खड़ी हो, तब तक खेतों के आस–पास खर पतवार न जलायें। जलती हुई माचिस की तीली या अधजली बीड़ी और सिगरेट को इधर–उधर न फेंके। उन्होंने आगे बताया है कि तेज हवाओं के समय चूल्हे‌भट्ठी पर भोजन न पकायें। खाना बनाते समय ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। खाना बनाते समय में पानी से भरी बल्टी हमेशा अपने पास रखें एवं खाना बनाने के बाद चूल्हे तथा रेग्यूलेटर को अच्छे से बंद करें। रसोई में अनावश्यक ज्वलन पदार्थ नहीं रखें। चूल्हे की चिंगारी व गरम राख कूड़े के ढेर में न फेंके। मोमवती व अंगीठी अगर इस्तेमाल करने पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें। बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखें, एसिड आदि दूर रखें। अपर जिलाधिकारी महोदया ने यह भी बताया है कि आग पकड़ने वाली खाद्य सामग्री और पैकेट बंद सामान को सिलेंडर और चुल्हे से दूर रखें। बिजली के उपकरणों जैसे पंखा, ए०सी०, कूलर, फीज, हीटर, इंडक्शन को चेक करते रहें तथा बीच–बीच में उनकों बंद कर दें व अपने घरों में बिजली उपकरणों से सुरक्षा हेतु एम०सी०बी० लगवायें। घरों में तारों से निकले वाली चिंगारी को नजर अन्दाज न करें। विस्तर पर धूम्रपान न करें। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों और बसों में ज्वलनशील पदार्थ न ले जाएं।

उन्होंने आगे कहा कि कार्यालय परिसर में यदि आग की घटना हो जाये तो निकटम उपलब्ध निकास मार्गों/सीढ़ियों का उपयोग करें तथा वाहर जाते समय यह सुनिश्चित कर लें कि कोई व्यक्ति छूट न जाये। यदि कपड़ों में आग लग जाये तो स्टॉप, ड्राप एण्ड रोल करें। किसी भी इमारत से बाहर निकलने के दो रास्ते जानिए और कभी भी आग के सामने खड़े न हों, हमेशा धुएँ के नीचे रहने की कोशिश करें। किसी भी आपात स्थिति में अपना मुँह गीले कपड़े से ढक्कर रखने की कोशिश करें और किसी भी कारण से जलती हुई इमारत में दोबारा न जायें। सीढियों और गलियारों को अव्यवस्थित न करें क्योंकि वह आपके भागने के रास्ते हैं। क्षेत्र में आगजनी की घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित करें। पैट्रोलियम पदार्थों (पेट्रोल/ डीजल/कैरोसीन) से लगी आग को बुझाने के लिए हमेशा बालू, फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अधिकारियों के दूरभाष नम्बरों या टोल फ्री नम्बर–102/108, 112, 101 को जानें तथा किसी भी प्रकार की घटनाओं पर सहायता हेतु सम्पर्क करें।

## गावों में खराब हैंड पंपों को 14 तक करायें ठीक : डीपीआरओ

– धनंजय जायसवाल ने लिया जिला पंचायत राज अधिकारी का चार्ज

– एडीओ की बैठक में शासन और प्रशासन के निर्देशों के पालन के आदेश

मथुरा। (दैनिक अयोध्या टाइम्स मदन सारस्वत)। जनपद में तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी के जेल जाने से दो माह से रिक्त चल रहे जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर शासन से नियुक्त होने के बाद आज डीपीआरओ का चार्ज मुख्यालय से संबध धनंजय जायसवाल ने ग्रहण किया। यहां आने पर उन्होंने जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और सीडीओ मनीष मीना से शिष्टाचार भेंट की।



चार्ज ग्रहण करने के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता में नवागत जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने कहा कि आज सीडीओ मनीष मीना ने वीडीओ कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी एडीओ पंचायत से वार्ता की। इस दौरान सभी ब्लाकों की पंचायतों में चल रहे विकास कार्य और सरकारी योजनाओं की प्रगति जानी। श्री जायसवाल ने बताया कि सीडीओ के निर्देशों का पाल करते हुए बढ़ती गर्मी और तपिश को देखते हुए गांवों में पेयजल संकट व्याप्त नहीं होने दिया जाएगा। सभी एडीओ से कहा गया है कि वे खराब पडे हैंड पंम्पों की सूची आज शाम तक भेज दें। इसकी सूचना ग्राम पंचायत बार भेजी जाए। जिसमें अस्थाई रूप से खराब व स्थाई हैंडपंपों की मरम्मत 14 अप्रैल तक अवश्य करा ली जाए। जो भी हैंड पंप ठीक हो जाएंगे उनका प्रमाणत्र 14 अप्रैल की शाम को उनके कार्यालय में उपलब्ध करा दें। उसके बाद कहीं भी पानी की समस्या नहीं हो। गांवों में कोई भी हैंडपंप खराब नहीं मिले। नगवागत डीपीआरओ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में डोर टू डोर कूड़ा कलेशन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने एडीओ पंचायत की बैठक ली। जिसमें सभी सरकारी योजनाओं के कार्यों के बारे में जानकारी हॉसिल की गई। इससे पूर्व इन्होंने अपने कार्यालय के सभी पटलों पर पहुंचकर एक–एक कर्मचारी के कार्यों के बारे में जानकारी हॉसिल की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को नियमानुसार कार्य करने पर जोर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## भगवान राधा-माधव और श्री चौतन्य महाप्रभु रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले तो हरि बोल, हरे कृष्णा, राधे-राधे से गूंजा शहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
भगवान के रथ की रस्सी को खींचने से भगवान आपकी जीवन की डोर के सारथी बन जाते हैं रू भक्ति विचार विष्णु जी महाराज जी सेक्टर–20 स्थित श्री चौतन्य गौड़ीय मठ में 55वें वार्षिक धर्म सम्मेलन के समापन पर भगवान राधा–माधव और श्री चौतन्य महाप्रभु रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। भक्तजनों ने शहर के विभिन्न सेक्टरों के बाजारों के सामने से रथ को पैदल–पैदल खींच कर भ्रमण कराया। उनमें रथ की



रस्सी को खींचने में होड़ मची हुई थी। मठ चंडीगढ़ के प्रवक्ता जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अखिल भारतीय श्री चौतन्य गौड़ीय मठ संस्थान के अध्यक्ष त्रिदंडी स्वामी श्री भक्ति विचार विष्णु जी महाराज जी के नेतृत्व में विशाल रथ यात्रा निकाली गई। भगवान श्री श्री चौतन्य महाप्रभु एवं श्री श्री राधा माधव जी दोपहर बाद रंग बिरंगे फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार होकर मठ मंदिर से नगर भ्रमण को निकले। रथ पर सवार होने से पहले शंख की ध्वनि की गई व 21 महिलाओं ने थालियों में देसी घी के दीपक सजाकर उनकी आरती उतारी एवं बैंड–बाजे के साथ उनको रथ पर विराजमान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजेपी चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। भक्ति विचार विष्णु जी महाराज जी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 55 बरसों से आयोजित की जा रही इस यात्रा में भक्तों की भागीदारी प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भगवान के रथ के दर्शन करने मात्र से घर में सुख–शांति आती है एवं दुख–क्लेशों का नाश होता है और भगवान की भक्ति प्राप्त होती है। भगवान के रथ की रस्सी को खींचने से भगवान आपकी जीवन की डोर के सारथी बन जाते हैं। भारी संख्या में उपस्थित भक्त जनों में अति उत्साह उमंग जोश का संचार हुआ था। रथ यात्रा में भाग लेने वाले भक्तजन नई–नई पोशाकें पहन कर आए थे। पूरे रास्ते भक्तजन हरे कृष्णा ,राधे राधे ,हरि बोल के जयकारे लगाते रहे व जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। सेक्टर 20 से चलकर 21 सेक्टर मार्केट, अरोमा चौक सेक्टर 22, बस स्टैंड, सेक्टर 18 मार्किट व सेक्टर 19 मार्केट होते हुए वापस मठ मंदिर रथ यात्रा पहुंची। रास्ते में जगह–जगह पर लोगों ने स्वागत करने के लिए स्टॉल लगाए हुए थे और भक्तों के लिए ठंडा जल, मिठाइयां, फल आदी का प्रबंध किया हुआ था। लोगों ने रथ को कई जगह रोक कर भगवान की आरती उतारी और रथ के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गई। मठ मंदिर वापस रथ यात्रा के पहुंचने के बाद हजारों लोगों के लिए भंडारा प्रसाद का प्रबंध किया गया था।

## डॉक्टर हरीश वशिष्ठ मानद उपाधि से सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स, पंचकूला, हरियाणा, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
– नीलम विश्वविद्यालय कैथल ने डॉ वसिष्ठ की योगताओ के लिए किया सम्मानित
डॉ. हरीश वशिष्ठ एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद,प्रशासक और कौशल विकास विशेषज्ञ हैं, जिनके पास शिक्षा,स्वास्थ्य देखभाल और व्यावसायिक प्रशिक्षण में 24 वर्षों का अनुभव है। पंचकूला,हरियाणा में एल आर मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट और एल आर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और संस्थापक के रूप में,उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रशासनिक पुनर्गठन और कौशल–आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे बहु–विषयक पृष्ठभूमि से संबंधित हैं और बी.एस.सी (मेडिकल), बी.ए.एम.एस, बीपीटी, एमपीटी (ऑर्थो) और मार्केटिंग में एमबीए जैसी कई डिग्रियों के धारक हैं। इसके अलावा, वे इलेक्ट्रॉनिक स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत एन.एस.डी.सी द्वारा प्रमाणित ट्रेनर ऑफ ट्रेनी फील्ड टेक्नीशियन हैं और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य भी हैं।



अपने करियर के दौरान, डॉ. वशिष्ठ ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसे कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, और आवास एवं शहरी आदि के साथ मिलकर व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों को लागू किया है। उन्होंने अपने नेतृत्व के माध्यम से दीनदयाल अंत्योदय योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और निर्माण कौशल विकास परिषद के तहत निपुण प्रोजेक्ट जैसी परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। उन्होंने हरियाणा कौशल विकास मिशन में मिशन निदेशक के रूप में कार्य किया है और सिक्किम मणिपाल विश्वविद्यालय, एनएमआईएमएस मुंबई, निम्स जयपुर जैसे विश्वविद्यालयों के साथ कार्य कर चुके है। नीलम विश्वविद्यालय में वे पैरामेडिकल विभाग के डीन के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. वशिष्ठ की प्रतिबद्धता छात्रों के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के प्रति सराहनीय रही है, जिसमें पीजीआई चंडीगढ़, एम्स दिल्ली, फोर्टिस, जीएमसीएच और पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में उनके मार्गदर्शित छात्रों को अवसर प्राप्त हुए हैं। उनकी पहल के माध्यम से कई छात्रों को कनाडा, केन्या, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान में भी रोजगार मिला है। उनका दृष्टिकोण छात्रों में बौद्धिक क्षमता, प्रबंधकीय कौशल और नैतिक मूल्यों को विकसित करना है, जिससे वे सफल पेशेवर बन सकें। अपने नेतृत्व और समर्पण के माध्यम से, डॉ. वशिष्ठ शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटकर भारत की कार्यशक्ति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 60 मरीजों की जांचकर दवा वितरित की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर अमित सिंह चाहर
कागारौल। स्वास्थ्य केंद्र बरौली अहीर के अंतर्गत द्वारिका अपार्टमेंट रोहता द्वितीय पर मंगलवार को निशुल्क आयुष्मान आरोग्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर का सांसद पुत्र शूरवीर चाहर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। समाजसेवी जीतेंद्र



शर्मा ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ, होम्योपैथिक चिकित्सक, चर्म रोग, नाक, कान और गला रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ, पैथोलोजिस्ट नेत्र रोग, क्षय रोग और आयुर्वेदिक के चिकित्सकों ने 60 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाएं दी। इस दौरान द्वितीय इंचार्ज रति शर्मा, डा आशीष विशेरिया, मनोहन, श्री भगवान पाराशर, विमलेश आदि का पूरा संयोग रहा।

## नितुरिया में सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन

नितुरिया। नितुरिया पंचायत समिति के तत्वावधान में मंगलवार को पंचायत समिति के अपने फंड से नितुरिया प्रखंड अंतर्गत साढ़े तीन लाख रुपए की लागत से सेल्फी पॉइंट का उदघाटन नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव ने किया। मौके



पर नितुरिया के बीडीओ प्रबीर कुमार सिन्हा, पूर्त कर्माध्यक्ष याकुद अंसारी, अनिल प्रमाणिक, उज्जलता हांसदा, भामुरिया ग्राम पंचायत प्रधान अतनु चक्रवर्ती, दीघा ग्राम पंचायत प्रधान सावित्री गोराई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित पार्टी की रीड है सक्रिय कार्यकर्ता : पौनिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविन्द शर्मा
किरावली। मंगलवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया की अध्यक्षता में किरावली के लक्ष्मी गार्डन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान व मुरारी लाल अग्रवाल चेयरमैन बलदेव मथुरा रहे। मुख्य वक्ता व जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह जो सामने बैठा हुआ देवतुल्य सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता है यही पार्टी की रीड का काम करता है, इन्हीं हमारे कार्यकर्ताओं की ही ताकत है कि जो पार्टी कभी अपने वजूद के लिए संघर्ष करती थी। आज वह 18 करोड़ सदस्यों की पार्टी है और भारत के राष्ट्र निर्माण लगे एक एक समर्पित देवतुल्य कार्यकर्ता का शीर्ष पर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरे जिलाअध्यक्ष रहते हुए किसी भी भाजपा कार्यकर्ता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं घंटा अपने कार्यकर्ता के साथ खड़ा हूं तो हाल में कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने अपने हाथों से सभी सक्रिय सदस्यों को कमल पट्टिका और माला पहनकर स्वागत सम्मान किया। इस अवश्य अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान ,मुख्य अतिथि मुरारी लाल अग्रवाल , पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र फौजदार , पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक राणा, किरावली नगर अध्यक्ष प्रवीणा सिंह , जिला मीडिया प्रमुख हेमेंद्र तिवारी, पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकचंद मित्तल, बृज क्षेत्र कोषाध्यक्ष तपेश जैन, संचालन उमाशंकर माहौर ने किया। इस दौरान वीरपाल माहूरा, मंडल अध्यक्ष पवन इंडोलिया ,गौरव सोलंकी मंडल अध्यक्ष ओमकांत डागुर , तेज सिंह सरपंच,विल्सन सिंह कुशवाहा , अभिलाष सिंह चाहर , ललित चौधरी ,हरिपाल नेता जी ,अमरपाल मुखिया ,बी के ठाकुर सागर चौधरी ,जी जी डी चाहर आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।







# कार्यकारी अभियंता के पद ग्रहण करने से स्मार्ट सिटी के विकास कार्य को मिलेगी गति

दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
चंडीगढ़। नगर निगम पब्लिक हेल्थ के चारों डिवीजन में कार्यकारी अभियंता की नियुक्ति होने से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्य को और तेजी से गति मिल सकेगी। नवयुक्त कार्यकारी अभियंता में अमित शर्मा डिविजन नंबर एक से योगेश अग्रवाल डिविजन नंबर दो से राजेंद्र सिंह डिविजन नंबर तीन से प्रभजोध सिंह डिविजन नंबर चार से बतौर कार्यकारी अभियंता का कार्यभार संभाला है।
कार्यकारी अभियंता अमित शर्मा ने कहा कि पानी और सीवरेज की व्यवस्था शहर के बुनियादी ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। चंडीगढ़ में पानी और सीवरेज की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे। शहर में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के









लिए पानी के स्रोतों का विकास और प्रबंधन में नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर व्यवस्था को ओर सुचारू रूप से किया जाएगा। डिवीजन नंबर 2 के कार्यकारी अभियंता योगेश अग्रवाल ने कहा कि पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए, पानी के शुद्धिकरण और उपचार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा शहर में सीवरेज सिस्टम को विकसित और प्रबंधित किया जाएगा, ताकि गंदे पानी का निपटान सुनिश्चित किया जा सके। डिविजन नंबर तीन के कार्यकारी अभियंता राजेंद्र सिंह ने कहा कि पानी की बचत करना बहुत जरूरी है इसके लिए पब्लिक को जागरूक करना अति आवश्यक है। पानी की बचत को बढ़ावा देने के लिए पानी के उपयोग को कम करने और पानी के पुनर्चक्रण की व्यवस्था पर गहनता के साथ काम करने की जरूरत है, इसके साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना एवं उसकी कार्य क्षमता को बढ़ाना अति आवश्यक है ताकि गंदे पानी का उपचार किया जा सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।
डिवीजन नंबर 4 के कार्यकारी अभियंता प्रभजोध सिंह ने कहा आयुक्त अमित कुमार के दिशा निर्देश में काम करना उनके लिए एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने स्मार्ट सिटी के बारे में बहुत कुछ सोच रखा है, उनका विजन एकदम क्लियर एवं जनहित में है। उन्होंने कहा कि वे पानी की व्यवस्था साथ–साथ सीवरेज की सफाई एवं रखरखाव को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देंगे।

# महिला को सरकार की योजनाओं का पत्रक प्रदान करतीं कैबिनेट मंत्री

– कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने पुराने भाजपाइयों का किया सम्मान।
– अकोला में लाभार्थियों को सम्मानित कर डोर टू डोर किए पत्रक वितरित।
दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर अमित सिंह चाहर
कागारौल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की शृंखला में मंगलवार को गांव अकोला में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य पहुंची। इस अवसर पर गांव अकोला स्थित हनुमान जी के बड़े मंदिर पर कैबिनेट मंत्री ने पूजा अर्चना करने के उपरांत डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं निशुल्क राशन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास और पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने गांव में घर–घर एवं दुकानों पर जाकर सरकार की योजनाओं के पत्र वितरित किए। ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं के बाबत उनके अनुभव जाने। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के सफर में पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पित रहे पुराने भाजपाई अशोक लवानियां, वीरेंद्र भोले, सियाराम चाहर, बलवीर सिंह, हरिश्चंद्र वर्मा, ब्रह्मदत्त लवानियां, शिवराम आडवाणी, हरिभान सिंह को पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। पार्टी हित में इनके योगदान को सराहा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सिर्फ दो सांसदों से शुरू हुआ भाजपा का कारवां आज बहुत आगे बढ़ चुका है। देश के प्रत्येक राज्य में आज भाजपा का मजबूत संगठन है। यह सब पार्टी के लिए दिन रात एक करने वाले इन कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हुआ है, जिन्होंने दरी बिछाने से लेकर विपक्ष में रहकर पुलिस की लाठियां तक खाई। इसके बावजूद राष्ट्रवाद के लिए उनका उत्साह कमजोर नहीं हुआ। इसी का परिणाम है कि केंद्र से लेकर प्रदेश में



भाजपा सरकार ने लोक कल्याण के इतने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे पूरा परिदृश्य हो बदल गया है। युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों से लेकर व्यापारियों के हित में सरकार अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। इस मौंके पर भाजपा जिला मंत्री अंजू सचान, मंडल अध्यक्ष अजय चाहर, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि यशपाल सिंह राणा, अभिनव मौर्य, प्रमुख रविंद्र सिंह उर्फ राजू प्रधान, डॉ गंभीर सिंह चाहर प्रधान प्रतिनिधि, डॉक्टर करतार सिंह चाहर,पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेंद्र चाहर, हुकम सिंह चाहर, मुकेश प्रधान, जीतू चौधरी, मुकेश चाहर, मान सिंह हवलदार, भगत राम सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जगनेर से आगरा रोड पर डग्गेमार वाहनों का आतंक

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर अमित सिंह चाहर
कागारौल। जगनेर से आगरा रोड पर अवैध डग्गेमार वाहनों का आतंक दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर लगभग 100 से अधिक अवैध ईको वाहन बेलगाम होकर दौड़ रहे हैं, जिसके कारण आए दिन भीषण सड़क हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए यह सड़क अब जानलेवा बन गई है, लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई सख्त कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।
अवैध डग्गेमार वाहनों का कब्जा–
जगनेर से आगरा रोड पर इन डग्गेमार इको वाहनों का बोलबाला है। इन वाहनों के चालक सवारियों को भरने और अधिक फेरे लगाने की होड़ में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं। सड़क के बीच में अचानक रुकना, ओवरटेकिंग के दौरान नियमों की अनदेखी और अनियंत्रित गति इन हादसों की प्रमुख वजह बन रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये वाहन चौराहों और तिराहों पर जाम पैदा करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है।





प्रशासन की अनदेखी–
परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की ओर से इन अवैध वाहनों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ चालक पुलिस से सांठगांठ कर इन वाहनों का संचालन कर रहे हैं। हालांकि, अधिकारियों का दावा है कि वे इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की योजना बना रहे हैं, लेकिन धरातल पर अभी तक कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा।
जनता की मांग–
स्थानीय निवासी और हादसों से प्रभावित परिवार अब सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन अवैध डग्गेमार वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस रोड पर यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जाए। साथ ही, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां सुरक्षा इंतजाम किए जाने की भी जरूरत है ताकि भविष्य में हादसों को रोका जा सके।
जगनेर से आगरा रोड पर 100 से अधिक अवैध इको वाहनों का संचालन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता की जिंदगियों के लिए गंभीर खतरा भी बन गया है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो हादसों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। अब यह प्रशासन पर निर्भर है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से ले और प्रभावी कार्रवाई करे, वरना यह सड़क और भी खतरनाक हो सकती है।

# सिलेंडर के लिए लाइनें लगवाने वाली कांग्रेस अब गरीबों की हमदर्द बनने का नाटक कर रही है : जितेन्द्र पाल मल्होत्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष श्री लक्की द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में ध्50 की मामूली वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से भ्रामक, खोखले और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित हैं।
इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कभी भी गरीबों की चिंता नहीं की। आज जब केंद्र सरकार गरीबों के लिए योजनाएं लागू कर रही है, तब कांग्रेस सिर्फ आलोचना कर रही है कृ क्योंकि उसे गरीबों का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि उन्हें वोट बैंक बनाए रखना आता है।
"लक्की जी, आप शायद भूल गए होंगे, लेकिन जनता को अब भी अच्छे से याद है कि कांग्रेस के समय में गैस सिलेंडर लेना किसी आम आदमी के लिए सपने जैसा था। लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता था, नेताओं और सांसदों के पास सिफारिशें लेकर जाना पड़ता था, तब कहीं जाकर सिलेंडर या कनेक्शन मिलता था,"– मल्होत्रा जी ने कहा। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने वर्ष 2024–25 में 41,300 करोड़ की राशि केवल एलपीजी सब्सिडी के माध्यम से गरीबों तक राहत पहुँचाने में खर्च की है। इतना ही नहीं, 2025 के बजट में भी उज्ज्वला योजना और सीधी सब्सिडी ट्रांसफर के तहत गरीबों को पूरी सहायता जारी है।
"कांग्रेस का इतिहास रहा हैकृ योजनाओं की घोषणा करना, लेकिन जमीनी स्तर पर गरीब को कुछ न देना। इसके उलट भाजपा सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया। उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला और वो भी बिना किसी सिफारिश या भ्रष्टाचार के," उन्होंने कहा।
50 की वृद्धि को लेकर कांग्रेस जिस प्रकार से हो–हल्ला मचा रही है, वह केवल एक राजनीतिक स्टंट है। मल्होत्रा जी ने स्पष्ट किया कि यह वृद्धि वैश्विक ऊर्जा बाजार के उतार–चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए की गई है, जबकि गरीबों के लिए सब्सिडी का पूरा प्रावधान अब भी मौजूद है।
उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा,"कांग्रेस बताए कि जब वह सत्ता में थी, तब कितने घरों तक मुफ्त या सब्सिडी वाला सिलेंडर पहुँचा? कितनी महिलाओं को धुएं से राहत मिली? जवाब देंगे लक्की जी?"
"भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है दृ हर गरीब तक सम्मान और सुविधा पहुँचाना। कांग्रेस की तरह वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि अंत्योदय हमारा लक्ष्य है,"– जितेन्द्र पाल मल्होत्रा ने कहा। अंत में उन्होंने



कहा, "कांग्रेस को अगर थोड़ी भी शर्म बची है तो वह जनता से माफी मांगे कृ उन वर्षों के लिए जब गरीब महिला गैस के धुएं में दम तोड़ती रही और नेता मौन बैठे रहे। आज जब भाजपा सरकार बदलाव लाई है, तो कांग्रेस उसे पचाने में असहज हो रही है। यही इनकी असली चिंता है।"

## मैय्या इबके नम्बर मेरा है रौनक सेवा फांउडेशन द्वारा आयोजित जगराते में सतनाम सिंह संधू ने लगाई हाजिरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
रौनक सेवा फांउडेशन द्वारा विकास नगर, मौलीजागरां स्थित सब्जी मंडी ग्राउंड में 21वॉ विशाल मॉ भगवती जागरण करवाया गया जिसमें राज्यसभा सांसद स. सतनाम सिंह संधू ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ज्योति प्रचंड की। इस मौकंे पर उनके साथ फांउडेशन के चेयरमैन व भाजपा नेता एवं पूर्व डिप्टी मेयर अनिल कुमार दुबे, पार्षद बिमला दुबे व अन्य लोग मौजूद रहे।
प्रसिद्ध भजन गायिका रेशमी शर्मा ने मैय्या इबके नम्बर मेरा है हमारा काम होगा तुम्हारा नाम होगा आदि भजन गाकर सबको महामाई के रंग में रंग दिया। इस मौके पर



मेयर हरप्रीत कौर बबला, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबीर भट्टी, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबला, सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, जीरकपुर से भाजपा नेता संजीव खन्ना, पार्षद सौरभ जोशी, कंवर राणा, दिलीप शर्मा, हरजीत, हरदीप सिंह, सरबजीत कौर, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल यादव, जगतार सिंह जग्गा व जगजीत सिंह कंग आदि भी मौजूद रहे।

## मात-पिता मंदिर में 'मात-पिता पूजन दिवस' 10 अप्रैल को

दैनिक अयोध्या टाइम्स, जीरकपुर, मोहाली, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल।
इस अवसर पर रंग भरने की प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा
मोहाली जिले के बनूड़–अंबाला रोड पर खल्लौर गांव में दुनिया के पहले और एकमात्र निर्माणाधीन मात–पिता मंदिर में 10 अप्रैल को 'मात–पिता पूजन दिवस' धूमधाम से मनाया जाएगा।
स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि होंगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू





विशिष्ट अतिथि होंगे। एसबीएस और हारमनी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष धर्मपाल बंसल और अग्रोहा विकास ट्रस्ट पंजाब के मुख्य संरक्षक श्री शाम लाल सिंगला विशेष अतिथि होंगे।
मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए माता–पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गोचर दास ज्ञान चंद वालिया ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय गौ कथा वाचक के श्री चंद्रकांत अपने प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे तथा भजन गायक प्रवीन वाधवा अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत नंदिनी गौ महायज्ञ के साथ होगी, जिसके बाद माता पिता पूजन होगा। इस अवसर पर रंग भरने की प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। संस्कार ज्योति द्वारा रंग भरने की प्रतियोगिता फरवरी में स्कूली स्तर पर भावी पीढ़ी में माता–पिता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने की एक अनूठी पहल के तहत शुरू की गई थी। हमारे युवा मन में संस्कारों के बीज बोने की इस पहल के तहत 11 स्कूलों को चित्र सौंपे गए, जिसमें छात्रों को उनके माता–पिता और शिक्षकों की मदद से चित्र के पीछे की कहानी को समझते हुए चित्रों में रंग भरने और 3–5 पंक्तियों में विवरण लिखने के लिए कहा गया था। प्रतियोगिता में कुल 11 स्कूलों ने भाग लिया जिनमें स्टेलर इंटरनेशनल स्कूल बासमा, एलायंस इंटरनेशनल स्कूल बनूड़, पटेल पब्लिक स्कूल राजपुरा, डीएवी पब्लिक स्कूल राजपुरा, सीएम पब्लिक स्कूल राजपुरा, केके पब्लिक स्कूल राजपुरा, एसडी मॉडल स्कूल राजपुरा, एसडी पब्लिक स्कूल राजपुरा, डिवाइन पब्लिक स्कूल डेरा बस्सी, राजपुरा शामिल हैं। न्यू इंडिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंचकूला और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल चंडीगढ़ ने भाग लिया। पहला पुरस्कार एसडी मॉडल स्कूल राजपुरा से रिद्धि कुमार, स्टेलर इंटरनेशनल स्कूल बासमा से कनव धीमान और केके हाई स्कूल राजपुरा से प्रभजीत सिंह ने जीता। दूसरा पुरस्कार पटेल पब्लिक स्कूल राजपुरा से निरवैर कौर, डीएवी पब्लिक स्कूल राजपुरा से जानवी और सीएम पब्लिक स्कूल राजपुरा से आराध्या बदलहान ने जीता। चौथा पुरस्कार स्टेलर इंटरनेशनल स्कूल बासमा की पवनीत कौर, एसडी पब्लिक स्कूल राजपुरा की रिद्धि और एसडी मॉडल स्कूल राजपुरा की हिमानी ने जीता। पांचवां पुरस्कार एसडी पब्लिक स्कूल राजपुरा के कुणाल पासी, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल चंडीगढ़ की अर्शिया जैसवाल और पटेल पब्लिक स्कूल राजपुरा के नवदीप सिंह ने जीता। माता–पिता पूजन दिवस के दौरान मेहर अस्पताल जीरकपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी और आंखों की जांच के अलावा निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।
वालिया ने बताया कि मंदिर के दूसरे चरण का कार्य पूरा हो चुका है तथा तीसरे चरण का कार्य 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। मंदिर 10 एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर विश्व का पहला व एकमात्र ऐसा मंदिर होगा, जहां किसी भगवान की मूर्ति नहीं होगी। बल्कि यह हमारे माता–पिता की पूजा का स्थान होगा। इस मंदिर को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड (लंदन) में विश्व का पहला मंदिर होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। इस बीच सभी सुविधाओं से युक्त 3 आधुनिक गौ सदन, गौमाताओं के लिए बनकर तैयार हो चुके हैं तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त गौ–चिकित्सालय व पंचगव्य चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र भवन का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। गौ सेवकों के लिए 40 कमरों वाले नंद भवन का निर्माण कार्य भी जोरों पर चल रहा है। नव स्थापित गोबर गैस प्लांट में प्रतिदिन गौ माताओं के लिए सवामणी तैयार की जाती है। इस अवसर पर अमरजीत बंसल, मामन राम, पंकज जयसवाल, सुभाष सिंगला, कुलदीप ठाकुर, कपिल वर्मा, जीवन बब्बू, सुरनेश सिंगला, के के अग्रवाल,सुरेश बंसल, सुभाष अग्रवाल, जुनेजा, अश्वनी गर्ग, नवदीप गुडवानी, कश्मीरी लाल गुप्ता, दीपक मित्तल और जय गोपाल बंसल भी उपस्थित थे।

## फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जननी सुरक्षा योजना में फर्जीबाड़े की जांच के लिए सीएमओ पहुचे फतेहाबाद, दोषियों पर होगी कर्यवाही

संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिकअयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो रिपोर्ट आगरा।
फतेहाबाद 8 अप्रैल। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जननी सुरक्षा योजना और महिला प्रोत्साहन राशि में फर्जीवाड़ा हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में पिछली ढाई साल में एक महिला का 25 बार प्रसव और पांच बार नसबंदी की गई। ऑडिट टीम की जांच में भुगतान संदिग्ध पाया है। ऑडिट टीम में जांच संदिग्ध पाई जाने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। वही इस पूरे मामले की जांच के लिए सीएमओ आगरा डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव फतेहाबाद पहुंचे जहां उन्होंने कहा कि मामले की दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रसुताओं को 1400 रुपए और शहरी क्षेत्र में 1000 दिए जाते हैं। महिला नसबंदी के लिए 2000 मिलते हैं। यह धनराशि लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है, जिले में वित्तीय वर्ष 2021–22 और 22–23 के भुगतान का ऑडिट किया गया।
ऑडिट टीम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में एक बड़ा फर्जीबाड़ा पकड़ में आया जहां कृष्णा कुमारी नाम की महिला को पिछले ढाई वर्ष में 25 बार प्रसव और पांच बार नसबंदी दिखाते हुए 45000 रुपए का भुगतान किया गया है। इसके अलावा पूजा नाम की महिला की स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर 2023 में नसबंदी हुई, इसके 9 दिन बाद दूसरी नसबंदी दर्शा दी गई। यही नहीं 5 महीने बाद तीसरी नसबंदी



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली अहीर में दिखाई गई। ऐसे तमाम मामले ऑडिट टीम की जांच रिपोर्ट में सामने आए हैं।
पूरे मामले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव मंगलवार को फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और जांच टीम घटित कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है, इसके अलावा तत्कालीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों की जांच के भी आदेश दिए गए हैं। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मंचा हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रवर्तन टीमो ने विभिन्न मार्गो पर चेकिंग के दौरान सीज किये 18 ई-रिक्शा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बिना फिटेनस व लाइसेन्स के अपंजीकृत ई–रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिग अभियान में



मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन–प्रवर्तन अंकिता शुक्ला,यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने लखनऊ–बाराबंकी, बाराबंकी–अयोध्या, बाराबंकी–गोण्डा समेत विभिन्न मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़को पर बिना रजिस्ट्रेशन,ड्राइविंग लाइसेंस,एचएसआरपी नम्बर प्लेट की जांच कर कुल 18 ई–रिक्शा को सीज किया गया। तथा दर्जनो के चालान किये गये।

## अनधिकृत डग्गामार बसों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। नियमों की अनदेखी एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन कर मार्गों पर दौड़ने वाली अनाधिकृत डग्गामार बसों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने अभियान चलाया। परमिट शर्तों का उल्लंघन एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन–प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने मंगलवार को सुबह लखनऊ–अयोध्या मार्ग पर चेकिंग के दौरान हैदराबाद से रूपेडिहा (नेपाल बार्डर) की ओर जा रही डबल डेकर बस यू पी 53 जी टी 2897 को परमिट शर्तों का उल्लंघन एवं क्षमता से अधिक सवारी मिलने पर नवीन बस अड्डा में सीज किया तथा सवारियों को दूसरे वाहन से अपने गतव्य की ओर रवाना करवाया। अभियान के दौरान बस स्टेशन इंचार्ज ए के अवस्थी मौजूद रहे।



## आरसेटी बाराबंकी में लगा ऋण मेला

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। बैंक ऑफ इंडिया स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बाराबंकी में दिनांक 08.04.2025 को ऋण मेले का आयोजन हुआ,जिसमे आरसेटी से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियो के ऋण आवेदन स्वीकार किये गए। सारे ऋण आवेदन मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत किये गए। इस ऋण मेले में बाराबंकी जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक विवेक कुमार,उपायुक्त उद्योग बाराबंकी आशुतोष श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रशिक्षार्थियो से खुद वार्तालाप किया एवं प्रशिक्षार्थियो से ज्यादा से ज्यादा ऋण लेकर अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। अग्रणी जिला प्रबंधक विवेक कुमार ने सभी आवेदकों को उनका ऋण स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक विशाल गुप्ता ने बताया की ऋण मेले में 89 ऋण आवेदन प्राप्त हुए है जो जिले के विभिन्न बेंको में स्वतः ही ऑनलाइन पहुच जायेंगे।



## सालानपुर में सुबह 7 बजे मवेशी व्यापारी का अपहरण

**• पुलिस की सक्रियता से धाराएं अपराधी**

सालानपुर। सालानपुर थाना के रूपनारायणपुर फाड़ी अंतर्गत धानगुड़ी–दोमदोहा पाइपलाइन के समीप सड़क से मिहीजाम जाने के क्रम कालीपथर निवासी मवेशी व्यापारी सामशूल अंसारी(53) का अपहरण से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों के अनुसार मंगलवार सुबह मिहिजाम जाने के क्रम में धानगुरी दोमदोहा पाइपलाइन के समीप एक चार चक्का(महिंद्रा बोलेरो) पर सवार बदमाशों के एक समूह ने सामशूल अंसारी को अगवा कर लिया। और अपहरणकर्ताओं ने परिवार से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। वही घटना की सूचना मिलते ही रूपनारायणपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये 7 घण्टे के भीतर ही जामुड़िया थाना क्षेत्र के चुरुलिया बिरकुल्टी श्मशान घाट से अपहरणकर्ताओं को धरदबोचा और मावेसी व्यपारी को छुड़ाने में सफल रहे। मौके से पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अपहरणकर्ताओं के वाहन को जब्त कर रूपनारायणपुर फाड़ी ले आये। वही अपहरणकर्ताओं को देख ग्रामीण उग्र हो गये और अपहरणकर्ताओं को पुलिस से छुड़ा कर स्वंय के हाथों में लेने में जुट गये। हालांकि पुलिस ने काफी जदोजहद के बाद आरोपियों को वाहन से लॉकअप में लेकर जाने में सफल रहे। इसी क्रम में गुस्साये भीड़ ने अपहरणकर्ताओं की वाहन में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने कैसे भी स्थिती को नियंत्रित किया। वही आरोप है कि घटना पहली बार नही हुई है, इलाके में रहने वाले कुछ अन्य मावेसी व्यपारियो ने आरोप लगाया है कि इसे पहले भी करीब 4 माह पहले मिहिजाम थाना क्षेत्र में कालीपथर निवासी एक व्यसायी को अपहरण कर लिया गया था। और 250000 रुपयों की मांग की गई थी और पैसे लेने के बाद छोड़ दिया गया था।



## रेलकर्मी की पत्नी हत्या स्थल पर पहुँची फोरेंसिक टीम, करीब 2 घण्टे की जांच

चितरंजन। चिरेका कर्मी की पत्नी की हत्या मामले में मंगलवार दुर्गापुर रिजनल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की चार सदस्यीय टीम पहुंची घटना स्थल पर पहुँची। जहाँ करीब दो घंटे तक गहन छानबीन एवं घटना के नमूनों को एकत्रित किया। मालूम हो बीते हफ्ते चिरेका कर्मी घर मे अकेले थी। जब हत्या कर दी गई थी। हालांकि पुलिस हर पहलुओ से जाँच कर रही है लेकिन अबतक हाथ खाली है। जिसके बाद फोरेंसिक टीम की सहायता ली जा रही है जिससे जल्द आरोपी का सुराग मिल सके। मंगलवार फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल के आस–पास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की और सबूत एकत्र किए। टीम ने खून के धब्बे, वैधता सामग्री और अन्य संभावित सबूतों को एकत्र करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया। सभी सबूतों को सावधानी पूर्वक बैग में रखा गया है ताकि आगे की जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। घटना ने चित्तरंजन में सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है, और स्थानीय लोग जल्दी से जल्दी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।



# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। शैक्षिक सत्र 2024–25 में जनपद में सर्वाधिक नामांकन दर्ज करने वाले 05 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने निपुण की समीक्षा करते हुए कहा कि एसेसमेंट के लिए चिन्हित 1375 विद्यालयों के सापेक्ष 1024 विद्यालय निपुण हुए तथा शेष 351 विद्यालय निपुण नहीं हो पाए हैं,इसकी विद्यालयवार समीक्षा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी करें। सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक व अध्यापकों की एक सप्ताह में बैठक कर आख्या तैयार करके उपलब्ध करायें। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विकास खण्ड में शैक्षिक सत्र 2025–26 में समस्त विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन किया जाये। अपार आईडी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी त्रिपाठी ने निजी शिक्षण संस्थानों व मदरसों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी सम्बंधित विद्यालयों की विद्यालयवार रिपोर्ट तैयार करते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने स्कूल चलो अभियान,मध्यान्ह भोजन, छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, डीबीटी,आपरेशन कायाकल्प के साथ ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स व जनपद स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा किये गये निरीक्षण की समीक्षा की। इसके उपरांत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी,मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने शैक्षिक सत्र 2024–25 में जनपद में सर्वाधिक नामांकन वाले 05



परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक क्रमशः पुष्पा कुमारी कम्पोजिट विद्यालय कुर्सी निन्दूरा, सलाहुउद्दीन किरमानी कम्पोजिट विद्यालय फतेहपुर, नीलिमा पाण्डेय कम्पोजिट विद्यालय घुंघटेर निन्दूरा, जय प्रकाश कम्पोजिट विद्यालय मरौचा सिरौलीगौसपुर एवं कमलजीत आर्या कम्पोजिट विद्यालय बहरौली निन्दूरा को सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जिला समन्वयक व एसआरजी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक आहूत

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। मंगलवार को डीएम, शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित जिले के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक की। बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो को लू,हीटस्ट्रोक व हीटवेव के कुप्रभाव से बचाने तथा संरक्षित गोवंश की उचित देख–रेख एवं गो–आश्रय स्थलों में आवश्यक प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। गो–आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में दान के रूप में भूसा एकत्र किये जाने हेतु विकास खण्डवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे दिनांक 15 अप्रैल से 31 मई 2025 तक अभियान चलाकर पूर्ण किये जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस कार्य हेतु विकास खण्ड अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही की जानी है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों सहित अन्य विभागों के विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर निस्तारित होने वाली जनसमस्याओं का निस्तारण वहीं पर कर लिया जाए। बड़ी संख्या में हैंडपंप खराब–रिबोर की शिकायतें मिलती है, इसके अलावा चकमार्ग की पटाई,जल निकासी हेतु नाली आदि से सम्बंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ ब्लॉक स्तर पर ही निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शौचालयों के लिये किये गए सभी आवेदन पत्रों की जांच जरूर कराई जाए। पात्र पाए जाने पर ही आवेदक के खाते में धनराशि भेजी जाए। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में रिक्त हुई राशन की दुकानों के पुनः आवंटन की प्रक्रिया विधिक रूप से ससमय पूर्ण करा ली जाए। साथ ही अन्न पूर्णा स्टोरों के चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। बैठक में, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण,समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी–पशु चिकित्साधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत उपस्थित रहे।



# कंपोजिट विद्यालय मिर्जा नगर बेहटई में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। शिक्षा क्षेत्र देवा के कंपोजिट विद्यालय मिर्जा नगर बेहटई में खंड शिक्षा अधिकारी राम नारायण की अध्यक्षता में सरस्वती मां की पूजा के साथ स्कूल के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार वर्मा का सेवानिवृत्ति प्रोग्राम, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में 32 वीं रैंक प्राप्त कक्षा 08 की छात्रा सरोज कुमारी का सम्मान,परीक्षाफल एवं सम्मान समारोह, स्कूल चलो अभियान रैली,पुस्तक वितरण एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप वर्मा ने पौधा देकर सेवानिवृत शिक्षक के उज्जवल भविष्य की कामना की। उपस्थित विवेक कुमार वर्मा ने भी पौधा देकर उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य की कामना की इसी क्रम में विकासखंड देवां के न्याय पंचायत टेरा कला के समस्त विद्यालय के समस्त शिक्षकों के द्वारा सेवानिवृत्ति हुए शिक्षक का सम्मान किया गया विद्यालय परिवार के द्वारा शॉल देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की विद्यालय परिवार के साथ बिताए गए पलों को एक कोलाज में समेट कर यादगार के तौर पर दिया गया। ग्राम प्रधान कुंवर पाल,एसएमसी अध्यक्ष मिथिलेश एवं ग्राम के वरिष्ठ सुंदरलाल को मिथिलेश कुमार वर्मा द्वारा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

इस विद्यालय की पूर्व में सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका फूलबी जी भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह जिला मंत्री एक लाख प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, एवं मंत्री विवेक कुमार वर्मा,उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष नीलमलता, प्रमोद श्रीवास्तव अवधेश तिवारी मुकेश अवस्थी नीरज कुमार शेर सिंह,एआरपी महोदय अनूप त्रिपाठी,कमलेश वर्मा,इंचार्ज प्रधानाध्यापक असमत फातिमा,सूर्या त्रिपाठी,प्रियंका, बेबी रिजवाना, शिखा, नजमुस सहर एवं शिक्षामित्र प्रदीप,नीरज, अखिलेश,प्रमिला एवं न्याय पंचायत के समस्त विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



# डीएम की अध्यक्षता में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित ष्जिला पुस्तकालय समितिष की बैठक आज लोक सभागार,कलेक्ट्रेट में पुस्तकालय के विकास,उन्नयन, संवर्धन एवं उसे और अधिक लोकप्रिय–उपयोगी बनाने की दृष्टि से आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्राचार्या,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर,जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में समिति ने विभिन्न बिन्दुओं पर विचार किया एवं निर्णय लिया–1.राजकीय जिला पुस्तकालय के मुख्य भवन (संग्रहालय) की छत एवं 65 मीटर (लगभग) चाहरदीवारी की मरम्मत हेतु बजट की व्यवस्था के निमित्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण एजेंसी से पुनः आगणन तैयार कराकर जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित कर बजट आवंटन हेतु प्रभावी पैरवी की जाये।

2. मुख्य भवन से पृथक निर्मित दो वाचनालय कक्ष हेतु ऑफग्रिड सोलर सिस्टम की आवश्यकता पर पुर्नविचार करते हुए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश प्रदान किए,कि यह परियोजना निदेशक नेडा से शीघ्र आगणन प्राप्त कर बजट प्राप्ति हेतु विभाग से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही करें। 3. जिलाधिकारी ने निर्देश प्रदान किए, कि राजकीय जिला पुस्तकालय की सुरक्षा के लिए आवश्यक अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था हेतु पूर्व प्रेषित मांग पत्र पुनः मेरे माध्यम से शासन को प्रेषित किये जायें।

4. जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये,कि राजकीय जिला पुस्तकालय में कॅरियर काउंसिलिंग एवं तनाव प्रबंधन तथा अन्य कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के लिए साउन्ड सिस्टम–डाइस की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

5.पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा पाठक हित में (स्थान की कमी) अभ्युदय कक्षाएं संग्रहालय के साथ बने पाठक कक्ष में स्थानांतरित किये जाने तथा पूर्व निर्धारित समय पर कक्षाएं चलाये जाने के प्रस्ताव पर सदन ने सहमति व्यक्त की।

6. राजकीय जिला पुस्तकालय में पाठकों की बढ़ती संख्या हेतु फर्नीचर (मेज–कुर्सी) एवं वाटर कूलर की व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश प्रदान किए,कि अभ्युदय योजनांतर्गत आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये। 7. जिलाधिकारी ने ब्लॉक में (खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थापित) बंद पुस्तकालयों को दस दिनों के अन्दर संचालित करने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश प्रदान किए। 8.जिलाधिकारी ने पुस्तकालयाध्यक्ष को निर्देश प्रदान किये,कि संग्रहालय में रखी सभी मरम्मत लायक बुक केस–अलमारी की मरम्मत पाठक सदस्यता शुल्क के माध्यम से करवा ली जाये और जो बुक केस–अलमारी मरम्मत योग्य नहीं हैं, उन्हें नीलाम कर दिये जायें।



# आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दी गई सजाओं का विवरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। थाना हैदरगढ़ पर अभियुक्त के पास से अवैध शस्त्र बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत आर्म्स एक्ट के अभियुक्त सन्नू पुत्र इस्माइल निवासी कुरैशी लोहिया बार्ड थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–17 जनपद बाराबंकी द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि तक की सजा व 500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 2. थाना कोठी पर अभियुक्त द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्त बालगोविन्द रावत पुत्र फकीरे निवासी मझियांवा थाना कोठी जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–17 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 3.थाना देवा पर अभियुक्तगण द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकध्दमे के अभियुक्तगण 1.भारत प्रसाद पुत्र जालिम 2.फूलमती पत्नी भारत प्रसाद 3.धर्मेन्द्र कुमार पुत्र भारत प्रसाद निवासीगण मुनियापुरवा थाना देवा जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–17 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500–500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 4.थाना देवा पर अभियुक्तगण द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकध्दमे के अभियुक्तगण 1.रामचरन पुत्र मंशाराम 2.गुड्डू पुत्र रामचरन निवासीगण कुटी थाना देवा जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–17 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500–500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया।

5.थाना फतेहपुर पर अभियुक्त के पास से अवैध 25 ग्राम स्मैक बरामदगी के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र हरिनाम निवासी सुलेहामऊ थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को न्यायालय कोर्ट सं0–10 जनपद बाराबंकी द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि (08 माह 01 दिन के कठोर कारावास) की सजा व 1000 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 6.थाना रामनगर पर अभियुक्त द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्युकारित करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र मंशाराम निवासी गुरगुज थाना देवा जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–15 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 12,000 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 7.थाना कुर्सी पर अभियुक्त के पास से अवैध 25 ग्राम स्मैक बरामदगी के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त विशाल कश्यप पुत्र संतोष कश्यप निवासी म0न0 316/51 चौकी कालीजी बाजार चौक जनपद लखनऊ को न्यायालय कोर्ट सं0–10 जनपद बाराबंकी द्वारा 03 माह 10 दिन के कठोर कारावास की सजा व 1000 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 8.थाना रामनगर पर अभियुक्त द्वारा अवैध गौकशी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम के अभियुक्त 1. साबिर अली पुत्र भुलन निवासी गोवा खुर्द 2.शिवशंकर पुत्र राजनरायण निवासी कासिमपुर खुर्द थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा को न्यायालय कोर्ट सं0–10 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1000–1000 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 9.थाना दरियाबाद पर सार्वजनिक स्थान पर जुँआ खेलने के सम्बन्ध में पंजीकृत जुँआ अधिनियम के अभियुक्तगण–1 श्रवण वर्मा पुत्र शिवबालक वर्मा 2. त्रिभुवन वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा निवासीगण जेठौती राजपूतान थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–25 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 100–100 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया है। 10.थाना हैदरगढ़ पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकध्दमे के अभियुक्त लल्लन प्रसाद पुत्र सालिकराम निवासी लक्ष्मणगढ़ थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–25 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 2500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 11.थाना रामसनेहीघाट पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्तगण 1.परहार पुत्र बेचू 2.बब्लू पुत्र बेचू निवासीगण बजीउद्दीनपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–25 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1200–1200 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया। 12.थाना दरियाबाद पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकध्दमे के अभियुक्तगण 1.रामकृपाल यादव पुत्र दयाराम यादव 2.शिवकुमार यादव पुत्र लल्लू यादव 3.चन्द्रपाल यादव पुत्र जगन्नाथ यादव निवासीगण बेहटा थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–25 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1200–1200 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया।

# खंड विकास अधिकारी ने कई बैंकों का किया विजिट

दैनिक अयोध्या टाइम्स पूरेडलई, बाराबंकी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना विकास अभियान के तहत मिलने वाले ब्याज रहित ऋण से नया व्यापार शुरू करने की आस में विकासखंड पूरेडलई क्षेत्र के युवाओं ने क्षेत्र के कई बैंकों में आवेदन किए है सोमवार को खंड विकास अधिकारी पूरेडलई शिवजीत ने युवाओं द्वारा लोन के लिए आवेदन किए गए टिकैतनगर स्थित तीन बैंकों बैंक ऑफ इंडिया,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बडौदा का विजिट किया एवं आवेदनकर्ताओं की बैंक में जमा ऋण फाइलों की स्थिति की जानकारी की। दी गई जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच में व्यापारिक ऋण की एक फाइल सैंक्शन हो गई। बैंक ऑफ बड़ौदा में एक फाइल सैंक्शन हुई और एक का भुगतान आवेदन कर्ता को किया गया। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा हुई ऋण की फाइलों पर कार्य जारी है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार 650 से भी अधिक प्रोजेक्ट के लिए ब्याज रहित ऋण दे रही है सी एम युवा योजना के तहत युवा बिजनेस के लिए 5 लाख का ऋण बगैर गारंटी के ब्याज रहित ऋण ले सकते है।




## यूनिटी फाउंडेशन द्वारा स्वयंसेवको एवं पदाधिकारियो के सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

मो मुनब्बर अयोध्या टाइम्स
कन्नौज। एक सजीव और प्रेरणामयी सुबह, जब सेवा, साधना और सम्मान को एक साथ एक ही मंच पर समाहित करते हुए यूनिटी फाउंडेशन द्वारा मकरंद नगर स्थित टीला मंदिर (गड़ी) प्रांगण में आयोजित "स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों का सम्मान समारोह" और ध्यान योग अभ्यास कार्यक्रम के और सेवा का आधार बनती है।इस अवसर पर बोर्डिंग ग्राउंड में आयोजित (मां पीतांबरा 1108 कुंडीय हवन) विभिन्न कार्यक्रमों में स्वयंसेवियों द्वारा दी गई सेवाओं के उपलक्ष्य में उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, पदाधिकारियों एवं विशेष योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया। यह सम्मान उनके निःस्वार्थ समर्पण,



आयोजन ने सभी उपस्थितजनों के हृदय को छूने का कार्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत योग अभ्यास से हुई जिसमे डॉ. अमरनाथ दुबे ने अपने सारगर्भित और संवेदनशील संबोधन में योग के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "योग कोई क्रिया नहीं, यह जीवन जीने की कला है। यह आत्मा की उस आवाज तक पहुँचने का माध्यम है, जो हमें शांति, संतुलन और स्थिरता का अनुभव कराती है।" उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, क्योंकि यही हमें स्वस्थ, सशक्त और जागरूक नागरिक बनाता है। इसके पश्चात मनीष चंद्र श्रीवास्तव (प्रशिक्षक) और पदम गुप्ता ने ध्यान (मेडिटेशन) की गूढ़ता और उसकी जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अपने प्रेरक शब्दों में उन्होंने कहा,ध्यान आत्मा की यात्रा है स्वयं से स्वयं तक। यह हमें भीतर की शक्ति से जोड़ता है, और वही आंतरिक शांति समाज में सौहार्द अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक था कार्यक्रम की सुंदरता और गरिमा बढ़ाने वाले युवाओं विनय कुशवाहा, अभिनव, निशु त्रिपाठी, आयुषी गुप्ता, सन्या सिंह सहित कई समर्पित स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायक बनाया। यूनिटी फाउंडेशन के सचिव शिवांग श्रीवास्तव ने अंत में सभी को आगामी पर्यावरण संरक्षण अभियान की जानकारी दी और भावुक स्वर में अपील की दृ "धरती हमारी मां है। आइए, एक पेड़ लगाकर उसका आभार प्रकट करें। यह सिर्फ पर्यावरण नहीं, हमारे बच्चों का भविष्य है यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं था यह था आत्मिक ऊर्जा का संगम, सेवाभाव की झलक, और समाज के प्रति जिम्मेदारी का पुनः स्मरण। यूनिटी फाउंडेशन इस भावना के साथ आगे भी सामाजिक जागरूकता और आत्मविकास की दिशा में निरंतर

# दममदार बेड़ा पार के नारे से कस्बा गूंज गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स
मसौली,बाराबंकी। कस्बा बड़ागांव में हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी (रह0) का कुल शरीफ आज परम्परागत एव शान शौकत के साथ सम्पन हुआ। बाबा जी के अकीदतमंदों द्वारा दममदार बेड़ा पार के नारे से कस्बा गूंज गया। कस्बा बड़ागांव में चल रहे सालाना उर्स में बुधवार की भोर बड़ागाँव में चल रहे हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी (रह0) के चार दिवसीय सालाना मेले में आज 9 शव्वाल को बाबा के नाम घर घर मदद (आटा) बांटा गया जिसमें आसपास गांव सहित कस्बे के लोगो ने तबरूक के रूप में बाबा की मदद लेकर पका कर खाया। जमकर बिके देशी मुर्गे किद्वंतियो के अनुसार हजरत काजी



पौने चार बजे हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह0) का कुल शरीफ अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ जिसमे बड़ागांव सहित मसौली, नैनामऊ,शहाबपुर,रसौली, बांसा, जकरिया,मकनपुर सहित दूरदराज से आये लोगो ने शिरकत की। (घर घर बटी बाबा के नाम मदद) है हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया की मदद से पूरा कस्बा बड़ागाँव सूर्य की पहली किरण के साथ गुंजाम्यांन हो गया। बाबा के नाम समाज के सभी लोगो ने घर घर मदद बांटी। बताते चले कि कस्बा शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी (रह0) की फातिहा बोलते हुए देशी मुर्गे पर होने के कारण सुबह से दूरदराज से लोग देशी मुर्गों को लाकर बिक्री की। रिवाज के कारण आज देशी मुर्गों के दामो में काफी उछाल रही। मेले में सजी दुकाने आज कुल शरीफ होने के कारण मेले में जायरीनों की भारी भीड़ रही दूरदराज से जायरीनों ने बाबा की मजार पर माथा टेक कर जहाँ दुवाएँ मांगी। मेले में झूले, खिलौने,बिस्तानखाने, चूड़ी,हलवा पराठा,मिठाई, क्राकरी की दुकानों पर भारी भीड़ रही।

**Register yourself for**

# B.Ed. B.P.Ed. M.Ed. D.El.Ed.

**Session 2025-27**

UGC approved, NCTE Recognised NAAC A++ Govt. University

**Admission through**

**UP GOVT. ENTRANCE & COUNSELLING**

**@ Lowest Fees ever**

**Note: Good Incentive for Counsellors**

**117/N/52, Kakadeo, Kanpur (UP)**

**M: 7753874440/2/3/6**